CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, मंगलवार, 8 अगस्त 2023 । वर्ष – 65 । अंक –114 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



राहुल की संसद बहाली लोकतंत्र की जीत : कांग्रेस — पृष्ठ 2

- अविश्वास प्रस्ताव : इस हार में भी जीत है!
- मधुमेह की चपेट में बच्चे

— पृष्ठ 6

- इमरान की पार्टी ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा
- कम्बोडिया नरेश ने हुन मानेट को नियुक्त किया नया प्रधानमंत्री

— पृष्ठ 7

भारतीय टीम में नहीं दिख रहा जीत का जज्बा : वेंकटेश प्रसाद — पृष्ठ 8

# राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल

## लोकसभा सचिवालय ने सोमवार को जारी की इस आशय की अधिसूचना

- 137 दिन बाद संसद पहुंचे राहुल गांधी
- विपक्षी नेताओं ने किया जोरदार स्वागत
- 'मोदी सरनेम' पर मिली थी सुप्रीम राहत





**नई दिल्ली**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेस नेता तथा केरल के वायनाड संसदीय क्षेत्र से पार्टी के सांसद राहुल गांधी की सदस्यता को लोकसभा सचिवालय ने बहाल कर दिया है। लोकसभा सचिवालय ने सोमवार को इस आशय की अधिसूचना जारी की। लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए बताया कि 24 मार्च को श्री गांधी की सदस्यता रद्द की गई थी, लेकिन 04 अगस्त को उच्चतम न्यायालय के आदेश में वायनाड के सांसद की सदस्यता को बहाल किया गया है। राहुल गांधी सोमवार को संसद सदस्यता बहाल होने पर 137 दिन बाद संसद भवन पहुंचे। श्री गांधी को 'मोदी सरनेम' टिप्पणी पर मानहानि मामले में उच्चतम न्यायालय से शुक्रवार को राहत देते हुए कांग्रेस नेता की सजा पर रोक लगा दी थी। इससे पहले गुजरात उच्च न्यायालय ने उनकी सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था लेकिन उच्चतम न्यायालय से राहत मिलने के बाद उनकी सदस्यता बहाली का रास्ता साफ हुआ। न्यायालय के आदेश के बाद इस मुद्दे पर कांग्रेस कांग्रेस के तेवर तल्ख हो गए थे और पार्टी ने स्पष्ट किया था कि यदि सोमवार तक श्री गांधी की सदस्यता को लेकर फैसला नहीं लिया जाता है तो पार्टी मंगलवार को उच्चत्तम न्यायालय जाएगी।

**अविश्वास प्रस्ताव पर कर सकते हैं चर्चा की शुरुआत**– कांग्रेस द्वारा मंगलवार को लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा शुरू करने की संभावना है, जिसमें राहुल गांधी मुख्य वक्ता हो सकते हैं। पार्टी सूत्रों ने कहा कि हालांकि अविश्वास प्रस्ताव कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई द्वारा पेश किया गया है, एक बार स्वीकार कर लेने के बाद, यह तय करना पार्टी का काम है कि मुख्य वक्ता के रूप में चर्चा की शुरुआत कौन करेगा। कांग्रेस को लगता है कि अविश्वास प्रस्ताव पर मुख्य वक्ता के रूप में राहुल गांधी के साथ चर्चा शुरू करने से वांछित प्रभाव पड़ेगा और सरकार पर दबाव बनेगा।

**भाजपा ने न्यूज वेबसाइट का मुद्दा उठाया** –राहुल के संसद पहुंचते ही लोकसभा में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने एक न्यूज वेबसाइट का मुद्दा उठाया। दुबे ने सदन में कहा, देश में पड़ोसी देश के पैसे से प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ माहौल बनाया गया। न्यूज वेबसाइट में पड़ोसी देश से पैसा आया। यह देश विरोधी है। उधर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने एक प्रेस कांफ्रेंस में आरोप लगाए कि, 'कांग्रेस, चीन और विवादित न्यूज वेबसाइट न्यूज क्लिक एक ही गर्भनाल से जुड़े हैं। राहुल गांधी की नकली मोहब्बत की दुकान में पड़ोसी सामान साफ देखा जा सकता है। चीन के प्रति उनका प्रेम नजर आ रहा है। वे भारत विरोधी अभियान चला रहे।'

### 'इंडिया' के नेताओं ने किया जोरदार स्वागत

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी का सोमवार को संसद भवन पहुंचने पर विपक्षी दलों के नेताओं ने जोरदार स्वागत किया। श्री गांधी सोमवार को दोपहर 12 बजे से कुछ पहले संसद भवन पहुंचे तो वहां पहले से मौजूद इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस (इंडिया) के नेता अधीर रंजन चौधरी, पी चिदंबरम, राम गोपाल यादव, संजय राउत, तिरुचि शिवा, प्रमोद तिवारी और अन्य नेताओं ने उनका स्वागत किया। ये नेता राहुल गांधी जिंदाबाद और इंडिया इंडिया के नारे लगा रहे थे। कांग्रेस नेताओं ने एक-दूसरे को लड्डू भी खिलाए। श्री गांधी के साथ ही उनकी मां एवं कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी भी थी। श्री गांधी अपने वाहन से वहां उतरने के बाद संसद भवन परिसर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास गये और उनको नमन किया।

### संसद में फिर गूंजेगी असली मुद्दों की आवाज: प्रियंका



*कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सदस्यता बहाल करने के कुछ घंटों बाद, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने न्याय और सच्चाई के लिए अपने भाई की लड़ाई में देश के लोगों को धन्यवाद दिया और कहा कि अब संसद में गूंजेगी असली मुद्दों की आवाज।*

### नफरत के खिलाफ मोहब्बत की जीत : भूपेश

**रायपुर**। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट कर देशवासियों को बधाई देते हुए कहा इसे नफरत के खिलाफ मोहब्बत की जीत करार दिया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी अधिसूचना ट्वीट के साझा करते हुए कहा कि ऐसी दिखती है नफरत के खिलाफ मोहब्बत की जीत, अन्याय के खिलाफ न्याय की जीत, असत्य के खिलाफ सत्य की जीत, तानाशाही के खिलाफ लोकतंत्र की जीत, षड्यंत्रों के खिलाफ इंडिया गठबंधन की जीत है। राहुल गांधी के माध्यम से संसद में सड़क की आवाज फिर गूंजेगी।

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा ने भी ट्वीट कर खुशी जताते हुए कहा कि आखिरकार सत्य की जीत हुई। राहुल गांधी संसद में वापस आ रहे हैं। एक बार फिर देश की संसद में गरीबों के हक की आवाज गूंजेगी ।वहीं प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज ने ट्वीट कर कहा कि सत्य पराजित नहीं हो सकता।

# प्रदेश में 58 फीसदी आरक्षण से होंगे स्कूल-कॉलेजों में प्रवेश

## भूपेश कैबिनेट की बैठक में फैसला



**रायपुर**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आज उनके निवास कार्यालय में मंत्रिपरिषद की बैठक हुई, जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए ।बैठक में राज्य के शैक्षणिक संस्थाओं में पूर्व प्रचलित आरक्षण व्यवस्था के अंतर्गत प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्णय लिया गया।

उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली द्वारा राज्य शासन की ओर से दायर एसएलपी में पारित अंतरिम आदेश एक मई 2023 के अंतर्गत राज्य में पूर्व प्रचलित आरक्षण व्यवस्था अनुसार नियुक्ति, चयन प्रक्रियाओं को जारी रखने अंतरिम राहत प्रदान की गई है। इस अंतरिम आदेश के अनुरूप ही अंतरिम तौर पर मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य की शैक्षणिक संस्थाओं में भी प्रवेश प्रक्रिया पूर्व प्रचलित आरक्षण व्यवस्था अंतर्गत करने का निर्णय लिया गया है।

जानकारी के मुताबिक 15 अगस्त को मुख्यमंत्री कोई बड़ा ऐलान कर सकते हैं। इससे पहले उन्होंने मंत्रिमंडल की बैठक बुलाकर चर्चा की अहम मसलों पर चर्चा की। प्रदेश में अब तक मानसून की स्थिति और कृषि के वर्तमान हालात, पी एस सी नियमों में भर्ती संशोधन और आरक्षण जैसे मसलों पर बातचीत की गई है।

मुख्यमंत्री निवास में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, मंत्री कवासी लखमा और जयसिंह अग्रवाल वर्चुअली वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए थे। मंत्री रविंद्र चौबे, मो. अकबर, ताम्रध्वज साहू, अनिला भेड़िया, मोहन मरकाम के साथ कई अधिकारी बैठक में मौजूद रहे।

# राज्यसभा से भी पास हुआ दिल्ली सर्विस बिल

- पक्ष में पड़े131 व विपक्ष में 102 वोट

**नई दिल्ली**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी में अफसरों की ट्रांसफर और पोस्टिंग से जुड़ा दिल्ली सर्विसेस बिल सोमवार को राज्यसभा में पेश किया गया। राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र शासन (विधेयक) 2023 लोकसभा के बाद राज्य सभा में भी पास हो गया। बिल के समर्थन में 131 वोट पड़े तो वहीं पक्ष में 102 वोट पड़े। इससे पहले बिल को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सदन में बयान दिया था। ये बिल लोकसभा में पहले ही पास हो चुका था। भारी हंगामे के बाद सोमवार को बिल राज्यसभा से भी पास हो गया। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने इस बिल को दिल्ली के लोगों को गुलाम बनाने वाला बताया है। दिल्ली सर्विसेस बिल सोमवार को राज्यसभा से भी पास हो गया है। इस बिल पर लंबी बहस चली। ये बिल राजधानी दिल्ली में अफसरों की ट्रांसफर और पोस्टिंग से जुड़ा है। लोकसभा में ये बिल तीन अगस्त को पास हो चुका है।

## सार संक्षेप

### कठेरिया को राहत, कोर्ट ने लगाई सजा पर रोक

**आगरा**। उत्तर प्रदेश में आगरा की जिला अदालत ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद और पूर्व केन्द्रीय मंत्री रामशंकर कठेरिया की दो दिन पूर्व विशेष अदालत द्वारा सुनायी गयी सजा को सोमवार को निलंबित कर दिया है और उन्हे 20 हजार रुपए की जमानत राशि पर दाखिल करने के आदेश देते हुये सुनवाई की अगली तारीख 11 सितंबर मुकर्रर की है । जिला न्यायाधीश विवेक संगल ने इटावा के सांसद रामशंकर कठेरिया को राहत दे दी है। आज सुनवाई के दौरान जिला जज ने दो दिन पूर्व विशेष एमपी एमएलए अदालत द्वारा सुनाई गई सजा को निलम्बित कर दिया।

### राजस्थान को मिले 19 नए जिले, गहलोत ने किया उद्घाटन

**जयपुर**। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोमवार को राजस्थान में 19 नए जिलों और तीन डिविजन का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह नए जिला मुख्यालयों पर आयोजित किए गए और मुख्यमंत्री गहलोत बिड़ला ऑडिटोरियम से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समारोहों में शामिल हुए। नए जिलों के उद्घाटन से पहले सीएम गहलोत ने पूजा-अर्चना और हवन किया। राजस्व मंत्री रामलाल जाट भी वीसी के जरिए समारोह से जुड़े।

### उद्धव के घर में निकला कोबरा, बचाया गया

**मुंबई**। एक अधिकारी ने बताया कि शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के बांद्रा पूर्व स्थित बंगले 'मातोश्री' से एक बेहद जहरीले और गुस्सैल कोबरा को बचाया गया। इसके बाद परिवार ने राहत की सांस ली। यह जानकारी सोमवार को एक अधिकारी ने दी। पास में रहने वाले वाइल्ड लाइफ एनिमल प्रोटेक्शन एंड रेस्क्यू एसोसिएशन के कार्यकर्ता अतुल कांबले को एक कॉल आई कि एक परिसर में सांप घूम रहा है।

# मणिपुर हिंसा: सुप्रीम कोर्ट ने 3 महिला जजों की कमेटी बनाई

**नई दिल्ली**, 7 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर हिंसा के मामलों की जांच की निगरानी के लिए सोमवार को विभिन्न उच्च न्यायालयों के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की एक कमेटी का गठन किया।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने केंद्र की ओर से आर वेंकटरमणि और मणिपुर सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अन्य वकीलों की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया। पीठ ने हिंसाग्रस्त मणिपुर में राहत, पुनर्वास, घरों और पूजा स्थलों के पुनर्निर्माण के उपायों सहित मानवीय प्रकृति के विभिन्न पहलुओं पर विचार करने के लिए उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों न्यायमूर्ति गीता मित्तल, न्यायमूर्ति शालिनी पी जोशी और न्यायमूर्ति आशा मेनन की एक टीम का गठन करने का फैसला लिया है। न्यायमूर्ति मित्तल जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय की पूर्व मुख्य न्यायाधीश हैं जबकि न्यायमूर्ति जोशी बॉम्बे उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश और न्यायमूर्ति मेनन दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश। शीर्ष अदालत ने महाराष्ट्र के पूर्व पुलिस महानिदेशक दत्तात्रेय पडसलगीकर को पुलिस जांच की निगरानी के लिए नियुक्त करने का भी समर्थन किया।

42 एसआईटी हिंसा के मामलों की जांच करेंगी

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मणिपुर में हिंसा से जुड़े मामलों में 42 स्पेशल इंवेस्टीगेशन टीम जांच करेंगी। इन केसों को अभी तक सीबीआई को ट्रांसफर नहीं किया गया है। इन एसआईटी के काम को डीआईजी रैंक का अफसर निगरानी करेगा। ये अफसर मणिपुर के बाहर के होंगे। डीआईजी रैंक का एक अफसर 6 एसआईटी की निगरानी करेगा। इन एसआईटी की जिले के आधार पर नियुक्ति होगी।

# ट्रेनों की लेट लतीफी और रद्द किए जाने पर सीएम नाराज, पीएम मोदी को लिखा पत्र

**रायपुर**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली यात्री गाड़ियों के अनियमित परिचालन से राज्य के लाखों नागरिकों को हो रही समस्याओं से अवगत कराया है।

मुख्यमंत्री बघेल ने पत्र में लिखा है कि रेलवे द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के कभी भी बड़ी संख्या में यात्री ट्रेनों को निरस्त करने की सूचना जारी कर दी जाती है निरस्त, ट्रेनें कब तक निरस्त रहेगी, इसकी भी जानकारी यात्रियों को नहीं दी जाती। यात्री ट्रेनों की निरस्ती के अलावा ट्रेनों के अत्यधिक विलम्ब से चलने से भी रेल यात्रियों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मेरे द्वारा पूर्व में रेल मंत्री जी को भी अनेक अवसरों पर यात्री ट्रेनों के सुचारू परिचालन हेतु ध्यान आकर्षित कराया गया, किन्तु उससे स्थिति में कोई सुधार परिलक्षित नहीं हो रहा है।

मुख्यमंत्री बघेल ने प्रधानमंत्री मोदी को अपने पत्र के माध्यम से कहा है कि ट्रेनों के इस तरह असामान्य संचालन से छात्रों, तीर्थयात्रियों, मरीजों, रोजगार के लिये राज्य में आने वाले व्यक्तियों, व्यवसायियों, श्रमिकों तथा परीक्षार्थियों के अनेक पूर्व निर्धारित कार्यो का सम्पादन संभव नहीं हो पा रहा है। राज्य की अर्थव्यवस्था पर भी धीरे-धीरे इसका प्रभाव दिखने लगा है। लम्बी अवधि से ट्रेनों के निरस्त होने तथा विलम्ब से चलने के कारण राज्यवासियों में आक्रोश व्याप्त है तथा जिससे सरकार और रेल्वे की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह लगने लगे हैं।

बघेल ने पत्र में लिखा है कि राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों के कारण छत्तीसगढ़ में ट्रेनों का घनत्व राष्ट्रीय औसत से बहुत कम है तथा दूरस्थ अंचलों में रहने वाले लोगों के लिये यात्री ट्रेनें ही आवागमन का एकमात्र सुलभ साधन है। देश के अन्य किसी भी राज्य में यात्री ट्रेनों के संचालन संबंधी इतनी अव्यवस्थायें संभवतः नहीं होगी। स्थिति की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये आपसे अनुरोध है कि आपके स्तर से रेलवे मंत्रालय को राज्य की यात्री ट्रेनों के पूर्ववत सुचारू परिचालन सुनिश्चित करने के निर्देश देने का कष्ट करें ताकि राज्यवासियों को हो रही समस्याओं का अंत हो तथा उनके आक्रोश को शांत किया जा सके ।

### पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने दिया आदेश

# नूंह में बुलडोजर की कार्रवाई पर लगाई रोक

**चंडीगढ़**, 7 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने सोमवार को हरियाणा सरकार को नूंह जिले में चल रहे विध्वंस अभियान को रोकने का आदेश दिया। यहां पिछले सप्ताह सांप्रदायिक हिंसा हुई थी जिसमें छह लोगों की मौत हो गई थी। न्यायमूर्ति जी.एस. संधावालिया की अध्यक्षता वाले उच्च न्यायालय ने मामले का स्वतः संज्ञान लिया और राज्य सरकार से अगले आदेश तक बुलडोजर कार्रवाई रोकने को कहा। इस मामले पर बाद में सुनवाई की जाएगी। पिछले पांच दिनों में, स्थानीय प्रशासन ने घरों, दुकानों और अन्य संरचनाओं सहित 750 से अधिक इमारतों को ध्वस्त कर दिया है। अधिकारियों ने दावा किया कि ध्वस्त संरचनाएं सरकारी जमीन पर बनाई गई थीं और सांप्रदायिक झड़पों के दौरान संदिग्धों द्वारा इसका इस्तेमाल किया गया था। मामले में पीड़ितों की ओर से पेश वकील मोहम्मद अरशद ने आरोप लगाया कि कब्जाधारियों को बिना किसी पूर्व सूचना दिए 3 अगस्त से नूंह में विध्वंस अभियान जारी है।

### सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम की

# एलओसी पर दो आतंकी किए ढेर

- आतंकियों को स्वतंत्रता दिवस पर कहर बरपाने के लिए धकेला जा रहा

**जम्मू**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय सेना ने आज तड़के एलओसी से सटे पुंछ के डिग्वार सेक्टर में दो घुसपैठियों को ढेर कर दिया। कल भी कुपवाड़ा में घुसपैठ का एक प्रयास नाकाम बनाते हुए एक घुसपैठिए को मार डाला गया था और बाकी वापस भागने में कामयाब हो गए थे।

घुसपैठ के तेज होते प्रयासों के प्रति सेना का कहना था कि इन आतंकियों को स्वतंत्रता दिवस पर कहर बरपाने का टास्क देकर इस ओर धकेला जा रहा है। सेना प्रवक्ता ले कर्नल सुनील बरतवान ने बताया कि पुंछ के डिग्वार तेरवान सेक्टर में रात दो बजे के करीब एलओसी को पार करने की कोशिश को नाकाम बनाया गया है। उन्होंने बताया कि एक आतंकी का शव इस ओर पड़ा हुआ है और दूसरे को वापस भागते हुए ठोक डाला गया, जिसका शव तारबंदी के पार है। मौके पर आज सुबह जब तलाशी अभियान छेड़ा गया तो भारी गोला बारूद भी बरामद किया गया है। ऐसा ही असलाह कल भी कुपवाड़ा के टंगधार सेक्टर के अमरोही इलाके में बरामद किया गया था जब सेना ने घुसपैठियों के एक दल को वापस धकेलते हुए एक को मार डाला था। बाकी भागने में कामयाब हो गए थे। हालांकि सूत्र कहते हैं कि हो सकता है कि कुछेक घुसने में कामयाब हो चुके हैं। पर सेना ने इसकी पुष्टि नहीं की है। सेना का कहना था कि पिछले कुछ दिनों से घुसपैठ के प्रयासों में तेजी आई है। और इसके पीछे का मकसद कश्मीर की शांति को भंग करना है। सेना प्रवक्ता कहते थे कि पाकिस्तान को कश्मीर की शांति रास नहीं आ रही है इसलिए वह आतंकियों पर इस स्वतंत्रता दिवस पर कुछ बड़ा करने का लगातार दबाव बना रहा है जिसके लिए वह अपने यहां रूके पड़े आतंकियों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में धकेलने की कोशिश कर रहा है।

# सुको से अनवर ढेबर को बड़ी राहत

**रायपुर**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। शराब घोटाला केस में सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम आदेश दिया है। कोर्ट ने पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, और अनवर ढेबर पर किसी तरह की कठिनतम कार्रवाई करने (नो कोर्सिव एक्शन) पर रोक लगाई है। इस



प्रकरण में कुल पांच अफसर-कारोबारी को यूपी पुलिस ने आरोपी बनाया था। केस पर अगली सुनवाई 21 अगस्त को होगी। ईडी की रिपोर्ट पर ग्रेटर नोएडा के कसाना थाने में सभी के खिलाफ धारा 420, 468, 471 (दोनों जालसाजी से संबंधित), 473 (जालसाजी के लिए नकली मुहर बनाना या रखना), 484 (लोक सेवक द्वारा इस्तेमाल किया गया नकली चिह्न) और 120बी (आपराधिक साजिश) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसके खिलाफ पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, और अनवर ढेबर ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। सोमवार को याचिका पर सुनवाई हुई। याचिकाकर्ताओं ने दुर्भावनापूर्वक केस बनाने

### अवहेलना — आरटीआई में प्रशासन ने गोपनीयता का हवाला दे पल्ला झाड़ा

# गंभीर आपराधिक धाराओं के आरोपी साधुओं को मिली है सरकारी सुरक्षा

- ओम प्रकाश सिंह

**अयोध्या, 7 अगस्त (देशबन्धु)। पर्यटन की दृष्टि से वैश्विक बनती धार्मिक रामनगरी का एक स्याह पहलू भी है। बलात्कार, हत्या, मठ मंदिरों पर कब्जा, लूट जैसे गंभीर आरोपों से घिरे तमाम साधु संत भी सरकारी सुरक्षा से लैस हैं। कई महंतो के पास निजी सुरक्षा दस्ता भी है। कितने साधु संतों को सुरक्षा प्राप्त है। कितनों पर आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं जैसे साधारण सवालों का जवाब गोपनीयता के चलते प्रशासन ने आरटीआई में नहीं दिया।**

*सूत्रों के अनुसार सफेदपोश व साधुओं को मिलाकर सिर्फ अयोध्या नगरनिगम सीमा में ही लगभग सात दर्जन लोगों को सरकारी सुरक्षा प्राप्त है। अयोध्या चार हजार से ज्यादा मंदिरों से भरी हुई है। सूर्य की किरण फूटने के पहले रामनगरी के आंगन मे देववाणी के स्वर गूंजने लगते हैं। इसी के साथ मठ मंदिरों को हड़पने का तानाबाना भी गुना जाने लगता है। अभी एक सप्ताह पूर्व गुप्तार घाट स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के महंत पर जानलेवा हमला किया गया था। यह वही स्थान है जहां प्रभु राम ने सरयू में जलसमाधि लिया था। इस हमलें में अयोध्या के कई प्रतिष्ठित संतो के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए पुलिस को सूचना मिली थी। मर्यादा पुरुषोत्तम राम की नगरी अयोध्या में हर घर मंदिर है या यूं कहें कि हर मंदिर एक घर है। अयोध्या ऐसा धर्मक्षेत्र है जहां लगभग सभी जातियों के मंदिर हैं। यहां पर भगवान राम सीता, हनुमान सहित अन्य देवी देवताओं के मंदिर मौजूद हैं। तमाम मंदिरों की पहचान वैश्विक हैं। कार्तिक पूर्णिमा, सावन झूला सहित कई बड़े मेले अयोध्या में लगते हैं। मंदिरों के अनुयायी पूरे देश में हैं। इन मंदिरों में चढ़ावा भी खूब आता है। तमाम मंदिरों के पास अकूत संपत्ति भी मौजूद है। मंदिर की संपत्ति पर कब्जेदारी को लेकर अक्सर मंदिर के महंत और उनके शिष्यों में विवाद उत्पन्न हो जाता है 7 विवाद कई बार खौफनाक रूप लेकर खूनी वारदातों में बदल जाता है। मर्यादित राम की पावन नगरी आस्था और आध्यात्म के चलते पूरी दुनिया में तो जानी ही जाती है साथ ही यहा मंदिरों में महंती और संपत्ति के विवाद को लेकर खून-खराबे का भी लंबा इतिहास रहा है। पांच दशक पूर्व अयोध्या की बेहद प्रसिद्ध छावनी के महंत राम प्रताप दास की हत्या के साथ जो एक सिलसिला शुरु हुआ उसने थमने का नाम नहीं लिया और 90 के दशक के ख़त्म होने तक करीब आधा दर्जन संतों की हत्या का सिलसिला इस पौराणिक नगरी के इतिहास के पन्नो में जुड़ गया। यही नहीं नब्बे दशक का दौर ऐसा भी था कि जब राम जन्मभूमि मंदिर के पुजारी लाल दास की हत्या हुई तो नए पुजारी के लिए गैर आपराधिक साधु ढूंढने में नाकों चने चबाने पड़े थे। 21 जुलाई, 2013 को अयोध्या में* ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# देश

**उवाच**

"सिर्फ राहुल गांधी ही नहीं बल्कि सभी विपक्षी नेताओं को किसी न किसी तरह से तंग किया जा रहा है लेकिन लड़ने पर ही जीत होती है।"

-तेजस्वी यादव,बिहार के उप मुख्यमंत्री



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 33.0 | 28.0 |
| मुंबई | 29.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 28.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 32.0 | 28.0 |

# राहुल की संसद बहाली लोकतंत्र की जीत : कांग्रेस

## कांग्रेसी सांसदों ने सदन में मेज थपथपाकर राहुल गांधी का किया स्वागत

**नई दिल्ली,**7 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता सोमवार की सुबह ही बहाल कर दी गई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राहुल की सदस्यता बहाल करने का फैसला दिया है। सदस्यता बहाल होने के करीब डेढ़ घंटे के भीतर ही राहुल संसद भवन पहुंचे। सदन में पहुंचे कांग्रेसी सांसदों ने मेज थपथपाकर व राहुल गांधी जिंदाबाद का नारा लगाकर उनका स्वागत किया। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि ऐसे बहुत से मामलों में अब संसद में राहुल गांधी की मौजूदगी से न सिर्फ कांग्रेस पार्टी बल्कि इंडिया गठबंधन से जुड़े सभी दलों की ताकत के साथ मुद्दों को नई आवाज भी मिलेगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सदस्यता बहाल होने के बाद कांग्रेस नेताओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया। उन्होंने इसे लोकतंत्र की जीत बताया।

- **राहुल की सदस्यता बहाल होने के बाद कांग्रेस नेताओं में दिखा जबरदस्त उत्साह**

**राहुल की सांसदी बहाली से नेताओं से लेकर कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा**

राहुल गांधी की सदस्यता बहाली के साथ ही कांग्रेस अब न सिर्फ संसद में आक्रामक रूप रुख अख्तियार करेगी, बल्कि जमीन पर भी आगे बढ़ाने की तैयारियां शुरू करेगी। कांग्रेस पार्टी से जुड़े नेताओं का कहना है कि राहुल गांधी की सांसदी बहाली से उनकी पार्टी के नेताओं से लेकर कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है। पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी कहते हैं कि राहुल गांधी के संसद में रहने से वह उन सभी मुद्दों को अब और प्रमुखता के साथ उठा सकेंगे, जिसे लेकर बीते कुछ दिनों से वह संसद ने अपनी आवाज बुलंद करते आए हैं। उनका कहना है कि राहुल गांधी लगातार मणिपुर मामले में सबसे ज्यादा संवेदनशील होकर जिम्मेदारी तय करने की बात करते रहे हैं। मणिपुर जाने वाले नेताओं में सबसे पहले राहुल गांधी ही वहां पर पहुंचे थे।

**केरल के वायनाड से सांसद के रूप में राहुल गांधी का दर्जा हुआ बहाल**

केरल के वायनाड से सांसद के रूप में राहुल गांधी का दर्जा सोमवार को बहाल कर दिया गया, जब लोकसभा सचिवालय ने मानहानि के एक मामले में उनकी दोषसिद्धि पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाने के बाद एक अधिसूचना जारी की। केरल के वायनाड से सांसद के रूप में राहुल गांधी दर्जा सोमवार को बहाल कर दिया गया, जब लोकसभा सचिवालय ने एक अधिसूचना जारी की। सर्वोच्च न्यायालय ने मानहानि मामले में उनकी सजा पर रोक लगा दी थी। राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल होते ही यहां कांग्रेस मुख्यालय में जश्न शुरू हो गया और कार्यकर्ता नाचने लगे और पूर्व पार्टी प्रमुख के पक्ष में नारे लगाने लगे। लोकसभा सदस्यता बहाल होने के बाद संसद पहुंचने पर कांग्रेस और अन्य विपक्षी सांसदों ने भी राहुल गांधी का गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रियंका गांधी ने राहुल गांधी के संसद पहुंचने के वीडियो को ट्वीटर पर पोस्ट करते हुए लिखा, जनता के असल मुद्दों की आवाज एक बार फिर संसद में गूंजेगी। राहुल गांधी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करने वाले लाखों कांग्रेस कार्यकर्ताओं व इंसाफ और सच की लड़ाई में समर्थन देने वाले करोड़ों देशवासियों का तह दिल से धन्यवाद। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता ऐसे समय में बहाल हुई है, जब मंगलवार को संसद में केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ कांग्रेस के लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा होगी। ऐसे में इस बात की ज्यादा संभावना है कि राहुल लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर बहस की शुरुआत कर सकते हैं। राहुल की सदस्यता बहाली ऐसे समय में हुई है, जब केंद्र सरकार मणिपुर, नूंह हिंसा, दिल्ली सेवा विधेयक और अविश्वास प्रस्ताव के मामले में घिरी हुई है। इसके साथ ही राहुल गांधी की संसद सदस्यता जाने का मुद्दा भी विपक्ष को ज्यादा मजबूत कर सकता है। राहुल गांधी ने सदन में एक उद्योगपति के सरकार से गठजोड़ को लेकर जिस तरह केंद्र सरकार पर हमला बोला था, एक बार फिर वे मजबूती से सरकार को घेरते दिखाई पड़ेंगे। बड़ा प्रश्न है कि इस पूरे प्रकरण से भाजपा को क्या हासिल हुआ। इस पूरे प्रकरण से उसे लाभ होगा, या हानि। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा है कि यह पूरा प्रकरण कानूनी प्रक्रिया से जुड़ा था। भाजपा का इससे कोई लेना-देना नहीं था। उन्होंने आरोप लगाया है कि राहुल गांधी बार-बार आदतन आपत्तिजनक टिप्पणियां करते रहे हैं। इस मामले में भी उन्होंने पिछड़े समुदाय के एक वर्ग पर टिप्पणी की, जिससे आहत होकर उस समाज के एक व्यक्ति ने उन पर मानहानि का मुकदमा दायर कर दिया। एक न्यायालय ने निर्णय दिया और स्पीकर ने उस पर निर्णय लिया। उनके अनुसार इस पूरे प्रकरण में भाजपा कहीं नहीं है, लिहाजा इसका भाजपा से कोई सरोकार नहीं है।

इस सफाई के बाद भी लोग इस पूरे मामले को सरकार से जोड़कर देख रहे हैं। भाजपा के लोगों का भी मानना है कि इस पूरे प्रकरण में राहुल गांधी को विक्टिम कार्ड खेलने का अवसर दिया गया है। इससे उनकी छवि मजबूत हुई है। भाजपा को इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है। भाजपा के एक नेता ने कहा कि 2014 से लेकर अब तक कांग्रेस बैकफुट पर है। लोकसभा में उसे नेता विपक्ष की कुर्सी हासिल करने लायक तक सीटें नहीं मिल रही हैं। एक दो राज्यों को छोड़ दें, तो उत्तर प्रदेश से लेकर गुजरात तक में कांग्रेस अपने एतिहासिक निम्न प्रदर्शन पर है। ऐसे में राहुल गांधी और सोनिया गांधी पर आक्रामक हमला कर उन्हें विक्टिम कार्ड खेलने का अवसर दिया जा रहा है। इससे कांग्रेस को लाभ और भाजपा को नुकसान होगा।



**संसद में राहुल की मौजूदगी से इंडिया गठबंधन से जुड़े सभी दलों की ताकत के साथ मुद्दों को नई आवाज मिलेगी : अधीर रंजन चौधरी**

### राहुल वापसी से विपक्षी गठबंधन को मिलेगा लाभ

राजनीतिक विश्लेषक की माने तो विपक्षी दलों ने सरकार को लोकसभा में जमकर घेर रखा है, लेकिन इसके बाद भी कांग्रेस के पास प्रखर वक्ताओं की कमी साफ दिखाई पड़ रही है। अधीर रंजन चौधरी की हिंदी पर कमजोर पकड़ कांग्रेस के हमलों को कुंद कर रही है। ऐसे में राहुल गांधी की संसद में वापसी से कांग्रेस के साथ-साथ पूरे विपक्षी गठबंधन को लाभ मिलेगा। राहुल गांधी ने जिस तरह पिछले दिनों सरकार को संसद में घेरा है, उससे उनके परिपक्व होने के प्रमाण मिले हैं। भारत जोड़ो यात्रा के बाद राहुल गांधी एक नए अवतार में केंद्र पर हमला बोलते दिखाई पड़ेंगे और सरकार को इसका जवाब नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विपक्षी गठबंधन की एकता की धुरी है। इस धुरी के मजबूत होने से उसके सहयोगी अंगों को भी ताकत मिलेगी। अब जब 31 अगस्त-एक सितंबर को विपक्षी दलों की बैठक मुंबई में होगी, वह पटना-बेंगलुरु बैठक से कहीं ज्यादा असरदार होगी।

### राहुल का एक ही मंत्र याद रखना है, डरो मत : कमलनाथ



**भोपाल।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाल होने की लोकसभा सचिवालय की अधिसूचना का स्वागत करते हुए मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि गांधी का डरो मत का मंत्र ही सभी कांग्रेसजनों को याद रखना है। कमलनाथ ने अपने ट्वीट में कहा कि गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाली का फैसला स्वागतयोग्य है। उन्होंने कहा कि अब संसद में हमें फिर वह सिंह गर्जना सुनने को मिलेगी जो जनता को अभय और लोकतंत्र विरोधियों को भय देती है। गांधी का एक ही मंत्र सबको याद रखना है, डरो मत। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को मोदी सरनेम टिप्पणी पर आपराधिक मानहानि मामले में सुप्रीम कोर्ट से फौरी राहत मिल गई है। कोर्ट ने गत शुक्रवार को एक अंतरिम आदेश में कांग्रेस नेता की सजा पर फिलहाल रोक लगा दी थी। इससे पहले गुजरात हाईकोर्ट ने मोदी उपनाम टिप्पणी पर मानहानि मामले में उनकी सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। ऐसे में बड़ी बात यह भी यह भी है कि सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद राहुल लोकसभा सदस्यता बहाल हो गई। कोर्ट ने मामले को खारिज नहीं किया गया, बल्कि सजा पर रोक लगाई है। अब इस मामले में नए सिरे से सुनवाई होगी। अगर सुप्रीम कोर्ट भी राहुल को इस मामले में दो साल की सजा सुनाता है तो राहुल चुनाव लड़ने से अयोग्य हो जाएंगे। वहीं, कोर्ट से बरी होने या दो साल से कम सजा मिलने पर राहुल चुनाव लड़ सकेंगे। हालांकि, ये फैसला कब तक आएगा ये देखना होगा। ऐसा भी हो सकता है कि कोर्ट का फैसला 2024 के चुनाव के बाद आए। ऐसे में राहुल 2024 का चुनाव लड़ सकते हैं।

## राहुल पर लगाए गए आरोपों को लेकर अधीर रंजन व पीठासीन सभापति के बीच तीखी बहस



**नई दिल्ली।** सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मौजूदगी में लोकसभा में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा राहुल गांधी पर लगाए गए आरोप के खिलाफ कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। दोपहर 2 बजे लोकसभा की कार्यवाही तीसरी बार शुरू होने पर लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने पॉइंट ऑफ आर्डर का मसला उठाते हुए नियम 353 के तहत मुद्दा उठाने की कोशिश की। लेकिन, पीठासीन सभापति किरीट प्रेमजी भाई सोलंकी ने उनकी बात काटते हुए सदन में हंगामे के बीच डिजिटल व्यक्तिगत डाटा संरक्षण विधेयक, 2023 पर चर्चा शुरू करवा दिया। विपक्षी दलों के हंगामे और वेल में लगातार नारेबाजी के बीच सदन ने चर्चा के बाद डिजिटल व्यक्तिगत डाटा संरक्षण विधेयक, 2023 पारित कर दिया। हालांकि, हंगामे के बीच बिल पास करवाने पर गहरी नाराजगी जताते हुए बीजद सांसद भर्तृहरि महताब ने संसद की व्यवस्था से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। बिल के पारित होने के बाद अधीर रंजन चौधरी ने पॉइंट ऑफ आर्डर का मसला उठाते हुए नियम 353 के तहत एक बार फिर यह मुद्दा उठाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि संसदीय परंपरा और नियमों के खिलाफ जाकर उनके नेता राहुल गांधी के खिलाफ बेबुनियाद तथ्यों के आधार पर आरोप लगाए गए हैं। लेकिन, पीठासीन सभापति ने इसे अप्रस्तुत बताते हुए सदन की कार्यवाही को आगे बढ़ा दिया। इसके बाद अधीर रंजन चौधरी और पीठासीन सभापति किरीट प्रेमजी भाई सोलंकी के बीच तीखी बहस हुई। चौधरी रूल बुक लेकर वेल में जाकर पीठासीन सभापति से उन्हें बोलने देने की बात कहते रहे। लेकिन, उन्होंने चौधरी को मौका नहीं दिया। इसके बाद अधीर रंजन चौधरी सहित कांग्रेस सांसदों ने सदन से वॉकआउट कर दिया। एनसीपी, सपा और टीएमसी सहित कई अन्य दलों के सांसद भी कांग्रेस का साथ देते हुए सदन से वॉक आउट कर गए।

## संसद से

### लोकसभा में निजी डाटा संरक्षण विधेयक ध्वनिमत से पारित

लोकसभा ने मणिपुर मुद्दे पर विपक्षी दलों के हंगामें के बीच आम लोगों के डाटा को जरूरत के मुताबिक हासिल कर सुरक्षित व संरक्षित रूप से इस्तेमाल करने की इजाजत देने वाले 'डिजिटल व्यक्तिगत डाटा संरक्षण विधेयक 2023' को आज ध्वनिमत से पारित कर दिया। इलेक्ट्रोनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वष्णव ने विधेयक पर हुई संक्षिप्त चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि यह निजी डाटा की सुरक्षा वाला विधेयक है। इसके माध्यम से देश के 140 करोड़ लोगों के डाटा को सुरक्षित रखा जा सकेगा और उसका बिना इजाजत के जरूरत से ज्यादा कोई इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा।

### रजनी पाटिल की सदस्यता बहाल

राष्ट्रति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जवाब दिए जाने के दौरान विरोध कर रहे विपक्षी सदस्यों का कथित तौर पर वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डालने के आरोप में निलंबित कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य रजनी पाटिल का निलंबन सोमवार को समाप्त कर उनकी सदस्यता बहाल कर दिया गया। सुबह में सदन की कार्यवाही शुरू होने पर विधायी कार्य निपटाये जाने के दौरान ही सभापति जगदीप धनखड़ ने सरोज पांडे को विशेषाधिकार समित के 74वें प्रतिवेदन को सदन पटल पर रखने के लिए कहा।

### संसद को दिल्ली के लिए कानून बनाने के सारे अधिकार हैं : सुधांशु त्रिवेदी

राज्यसभा में दिल्ली सेवा विधेयक पर भाजपा सांसद डॉ.सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के 105 पन्नों के फैसले में कहीं भी दिल्ली पर कानून पारित करने के खिलाफ कुछ भी नहीं कहा गया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के पैराग्राफ 86, 95 और 164 एफ में कहा गया है कि संसद को दिल्ली के लिए कानून बनाने के सारे अधिकार है।

### विज्ञान व नवाचार से अर्थव्यस्था को मजबूती मिलेगी : जितेंद्र सिंह

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री डॉ.जितेंद्र सिंह ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन विधेयक, 2023 को पारित करने के लिए रखते हुए कहा कि इससे अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के साथ साथ विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, अनुसंधान संस्थानों में अनुसंधान और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देगा। डॉ. सिंह ने विधेयक पर संक्षिप्त चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि पहले शोध के लिए जो धनराशि की जाती थी उसमें राज्यों को हिस्सा काफी कम रहता था क्योंकि धनराशि का वितरण स्पर्धा के आधार पर होता था लेकिन अब फाउंडेशन के गठन के बाद राज्यों को भी समुचित धनराशि मिल पाएगी।

### अनुसंधान राष्ट्रीय शोध प्रतिष्ठान विधेयक को लोकसभा की मंजूरी

लोकसभा ने सोमवार को 'अनुसंधान राष्ट्रीय शोध प्रतिष्ठान विधेयक, 2023' को पारित किया। इसमें देशभर के विश्वविद्यालयों में अनुसंधान को वित्त पोषित करने के लिए एक राष्ट्रीय प्रतिष्ठान स्थापित करने का प्रावधान किया गया है।

## सार संक्षेप

### सच्चाई शक्तिशाली है व विजय होगी : अभिषेक

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने सोमवार को कहा कि सच्चाई शक्तिशाली है और विजय होगी। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे व सांसद बनर्जी ने ट्विटर पर कहा कि ईडी की रैंकों पर अयोग्य और अक्षम लोगों को देखना वास्तव में निराशाजनक है जिनके पास सप्ताह में दो बार अपने राजनीतिक संरक्षकों की सेवा में मीडिया में मनगढ़ंत कहानियां प्रसारित करने की अद्वितीय प्रतिभा है।

### बरेली में दीवार ढहने से दो बच्चों की मौत

**बरेली।** उत्तर प्रदेश में बरेली जिले के फरीदपुर क्षेत्र में सोमवार सुबह बारिश के बीच कच्ची दीवार ढहने से एक ही परिवार के दो बच्चों की मौत हो गई जबकि माता-पिता और बहन गंभीर रूप से घायल हो गई।

## महान व्यक्तित्व के धनी ओपी जिंदल की 93वी जयंती धूमधाम से मनाई गई

**रायपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। ओपी जिंदल ग्रुप के संस्थापक महान व्यक्तित्व के धनी ओपी जिंदल जी की 93वी जयंती जिंदल स्टील एंड पॉवर (जेएसपी) रायपुर स्थित मशीनरी डिवीजन समेत पूरे देशभर में मनाई गई।



मशीनरी डिवीजन में सुबह 9 बजे से ही सभी कर्मचारियों एवम अधिकारियों द्वारा ओपी जिंदल की प्रतिमा के आगे पुष्पांजलि अर्पित कर सभी ने उनके बताए मार्ग में चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर सुबह से ही अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया शुरुआत प्लांट स्तिथ मंदिर में कीर्तन के साथ हुई जहां भजन कीर्तन के बाद प्रसाद का वितरण किया गया सभी जिंदल कर्मियों ने अपने प्रणेता एवम कर्मयोद्धा ओपी जिंदल को याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए इसके साथ ही माना स्तिथ वृद्धाश्रम में फल, मिठाई,कपड़े और आदि जरूरत के सामानों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में जिंदल स्टील एंड पावर के प्रेसिडेंट प्रदीप टंडन, यूपी सिंग,राकेश गुप्ता एवम बिज़नेस यूनिट हेड निलेश टी शाह सहित जिंदल परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे।

बाउजी का स्वभाव काफी सरल व स्नेह से भरा हुआ था इसीलिए लोग उनको बाऊजी कहकर पुकारते थे। मातृभूमि के प्रति प्रेम से प्रेरित होकर उन्होंने भारत को आत्मनिर्भरता की राह दिखाई,साथ ही उन्होंने अपनी मेहनत और प्रतिबद्धता से ओपी जिंदल की ग्रुप की स्थापना की जो आज राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### किसी के काले रंग को लेकर टिप्पणी क्रूरता के समान : उच्च न्यायालय

**बेंगलुरु,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। तलाक के एक मामले की सुनवाई करते हुए कर्नाटक उच्च न्यायालय ने अपने हालिया फैसले में कहा है कि काले रंग को लेकर नस्लीय टिप्पणी क्रूरता के बराबर है। पति ने फैमिली कोर्ट द्वारा तलाक न दिए जाने के फैसले पर सवाल उठाते हुए कोर्ट में अपील याचिका दायर की थी। सब-डिवीजन बेंच ने कहा कि पत्नी ने लगातार पति को उसके काले रंग के लिए अपमानित किया और उसे काली त्वचा वाला व्यक्ति कहकर परेशान किया। पीठ ने कहा कि इस तथ्य को छिपाने के लिए पत्नी ने उस पर अवैध संबंध का आरोप लगाया था। पीठ ने निचली अदालत के फैसले को रद्द करने का आदेश देते हुए रेखांकित किया कि इसे निस्संदेह क्रूरता माना जाता है। अदालत ने शादी भी रद्द कर दी और पति को तलाक दे दिया। इस जोड़े ने 2007 में शादी की थी, लेकिन पति ने 2012 में तलाक के लिए फैमिली कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था जिसने 13 जनवरी 2017 को पति की याचिका रद्द कर दी थी। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि शादी के बाद उसकी पत्नी हमेशा उसे काला आदमी कहकर ताने मारती थी और अपमानित करती थी।


**कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग जिला बलौदाबाजार-भाटापारा ( छ.ग. )**

**सार्वजनिक सूचना**

क्रमांक 2756/भू-अर्जन/अ/82/वर्ष 2021-22 बलौदाबाजार, दिनांक 01/08/2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 2016 के तहत् निपनिया-लदुवा बलौदाबाजार मार्ग पैकेज क्रमांक 7 लंबाई 26.674 कि.मी. मार्ग निर्माण हेतु ग्राम बलौदाबाजार, प.ह.नं. 16, तहसील-बलौदाबाजार, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के निम्नलिखित भू-धारकों की भूमि की आवश्यकता होने के कारण परियोजना प्रबंधक ए.डी.बी. प्रोजेक्ट, छ.ग. सड़क विकास परियोजना, लोक निर्माण विभाग, बलौदाबाजार (छ.ग.) के पक्ष में क्रय किये जाने पर विचार किया जा रहा है।

| स.क्र. | भू-स्वामी का नाम | खसरा नं. | कुल रकबा | अर्जित रकबा | भूमि का किस्म |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | गणेश पिता भंवरलाल भट्टर | 1963/10 | 0.005 | 0.001 | पड़त आया. |
| 02 | लालचंदानी पिता राजकुमार | 1963/17 | 0.009 | 0.001 | पड़त आया. |
| 03 | सागर पिता रोहित, संक्रांति पिता रोशनलाल बंजारे | 1963/16 | 0.004 | 0.001 | पड़त आया. |
| 04 | राजकुमारी पति राजकुमार श्याम कुमार, पूनम पिता राजकुमार | 1963/22 | 0.005 | 0.001 | पड़त आवा. |
| 05 | किरतलाल पिता गोपीचंद सिंधी | 1963/21 | 0.005 | 0.001 | पड़त आवा. |
| 06 | शांतिलाल, राजेन्द्र, नीरज पिता केशरीमल | 1962 | 0.125 | 0.004 | पड़त आवा. |
| 07 | ना.बा.धनेश, कृष्ण कुमार, रितेश पिता कोमलराम बली मां सगाबती | 1965/6 | 0.080 | 0.002 | पड़त आवा. |
| 08 | अशोक कुमार, अरूण कुमार, किशोर कुमार, आनंद कुमार, शचि, स्वाती पिता कामता प्रसाद, सुशीला देवी पति कामता प्रसाद जायसवाल | 1965/2<br>1965/3 | 0.025<br>0.024 | 0.002<br>0.003 | पड़त आवा.<br>पड़त आवा. |
| 09 | जगदीश प्रसाद पिता छेदीलाल | 1965/4 | 0.024 | 0.004 | पड़त आवा. |
| 10 | अनिल, सुनिल पिता कुंजबिहारी | 1965/1 | 0.405 | 0.023 | पड़त आवा. |
| 11 | अनुसुईया पति तोरण, यशंवत, शैलेन्द्र, कौशिल्या पिता तोरण | 1976/3 | 0.027 | 0.001 | पड़त आया. |
| 12 | कमलेश, ममता, माधुरिका, उत्तरा, सुमन पिता मोहरदास, सुरूजमति पति मोहरदास | 1976/1 | 0.026 | 0.001 | पड़त आवा. |
| 13 | राजिम पति घरमूदास, कुमारी रेखा, लता पिता धरमदास | 1977 | 0.024 | 0.001 | पडत आवा. |
| 14 | देवराज बिल्डर्स भागीदार गोपाल पिता माखनलाल साहू | 1978/3 | 0.040 | 0.008 | पड़त आवा. |
| 15 | कन्हैया, बलराम, गोपाल पिता माखन, सरस्वती पति माखन, सपना पति आकाश | 1978/5 | 0.069 | 0.003 | पड़त आवा. |
| 16 | छोटेलाल, छतलाल पिता विश्वनाथ | 1978/2 | 0.081 | 0.011 | वाणिज्यिक |
| 17 | मूलचंद, वेदप्रकाश पिता ईतवारी | 1978/6 | 0.032 | 0.007 | पड़त आवा. |
| 18 | किशन पिता लतेल | 1978/4 | 0.008 | 0.004 | पड़त आया. |
| 19 | जागेश, विलास, लोकेश पिता उदयशंकर, सुनीता पति उदयशंकर, योगेश, रूखमणी, किरण पिता मोतीलाल, जमुना पति मोतीलाल, कोमल पिता अजीत, पुष्पा पति अजीत, रेवाराम, राजाराम, बालाराम, अमतबाई, लीलाबाई पिता गणेशराम् गणेशिया पिता सुकलाल | 1979/3 | 0.020 | 0.009 | पड़त आवा. |
| 20 | धरमचंद, करनचंद, सुककुमार उर्फ शिवा, गुलाबचंद, मधु पिता तुलसी | 1982 | 0.016 | 0.007 | पड़त आवा. |
| 21 | बिसाहू पिता कोन्दा, दुलौरिन पिता कोन्दा | 1983 | 0.020 | 0.008 | पड़त आवा. |
| 22 | संतकुमार, ओमप्रकाश पिता महेत्तर, प्रमोद, ना.बा. सुमति, ना.बा.समीर, ना.बा. शाहिल. दामिनी, कोशकी पिता किशुन, राजकुमारी पति किशुन, गनेशिया, संतनयोर्ती, शांति, लता, धन्ना पिता महेत्तर, अनुसुईया पति महेत्तर | 1984 | 0.008 | 0.006 | पड़त आवा. |
| | योग- | 23 | 1.082 | 0.118 | |

उपरोक्त दर्शित भूमि के स्वत्व के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था या अन्य किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 (पन्द्रह) दिवस के भीतर स्वत: अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से आधार सहित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)/भू-अर्जन अधिकारी, बलौदाबाजार के समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उसके पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

( चंदन कुमार )
कलेक्टर
बलौदाबाजार

जी-04045/1


**चिंता** — राजौरी व पुंछ में हुए हमलों से सुरक्षाबलों ने नहीं लिया कोई सबक

# कुलगाम में अचानक हुए हमले में गई थी तीन जवानों की जान

**सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू,7 अगस्त (देशबन्धु)। कुलगाम के हलन गांव में आतंकियों ने ठीक उसी प्रकार की रणनीति अपनाते हुए 4 अगस्त को तीन जवानों की जान ले ली थी जिस प्रकार उन्होंने राजौरी व पुंछ में 10 जवानों को मार डाला था। उसी रणनीति के तहत ही उन्होंने मौके से चार एके 47 राइफलों को भी लूट लिया था।**



- **सत्रह दिनों में सेना ने पहली बार खोए थे इतनी संख्या में अपने जवान**

मिलने वाली सूचनाएं कहती हैं कि आतंकियों ने उस समय हलन गांव में सेना की 34वीं राष्ट्रीय रायफल्स के जवानों पर हमला बोला था जब वे कश्मीर पुलिस के साथ मिल कर एक टेंट गाड़ रहे थे। हमलावर आतंकियों को इसके प्रति पूर्व सूचना थी कि सुरक्षाबल वहां पर एक समारोह के लिए एकत्र हुए हैं। हमले में 3 जवानों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। जिनमें सेना के दो और कश्मीर पुलिस का एक जवान था। हालांकि सेना के दो अन्य जवान भी गंभीर रूप से जख्मी हैं जिनका इलाज चल रहा है। इस हमले की खास बात यह थी कि आतंकी घटनास्थल से जवानों की 4 एके 47 राइफलें भी लूटने में कामयाब हुए थे जिस पर अभी तक सेना द्वारा चुप्पी साधी गई है। सूत्रों के अनुसार, यह हमला ठीक वैसा ही था जिस तरह से आतंकियों ने पुंछ के भाटा धुरियां में इस साल 20 अप्रैल को सेना के उस वाहन को राकेट लांचर से उड़ा दिया था जो रोजादारों के लिए सामान लेकर जा रहा था और उसमें पांच जवान मारे गए थे। 20 अप्रैल को हुए इस हमले के करीब 17 दिनों के बाद फिर से आतंकियों ने हमला बोला था और अबकी बार उन्होंने पुंछ से सटे राजौरी जिले के केसर इलाके में सेना के पांच जवानों को मार डाला था।

सत्रह दिनों के अरसे में सेना ने पहली बार इतनी संख्या में अपने जवान खोए थे। पर इसके बावजूद वह इन हमलों से सबक नहीं ले पाई और न ही जवानों की मूवमेंट की सूचनाओं को लीक होने से रोक पाई। बताया जाता है कि कुलगाम के जिस इलाके में हमला हुआ वहां आसपास घने जंगलों में बड़ी संख्या में आतंकियों के छुपे होने की खबरें तो थीं पर उनको हल्के तौर पर लेते हुए इलाके की छानबीन ही नहीं की गई थी। नतीजा अब चार दिनों से सैंकड़ों जवान और दर्जनों ड्रोन इन हमलावर आतंकियों की थाह तक नहीं पा सके हैं। वैसे कश्मीर से सटे हुए किश्तवाड़ जिले में भी आतंकियों की संख्या बढ़ने लगी है। पुलिस कहती थी कि इस जिले में अधिकतर स्थानीय आतंकी हैं या फिर कश्मीर से मूव करने वाले हैं।

## यौन उत्पीड़न के दावों के बाद लिजो के 220,000 इंस्टाग्राम फॉलोवर्स घटे

**लॉस एंजेलिस।** सिंगर लिज्जो के आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से लगभग 220,000 फॉलोवर्स कम हो गए हैं। दरअसल, तीन एक्स बैकअप डांसरों ने उनके खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न, प्रतिकूल कार्य वातावरण और सेक्स शो में भाग लेने के लिए दबाव डालने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दायर किया था। एनवाईपोस्ट डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, एक्स डांसर्स एरियाना डेविस, क्रिस्टल विलियम्स और नोएल रोड्रिग्ज ने ग्रैमी पुरस्कार विजेता स्टार बिग ग्ररल बिग टूरिंग और डांस कैप्टन शर्लिन क्विगले के खिलाफ मुकदमा दायर किया था, जिसके बाद फैंस की संख्या में बढ़ोतरी शुरू हुई। स्टेटिक्स साइट सोशल ब्लेड के अनुसार, 1 अगस्त को केस दर्ज होने के बाद से लिजो के 219,570 इंस्टाग्राम फॉलोअर्स कम हो गए। गुरुवार को अबाउट डेमन टाइम सिंगर ने लगभग 170,000 इंस्टाग्राम फॉलोअर्स खो दिए।



## एटली के अगले प्रोडक्शन में वरुण धवन के साथ नजर आएंगी वामिका गब्बी

**मुंबई,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। 'जुबली' में अपने एक्टिंग स्किल से सभी को हैरान करने वाली एक्ट्रेस वामिका गब्बी फिल्म निर्माता एटली की अपकमिंग हिंदी प्रोडक्शन में नजर आएंगी, जिसमें वरुण धवन भी हैं। अभी तक अपकमिंग प्रोजेक्ट का टाइटल तय नहीं हो पाया है। फिलहाल, इसे हैशटैग वीडी18 के नाम से जाना जाता है और यह 31 मई, 2024 को रिलीज होने वाली है। वामिका ने कहा कि मैं इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनकर रोमांचित और आभारी हूं। वरुण और कीर्ति सुरेश के साथ काम करने का अवसर निश्चित रूप से कुछ ऐसा है जिसका मैं इंतजार कर रही थी। मैं फुल कमर्शियल हिंदी प्रोजेक्ट की तलाश में थी और यह बस इतना ही है। मैं मुराद सर और एटली के साथ काम करने और सहयोग करने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं।'ग्रहण', 'माई' और हाल ही में रिलीज हुई 'जुबली' में शानदार परफॉर्मेंस के साथ इंडस्ट्री में अपनी योग्यता साबित करने के बाद, वामिका इस प्रोजेक्ट के लिए पूरी तरह तैयार हैं। समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फिल्म 'की' के लिए फेमस टैलेंटेड स्क्रीनराइटर कलीज द्वारा लिखित, यह फिल्म एक रोमांचक सिनेमाई एक्सपीरियंस देने का वादा करती है।शानदार कलाकारों और सम्मोहक कहानी के ऐसे पावर-पैक कॉम्बिनेशन के साथ, हैशटैग वीडी18 साल 2024 की सबसे सफल फिल्मों में से एक होने की उम्मीद है।इसके अलावा, वामिका वर्तमान में 'बुडापेस्ट' की अगली फिल्म की शूटिंग में बिजी हैं, और वह विशाल भारद्वाज की पहली ओटीटी सीरीज 'चार्ली चोपड़ा एंड द मिस्ट्री ऑफ सोलंग वैली' और नेटफ्लिक्स के साथ विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित फिल्म 'खुफिया' में तब्बू सह-कलाकार हैं, का इंतजार है।

### पंजाब इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज के शोधकर्ताओं का खुलासा

# केवल 25 प्रतिशत कामकाजी महिलाएं ही करवा रही स्तनपान

**जालंधर,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज (पिम्स) के कार्यकारी निदेशक डॉ. कंवलजीत सिंह ने कहा

- 'लेट्स मेक ब्रेस्टफीडिंग एंड वर्क-वर्क' यानी कि स्तनपान को बढ़ावा देना
- स्तनपान न कराने से महिलाओं को छाती के कैंसर होने का खतरा



कि भारत में अभी तक केवल 25 प्रतिशत कामकाजी महिलाएं ही अपने बच्चों को स्तनपान करवा रही हैं।

पिम्स में स्तनपान दिवस गायनी विभाग और बच्चों की बीमारियों से संबंधित विभाग की ओर से संयुक्त रूप से मनाया गया। इस अवसर पर डॉ. कंवलजीत सिंह ने बताया कि इस साल की थीम है 'लेट्स मेक ब्रेस्टफीडिंग एंड वर्क-वर्क।' यानी कि स्तनपान को बढ़ावा देना, कामकाजी माता-पिता के लिए बदलाव लाना। उन्होंने कहा कि भारत में अभी तक केवल 25 प्रतिशत महिलाएं ही अपने बच्चे को स्तनपान करवा रहीं है, जबकि यह आंकड़ा 100 प्रतिशत होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस विषय को इसलिए चुना गया क्योंकि कामकाजी महिलाओं द्वारा कभी स्तनपान न कराना, कम समय तक स्तनपान करवाने या स्तनपान बंद करने जैसी समस्याएं आम कारण बनी हुई है। कामकाजी महिलाओं को स्तनपान कराने के लिए ज्यादा समय और मदद की जरूरत होती है और काम के क्षेत्र में यह कई तरह के बदलाव लाता है।

रेजिडेंट डायरेक्टर अमित सिंह ने कहा कि पिम्स की ओर से मनाये गये कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पूरी दुनिया को स्तनपान एक बच्चे और मां के लिए कितना जरूरी है, उसे लेकर जागरूकता फैलाना है। उन्होंने कहा कि स्तनपान सप्ताह एक ऐसा कार्यक्रम है जो हर साल अगस्त के पहले हफ्ते मनाया जाता है। सप्ताह भर चलने वाला यह कार्यक्रम मां और शिशु दोनों के लिए बेहद जरूरी है। डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. राजीव अरोड़ा ने जागरुकता कार्यक्रम में आए सभी का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि पिम्स में ऐसे कार्यक्रम करवाने का मकसद लोगों में जागरुकता फैलाना है। उन्होंने कहा कि हमारा फर्ज भी बनता है कि मां और बच्चे को स्वस्थ्य रखना। गायनी विभाग की प्रोफेसर एंड हेड डॉ. एच के चीमा ने बताया कि लोगों का ऐसा मानना है कि स्तनपान दर्दनाक होता है और स्तनपान कराने से स्तनों को नुकसान पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसा बिल्कुल भी नहीं है, यह आम मिथक है। इससे कोई नुकसान नहीं पहुंचता। बल्कि स्तनपान से महिलाएं कई प्रकार की बीमारियों से बचती हैं। उन्होंने कहा कि कई बार स्तनपान न कराने से महिलाओं को छाती के कैंसर होने का खतरा रहता है। बच्चों के विभाग के डॉ. जतिंदर सिंह, पुष्पिंदर मागो और डॉ. अनुराधा बांसल ने कहा कि बच्चे के संपूर्ण विकास के लिए उचित पोषण का ध्यान रखना बहुत आवश्यक माना जाता है। उन्होंने कहा कि नवजात के लिए मां का दूध शरीर के लिए आवश्यक पोषक तत्वों की जरूरतों को पूरा करने में सबसे उपयुक्त होता है।

## 'ब्रेकिंग बैड' के हिंदी वर्जन में नजर आएंगे गुलशन ग्रोवर



**नई दिल्ली,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। बॉलीवुड के ओरिजनल 'बैड मैन' एक्टर गुलशन ग्रोवर ने 'ब्रेकिंग बैड' के हिंदी रीमेक में एक्टिंग करने की अपनी इच्छा के बारे में खुलासा किया और बताया कि आखिरकार वह इसका हिस्सा कैसे बने। यह विंस गिलिगन द्वारा निर्मित क्राइम ड्रामा है। यह शो एंटीहीरो, पावर और इंटीग्रिटी के थीम्स पर केंद्रित है। 'ब्रेकिंग बैड- हिंदी' के एक स्पेशल प्रोमो में गुलशन हेक्टर सलामांका के किरदार में नजर आएंगे। हेक्टर का किरदार मार्क मार्गोलिस ने निभाया था। यह किरदार जुआरेज कार्टेल का एक पूर्व हाई-रैंकिंग मेंबर है, जो अब स्ट्रोक के कारण चलने या बोलने में असमर्थ है। वह घंटी की मदद से बात करता है। मार्क का हाल ही में निधन हो गया, और गुलशन का वीडियो एक्टर और किरदार को एक श्रद्धांजलि है।

उसी के बारे में बात करते हुए, गुलशन ने कहा कि कुछ ऐसे शो हैं जिन्हें पीढ़ी दर पीढ़ी याद किया जाता है और देखा जाता है। 'ब्रेकिंग बैड' उनमें से एक है; यह टीवी शो में एक बेंचमार्क है और यकीनन अब तक का सबसे अच्छा टीवी शो है। 67 वर्षीय अभिनेता ने कहा कि जब मैंने पहली बार यह शो देखा, तो मेरी इच्छा थी कि वे इसका हिंदी में रीमेक बनाएं और मैं भी इसमें एक्टिंग कर सकूं। हालांकि ऐसा नहीं हुआ, जब मैंने सुना कि ज़ी कैफे हिंदी डबिंग के साथ शो ला रहा है, तो मुझे पता था कि मुझे किसी भी तरह से इसका हिस्सा बनना होगा। उन्होंने इस स्पेशल प्रोमो के लिए मुझसे संपर्क किया और मैंने इसकी शूटिंग में बहुत अच्छा समय बिताया।

### गुजरात रोडवेज में अजीबोगरीब मामला

# कंडक्टर ने बस में लैपटॉप से काटा टिकट

**अहमदाबाद,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। गुजरात के रोडवेज बस में अजीबोगरीब वाकया सामने आया है। अरवल्ली जिले के मोडासा से अहमदाबाद आ रहे युवक के बस में लैपटॉप का इस्तेमाल करने पर टिकट दिया। युवक ने जब कंडक्टर से इस संबंध में सर्कुलर दिखान की बात कही तो कंडक्टर ने ऐसा नहीं किया। महिला कंडक्टर के कारण युवक ने ज्यादा विरोध नहीं किया और टिकट कटवा लिया। अहमदाबाद आ रहे युवक को दो लैपटॉप के लिए कुल 88 रुपए चुकाने पड़े। रोडवेज बस में लैपटॉप का टिकट काटने का यह पूरा मामला अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

**क्या था पूरा मामला?**

मेहसाणा जिले के कुकरवाड़ा गांव के मूल निवासी भाविन परमार के साथ यह अजीब घटना गुजरात राज्य सड़क परिवहन निगम (जीएसआरटीसी) की बस में हुई। परमार ने बताया कि मैं मोडासा में एक बैंक में काम करता हूं।

मैं एक परीक्षा देने के लिए 5 अगस्त की सुबह मोडासा से एसटी बस में अहमदाबाद आ रहा था।

इस बीच मैं रास्ते में लैपटॉप निकालकर जरूरी काम कर रहा था। इसी बीच महिला कंडक्टर ने मुझसे कहा कि अगर तुम्हें लैपटॉप इस्तेमाल करना है तो इसके लिए टिकट लेना होगा। जब मैंने उनसे कहा कि ऐसा कोई नियम नहीं है और अगर है तो मुझे सर्कुलर बताएं। इसके बाद उन्होंने मुझे कोई सर्कुलर नहीं दिखाया। एक महिला कंडक्टर होने के नाते मैंने भी कोई ज्यादा विरोध नहीं किया। आखिर में दो लैपटॉप के लिए 88 रुपए का टिकट कटवा लिया। परमार ने कहा कि कंडक्टर ने जो टिकट जारी किया उसमें कहीं भी सामान या लैपटॉप का जिक्र नहीं था।

**रोडवेज लौटाएगी रुपए**

परमार ने इस मामले में मोडासा डिपो में पहुंचाया है। इसके बाद सामने आया है कि गुजरात राज्य सड़क परिवहन निगम (जीएसआरटीसी) का ऐसा कोई नियम नहीं है कि यात्री चलती हुई बस में लैपटॉप का इस्तेमाल नहीं कर सकता है।

इस मामले में जीएसआरटीसी के मुख्य श्रम अधिकारी और पीआरओ का काम संभाल रहे दिनेश नायक ने कहा कि एसटी बसों में लैपटॉप से टिकट लेने का कोई नियम नहीं है। महिला कंडक्टर नई रही होंगी इसलिए उन्हें पता नहीं होगा। अगर वे डिपो में शिकायत करते हैं तो हम उन्हें रिफंड देंगे।

### 75वीं आजादी का जश्न मनाने के लिए 'मेरी मिट्टी मेरा देश' पहल

# मिट्टी के दीए बनाने में जी-जान से जुटे कश्मीरी कुम्हार

- 5,000 मिट्टी के दीयों का आर्डर मिला



**श्रीनगर,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। देश की 75वीं आजादी का जश्न मनाने के लिए सरकारी कार्यालयों में 'मेरी मिट्टी मेरा देश' पहल के तहत प्रज्जवलित किये जाने वाले 5,000 मिट्टी के दीयों के बड़े ऑर्डर को पूरा करने के लिए कश्मीर के एक कुम्हार ने दिन-रात एक कर रखा है।

सत्ताइस वर्षीय वाणिज्य स्नातक मोहम्मद उमर ने 5,000 मिट्टी के दीयों की समय सीमा को पूरा करने के लिए अपने कुछ मजदूरों के साथ जी-जान से जुटा है। उसे नौ अगस्त को दीए डिलीवरी करने का ऑर्डर मिला है।

घाटी के जाने-माने कुम्हार उमर ने कहा कि यह एक अच्छी पहल है। मैं मिट्टी के दीये तैयार करके बेहद खुश हूं। इन दीयों को 'कश्मीर घाटी के विभिन्न कार्यालयों और पंचायतों में 75वें स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाने के लिए जलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 'मेरी मिट्टी मेरा देश' पहल न केवल देश के लोगों को राष्ट्र के प्रति अपना प्यार और स्नेह व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित करेगी बल्कि बड़ी संख्या में लोगों को अपनी आजीविका कमाने में भी सक्षम बनायेगी।

उमर के बनाये मिट्टी के चमकदार बर्तनों को हाल ही में अधिकारियों ने जम्मू कश्मीर के नये मौजूदा शिल्प में शामिल किया है। उसका दावा है कि उसके बनाये ग्लेज्ड बर्तन चीन और अमेरिका की मशीन से बनी वस्तुओं की तुलना में अधिक स्वच्छ हैं। उनकी चमकदार मिट्टी से बनी 'समोवर' (एक पारंपरिक कश्मीरी चाय का बर्तन) को गत 22 से 24 मई तक श्रीनगर में आयोजित तीसरी जी-20 पर्यटन कार्य समूह की बैठक के दौरान कला और शिल्प बाजार में भी प्रदर्शित किया गया था।

उमर ने टाइलों पर मिट्टी के कुछ टुकड़े से तिरंगा भी बनाया है, जिसे स्वतंत्रता समारोह के दौरान श्रीनगर और घाटी के अन्य हिस्सों में सरकारी कार्यालयों के प्रवेश द्वार पर लगाया जाएगा।

गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने 'मेरी मिट्टी मेरा देश' पहल की शुरुआत की है, जिसकी परिकल्पना भारतीय स्वतंत्रता के 75 वर्षों के 'आजादी का अमृत महोत्सव' समारोह के समापन कार्यक्रम के रूप में की गई है। इस पहल के तहत देश के विभिन्न हिस्सों से विभिन्न प्रकार की मिट्टी विकसित करने के लिए मिट्टी एकत्र की गई है।

## सप्ताहांत में बॉक्स ऑफिस पर बड़ी फिल्मों की टक्कर




- सनी देओल और अक्षय कुमार होंगे आमने-सामने

**नई दिल्ली,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। इस वीकेंड बॉक्स ऑफिस पर बड़ी टक्कर होगी, क्योंकि इस शुक्रवार को 'गदर-2' और 'ओह माय गॉड-2' रिलीज होंगी। दोनों फिल्में सीक्वल हैं और उनका अपना फैन बेस है। सिनेलवर्स के बीच अपनी फेवरेट मूवी को लेकर खास एक्साइटमेंट है।

रिसर्च एनालिस्ट जिनेश जोशी का कहना है कि 'गदर-2' सिंगल स्क्रीन में दर्शकों की भारी संख्या को इकट्ठा कर सकती है। फिल्म के लिए एडवांस बुकिंग ट्रेंड काफी हाई है। दिलचस्प बात यह है कि 'गदर-2' का निर्माण जी स्टूडियोज़ ने किया है, जबकि 'ओह माय गॉड-2' का निर्माण वायाकॉम18 स्टूडियोज ने किया है।

बॉलीवुड से परे, रजनीकांत स्टारर 'जेलर' और चिरंजीवी स्टारर 'भोला शंकर' भी इस वीकेंड रिलीज होने वाली हैं। 'जेलर' का निर्माण सन पिक्चर्स द्वारा किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रजनीकांत दो साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं, जबकि चिरंजीवी के फैंस 'वाल्टेयर वीरय्या' (उनकी आखिरी रिलीज) के हिट के बाद उत्साहित है। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस की छुट्टियों के बीच बॉक्स ऑफिस पर सभी फिल्में लंबे समय तक चलेंगी। हालांकि यह देखना दिलचस्प होगा कि इस शुक्रवार कौन सी फिल्म दौड़ में आगे रहेगी।

## कौन बनेगा करोड़पति में अमिताभ बच्चन को स्टाइलिस्ट बनाएंगी प्रिया पाटिल



**मुंबई,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। जानीमानी फैशन डिजाइनर प्रिया पाटिल महानायक अमिताभ बच्चन को कौन बनेगा करोड़पति में स्टाइलिस्ट बनाएंगी। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होने वाला गेम शो, 'कौन बनेगा करोड़पति - सीज़न 15' 14 अगस्त को रात 9 बजे प्रीमियर के लिए तैयार है। पिछले कुछ वर्षों में, दर्शकों ने इस शो के होस्ट अमिताभ बच्चन को कई शो-स्टॉपिंग आउटफिट्स पहने देखा है, जो बड़े पैमाने पर चर्चा का विषय रहे हैं। थ्री-पीस सूट से लेकर बो-टाईज़, स्टाइलिश स्कार्फ और बहुत-से आउटफिट्स तक, स्टाइलिस्ट प्रिया पाटिल अकेली ऐसी महिला हैं, जो हर सीजन में टेलीविजन के पसंदीदा होस्ट को आकर्षक बनाने में सहायक रही हैं। प्रिया पाटिल उभरते फैशन ट्रेंड के साथ अमितभ को स्टाइल करेंगी।

प्रिया पाटिल ने कहा, कौन बनेगा करोड़पति के 15वें सीज़न के लिए, मेरे मूड बोर्ड में लुक को 'नया' और 'फ्रेश' रखने पर जोर दिया गया है। क्लासिक लुक बरकरार रखते हुए हम एक कदम आगे बढ़े हैं और इसमें नए एलिमेंट्स जोड़े हैं। अमिताभ सर क्लासिक थ्री-पीस सूट, बंदगला और जोधपुरी में नजर आएंगे। सर अमिताभ बच्चन एक लेजेंड हैं और मैंने वर्षों से उन्हें देखकर बहुत कुछ सीखा है। मैंने उनसे ही लगन, पेशेवर रुख और बारीकियों पर ध्यान देना सीखा है। यह उनके सभी परिधानों में झलकता है। मैं हमेशा सबसे कहती हूं कि सर को किसी स्टाइलिस्ट की जरूरत नहीं है, वो अपने आप में एक स्टाइल आइकॉन हैं। कपड़ों से आदमी नहीं बनते, बल्कि आदमी कपड़े बनाता है; मेरा हमेशा से यही मानना है। वो जो भी पहनते हैं, उसे ट्रेंड बना देते हैं और वो हमेशा सभी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा रहे हैं।

## मेडिकल में चैटजीपीटी के इस्तेमाल से क्यों हिचकिचा रहे चिकित्सक?




**न्यूयॉर्क,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। चैटजीपीटी जैसी आर्टिफिशल इंटेलिजेंस सिस्टम रोजमर्रा के इस्तेमाल में आ रही हैं। लेकिन, व्याख्या करने और उसके अनुसार कार्य करने के स्किल की कमी के चलते डॉक्टरों द्वारा उसे अपनाने की संभावना कम है। इसका खुलासा एक स्टडी में किया गया है। हर दूसरे इंडस्ट्री की तरह, फिजिशियन जल्द ही अपने क्लीनिकल प्रैक्टिस में एआई टूल्स को शामिल करना शुरू कर देंगे, जिससे उन्हें कॉमन मेडिकल कंडीशन के डायग्नोसिस और ट्रीटमेंट पर महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मदद मिलेगी।

ये टूल्स, जिन्हें क्लिनिकल डिसीजन सपोर्ट (सीडीएस) एल्गोरिदम कहा जाता है, हेल्थ केयर प्रोवाइडर्स को गाइड करने में काफी मददगार हो सकते हैं, उदाहरण के लिए, कौन सी एंटीबायोटिक्स लिखनी है या जोखिम भरी हार्ट सर्जरी की सिफारिश करनी है या नहीं। न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित एक नए पर्सपेक्टिव आर्टिकल के अनुसार, इन नई टेक्नोलॉजी की सफलता काफी हद तक इस बात पर निर्भर करती है कि फिजिशियन कैसे कार्य करते हैं। इसके लिए स्किल्स के यूनिक सेट की आवश्यकता होती है, जिसकी वर्तमान में कई लोगों के पास कमी है। सीडीएस एल्गोरिदम में रिस्क कैलकुलेटर से लेकर सोफिस्टिकेटेड मशीन लर्निंग और आर्टिफिशल-बेस्ड सिस्टम तक सब कुछ शामिल हो सकता है। उनका इस्तेमाल यह अनुमान लगाने के लिए किया जा सकता है कि अनियंत्रित संक्रमण से कौन से मरीजों के लाइफ-थ्रेटनिंग सेप्सिस में जाने की सबसे अधिक संभावना है या किस थेरेपी से हार्ट पेशेंट में अचानक मृत्यु को रोकने की सबसे अधिक संभावना है।

यूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैंड स्कूल ऑफ मेडिसिन (यूएमएसओएम) में एपिडेमियोलॉजी और पब्लिक हेल्थ के प्रोफेसर और पर्सपेक्टिव के सह-लेखक डैनियल मॉर्गन ने कहा कि इन नई टेक्नोलॉजी में पेशेंट की केयर पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने की क्षमता है, लेकिन डॉक्टरों को अपनी मेडिकल प्रेक्टिस में एल्गोरिदम को शामिल करने से पहले यह सीखना होगा कि मशीनें कैसे सोचती और कैसे काम करती हैं। जबकि कुछ क्लीनिकल डिसिजन सपोर्ट टूल्स पहले से ही इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड सिस्टम में शामिल किए गए हैं। मेडिकल केयर प्रोवाइडर्स को अक्सर सॉफ्टवेयर इस्तेमाल में मुश्किल लगता है। यूएमएसओएम में एपिडेमियोलॉजी और पब्लिक हेल्थ के प्रोफेसर और पर्सपेक्टिव के सह-लेखक कैथरीन गुडमैन ने कहा कि डॉक्टरों को मैथ्स या कंप्यूटर एक्सपर्ट होने की जरुरत नहीं है, लेकिन उन्हें इस बात की बेसलाइन समझ होनी चाहिए।

### दो बहनों की बहादुरी से सदमे में डूबा नेपाली युवक

# बंगाल से तीन साल बाद अपने घर लौटा

**कोलकाता,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिमी नेपाल में बागलुंग से काली गंडकी घाटी दिखाई देती है और यह धौलागिरी हिमालय श्रृंखला के करीब है, जबकि पश्चिम बंगाल का एक जिला बरुईपुर बंगाल की खाड़ी के करीब है। दोनों स्थानों के बीच की दूरी 1,000 किमी से अधिक है। इसमें कोई आश्चर्य नहीं है कि बारुईपुर के बेदबेरिया रामकृष्ण पल्ली के निवासी नेपाल के बगलुंग स्थित जैमिनी के एक बिन बुलाए मेहमान के आने पर आश्चर्यचकित थे। यदि रुनु हाओलादार और दीपाली परमानिक नाम की बहनों का दृढ़ संकल्प नहीं होता, तो 23 वर्षीय नेपाली युवक अभी भी किसी सड़क पर आवारा घूम रहा होता।

रुनु और दीपाली आर्टिफिशल गहनों की दुकान की ओर जा रही

- पश्चिमी नेपाल में बागलुंग से दिखाई देती है काली गंडकी घाटी
- दोनों स्थानों के बीच की दूरी 1,000 किमी से अधिक

थीं। तभी उनकी नजर उस युवक पर पड़ी। उसके दोनों हाथों पर चोट लगने से खून बह रहा था और दर्द के कारण वह स्थिर नहीं रह पा रहा था। बहनें उसे स्थानीय अस्पताल ले



गईं और उसकी चोटों की मरहम-पट्टी कराई। फिर वे उसे रामकृष्ण पल्ली स्थित अपने घर ले गईं। पश्चिम बंगाल रेडियो क्लब के सचिव अंबरीश नाग विश्वास ने कहा कि बहनों ने उसे खाना खिलाया और उसके लिए एक जोड़ी नए कपड़े खरीदे। युवक के साफ-सफाई के बाद उन्होंने उससे उसके ठिकाने के बारे में पूछा। हालांकि वह उन्हें सुन पा रहा था, लेकिन कुछ बोल नहीं रहा था। थोड़ी देर बाद उसने अपनी पीठ की ओर इशारा किया। बहनों को वहां गंभीर चोट के निशान मिले। युवक को स्पष्ट रूप से शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया था और हो सकता है कि उसे दिए गए दर्द के कारण वह अपनी आवाज खो बैठा हो।

पड़ोसी उन बहनों के घर के आसपास इकट्ठा होने लगे थे, जो अकेले रहती हैं। उनमें से लगभग सभी ने इस बात पर जोर दिया कि वे उस युवक से छुटकारा पा लें क्योंकि वह अपराधी हो सकता है। बहनों ने मना कर दिया। इसी उलझन के दौरान किसी ने उन्हें नाग बिस्वास का नंबर दिया। राज्य में बहुत से लोग जानते हैं कि बिस्वास और शौकिया रेडियो ऑपरेटरों के एक संगठन डब्ल्यूबीआरसी ने न केवल भारत में, बल्कि नेपाल और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों में सैकड़ों ऐसे लोगों को उनके परिवारों से मिलाया है। नाग बिस्वास ने कहा कि हमें जल्द ही पता चला कि युवक नेपाल का था। जब हमने उससे नेपाली भाषा में बात की तो वह सिर हिला रहा था। इसके बाद हमने नेपाल के एचएएम ऑपरेटरों से संपर्क किया और एक घंटे के भीतर उसके घर का पता लगा लिया गया। उसका नाम सूरज बी.के. है और उसके पास नेपाली पासपोर्ट और ड्राइविंग लाइसेंस है। उसके भाई ने हमसे फ़ोन पर बात की और बताया कि कैसे वह लगभग तीन साल पहले मोबाइल की लत के कारण डांटे जाने के बाद घर से भाग गया था।

## जनजातीय वाद्ययंत्रों की मधुर धुन पर थिरकेगा झारखंड

**रांची,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड में जहां चलना नृत्य और बोलना संगीत हो, उस धरा में 32 जनजातीय के वाद्ययंत्रों की अविस्मरणीय गूंज के हम सभी साक्षी बनेंगे। 'रीझ रंग रसिका' रैली में जब पारंपरिक वेशभूषा में मांदर की थाप पर कदम थिरकेंगे, तब पूरा झारखण्ड थिरकेगा और वाद्ययंत्रों का संगम झारखण्ड आदिवासी महोत्सव का आगाज करेगा।

झारखण्ड आदिवासी महोत्सव-2023 में 'रीझ रंग रसिका' रैली मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा। 9 अगस्त को 12 बजे अपराह्न रैली धुमकुड़िया भवन, करमटोली चौक से जेल रोड स्थित बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान के लिए प्रस्थान करेगी। रैली में झारखण्ड के 32 विभिन्न जनजातिय वाद्ययंत्रों के संगम होगा। रैली में असुर, बैंगा, बंजारा, बथुडी, बेदिया, बिंझिया, बिरहोर, बिरजिया, चेरो, चिक-बड़ाईक, गोंड, गोडाईल, हो, करमाली, खड़िया, कंवर, खरवार, खोंड, किसान, कोरा, कोरवा, लोहरा, महली, माल पहाड़िया, मुंडा, उरांव, परहईया, संथाल, सौरिया पहाड़िया, सवर, भूमिज एवं कोल जनजाति के कलाकार अपने वाद्ययंत्रों के साथ नजर आएंगे। मालूम हो कि 09 एवं 10 अगस्त को आयोजित झारखण्ड आदिवासी महोत्सव 2023 की तैयारी अंतिम चरण में है। महोत्सव में अरुणाचल प्रदेश, असम, आंध्र प्रदेश, ओडिसा, राजस्थान के जनजातीय समुदाय के मेहमान अपनी परंपरा और संस्कृति से रूबरू कराएंगे।

रायपुर, मंगलवार 8 अगस्त 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# क्या मोदी राहुल को जवाब दे पायेंगे ?

गुजरात की निचली अदालतों एवं वहां की हाईकोर्ट द्वारा एक अवमानना के मामले में सुनाई गई दो साल की सजा पर सुप्रीम कोर्ट की रोक के बाद लोकसभा में राहुल गांधी की सोमवार को वापसी अनेक मायनों में महत्वपूर्ण है। यह एक सांसद की देश की सर्वोच्च विधायिका में लौटना मात्र नहीं है वरन यह जनसामान्य की आवाज़ के संसद में फिर से गूंजने का आश्वासन है। अपने खिलाफ सत्ता समर्थित सारे षड्यंत्रों को परास्त कर राहुल गांधी के जरिये यह निरंकुशता के खिलाफ़ लोकतंत्र की वापसी भी है, जिसके अनेक तात्कालिक व उससे कहीं बढ़कर दूरगामी नतीज़े निकलेंगे।

2019 के मार्च महीने में कर्नाटक की एक चुनावी सभा में दिये एक भाषण के आधार पर करीब साढ़े तीन माह पहले राहुल को गुजरात की कोर्ट में दो साल की सज़ा सुनाई गई थी। जिस आतुरता से उनकी लोकसभा की सदस्यता छिनी गयी और उसी फुर्ती से उनका सरकारी आवास भी खाली कराया गया था, वह हास्यास्पद होने के साथ ही सत्ता पक्ष के भय का प्रदर्शन भी था। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले शुक्रवार को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए राहुल की सज़ा पर न केवल रोक लगा दी वरन गुजरात की अदालतों व वहां की उच्च न्यायालय की न्यायिक प्रक्रिया पर भी गम्भीर सवाल उठाये। दो साल की सजा इस अपराध में अधिकतम है और हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहीं भी यह नहीं बताया कि आखिर अधिकतम अवधि की सजा का औचित्य क्या है। लोग जानते हैं कि संसद की सदस्यता जाने के लिये पूरे दो वर्ष के कारावास की सजा आवश्यक है।

बहरहाल, करीब 136 दिन संसद से बाहर रहकर राहुल जिस प्रकार से भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ जैसे आक्रामक हुए उससे दोनों (मोदी व पार्टी) का और भी नुकसान होने लग गया था। तिस पर राहुल इन दिनों जनता के बीच घूमते रहे। कभी वे मणिपुर के हिंसा पीड़ित लोगों को गले लगाते रहे तो कभी वे सुबह उठकर आजादपुर सब्जी मंडी पहुंच जाते थे। छात्रों, युवाओं आदि के साथ उनकी नज़दीकियां बढ़ती चली गयीं। इतना ही नहीं, पिछले वर्ष की सितम्बर से निकली उनकी चार हजार किलोमीटर की (कन्याकुमारी से कश्मीर) पैदल यात्रा ने न केवल उन्हें नयी छवि प्रदान की बल्कि उनके भाषणों के जरिये मोदी की प्रशासकीय अक्षमता, निरंकुशता और क्रोनी कैपिटलिज्म को बढ़ावा देने वाली नीतियों का भी पर्दाफाश होता चला गया। इसी साल 30 जनवरी को जब उनकी यात्रा श्रीनगर में तिरंगा फहराने के साथ पूरी हुई तो कांग्रेस में न केवल नये प्राण पड़ चुके थे बल्कि देश के तमाम बड़े विपक्षी दल जो लोकतंत्र में भरोसा रखते हैं, उन्होंने भी कांग्रेस के नेतृत्व को स्वीकार कर विपक्षी गठबन्धन बना लिया। इस साल जून में पटना में 15 दलों के साथ प्रारम्भ हुई एकता की कोशिशें 18-19 जुलाई को बेंगलुरु पहुंचते-पहुंचते 2024 में होने जा रहे लोकसभा चुनावों के मद्देनज़र भाजपा के लिये सही मायनों में एक मजबूत गठबन्धन 'इंडिया' के रूप में चुनौती बनकर खड़ी हो गयी।

यहां तक भी शायद मोदी और भाजपा के प्रमुख नेता इस खतरे से इस विचार के साथ निपटने के प्रति निश्चिंत रहे होंगे कि चुनाव में अपने चिर-परिचित एजेंडे यानी सामाजिक ध्रुवीकरण व सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के बल पर गठबन्धन को परास्त कर लिया जायेगा, परन्तु अब जब संसद में राहुल लौट चुके हैं, मोदी और भाजपा पर नये हमले होने लाजिमी हैं। फिर, वे ऐसे वक्त में लौटे हैं जब मोदी के खिलाफ़ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव पर मंगलवार व बुधवार को चर्चा होनी है। निश्चित ही ओम बिरला के लिये उनकी सदस्यता बहाली का बहुत कठिन फैसला रहा होगा पर अब सत्ता पक्ष के लिये उनके वार झेलने में निश्चित ही दिक्कत आयेगी क्योंकि राहुल एक विजेता तथा नैतिक रूप से पहले से सशक्त नेता के रूप में संसद में पुनर्प्रवेश कर रहे हैं जबकि भाजपा व सरकार पराजित एवं अपराध भाव से ग्रस्त कुनबे के रूप में दिखेगी। तय है कि राहुल गांधी अविश्वास प्रस्ताव के प्रमुख वक्ता होंगे जिस दौरान वे पुराने मसले अर्थात मोदी एवं उनके कारोबारी मित्र गौतम अदानी के परस्पर संबंधों के साथ मणिपुर व नूंह (मेवात) की हिंसा और जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस में मोदी व योगी (उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ) के नाम पर हुए गोली चालन (जिसमें तीन मुस्लिमों व एक मीणा सम्प्रदाय के पुलिस इंस्पेक्टर की मौत हो गयी थी) जैसे ताज़े मामले भी उठायेंगे । जाहिर है कि मोदी के पास इनके कोई जवाब नहीं होंगे। सवाल है कि क्या मोदी पहले से मजबूत होकर लौटे राहुल का सामना लोकसभा में कर पायेंगे या हमेशा की तरह सदन को किसी मंत्री के हवाले छोड़कर निकल लेंगे या फिर शोर-गुल कराकर लोकसभा को बार-बार स्थगित कराएंगे ? संसद का सत्र शुक्रवार तक ही चलना है।

इधर सदन से बाहर की बात करें तो इंडिया सतत मजबूत हो रहा है जिसे राहुल की इस कानूनी जीत से बड़ा बल तो मिलेगा ही, कांग्रेस के प्रति जनविश्वास में और भी इज़ाफ़ा होगा जो भाजपा के लिये असली मुसीबत है। कश्मीर के नेता गुलाम नबी आज़ाद के साथ कांग्रेस छोड़कर जाने वाले कई नेता आज लौट आये हैं। मध्यप्रदेश में भी ऐसा ही सियासी मंज़र देखने को मिल रहा है। बेशक, राहुल गांधी की संसद में वापसी को केवल कानूनी जीत के रूप में नहीं देखना चाहिये। यह वापसी भारतीय लोकतंत्र में मील का पत्थर साबित होगी।

# अविश्वास प्रस्ताव : इस हार में भी जीत है!

सुप्रीम कोर्ट के मानहानि के मामले में सजा पर रोक लगाने के बाद, राहुल गांधी की लोकसभा में वापसी के लिए, अविश्वास प्रस्ताव पर बहस से उपयुक्त दूसरा मौका नहीं हो सकता था। कहने की जरूरत नहीं है कि राहुल गांधी, अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में यानी विपक्ष की ओर से स्टार-वक्ता होंगे और पिछले सत्र में हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद, अडानी-मोदी गठजोड़ पर केंद्रित राहुल गांधी के चर्चित लोकसभा भाषण को याद रखें तो, राहुल गांधी के इस बार के भाषण का भी चर्चित होना तय है। यह अनुमान लगाना भी मुश्किल नहीं है कि लोकसभा में अन्य अनेक प्रभावशाली वक्ताओं की भी मौजूदगी के बावजूद, कम से कम मीडिया द्वारा अविश्वास प्रस्ताव की बहस को, ''राहुल बनाम मोदी'' टीवी बहस में घटाने पूरी कोशिश की जाएगी। कुल मिलाकर इससे अविश्वास प्रस्ताव की इस बहस में जोरदार तड़का लग जाने की उम्मीद की जा सकती है।

इसके बावजूद, इस बहस का मोदी सरकार के बने रहने के लिहाज से क्या नतीजा होगा, यह तो स्वत: स्पष्ट ही है। उलटे, बीजू जनता दल के अविश्वास प्रस्ताव पर बहस में मोदी सरकार को अपना समर्थन देने के ऐलान से यह साफ है कि मोदी राज के प्रबंधकों ने इसका भी पूरा इंतजाम कर लिया होगा कि अगर, इंडिया के मंच पर विपक्ष का उल्लेखनीय रूप से बड़ा हिस्सा अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में एकजुट दिखाई दे, तो दूसरी ओर मोदी सरकार के लिए समर्थन, एनडीए की 2019 के चुनाव में आई संख्या से भी कुछ न कुछ बढ़कर ही दिखाई दे। इसके सहारे और अन्यथा भी, संघ-भाजपा और मुख्यधारा के मीडिया के गठजोड़ द्वारा अविश्वास प्रस्ताव के गिरने को, मोदी राज के लिए जनता के अनुमोदन बल्कि उसकी जीत के रूप में प्रचारित करने की हर संभव-असंभव कोशिश की जाएगी। फिर यह अविश्वास प्रस्ताव क्यों ?

इस क्यों के उत्तर के दो महत्वपूर्ण पहलू हैं। पहले का संबंध यह अविश्वास प्रस्ताव लाए जाने की तत्कालीन पृष्ठभूमि से है। सभी जानते हैं कि संसद के मानसून सत्र की शुरूआत, मणिपुर के बहुत ही चिंताजनक घटनाक्रम की पृष्ठभूमि में, विपक्ष द्वारा एकजुट होकर इसकी मांग किए जाने के साथ हुई थी कि सब काम छोड़कर संसद द्वारा इस गंभीर समस्या पर चर्चा की जाए और प्रधानमंत्री के वक्तव्य के आधार पर चर्चा की जाए। प्रधानमंत्री के वक्तव्य के आधार पर चर्चा का आग्रह इसलिए और भी प्रबल था कि ढाई महीने से जारी हिंसा तथा भयावह दरिंदगी और हालात पूरी तरह से शासन के काबू से बाहर बने रहने के बावजूद, प्रधानमंत्री ने इस मामले में पूरी तरह से मौन साधे रहा था। और यह तब था जबकि मणिपुर में यह सब तथाकथित ''डबल इंजन'' के राज में हो रहा था, जिसके लिए प्रधानमंत्री की सीधे राजनीतिक ही नहीं, प्रशासनिक जवाबदेही भी बनती थी।

बेशक, तब तक ढाई महीने से मणिपुर में जारी अराजकता तथा इथनिक झड़पों के बीच, लगभग शुरूआत में ही हुई दो कुकी आदिवासी महिलाओं के साथ, हमलावर मैतेई भीड़ की दरिंदगी का वीडियो वाइरल हो गया और देश भर को ही नहीं दुनिया भर को इसकी झलक दिखाई दी कि इंटरनैट पर प्रतिबंध तथा मीडिया पर नियंत्रण की दीवार के पीछे मणिपुर में क्या कुछ हुआ था और हो रहा था और यह झलक संसद का सत्र शुरू होने से ऐन पहले सामने आ गया। अब प्रधानमंत्री को भी मणिपुर पर अपना मौनव्रत तोड़ना पड़ा। लेकिन, ढाई महीने बाद भी प्रधानमंत्री मोदी ने मुंह खोला भी तो क्या बोला ? उक्त वाइरल दरिंदगी को प्रधानमंत्री ने देश को शर्मिंदा करने वाला तो कहा, पर डबल इंजन सरकार के सुप्रीमो की हैसियत से अपनी तथा अपने राज की विफलता के लिए शर्मिंदगी के किसी एहसास का लेशमात्र भी उनके बोलने में नहीं था। उलटे, प्रधानमंत्री मोदी ने फौरन मणिपुर की दरिंदगी को, छांटकर विपक्ष शासित राजस्थान तथा छत्तीसगढ़ में महिलाओं के खिलाफ हिंसा की समान रूप से क्रूर किंतु सामान्य अपराध की घटनाओं के साथ, जोड़कर बराबरी पर रख दिया, ताकि मणिपुर की बर्बादी के लिए किसी भी जिम्मेदारी से खुद को और अपने डबल इंजन राज को बचा सकें। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री ने न सिर्फ मणिपुर के पूरे घटना विकास पर अपना मौन फिर भी बनाए रखा बल्कि उन्होंने मणिपुर की जनता से शांति की अपील करना और सभी समुदायों को तथा विशेष रूप से अल्पसंख्यकों को उनकी हिफाजत का भरोसा दिलाना तक मंजूर नहीं किया।



राजेंद्र शर्मा

इसी सब की पृष्ठभूमि में जब यह साफ हो गया है कि प्रधानमंत्री मोदी, मणिपुर के मुद्दे पर संसद में सामान्य रूप से कुछ नहीं बोलेंगे, तब विपक्ष को अविश्वास प्रस्ताव के संसदीय अस्त्र का सहारा लेना पड़ा। जाहिर है कि प्रधानमंत्री को अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के अपने जवाब में तो, इस पूरे मामले में जिम्मेदारी के सवाल पर बोलना ही बोलना था।

और प्रधानमंत्री ने यह बयान भी संसद के अंदर नहीं दिया, जहां इस पर कम से कम चर्चा की गुंजाइश होती। प्रधानमंत्री ने यह बयान दिया, संसद का सत्र शुरू होने से ऐन पहले, पर संसद से बाहर, उसके दरवाजे पर।

इसी सब की पृष्ठभूमि में जब यह साफ हो गया है कि प्रधानमंत्री मोदी, मणिपुर के मुद्दे पर संसद में सामान्य रूप से कुछ नहीं बोलेंगे, तब विपक्ष को अविश्वास प्रस्ताव के संसदीय अस्त्र का सहारा लेना पड़ा। जाहिर है कि प्रधानमंत्री को अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के अपने जवाब में तो, इस पूरे मामले में जिम्मेदारी के सवाल पर बोलना ही बोलना था। दूसरे शब्दों में, जब मणिपुर जैसी गंभीर चुनौती के संदर्भ में वर्तमान सरकार से सवालों के जवाब हासिल करने के दूसरे सामान्य जनतांत्रिक रास्ते बंद कर दिए गए, तब सरकार से जवाब मांगने के अंतिम संसदीय अस्त्र, अविश्वास प्रस्ताव का विपक्ष को सहारा लेना पड़ा। इन सूरते हाल में संसद के सम्मुख सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए अविश्वास प्रस्ताव का सहारा लेना, विपक्ष का सिर्फ अधिकार ही नहीं था, बल्कि उसकी जिम्मेदारी भी थी।

स्वाभाविक रूप से यह सवाल पूछा जा रहा है कि क्या यह सिर्फ प्रधानमंत्री के ईगो का मामला है कि वह संसद में अविश्वास प्रस्ताव या राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के सिवा, मणिपुर के हालात जैसे किसी अत्यधिक गंभीर मसले पर भी, जिस पर उनके राज पर सवाल उठ सकते हों, बोलेंगे ही नहीं ? या यह मणिपुर की वर्तमान समस्या को बहुत ज्यादा महत्व न देने का मामला है ? बेशक, सच्चाई एक हद तक इन दोनों ही अनुमानों में है, फिर भी सबसे बढ़कर यह वर्तमान निजाम के संसदीय व्यवस्था के सार को ही अस्वीकार करने का मामला है। संसदीय व्यवस्था का सार क्या है ? क्या संसदीय व्यवस्था का सार सिर्फ चुनाव है ? तब निर्वाचित के निरंकुश शासन और संसदीय जनतंत्र में फर्क ही क्या रह जाएगा ?

संसदीय जनतंत्र का सार है, कार्यपालिका की संसद के माध्यम से, जनता के सामने जवाबदेही। प्रधानमंत्री बेशक, संसदीय बहुमत के समर्थन के बल पर कार्यपालिका के शीर्ष पर होता है, लेकिन यह बहुमत भी संसद के समक्ष उसकी जवाबदेही का स्थानापन्न नहीं हो सकता है। संभवत: इसीलिए, यह कहा जाता है कि संसद विपक्ष की होती है क्योंकि उसके जरिए ही विपक्ष, उसकी करनियों-अकरनियों के लिए, कार्यपालिका की और जाहिर है कि इसमें कार्यपालिका के प्रमुख के रूप में प्रधानमंत्री भी आ जाते हैं, जवाबदेही सुनिश्चित करता है। यह जवाबदेही संसदीय जनतंत्र का रोजाना का तकाजा है, जो पांच साल या ऐसी ही किसी अवधि पर होने वाले चुनावों में, किसी तरह जनता का ''आशीर्वाद'' हासिल कर लेने से पूरा नहीं हो सकता है।

प्रधानमंत्री मोदी और जाहिर है कि उनके भक्तगण भी, जिस सुर उन्हें चुनाव में बहुमत मिला होने को कुछ भी करने या नहीं करने के लिए वैधता के सर्वोच्च तथा सर्वव्यापी तर्क के रूप में पेश करते नहीं थकते हैं, उससे जाहिर है कि वे प्रधानमंत्री के पद को पांच साल के निरंकुश राज के पट्टे की तरह देखते हैं और संसद के प्रति कार्यपालिका की रोज-रोज की जवाबदेही की व्यवस्था को, एक अनुपयोगी बोझ ही मानते हैं। हैरानी की बात नहीं है कि वर्ष दर वर्ष और सत्र दर सत्र, संसद की बैठकों की संख्या मोदी के राज के नौ वर्षों में कम से कम ही होती चली गई है। वास्तव में यह रुझान, गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के बारह साल के कार्यकाल में भी दर्ज किया गया था।

इसी का हिस्सा है कि मोदी के राज में संसद का चलना सुनिश्चित करने की, सत्तापक्ष की कोई कोशिश ही नहीं होती है, फिर इसके लिए विपक्ष की किसी मांग को एकोमोडेट करने का तो सवाल ही कहां उठता है। अब तो खैर संसद के साथ पराएपन के इस सलूक को उस मुकाम पर पहुंचा दिया गया है, जहां न सिर्फ संसद में बिना किसी बहस के शोर-शराबे के बीच विधायी काम निपटाने की खानापूरी करना ही सत्तापक्ष को ज्यादा सुविधाजनक नजर आता है बल्कि अब तो संसद को ठप्प करने का जिम्मा भी ज्यादा से ज्यादा सत्ता पक्ष ही संभाल रहा है। फर्क सिर्फ इतना है कि जहां बजट सत्र के उत्तरार्द्ध में सत्तापक्ष ने ''राहुल गांधी की माफी'' की मांग के सहारे संसद को ठप्प किया था, वर्तमान सत्र में यही काम उसने अपनी इस जिद से किया है कि मणिपुर भले ही जलता रहे, प्रधानमंत्री संसद में उसके संबंध में सवालों का जवाब नहीं देंगे। ऐसे में विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव के माध्यम से, सिर्फ मणिपुर के मामले में सरकार से जवाब मांगा जाना ही सुनिश्चित नहीं किया है, आम तौर पर संसद के सामने सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करने के हमारी संवैधानिक व्यवस्था के सार को भी एसर्ट किया है। कहने की जरूरत नहीं है कि मौजूदा निजाम में संवैधानिक व्यवस्था के इस सार को उभारे जाने की भारी जरूरत है।

दूसरे, अविश्वास प्रस्ताव में गिनती का नतीजा भले ही मोदीशाही के पक्ष में रहना पहले ही तय हो, पर कुल-मिलाकर यह कसरत सत्तापक्ष को भारी ही पड़ने जा रही है। फिर दुहरा दें कि यह राहुल बनाम मोदी बहस में भारी पड़ने न पड़ने का ही मामला नहीं होगा। इससे कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण यह है नौ साल में पहली बार, इतने बड़े पैमाने पर एकजुट विपक्ष, मोदीशाही के मुकाबला करने के लिए मैदान में उतरेगा। इस लड़ाई से एक-एक मोर्चे पर कामयाबी से विपक्ष जो आत्मविश्वास अर्जित करेगा, वह इस साल के आखिर में होने वाले महत्वपूर्ण विधानसभाई चुनावों के लिए और फिर 2024 के पूर्वार्द्ध में जनादेश के लिए देशव्यापी युद्ध के लिए, विपक्ष के लिए जरूरी प्रैक्टिस का रास्ता बनाएगा। अविश्वास-प्रस्ताव की तयशुदा हार भी, 2024 में मोदीशाही की संभावित हार को ही नजदीक लाएगी।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# मधुमेह की चपेट में बच्चे

■ **प्रशांत कुमार दुबे**

मध्यप्रदेश में विदिशा जिले के निजी विद्यालय की कक्षा 5 में पढ़ने वाली 9 बरस की रिंकी (परिवर्तित नाम) टाइप-1 डायबिटीज़ से पीड़ित है। वह आज से 3-4 बरस पहले डायबिटीज़ की चपेट में आई। कैसे, यह कोई नहीं जानता। अब रिंकी और उसके परिवार का हर सदस्य बस इतना जानता है कि रिंकी को दिन में 3-4 बार खून में ग्लूकोज का स्तर जांचना है और जरुरत के मुताबिक़ दो-तीन बार इन्सुलिन लेना है। परहेज से तो अब उसका चोली-दामन का साथ हो गया है।

हालांकि रिंकी यह नहीं जानती कि कैसे इस बीमारी ने उसे जकड़ा। इसी तरह उसके मज़दूर पिता और गृहिणी मां को केवल इतना पता है कि उसे शक्कर की बीमारी हो गई है ? कैसे हो गई, कब हो गई, उन्हें भी कुछ नहीं पता। आमतौर पर डायबिटीज़ को अमीरों या ख़राब जीवनशैली की बीमारी माना जाता रहा है, लेकिन अब यह बीमारी मजदूर वर्गों तक भी आसानी से पहुंच रही है। रिंकी के पिता बताते हैं कि वे एक बार रिंकी को अस्पताल ले गए थे और वहां पर बताया गया था कि उनकी बेटी को शक्कर की बीमारी है। वे कहते हैं कि हम दोनों को तो यह बीमारी नहीं है और हमारे परिवार का इतिहास हमें पता नहीं। रिंकी के 5 भाई-बहनों में भी अभी केवल रिंकी इस बीमारी की चपेट में है।

भारत इस समय बच्चों में डायबिटीज़ बीमारी के चिंताजनक दौर से गुजर रहा है। 'इंटरनेशनल डायबिटीज फेडरेशन' (आईडीएफ) के 'डायबिटीज एटलस 2021' के आंकड़ों के अनुसार, भारत में 'टाइप-1 डायबिटीज मेलिटस' (टीआईडीएम) से पीड़ित बच्चों और किशोरों की संख्या दुनिया में सबसे ज्यादा है, जिसमें 24 लाख से अधिक बच्चे और किशोर (आयु वर्ग 0-19 वर्ष) तो केवल दक्षिण-पूर्व एशिया में ही हैं। टाइप-1 डायबिटीज से पीड़ित दुनिया का हर पांचवा बच्चा या किशोर भारतीय है। भारत में हर दिन 65 बच्चे या किशोर टाइप-1 डायबिटीज की चपेट में आ रहे हैं। ये कुछ आंकड़े हैं, जो बताते हैं कि भारत में टाइप-1 डायबिटीज कितनी बड़ी समस्या बनती जा रही है। टीआईडी सूचकांक ने अनुमान लगाया है कि अकेले भारत में 8.75 लाख बच्चे और किशोर टीआईडी से पीड़ित हैं और मध्यप्रदेश में रिंकी की तरह ही करीब 32,000 बच्चे डायबिटीज के शिकार हैं।

टाइप-1 डायबिटीज़, बच्चों में सबसे आम है, जो सभी जातीय समूहों के बच्चों में दो तिहाई नए मामलों के लिए जिम्मेदार है। यह 18 वर्ष की आयु तक 350 बच्चों में से एक को होती रही है; लेकिन अब इस घटना के प्रमाण बढ़े हैं, खासकर 5 साल से कम उम्र के बच्चों में। हालांकि टाइप-1 डायबिटीज़ किसी भी उम्र में हो सकती है, लेकिन आम तौर पर 4 साल से 6 साल की उम्र के बीच या 10 साल से 14 साल के बीच इसकी आशंका ज्यादा होती है। रिंकी भी जब इस बीमारी से ग्रसित हुई तब उसकी उम्र 4-5 साल के आसपास रही होगी।

यह विचित्र है कि मध्यप्रदेश में बच्चों में डायबिटीज़ के मामले आदिवासी क्षेत्रों से ही सामने आ रहे हैं। हालांकि मध्यप्रदेश विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूहों (पीवीटीजी), बैगा, भारिया और सहरिया की धरती है जो कि अभी भी पारम्परिक खाद्यान्न और जीवन जीने के लिए पारम्परिक तौर-तरीकों का ही उपयोग करते हैं। वैसे तो मध्यप्रदेश में आदिवासी समुदाय और उनके बच्चों में डायबिटीज़ पर कोई विशिष्ट अध्ययन नहीं हुआ है, लेकिन आदिवासी स्वास्थ्य पर 'अटल बिहारी नीति विश्लेषण एवं सुशासन संस्थान' की रिपोर्ट बताती है कि पिछले दो दशकों में यह प्रमाण ज्यादा मात्रा में मिलना शुरू हुए हैं।

जिस परिस्थिति से रिंकी गुजरती रही है वह है उसके स्तर की जानकारी का अभाव। मानक देखभाल की अनुपस्थिति या व्यवधान उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है और घातक भी हो सकता है। टीआईडीएम के साथ रहने वाले बच्चों और किशोरों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जो अपर्याप्त देखभाल और चिकित्सा सुविधाओं के कारण और भी बदतर हो जाती हैं। रिंकी कहती है कि स्कूल में सब बच्चे, सब कुछ, बहुत कुछ खाते हैं, लेकिन वह सब कुछ नहीं खा सकती। रिंकी को तो बहुत दिन यही समझने में लग गये हैं कि उसे ऐसा क्या हो गया है, जो उसे दूसरों से अलग कर देता है ?

रिंकी जैसे बच्चों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए ही 'राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग' ने मार्च 2023 में ही राज्यों को एक पत्र लिखकर कहा कि चूंकि बच्चे दिन का एक तिहाई हिस्सा स्कूल में बिताते हैं, इसलिए यह सुनिश्चित करना स्कूलों का कर्तव्य है कि टीआईडीएम वाले बच्चों को उचित देखभाल और आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएं। आयोग ने कहा कि राज्य सरकारें यह सुनिश्चित करें कि टाइप-1 डायबिटीज़ वाले बच्चे को स्कूल में चिकित्सक की सलाह पर रक्त शर्करा की जांच करने, इंसुलिन का इंजेक्शन लगाने, मध्यान्ह भोजन या नाश्ता करने या अन्य देखभाल करने की आवश्यकता हो सकती है और कक्षा शिक्षक द्वारा ऐसा करने की अनुमति दी जानी चाहिए। आयोग ने यह भी लिखा कि बच्चा चिकित्सक की सलाह के अनुसार खेलों में भाग ले सकता है।

मध्यप्रदेश में बच्चों में डायबिटीज़ के मामले आदिवासी क्षेत्रों से ही सामने आ रहे हैं। हालांकि मध्यप्रदेश विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूहों (पीवीटीजी), बैगा, भारिया और सहरिया की धरती है जो कि अभी भी पारम्परिक खाद्यान्न और जीवन जीने के लिए पारम्परिक तौर-तरीकों का ही उपयोग करते हैं। वैसे तो मध्यप्रदेश में आदिवासी समुदाय और उनके बच्चों में डायबिटीज़ पर कोई विशिष्ट अध्ययन नहीं हुआ है।

मध्यप्रदेश में रिंकी अभी तक तो इन सभी सुविधाओं से वंचित है, क्योंकि अभी तक राज्य सरकार ने इस मामले में कोई भी ठोस पहल नहीं की है। आयोग के पत्र का राज्य सरकार ने अपनी ओर से जवाब बनाकर अवश्य भेज दिया है, जिसमें जिलेवार संख्या बताई गई है। एनसीडी प्रोग्राम की प्रभारी डिप्टी डायरेक्टर डॉ.नमिता नीलकंठ ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने अभी तक तो इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग को कोई भी आधिकारिक पत्र नहीं लिखा है। ऐसे में रिंकी जिस स्कूल में पढ़ती हैं वहां उसको और उस जैसे बच्चों को ये सुविधायें मिलने में अभी और वक्त लगेगा। हालांकि उत्तरप्रदेश सरकार ने हाल ही में इस तरह के आदेश कर दिए हैं।

मध्यप्रदेश सरकार को बच्चों की डायबिटीज़ के मामले में पृथक नीतिगत पहल करने की आवश्यकता है। मध्यप्रदेश की मौजूदा स्वास्थ्य नीति, जो कि अभी भी प्रारूप ही है, में भी डायबिटीज़ अभी कोई ख़ास स्थान नहीं ले पाई है। केवल एक जगह इसका संदर्भ मिलता है। ऐसे में बच्चों की डायबिटीज़ पर सरकार की दृष्टि कब पड़ेगी, यह देखना काबिल-ए-गौर है। यह चुनावी साल है और ऐसे में मध्यप्रदेश में शिवराज सरकार चाहे तो बच्चों के स्वास्थ्य के नज़रिए से महत्वपूर्ण इस विषय पर संज्ञान ले सकती है। नहीं तो रिंकी और उसकी तरह हजारों बच्चे, जो कि पहले से ही डायबिटीज़ से पीड़ित हैं, सरकारी अवहेलना से भी पीड़ित नज़र आयेंगे।

(उन्होंने यह लेख 'रीच फेलोशिप' के तहत लिखा है।)

(लेखक भोपाल स्थित 'आवाज' संस्था से जुड़े हैं।)

## पावन प्रसंग

# जहां चाह वहां राह निकल आती है

परमात्मा ने सभी को एक से शारीरिक अंग-प्रत्यंग दिए हैं। यदि मनुष्य इनका उचित रूप से प्रयोग करे, तो कोई कारण नहीं कि जीवन क्षेत्र में अभीष्ट सफलता प्राप्त न हो सके। मनुष्य जिस प्रकार की इच्छा और आकांक्षा करता है, वैसी ही परिस्थितियां उसके निकट एकत्रित होने लगती हैं। आकांक्षा एक प्रकार की चुंबकीय शक्ति है, जिसके आकर्षण से अनुकूल परिस्थितियां खिंची चली आती हैं। जहां गड्ढा होता है, वहां चारों ओर से वर्षा का जल सिमट आता है और वह गड्ढा भर जाता है। किंतु जहां ऊंचा टीला होता, वहां भारी वर्षा होने पर भी पानी नहीं ठहरता। आकांक्षा एक प्रकार का गड्ढा है जहां सब ओर से अनुकूल स्थितियां खिंच-खिंचकर एकत्रित होने लगती है, जहां इच्छा नहीं, वहां कितने ही अनुकूल साधन मौजूद हों, पर कोई महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त नहीं होती।

संसार के इतिहास को उलटिए महापुरुष गरीबों के घर में पैदा हुए व्यक्ति ही मिलेंगे। देखा गया है कि गरीबों के घर के लड़के बड़ी-बड़ी उन्नतियां कर जाते हैं। अमीरों के लड़के ऐशोआराम की सामग्री सुगमतापूर्वक मिल जाने के कारण उनकी रूचि सुख भोगने में ही रह जाती है। किसी दिशा में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त करने की तीव्र अभिलाषा प्राय: उनमें नहीं होती। अभिलाषा के बिना पौरुष जाग्रत नहीं होता और पुरुषार्थ के बिना कोई महत्वपूर्ण सफलता कठिन है। गरीबों के लड़के अभावग्रस्त स्थिति में पैदा होते हैं, अपनी हीनता और दूसरों की उन्नति देखकर अंत:करण में एक आघात लगता है। इस आघात के कारण उनमें एक हलचल, बेचैनी उत्पन्न होती। उस बेचैनी को शांत करने के लिए वे उन्नत अवस्था में पहुंचने की आकांक्षा करते हैं। यह आकांक्षा ही उस, मार्ग पर ले दौड़ती है, जिस पर चलते हुए महत्वपूर्ण सफलताएं प्राप्त हुआ करती हैं।

गरीबी या अमीरी के साथ उन्नति की असफलता या संबंध जोड़ने का नहीं है। हमारा अभिप्राय केवल यह बताने का है कि जहां जिस वातावरण में इच्छा की, आकांक्षा की कमी रहेगी, वहां विभूतियां प्राप्त न हो सकेगी। जहां इच्छा होगी, अभिरुचि होगी; वहां पैसो का, साधनों का, सहयोग का अभाव भले ही हो, पर धीरे-धीरे अनुकूल वातावरण उत्पन्न हो जाएगा और गौरवास्पद सिद्धि मिलकर रहेगी। यदि संपन्न घर के व्यक्ति को किसी बात की उत्कट अभिलाषा हो, तब तो सोना और सुगंध का संयोग ही समझिए। गरीबों को उन्नति के लिए जिन साधनों को जुटाने में पर्याप्त परिश्रम करना पड़ता है, वे तो अमीरों को अनायास ही प्राप्त हुए होते हैं। इसलिए उनके लिए तो आगे बढ़ने में और भी अधिक आसानी होनी चाहिए।

मन में जो इच्छा प्रधानरूप से काम करती है, उसे पूरा करने के लिए शरीर की समस्त शक्तियां काम करने लगती हैं। निर्णय शक्ति, निरीक्षण शक्ति, अन्वेषण शक्ति, आकर्षण शक्ति, चिंतन शक्ति, कल्पना शक्ति आदि मस्तिष्क की अनेक शक्तियां उसी दिशा में अपना प्रयत्न आरंभ कर देती है. ये शक्तियां जहां सुप्तावस्था में पड़ी होती हैं या विभिन्न दिशाओं में बिखरी रहती हैं, तब मनुष्य की स्थिति अस्त-व्यस्त एवं नगण्य होती हैं, परंतु जब वे शक्तियां एक ही दिशा में कार्य करना आरंभ कर देती हैं तो एक जीवित चुंबकत्व तैयार हो जाता है। जैसे चुंबक पत्थर को कूड़े-कचरे में भी फिराया जाए तो धातुओं के जो टुकड़े इधर-उधर बिखर रहे होंगे, वे सब उससे चिपक जाएंगे। इस प्रकार विशिष्ट आकांक्षाएं मन में धारण किए हुए व्यक्ति अपनी आकर्षण शक्ति से उन सब तत्वों को ढूंढता और प्राप्त करता रहता है, जो लघु कणों के रूप में जहां-तहां बिखरे पड़े होते हैं। जब किसी बात की तीव्र इच्छा होती है पूर्ण करने के लिए साधनों की तलाश आरंभ होती है। अत: कोई न कोई उपाय निकल ही पड़ते हैं। आवश्यकता आविष्कार की जजनी है। जहां चाह होती है वहां राह निकल आती है।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# शिक्षा को रोजगारपरक बनाने की आवश्यकता

सेन्टर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनामी की जनवरी 2023 में जारी रिपोर्ट के अनुसार भारत में दिसम्बर 2021 तक बेरोजगारों की संख्या 5.3 करोड़ है, जिसमें 3.5 करोड़ लगातार काम खेज रहे हैं। भारत में रोजगार मिलने की दर बहुत कम है। ग्रामीण इलाकों में बेरोजगारी दर में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। जून, 2023 में यह 8.45 फीसदी के पार हो गई जबकि मई, 2023 में यह 7.68 फीसदी पर था। रोजगार सभी की जरूरत है। अधिकांश शिक्षित होकर रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं। इनमें कुछ तो नौकरी को प्राप्त कर लेते हैं परंतु अधिकांश इससे वंचित ही रह जाते हैं। जीवन में भोजन, कपड़ा व मकान सभी की जरूरत है। जिसका गुजारा रोजगार के बिना मुमकिन नहीं है। रोजगार से सिर्फ धन ही नहीं कमाया जाता है बल्कि प्रगति करने के मौके भी मिलते हैं। रोजगार हमें ज्ञान के साथ-साथ अपने क्षेत्र में कामयाब कैसे हो सकते हैं ? यह भी सिखाता है।

वर्तमान समय में शिक्षा के बाद उसी क्षेत्र में नौकरी करने वालों की संख्या न के बराबर होती है। अक्सर मनुष्य को अपने क्षेत्र से अलग क्षेत्रों में कार्य करना पड़ता है। वर्तमान समय में शिक्षा को रोजगार से जोड़ा जाता है। जो व्यक्ति जितना अधिक शिक्षित या अनुभवी होता है नौकरी में उसका महत्व उतना ही अधिक होता है। लेकिन शहरों की अपेक्षा देश के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर आज भी बहुत खराब है। गांवों में न तो ढंग का स्कूल है और न ही उसमें बुनियादी सुविधाएं। यदि कुछ स्कूलों में होती भी है तो शिक्षक नियमित रूप से नहीं आते हैं। यदि सब कुछ सही होता है तो जागरूकता और शिक्षा के महत्व से अनजान अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजते हैं। जबकि कुछ अभिभावक इन समस्याओं के कारण अपने बच्चों को शहरों के स्कूलों में पढ़ाने के लिए मजबूर हो जाते हैं, लेकिन जो अभिभावक आर्थिक रूप से सक्षम नहीं होते हैं, उनके बच्चों को उन्हीं स्कूलों में पढ़ने की मज़बूरी होती है। इसका सबसे अधिक नुकसान किशोरियों को होता है जो पढ़ना तो चाहती हैं लेकिन शिक्षा की जर्जर व्यवस्था की उनके सपनों को तोड़ देता है।

पर्वतीय क्षेत्रों में शिक्षा के संसाधनों व जागरूकता की कमी पर अपने विचार रखते हुए खीमानन्द इंटर कॉलेज, सेलालेख के प्रधानाचार्य मोहनचन्द्र मेलकानी बताते हैं कि पर्वतीय क्षेत्रों में परिवार उच्च शिक्षा के महत्व से अछूते हैं। उनका ध्यान बच्चों की उच्च शिक्षा पर न होकर घर की आर्थिक स्थिति सुधारने में अधिक होता है। अत: इंटर की शिक्षा के बाद उच्च शिक्षा के स्थान पर प्राइवेट नौकरी के लिए बच्चों को बाहर निकलने का दबाव बनाया जाता है जिससे उनका पूरा ध्यान पैसा कमाने पर केन्द्रित हो जाता है और वह उच्च शिक्षा से वंचित होकर होटलों, दुकानों, फैक्ट्रियों व कंपनियों में मामूली सी तनख्वाह पर काम करने लग जाते हैं। दूसरी तरफ उच्च व तकनीकी शिक्षा इतनी महंगी भी हो गई है कि ग्रामीण समुदाय इस शिक्षा को अपने बच्चों को दिला पाने में सक्षम भी नहीं है।

ज़्यादातर युवा केवल डिग्री लेने के उद्देश्य से एडमिशन लेते हैं। किस विषय को लेने से रोज़गार प्राप्त करने में आसानी होगी, यह न तो छात्र जानते हैं और न ही उनके अभिभावक को पता होता है। ऐसे समय में उनका कोई मार्गदर्शन करने वाला भी नहीं होता है। जागरूकता की कमी के चलते भी पर्वतीय समुदाय के युवा रोजगार से वंचित रहते हैं। जबकि अभ्यर्थी की जिस विषय में रूचि हो, उन्हें इसकी विस्तृत जानकारी लेनी चाहिए। प्रो सिंह कहते हैं कि सरकार द्वारा युवा वर्ग को प्रशिक्षित करने के लिए कई सकारात्मक योजनाएं चलाई जा रही हैं जिनका सफल परिणाम भी देखने को मिला है। आईटीआई के प्लेसमेंट्स में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। अधिकतर ग्रामीण प्रतिभाएं विशेषकर मध्यम वर्गीय परिवार के बच्चे आगे नहीं बढ़ पाते हैं। इस पर शासन, प्रशासन व राजनीतिक दलों को गंभीरता से सोचना होगा। साथ ही व्यावसायिक प्रशिक्षण और कौशल विकास को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। डिजिटल मंच रोजगार शिक्षा को दिये जाने का सशक्त माध्यम है। जिसका लाभ उठाने की ज़रूरत है।

**गिरीश बिष्ट, रुद्रपुर उत्तराखंड**

# देश विदेश

## पाकिस्तान में बस-डंपर की टक्कर में 04 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण में स्थित बंदरगाह शहर कराची में सोमवार को एक बस और डंपर के बीच टक्कर हो गई, जिससे कम से कम चार लोगों की मौत हो गई जबकि 18 अन्य लोग घायल हो गए। यह जानकारी बचाव सेवा ने दी। खबरों के अनुसार, यह दुर्घटना शहर के उत्तरी बाईपास पर उस समय हुई जब एक यात्री बस ने एक वाहन को ओवरटेक किया और विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक से टकरा गई। बचाव सेवा ने कहा कि बस चालक डंपर की रफ्तार का ठीक से अनुमान नहीं लगा सका जिसके कारण यह दुर्घटना हुई और कहा कि इस बीच एक ट्रॉलर डंपर से टकरा गया और उसके बाद एक कार भी टकरा गई।

# इमरान की पार्टी ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

**इस्लामाबाद,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी ने सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की रिहाई के लिए कानूनी लड़ाई शुरू कर दी है। पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई फिर से करने की मांग की। 70 वर्षीय इमरान खान को अतिरिक्त एवं सत्र न्यायाधीश (एडीएसजे) हुमायूं दिलावर ने शनिवार को तीन साल जेल की सजा सुनाई, जिन्होंने उन्हें सरकारी उपहारों की बिक्री से प्राप्त आय की घोषणा नहीं करने का दोषी पाया था। अब इसी फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है।

- जिला-सत्र न्यायालय के फैसले को दी गई चनौती
- पीटीआई नेता इमरान को सुनाई गई है तीन साल की सजा



याचिका संविधान के अनुच्छेद 184(2) के तहत दायर की गई है। इसमें मांग की गई कि तोशाखाना मामले की दोबारा सुनवाई की जाए। इसमें दलील दी गई कि पूर्व क्रिकेटर से राजनेता बने इमरान को लेकर निष्पक्ष सुनवाई नहीं की गई। फैसले को न सिर्फ जल्दबाजी में पारित किया गया, बल्कि इसे इमरान की गैर-मौजूदगी में भी सुनाया गया। यह इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) के निर्देशों की पूरी तरह से अवहेलना थी। दरअसल, पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को तोशाखाना केस में जिला-सत्र न्यायालय ने दोषी ठहराया है। उन्हें इस मामले में तीन साल की सजा सुनाई गई है। इस्लामाबाद पुलिस ने सजा होने के साथ ही इमरान को गिरफ्तार कर लिया था।

### पंजाब में धारा 144 लागू

**इस्लामाबाद।** पीटीआई अध्यक्ष इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के विभिन्न जिलों में सात दिनों के लिए धारा 144 लगा दी गई है, जबकि कई पीटीआई समर्थकों को हिरासत में लिया गया है। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। एआरवाई न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार- कसूर, झेलम, मियांवाली, मंडी बहाउद्दीन और रावलपिंडी जिलों में 7 दिनों के लिए सभाओं, सार्वजनिक बैठकों, प्रदर्शनों, धरना और रैलियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। जिला एवं सत्र अदालत द्वारा तोशाखाना मामले में तीन साल की जेल की सजा सुनाए जाने के बाद पीटीआई प्रमुख को शनिवार को उनके ज़मान पार्क आवास से गिरफ्तार किया गया था। डॉन रिपोर्ट के अनुसार, इमरान खान की गिरफ़्तारी के बाद पीटीआई ने शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था।

### क्या है तोशाखाना मामला

पाकिस्तान के कानून के अनुसार किसी विदेशी राज्य के गणमान्य व्यक्तियों से प्राप्त कोई भी उपहार स्टेट डिपॉजिटरी यानी तोशाखाना में रखना होता है। अगर राज्य का मुखिया उपहार को अपने पास रखना चाहता है तो उसके लिए उसे इसके मूल्य के बराबर राशि का भुगतान करना होगा। यह एक नीलामी की प्रक्रिया के जरिए तय किया जाता है। ये उपहार या तो तोशाखाना में जमा रहते हैं या नीलाम किए जा सकते हैं और इसके माध्यम से अर्जित धन को राष्ट्रीय खजाने में जमा किया जाता है। कहानी इमरान के प्रधानमंत्री रहते हुए शुरू हुई थी। 2018 में सत्ता में आए इमरान खान को आधिकारिक यात्राओं के दौरान करीब 14 करोड़ रुपए के 58 उपहार मिले थे। इन महंगे उपहारों को तोशाखाना में जमा किया गया था। बाद में इमरान खान ने इन्हें तोशखाने से सस्ते दाम पर खरीद लिया और फिर महंगे दाम पर बाजार में बेच दिया। इस पूरी प्रक्रिया के लिए उन्होंने सरकारी कानून में बदलाव भी किए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इमरान ने 2.15 करोड़ रुपए में इन गिफ्ट्स को तोशखाने से खरीदा था और इन्हें बेचकर 5.8 करोड़ रुपये का मुनाफा कमा लिया।

## ईरान में इमारते ढह्ने से तीन की मौत, 11 घायल

**तेहरान,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। ईरान की राजधानी तेहरान में कई अर्ध-निर्मित इमारतों के ढह जाने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने यह रिपोर्ट दी हैं। ईरान की छात्र समाचार एजेंसी (आईएसएनए) ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि यह घटना रविवार सुबह उस समय हुई जब तेहरान नगर पालिका के कर्मचारी, प्रांतीय पुलिस बल जिला 19 में एक 'असुरक्षित' इमारत को ध्वस्त करने की निगरानी कर रहे थे।

तेहरान पुलिस सूचना केंद्र के एक बयान का हवाले से सामचार एजेंसी बताया कि इमारत के गिरने से आसपास की पांच इमारतें ढह गईं। जो कि असुरक्षित थी, जिससे चार पुलिस अधिकारी और दो नगर पालिका कर्मचारी मलबे में दब गए। बचाव दल मलबे से लोगों को निकालने के लिए कार्य कर रहे हैं और अब तक चार लोगों को बचाया जा चुका है। तेहरान अग्निशमन विभाग के प्रवक्ता जलाल मालेकी ने कहा कि घटना की सूचना स्थानीय समयानुसार दोपहर 12:24 बजे दी गई। क्रेन और मलबा हटाने वाले उपकरणों की सहायता से बचाव दल को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया। उन्होंने कहा कि एक इमारत पूरी तरह से ढह गई और अन्य इमारते आंशिक रूप से ढही है। उन्होंने कहा कि इमारतें निर्माणाधीन थीं और उनके अंदर कोई नहीं रहता था। श्री मालेकी ने कहा कि मलबे से निकाले जाने के बाद तीन लोगों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि मलबे के नीचे कितने लोग दबे हुए थे।

## सुडोकू 6280


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 8 | 6 | | | | | |
| | | 9 | 2 | 1 | | | 6 | |
| 2 | | | | | 8 | | 4 | |
| | | | 9 | | | 8 | | 6 |
| | | | | | | | | |
| 8 | | 4 | | | 2 | | | |
| | 7 | | 8 | | | | | 3 |
| | 3 | | | 7 | 5 | 9 | | |
| | | | | | 3 | 6 | | 2 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6280




**बायें से दायें:-**

१. अनुपस्थिति, गैरहाजिरी
४. नामुमकिन
६. रक्तपान करने वाला
७. जिसके नेत्र लाल रंग के हों
८. रूपवती, कोमलांगी (उर्दू)
१०. पराजित होना
११. प्रशासन, राजा, हुकूमत
१३. एक खट्टे-मीठे स्वाद वाला फल
१४. आदेश, हुक्म
१५. किसी आकृति तल के ठीक ऊपरी भाग में एक कोण
१७. अनाथ (उर्दू)
१९. ऊपर उठना, उन्नति, युद्ध, सेना
२१. मशविरा, राय (उर्दू)
२२. केसर (उर्दू)
२४. लकड़ियां काटकर जीवनयापन करने वाला

**ऊपर से नीचे:-**

१. प्रेमी, आसक्त, संतुष्ट, लाल
२. अप्रत्यक्ष कर
३. कत्लेआम
४. स्वीकार करना, अपना बनाना
५. बहन
९. शहर में प्रवेश करना
११. खुशी के साथ, प्रसन्नतापूर्वक
१२. वजह
१३. वहन, श्रम, शंका
१४. नि:शस्त्र, जिसके हाथ में कुछ न हो
१५. सिर के बल खड़े होने का आसन
१६. शोरगुल
१८. तृतीय
१९. वीरान, जनशून्य
२०. दृश्य (उर्दू)
२३. पर्वत

### वर्ग पहेली-6279

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | प | २ न | य | ३ न | ■ | ४ अ | प | ५ रा | न्ह |
| ना | ■ | य | ■ | ६ र | क्त | प | ■ | ह | ■ |
| ७ व | स | न | ■ | सं | ■ | ८ का | लां | त | ९ र |
| सीं | ■ | ज | ■ | १० हा | जि | र | ■ | ■ | क्ष |
| ■ | ११ गु | ल | १२ जा | र | ■ | ■ | १३ बा | ध | क |
| ■ | ना | ■ | हि | ■ | १४ ब | ह | रा | ■ | द |
| १५ बे | ह | १६ त | र | ■ | हु | ■ | १७ त | १८ र | ल |
| गु | ■ | र | ■ | १९ दौ | ल | २० त | ■ | ह | ■ |
| २१ ना | स्ति | क | ■ | रा | ■ | २२ र | स | म | २३ य |
| ह | ■ | २४ श | ब | न | म | ■ | ■ | ■ | दि |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 8 अगस्त, 2023 श्रावण कृष्ण पक्ष 6

### राशिफल

मेष -अनुकूलता से भरपूर आज के दिन आप सभी काम तन-मन की स्थिरता के साथ करेंगे। इस कारण काम करने में उत्साह और स्फूर्ति का अनुभव होगा। आर्थिक लाभ होगा। परिवार में आनंद और उल्लास का माहौल रहेगा।

वृषभ -आप के भीतर क्रोध और हताशा हावी होगी। स्वास्थ्य खराब हो सकता है। परिवार और आर्थिक मामलों में चिंता बनी रहेगी। स्वभाव की उग्रता के कारण किसी के साथ मतभेद या झगड़े होने की संभावना है।

मिथुन -आज का दिन आपके लिए सभी तरह से लाभदायक होगा। अविवाहित व्यक्तियों को योग्य जीवनसाथी मिलेगा। धन प्राप्ति के लिए शुभ दिन है। मित्रों के साथ आनंददायक मुलाकात होगी। उनके द्वारा लाभ मिलेगा।

कर्क -आज आपके सभी काम बिना अवरोध के सरलतापूर्वक पूरे होंगे। काम में अनुकूलता रहेगी। नौकरी में उच्च अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण विचार-विमर्श होगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ खुले मन से घरेलू चर्चा करेंगे।

सिंह -खट्टे- मीठे अनुभवों वाला मिश्रित फलदायक दिन है। निर्धारित काम करने की प्रेरणा के साथ उस दिशा में प्रयत्न करेंगे और आपका व्यवहार तटस्थ रहेगा। धार्मिक और मांगलिक कामों में उपस्थिति रहेगी।

कन्या -नए काम को शुरू करने के लिए आज का दिन अच्छा नहीं है। बाहर के खाने से परहेज करें अन्यथा तबीयत खराब हो सकती है। गुस्से को काबू करने के लिए ज्यादातर समय मौन ही रहें। खर्च में वृद्धि होगी।

तुला -आज का दिन मौज- मस्ती, मनोरंजन, रोमांस में गुजरेगा। आपको कई जगह विशेष सम्मान मिलेगा। पार्टनरशिप के काम से लाभ होगा। अच्छे वस्त्र आदि खरीद सकते हैं। वाहन सुख का अच्छी तरह आनंद ले सकेंगे।

वृश्चिक -घर में सुख-शांति का माहौल बना रहेगा। इससे आप राहत का अनुभव करेंगे। शारीरिक - मानसिक ताजगी के कारण काम करने का उत्साह होगा। सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। अधूरे काम पूरे होंगे।

धनु -आज आप किसी यात्रा पर जाने का विचार त्याग दें। काम में सफलता नहीं मिलने से आप निराश होंगे और स्वभाव में गुस्सा होगा। दूसरों से बहस की जगह चुप रहने की आदत डालें। पेट की तकलीफ से परेशानी हो सकती है।

मकर -आज का दिन प्रतिकूलताओं से भरा रहेगा। आप में स्फूर्ति का अभाव रहेगा। परिजनों के साथ वाद-विवाद या निरर्थक चर्चा के प्रसंग बनेंगे। इससे आप का मन व्यथित रह सकता है। अपयश मिलने की आशंका है।

कुंभ -आज आपके मन से चिंता का भार कम हो जाएगा और आप मानसिक रूप से खुशी का अनुभव करेंगे। शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। पारिवारिक वातावरण आनंदित रहेगा।

मीन -आज आपको खर्च के अतिरिक्त क्रोध और जीभ पर संयम रखने की सलाह दी जाती है। किसी के साथ तकरार होने की संभावना है। आर्थिक मामले या लेन-देन में सावधानी रखें। पारिवारिक सदस्यों के साथ झगड़े होंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## वियतनाम में बाढ, भूस्खलन में 8 की मौत

**हनोई,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। वियतनाम के उत्तरी क्षेत्र में लगातार मूसलाधार वर्षा के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन की चपेट में आने से करीब आठ लोगों की मौत हो गयी और तीँन अन्य घायल हो गए। यहां की प्राकृतिक आपदा रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय संचालन समिति ने सोमवार को यह जानकारी दी। प्राकृतिक आपदा में दो से छह अगस्त तक कुल आठ लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में से चार लाई चाऊ में, दो येन बाई में, एक थाई गुयेन में और एक सोन ला प्रांत के थे और घायलों में तीनों लाई चाऊ के हैं। इस आपदा में 24 घर नष्ट हो गए और ×0 हेक्टेयर फसलों को भी नुकसान पहुंचा है। स्थानीय समाचार पत्र वियतनाम न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, चार अगस्त के बाद से, उत्तरी क्षेत्र में सौ से दो सौ मिमी तक वर्षा हुई है। इसके अलावा, यहां के कुछ क्षेत्रों में लगभग 400 मिमी तक भारी बारिश दर्ज की गई है, जिससे छोटी नदियों और झरनों में बाढ़ आ गई है और भूस्खलन हुआ है। मानव जीवन और संपत्ति के नुकसान की रिपोर्ट के बाद, यहां के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह ने एक प्रेषण जारी कर संबंधित अधिकारियों से उत्तरी क्षेत्र में आपदाओं से बचाव की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए हैं। राष्ट्रीय जल-मौसम केंद्र ने कहा कि इस क्षेत्र में मंगलवार तक भारी बारिश जारी रहने के आसार हैं। यहां तक कि 180 मिमी से अधिक बारिश होने के अनुमान हैं।

# कम्बोडिया नरेश ने हुन मानेट को नियुक्त किया नया प्रधानमंत्री

**नोम पेन्ह,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। कंबोडिया नरेश नोरोडोम सिहामोनी ने निवर्तमान प्रधान मंत्री सैमडेक टेको हुन सेन की ओर से पद छोड़ने की घोषणा के बाद सोमवार को हुन मानेट को नया प्रधान मंत्री नियुक्त किया । श्री हुन सेन के अनुरोध के बाद सम्राट ने 45 वर्षीय हुन मानेट को पांच साल के कार्यकाल के लिए नए प्रधान मंत्री के रूप में नामित करने के लिए एक शाही डिक्री पर हस्ताक्षर किए।



- हुन सेन के बेटे हैं हुन मानेट
- पांच साल का होगा कार्यकाल

श्री सिहामोनी ने शाही आदेश में कहा, कंबोडिया साम्राज्य के नामित प्रधानमंत्री का कर्तव्य है कि वह सरकार के सदस्यों को नेशनल असेंबली से विश्वास हासिल करने के लिए तैयार करें। उन्होंने कहा, यह शाही फरमान हस्ताक्षर के दिन से प्रभावी होता है। श्री हुन मानेट को अपने नए कैबिनेट सदस्यों के साथ आधिकारिक तौर पर नया प्रधानमंत्री बनने के लिए 22 अगस्त को नेशनल असेंबली में विश्वास मत जीतने की आवश्यकता होगी। उसी दिन उनके शपथ लेने की भी उम्मीद है। नरेश को भेजे धन्यवाद पत्र में श्री हुन मानेट ने कहा, इस महान पद पर अपनी सबसे प्रिय मातृभूमि और लोगों की सेवा करने का एक महान अवसर प्राप्त करना उनके जीवन का सबसे बड़ा सम्मान है। उन्होंने कहा, मैं नेशनल असेंबली की सातवीं विधायिका की शाही सरकार के सभी गणमान्य लोगों के साथ, मातृभूमि और कंबोडिया के लोगों की सेवा करने के लिए वीरता, ईमानदारी तथा उच्च जिम्मेदारी के साथ इस महान राष्ट्रीय मिशन को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। श्री हुन मानेट ने राष्ट्रीय स्वतंत्रता, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता, साथ ही सिंहासन तथा संवैधानिक राजतंत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करना जारी रखने की कसम खाई। उन्होंने राष्ट्रीय शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने, आगे के विकास को बढ़ावा देने, कंबोडियाई लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने तथा अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में राष्ट्रीय प्रतिष्ठा बढ़ाने का भी वादा किया।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**सुको से अनवर ढेबर को ...**

आरोप लगाया है। इस पर ईडी ने भी अपना पक्ष रखा। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को फिलहाल राहत देते हुए यूपी पुलिस को कठिनतम कार्रवाई नहीं करने के आदेश दिए हैं। ईडी ने मूल, और नकली होलोग्राम के सहारे के खिलाफ प्रदेश में शराब घोटाले का केस दर्ज किया। इस पूरे मामले में आबकारी सचिव निरंजन दास, पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, एपी त्रिपाठी, अनवर ढेबर, और होलोग्राम की निर्माता कंपनी के संचालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई थी। इन सब पर धोखाधड़ी, फर्जीवाड़ा और आपराधिक साजिश की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है।

**गंभीर आपराधिक धाराओं के ...**

दो महंत जमीन के एक छोटे-से टुकड़े को लेकर भिड़ गए थे। भवनाथ दास और हरिशंकर दास नाम के इन दो महंतों ने एक-दूसरे पर समर्थकों के साथ फायरिंग शुरू कर दी थी। इस हिंसा में एक व्यक्ति की जान चली गई और दर्जन भर घायल हो गए थे। इसी दशक में अयोध्या के दबंग महंत के रूप में जाने जाने वाले महंत राम कृपाल दास की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसके बाद बीते दो दशक में भी कई संतों की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने कई सवाल उठाए। दीवानी मुकदमों से शुरू होकर फौजदारी के मुकदमों में तब्दील होने का प्रवाह अभी बंद नहीं हुआ है।

**आर्थिक, राजनीतिक ग्लैमर की चाह**

आर्थिक, राजनीतिक ग्लैमर ने रामनगरी के बहुत से साधुओं को ग्रसित कर रखा है। कंठी माला और असलहा कारतूसों का साथ धर्मनगरी में बिखरा पड़ा है। भगवत भजन के ऐसे साधकों पर सरकार भी मेहरबान रहती है। पुलिस के रिकॉर्ड में आपराधिक धाराओं में दर्ज सरकारी सुरक्षा प्राप्त साधु सरकारी कार्यक्रमों में मंचासीन भी होते हैं। सरकारी सुरक्षा के अलावा सैकड़ों संत महात्माओं ने आत्म रक्षार्थ लाइसेंसी असलहे रखे हैं, निजी सुरक्षा गार्ड भी पाले गए हैं। मठ मंदिरों की संपत्ति और उस पर कब्जेदारी को लेकर राम की नगरी अयोध्या कई बार दागदार हुई है। देश में भगवा राजनीति के उदय के बाद यहां के कई साधु राजनीतिक ग्लैमर के मोहपाश में जकड़े हैं। तुलसी की कंठी माला के साथ कारतूसों पर हाथ फेरते जगद्‌गुरुओं को देखना आम आदमी के लिए कौतूहल ही है।

## इजराइली हवाई ह्मले में चार सीरियाई सैनिकों की मौत

**दमिश्क,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। सीरिया की राजधानी दमिश्क के आसपास रात भर हुए इजरायली हवाई हमले में चार सीरियाई सैनिक मारे गए और अन्य चार घायल हो गए। अलिखबरिया प्रसारक ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट में बताया कि सीरिया की वायुसेना ने इजरायली हवाई हमले का सामना किया। सीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी सना के अनुसार, इजरायल के कब्जे वाले गोलान हाइट्स से शुरू हुए हमले में सामग्री नष्ट हो गयी। सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि वायुसेना ने कुछ मिसाइलों को मार गिराया।

## आज का इतिहास

1509- विजय नगर सम्राज्य के सम्राट के रूप में महाराज कृष्णदेव राय की ताजपोशी।
1549- फ्रांस ने इंग्लैंड के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1609- वेनिस की सीनेट ने गैलिलियो द्वारा तैयार दूरबीन का निरीक्षण किया।
1700- डेनमार्क और स्वीडन के बीच शांति संधि पर हस्ताक्षर।
1771- इंग्लैंड में हॉर्शम में पहला रिकॉर्ड शहर क्रिकेट मैच खेला गया।
1786- अमरीकी कांग्रेस ने चांदी के डॉलर और मुद्रा के लिए दसमलव प्रणाली को स्वीकार किया।
1839- बीटा थिता पिई ऑक्सफ़ोर्ड, ओहियो में स्थापित की गयी।
1864- जेनेवा में रेड क्रॉस की स्थापना हुई।
1887- अंतोनियो गज़्मैन ब्लैंको वेनेजुएला ने फ्रांस के राष्ट्रपति के रूप में अपनी अवधि पूरा किया।
1899- एटी मार्शल ने रेफ्रीजरेटर का पेटेंट कराया।
1900- बोस्टन में पहले डेविस कप श्रृंखला की शुरुआत हुई।
1919- रावलपिंडी संधी में ब्रिटेन ने अफगानिस्तान की आजादी को मंजूरी दी।
1942- महात्मा गांधी ने भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत की।
1945- सोवियत संघ ने द्वितीय विश्वयुद्ध में जापान के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।

**आतंकवाद** सुरक्षाबलों के दबाव के चलते कश्मीर से भाग रहे आतंकी


# आतंकियों के नए ठिकाने बन रहे हैं राजौरी, पुंछ व किश्तवाड़ के इलाके

**जम्मू,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। सुरक्षाबलों के दबाव के चलते कश्मीर से भाग रहे आतंकी अब राजौरी, पुंछ तथा किश्तवाड़ के इलाकों को सुरक्षित ठिकाना मान रहे हैं। इन तीनों जिलों में पिछले दिनों होने वाली मुठभेड़ें, सुरक्षाबलों पर होने वाले घातक हमले और बरामदगियां इसका सबूत हैं।

इस वर्ष जनवरी से अब तक तीनों जिलों में हालांकि दर्जनों आतंकियों को मार डाला गया है।समाचार भिजवाए जाने तक राजौरी में एक आतंकी और मारा गया था तथा दो से तीन को घेरे में ले रखा था।

पर यह भी सच था कि राजौरी तथा पुंछ के जिले सेना के लिए सबसे अधिक सिरदर्द इसलिए बन गए थे क्योंकि एलओसी से सटे होने के कारण पाक सेना ने अब घुसपैठ के लिए इन्हीं दोनों जिलों पर अपना ध्यान केंद्रित कर आतंकियों को धकेलना तेज किया हुआ है।

अधिकारियों ने इसे माना है कि इन दोनों जिलों में विदेशी आतंकियों का जमावड़ा है। हालांकि जम्मू रेंज के एडीजीपी मुकेश सिंह इसे मानते थे कि आतंकियों के तीन से चार दल इन जिलों में एक्टिव हैं। पर वे भी इसके प्रति कोई जानकारी नहीं दे पाते थे कि इन समूहों में कुल कितने आतंकी हैं। वैसे एक सूत्र के बकौल, ताजा घुसे 25 से 30 आतंकी कुछेक स्थानीय आतंकियों के सहारे इन दोनों जिलों में आतंकवाद को पुन: जिन्दा करने में कामयाब हुए हैं। दोनों जिलों में सबसे अधिक भयानक वे दो दिन माने जाते रहे हैं जब आतंकियों ने 20 अप्रैल को पुंछ के भाटा धुरियां और फिर 5 मई को राजौरी के केसर क्षेत्र में घात लगाकर सेना के कुल 10 जवानों को मौत के घाट उतार दिया था। हालांकि उसके बाद गुस्साई सेना ने आतंकियों को जड़ से उखाड़ने में कोई कसर तो नहीं छोड़ी पर फिलहाल उम्मीद के मुताबिक कामयाबी इसलिए हाथ नहीं लग पा रही है क्योंकि उस पार से आतंकियों की नफरी आती ही जा रही है।



■ पिछले दिनों होने वाली मुठभेड़ें, सुरक्षाबलों पर होने वाले हमले हैं सबूत

वैसे कश्मीर से सटे हुए किश्तवाड़ जिले में भी आतंकियों की संख्या बढ़ने लगी है। पुलिस कहती थी कि इस जिले में अधिकतर स्थानीय आतंकी हैं या फिर कश्मीर से मूव करने वाले हैं। कुछेक आतंकियों को इस जिले में भी मार गिराया गया है पर खतरा अभी पूरी तरह से टला नहीं है।

## दुनिया को जानें

### सऊदी अरब ने 8 और देशों के नागरिकों के लिए ई-वीजा बढ़ाया

**रियाद,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। सऊदी अरब ने घोषणा की है कि आठ और देशों के नागरिक अब ई-वीजा के लिए पात्र होंगे। यहां के मीडिया ने ये जानकारी दी। ई-वीजा अल्बानिया, अजरबैजान, जॉर्जिया, किर्गिस्तान, मालदीव, दक्षिण अफ्रीका, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान के आगंतुकों के लिए उपलब्ध होगा, जिससे पात्र देशों की कुल संख्या 57 हो जाएगी। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने राज्य मीडिया रिपोर्ट के हवाले से कहा। विज़िटर ई-वीज़ा पूरे वर्ष के लिए वैध है, और 90 दिनों तक देश में रहने की अनुमति देता है। 2019 में ई-वीज़ा कार्यक्रम शुरू करने के बाद, सऊदी अरब में 2022 में 93.5 मिलियन यात्री आए, जो 2021 से 93 प्रतिशत की वृद्धि है। 2022 में, सऊदी अरब ने वैध शेंगेन, ब्रिटिश और अमेरिकी वीजा धारकों के लिए एक आगंतुक ई-वीजा प्रदान करने का निर्णय लिया था, जिनका उपयोग सऊदी अरब पहुंचने से पहले इन देशों में प्रवेश करने के लिए किया गया था। इस साल की शुरुआत में, सऊदी अरब ने मुफ्त 96 घंटे का स्टॉपओवर वीज़ा शुरू करने की घोषणा की, जिससे यात्रियों को देश में 96 घंटे तक रहने की अनुमति मिल गई।

# खेल जगत

## पाकिस्तान के मुख्य चयनकर्ता बने इंजमाम



**लाहौर,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इंज़माम-उल-हक़ को दूसरी बार मुख्य चयनकर्ता नियुक्त किया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सोमवार को एक ट्वीट के ज़रिये इसकी पुष्टि की। यह पद पिछले महीने हारून रशीद के इस्तीफा देने के बाद से खाली पड़ा था। इंज़माम इससे पहले 2016 से 2019 के बीच भी पाकिस्तान के मुख्य चयनकर्ता रह चुके हैं। दूसरे कार्यकाल में उनकी पहली ज़िम्मेदारी अफगानिस्तान के खिलाफ 22 अगस्त से होने वाली एकदिवसीय शृंखला के लिये टीम चुनना होगा। अफगानिस्तान का सामना करने के बाद पाकिस्तान सितंबर में एशिया कप खेलेगी, जिसके फौरन बाद टीम पांच अक्टूबर से 19 नवंबर के बीच होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिये भारत आयेगी। इंज़माम 10 अगस्त को एक संवाददाता सम्मेलन में अफगानिस्तान शृंखला और एशिया कप के लिये स्क्वाड की घोषणा करेंगे।

# दूसरे टी20 की हार के बाद बल्लेबाजी से निराश पांड्या

**गयाना,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के कप्तान हार्दिक पांड्या ने दूसरे टी20 में वेस्ट इंडीज के हाथों मिली दो विकेट की करीबी हार के बाद खराब बल्लेबाजी की समस्या को स्वीकार किया।



प्रोविडेंस स्टेडियम पर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत 20 ओवर में 152 रन ही बना सका। मेहमान टीम की ओर से तिलक वर्मा (41 गेंद, 51 रन) ने अर्द्धशतक जड़ा जबकि कोई अन्य बल्लेबाज प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर सका। वेस्ट इंडीज ने 153 रन का लक्ष्य सात गेंद रहते हुए हासिल कर लिया।

पांड्या ने मैच के बाद कहा, हमारा बल्लेबाजी प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा। विकेट लगातार गिरते रहे और पिच भी धीमी थी। हमने इतनी अच्छी बल्लेबाजी नहीं की कि 160 रन से ज्यादा बना सकें। पांड्या ने कहा, वह (तिलक वर्मा) जिस तरह बल्लेबाजी कर रहा है, उस पर हम ध्यान दे रहे हैं। नंबर चार पर एक बाएं हाथ के बल्लेबाज के होने से हमें दाएं और बाएं का संयोजन मिल जाता है। हमारे युवा खिलाड़ी आत्मविश्वास और निर्भयता के साथ आ रहे हैं। भारत ने 152 रन का बचाव करते हुए पहले ओवर में वेस्ट इंडीज के दो विकेट गिरा भी दिये, लेकिन निकोलस पूरन ने 40 गेंद पर 67 रन की आतिशी पारी खेलकर वेस्ट इंडीज को जीत के करीब पहुंचा दिया। मेज़बान टीम को लक्ष्य तक पहुंचने से पहले कुछ झटके लगे लेकिन वह दो विकेट की जीत हासिल करने में सफल रही।

पांड्या ने पूरन की बल्लेबाजी पर कहा, वह (पूरन) जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहे हैं उससे स्पिनरों को लगाना मुश्किल हो जाता है। दो रन पर दो विकेट गिरने के बाद उन्होंने जिस तरह बल्लेबाजी की वह कमाल था।

इस बीच, तिलक ने भी भारतीय टीम का स्कोर कम होने पर पांड्या की बात से सहमति ज़ाहिर की, हालांकि उन्होंने धीमे विकेट पर बल्लेबाजों के प्रदर्शन की सराहना की। तिलक ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, विकेट धीमा था। हमने सोचा कि 150-160 एक अच्छा स्कोर होगा। हो सकता है कि हम 10 रन पीछे रह गये, लेकिन यह एक अच्छा प्रदर्शन था (हमारे बल्लेबाजों द्वारा)।

उन्होंने कहा, पूरन ने जिस तरह बल्लेबाजी की उसके लिये उनको श्रेय जाता है। उन्होंने गेंदबाजों पर दबाव डाला। हम जानते थे कि अगर हम एक विकेट हासिल कर सकते हैं, तो हम मैच बचा सकते हैं क्योंकि विकेट धीमा था। ऐसा नहीं था बल्लेबाजी करना आसान है। यह एक गेंदबाज की पिच थी। दुर्भाग्य से, यह इतना मजेदार खेल है कि यह कभी भी पलट सकता है।

## पूरन के दम पर विंडीज ने जीता दूसरा टी20

**गयाना।** वामहस्त बल्लेबाज निकोलस पूरन (40 गेंद, 67 रन) के आतिशी अर्द्धशतक की बदौलत वेस्ट इंडीज ने रोमांच से भरे दूसरे टी20 मैच में रविवार को भारत पर दो विकेट की जीत दर्ज कर पांच मैचों की शृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली। भारत ने विंडीज के सामने 153 रन का लक्ष्य रखा, जिसे वेस्ट इंडीज ने 18.5 ओवर में हासिल कर लिया। भारत की ओर से एक बार फिर तिलक वर्मा (41 गेंद, 51 रन) ने अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय अर्द्धशतक जड़ा, जबकि उनके अलावा कोई बल्लेबाज सराहनीय प्रदर्शन नहीं कर सका। दूसरी पारी में पूरन की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के कारण एक समय ऐसा लग रहा था कि वेस्ट इंडीज आसानी से यह लक्ष्य प्राप्त कर लेगी, लेकिन उनके आउट होने के बाद युज़वेंद्र चहल ने 16वें ओवर में तीन विकेट चटकाते हुए मैच का रुख पलट दिया। आठ विकेट गंवा चुकी वेस्ट इंडीज को तीन ओवर में 21 रन की दरकार थी, हालांकि इसके बाद चहल को गेंद नहीं मिली और वेस्ट इंडीज ने सात गेंद रहते मैच जीत लिया। भारत के लिये गेंदबाज़ी की शुरुआत करने उतरे हार्दिक पांड्या ने पहले ओवर में मात्र दो रन देते हुए ब्रैंडन किंग और जॉनसन चार्ल्स को पवेलियन लौटा दिया। भारत की शुरुआत अच्छी रही लेकिन अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से पूरन मैच को भारत की पकड़ से दूर ले जाते रहे। वेस्ट इंडीज ने पावरप्ले में 61 रन बनाये जिसमें काइल मेयर्स ने भी सात गेंद पर 15 रन का योगदान दिया। इसके अलावा पूरन ने रोवमैन पॉवेल (19 गेंद, 21 रन) के साथ भी तीसरे विकेट के लिये 57 रन की साझेदारी की। पूरन ने 40 गेंद पर छह चौकों और चार छक्कों के साथ 67 रन बनाये लेकिन वेस्ट इंडीज को जीत तक ले जाने से पहले वह मुकेश कुमार का शिकार हो गये। वेस्ट इंडीज 14 ओवर में 127 रन बनाकर आसानी से लक्ष्य की ओर अग्रसर थी लेकिन भारतीय स्पिनरों के कारण मैच में एक और मोड़ देखने को मिला। रवि बिश्नोई ने 15वें ओवर में मात्र एक रन दिया, जबकि चहल ने अगले ओवर में दो रन देते हुए रोमारियो शेफर्ड, जेसन होल्डर और शिमरन हेटमायर को आउट कर दिया। मुकेश द्वारा फेंके गये 17वें ओवर में मात्र तीन रन जाने के बाद भारत के जीत के आसार थे, हालांकि कप्तान पांड्या ने मैच पलटने वाले चहल को गेंद न देने का फैसला किया। वेस्ट इंडीज के लिये क्रीज पर खड़े अल्ज़ारी जोसेफ़ और अकील हुसैन ने अर्शदीप सिंह के 18वें ओवर में नौ रन जोड़े, जबकि मुकेश के 19वें ओवर की पांच गेंदों में ही 14 रन जोड़कर अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। जोसेफ़ ने आठ गेंद पर 10 रन बनाये, जबकि वेस्ट इंडीज के लिये विजयी चौका जड़ने वाले हुसैन 10 गेंद पर 16 रन बनाकर नाबाद रहे।

# भारतीय टीम में नहीं दिख रहा जीत का जज्बा : वेंकटेश प्रसाद

**टीम इंडिया का प्रदर्शन बहुत औसतन रहा है। इसे नजरअंदाज करने का कोई मतलब नहीं है। 2007 टी20 विश्व कप के बाद, आईपीएल शुरू हुआ और हमने तब से 7 प्रयासों में टी20 विश्व कप नहीं जीता है। महज 1 बार फाइनल में जगह बनाई, क्योंकि टीम में अब जीतने की भूख और जज्बा नजर नहीं आता। हार्दिक पाण्डया की कप्तानी में भी कोई धार नहीं दिखाई दी उनके कई फैसले समझ से परेश थे : वेंकटेश प्रसाद**



**नई दिल्ली,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में टीम इंडिया के खराब प्रदर्शन पर निराशा व्यक्त की। साथ ही हार्दिक पांड्या की कप्तानी पर भी सवाल उठाए हैं। दरअसल, वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट और वनडे सीरीज पर कब्जा जमाने वाली टीम इंडिया अपनी गलतियों के कारण पांच मैच की टी-20 सीरीज में 0-2 से पीछे है।

टीम के इस लचर प्रदर्शन के बाद पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने कई सवाल उठाए हैं। उन्होंने टीम के प्रयास को बहुत सामान्य बताया और कहा कि टीम में जीत की भूख नजर नहीं आती। वेंकटेश प्रसाद ने ट्वीट किया, टीम इंडिया का प्रदर्शन बहुत औसतन रहा है। इसे नजरअंदाज करने का कोई मतलब नहीं है। 2007 टी20 विश्व कप के बाद, आईपीएल शुरू हुआ और हमने तब से 7 प्रयासों में टी20 विश्व कप नहीं जीता है। महज 1 बार फाइनल में जगह बनाई, क्योंकि टीम में अब जीतने की भूख और जज्बा नजर नहीं आता। इतना ही नहीं प्रसाद ने दूसरे मैच में युजवेंद्र चहल को अपने कोटे का अंतिम ओवर नहीं देने पर भारतीय कप्तान की रणनीति पर भी सवाल उठाए।

इस ट्वीट में उन्होंने आगे मैच की बात करते हुए कहा, युजी ने 16वें ओवर में 2 विकेट लिए और भारत को खेल में वापस ला दिया। तब वेस्टइंडीज ने 8 विकेट खो दिए थे। इसके बाद उन्हें 9वें और 10वें बल्लेबाज के सामने अपना आखिरी ओवर करने का मौका नहीं मिला। इसके बाद वींडिज बल्लेबाजों ने तेज गेंदबाजों का आसानी से सामना किया और मैच अपने नाम किया। आपको ऐसे समय किताबी ज्ञान नहीं बल्कि दिमाग से चलना चाहिए।

हार्दिक के फैसले पर सवाल इसलिए भी उठ रहे हैं क्योंकि वेस्टइंडीज को 24 गेंद में 24 रन की दरकार थी। 16वें ओवर में चहल ने टीम इंडिया की मैच में दमदार वापसी कराई। चहल की गेंद काफी घूम रही थी और उनका एक ओवर बाकी था। लेकिन पांड्या ने उनसे 18वां ओवर नहीं कराया और तेज गेंदबाजों पर भरोसा जताया। पांड्या का यह फैसला गलत साबित हुआ, जिसके बाद क्रिकेट फैंस ने सोशल मीडिया पर उन्हें काफी ट्रोल किया।

# विटोरी बने सनराइजर्स के नए कोच



हैदराबाद, 7 अगस्त (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की 2016 की चैंपियन फ्रेंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद ने डेनियल विटोरी को नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। फ्रेंचाइजी ने सोमवार को इसकी घोषणा की। न्यूज़ीलैंड के पूर्व कप्तान विटोरी 2014 से 2018 के बीच रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के मुख्य कोच रह चुके हैं और इस समय ऑस्ट्रेलियाई टीम के सहायक कोच की भूमिका निभा रहे हैं। वह सनराइजर्स में बतौर मुख्य कोच ब्रायन लारा की जगह लेंगे।

सनराइजर्स ने पिछले छह सीज़नों में चौथी बार नया कोच नियुक्त किया है। लारा (2023) के एक वर्षीय कार्यकाल से पहले टॉम मूडी (2019, 2022) और ट्रेवर बेलिस (2020-21) भी दो-दो साल फ्रेंचाइजी के साथ बिता चुके हैं। फिलहाल विटोरी द हंड्रेड में बर्मिंघम फीनिक्स पुरुष टीम के मुख्य कोच हैं। वह इससे पहले कैरिबियाई प्रीमियर लीग (सीपीएल) में बारबाडोस रॉयल्स, बिग बैश लीग में ब्रिस्बेन हीट और वाइटैलिटी ब्लास्ट में मिडलसेक्स के साथ भी मुख्य कोच के रूप में काम कर चुके हैं। हाल के वर्षों में खराब प्रदर्शन करने वाली सनराइजर्स ने आईपीएल 2021 के बाद से केवल 13 मैच जीते हैं जबकि 29 में उसे हार मिली है। साल 2016 में चैंपियन बनने के बाद से 2020 तक यह फ्रेंचाइजी हर सीज़न में प्लेऑफ़ में पहुंची, लेकिन दूसरा खिताब जीतने में असफल रही। पिछले तीन सीज़न से सनराइजर्स प्लेऑफ में भी नहीं पहुंच सकी है और अब कोच विटोरी एवं कप्तान एडेन मार्करम के संयोजन से शीर्ष चार से बाहर रहने के तीन सीज़न के सिलसिले को ख़त्म करना चाहेगी।

# जापान पर जोरदार जीत से मलयेशिया सेमीफाइनल में

■ **सत्येन्द्र पाल सिंह**

**चेन्नै,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। नजमी जजलान, अशरान हमसानी ,शैलो सिल्वारियूज के एक एक गोल की बदौलत मलयेशिया की पुरुष हॉकी टीम ने जापान को यहां एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में सोमवार को से हरा चार मैचों में तीन जीत के साथ कुल नौ अंक लेकर सेमीफाइनल में स्थान बना लिया। मलयेशिया ने मेजबान भारत के हाथों रविवार को 0-5 से बड़ी हार से उबर कर सोमवार को प्रभावी जीत दर्ज की। जापान के चार मैचों में दो हार और दो ड्रॉ से मात्र दो अंक हैं लेकिन उसके चौथी टीम के रूप में सेमीफाइनल पहुंचने की हल्की उम्मीद बाकी है।



राजी रहीम , फित्री सारी अशरान हमसानी की अगुआई में मलयेशिया का जापान के गोल से शुरु से हमले बोलना काम आया। नजमी जजलान ने पहला क्वॉर्टर खत्म होने से दो मिनट पूर्व पहले पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर मलयेशिया का खाता खोला। फित्री सारी के तीसरे क्वॉर्टर के सातवें मिनट में बढिया पास पर अशरान हमसानी ने गोल कर मलयेशिया की बढ़त 2-0 कर दी। शैलो सिल्वारियूज ने खेल खत्म होने से मिनट भर पहले अशरान हमसानी के पास पर गोल कर मलयेशिया को 3-0 से आगे कर दिया। अगले ही जापान के जेंकी जेतानी के पास पर ताकूमा नीवा ने गोल कर स्कोर 1-3 कर दिया। जापान को लगातार दो ड्रॉ के बाद दूसरी हार का सामना करना पड़ा। पूर्व चैंपियन पाकिस्तान के खिलाफ 3-3 से और मेजबान भारत के खिलाफ 1-1 से ड्रा पर रहा। उन्होंने प्रतियोगिता की शुरुआत एक अन्य पूर्व चैंपियन कोरिया गणराज्य से 1-2 से हार के साथ की थी। जापान, जिसके चार मैचों में केवल दो अंक हैं, नॉकआउट चरण में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो गया है। छह टीमों की लीग में मलेशिया का एक और मैच बाकी है, जिसमें वो 9 अगस्त को अपने पांचवें मैच में कोरिया से भिड़ेगा।

# ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप टीम में लाबुशेन को नहीं मिली जगह

**मेलबर्न,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया ने दाएं हाथ के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन को भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिये चयनित 18-सदस्यीय स्क्वाड में जगह नहीं दी है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने हालांकि सोमवार को घोषित टीम में लेग-स्पिनर तनवीर संघा और हरफनमौला आरोन हार्डी को जगह दी। संघा और हार्डी ने अभी तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण नहीं किया है। लाबुशेन को टीम में जगह न मिलना आश्चर्य की बात है क्योंकि उन्होंने 2020 में पदार्पण करने के बाद से वह सिर्फ आठ एकदिवसीय मैचों में ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा नहीं रहे हैं। वह ऑस्ट्रेलिया के पिछले नौ वनडे मैचों में भी टीम का हिस्सा रहे थे। एकदिवसीय विश्व कप के लिये अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नियमों का पालन करते हुए सीए इस 18-सदस्यीय स्क्वाड को 28 सितंबर तक घटाकर 15-सदस्यीय टीम में बदल देगा। उससे पहले यह ऑस्ट्रेलियाई टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच वनडे मैच (सात-17 सितंबर) और भारत के खिलाफ तीन वनडे (22-27 सितंबर) खेलेगी।



कप्तान पैट कमिंस विश्व कप में कंगारुओं की अगुवाई करेंगे, हालांकि दक्षिण अफ्रीका और भारत के खिलाफ उनका खेलना संशय में है। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली गयी हालिया एशेज़ टेस्ट शृंखला के दौरान कमिंस की कलाई में फ्रैक्चर हुआ था जिसके कारण उन्हें छह हफ्ते के लिये आराम करने की सलाह दी गयी है।

मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने खुलासा किया कि कमिंस के बायीं त्रिज्या में एक अव्यवस्थित फ्रैक्चर है जिसके लिये छह सप्ताह के रिहैब की आवश्यकता है, लेकिन उनका मानना है कि टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले आराम करने से उन्हें फायदा होगा। बेली ने कहा, हम इस महत्वपूर्ण विश्व कप अभियान से पहले पैट के लिये लागू आराम की अवधि को सकारात्मक मानते हैं। विश्व कप से पहले वह अभी भी कई मैच खेल सकते हैं जो उनकी मजबूत तैयारी के लिये पर्याप्त हैं।

विश्व कप से पहले नियोजित आठ एकदिवसीय मैचों में संघा और हार्डी को मौका मिलना तय है। संघा इससे पहले कई टी20 दौरों पर ऑस्ट्रेलिया का हिस्सा रह चुके हैं लेकिन उन्हें अभी तक अपने देश के लिये मैदान पर उतरने का मौका नहीं मिला है।

# सैमसन के फ्लॉप शो को लेकर पार्थिव पटेल ने दी तीखी प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज पार्थिव पटेल ने संजू सैमसन के लगातार खराब परफॉर्मेंस को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, जब भी उन्हें मौके मिले वो फ्लॉप रहे। उन्होंने कहा, संजू सैमसन। ये नाम भारतीय टीम के उस खिलाड़ी का है, जिसके बारे में हमेशा टीम में जगह नहीं मिलने के कारण काफी बातें होती हैं। लेकिन जब भी उन्हें मौका मिला वो उस मौके को भुनाने में सफल नहीं हुए।



भारत के वेस्टइंडीज दौरे पर संजू सैमसन को टीम में जगह मिली। उनके पास एक बड़ा मौका था अपनी छाप छोड़ने का, लेकिन वो इसमें अब तक नाकाम रहे हैं। हालांकि वनडे में उन्होंने एक अर्धशतक जरुर बनाया। मगर टी20 सीरीज में उनका प्रदर्शन बेहद खराब रहा है, क्योंकि उन्होंने अब तक दो मैचों में महज 19 रन ही बनाए। भारत को रविवार को दूसरे टी20 मैच में दो विकेट से हार का सामना करना पड़ा, जिसमें सैमसन केवल 7 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। सैमसन के लगातार खराब परफॉर्मेंस को लेकर पार्थिव पटेल ने तीखी प्रतिक्रिया दी है।

## सार संक्षेप

### ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड क्वार्टरफाइनल में पहुंचे

**ब्रिस्बेन।** इंग्लैंड ने फीफा महिला विश्व कप के सांस रोक देने वाले प्री-क्वार्टरफाइनल में सोमवार को नाइजीरिया को शूटआउट में 4-2 (फुल टाइम 0-0) में हराकर शीर्ष-आठ में प्रवेश कर लिया। सिडनी के स्टेडियम ऑस्ट्रेलिया पर खेले गये दिन के एक अन्य मुकाबले में, ऑस्ट्रेलिया ने डेनमार्क को 2-0 से मात दी। केटलीन फूर्ड (29वां मिनट) और हेली रूसो (70वां मिनट) ने विजेता टीम के गोल किये। क्वार्टरफाइनल में ऑस्ट्रेलिया का सामना फ्रांस या मोरक्को में से किसी एक से होगा। दूसरी ओर, इंग्लैंड और नाइजीरिया के बीच मुकाबला अतिरिक्त समय के बाद भी गोलरहित रहने के कारण विजेता का फैसला शूटआउट से हुआ। नाइजीरिया के पास नौ विश्व कप आयोजनों में पहली बार एक नॉकआउट मैच जीतने का मौका था लेकिन इंग्लैंड ने उसके दो गोलों की तुलना में चार गोल जमाकर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली।

### महिला प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए ये खिलाड़ी हुई नॉमिनेट

**दुबई।** दो ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एलिसे पेरी और एश्ले गार्डनर के साथ-साथ इंग्लैंड की स्टार ऑलराउंडर नेट साइवर-ब्रंट को जुलाई के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। महिला प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड के लिए तीन खिलाड़ियों को नॉमिनेट किया गया है। पहला नाम एलिसे पेरी है, जिन्होंने पूरे महीने सभी प्रारूपों में लगातार शानदार प्रदर्शन किया। दूसरी ओर, एश्ले गार्डनर को प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड के लिए लगातार दूसरी बार नॉमिनेट किया गया है। द्धष्ट्ठ महिला टी20 रैंकिंग में नंबर 1 ऑलराउंडर का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन रहा। साइवर-ब्रंट, जो महिला एशेज के एकदिवसीय चरण में प्लेयर ऑफ़ द सीरीज़ थीं।

### अनुबंध विवाद के बीच एम्बाप्पे पीएसजी की मुख्य टीम के साथ प्रैक्टिस नहीं करेंगे

नई दिल्ली। किलियन एम्बाप्पे पेरिस सेंट-जर्मेन की पहली टीम के साथ प्रशिक्षण नहीं लेंगे, क्योंकि क्लब के साथ उनका अनुबंध विवाद अब भी जारी है।

# बीएआई ने विश्व जूनियर चैंपियनशिप के लिए टीम की घोषणा की

नई दिल्ली, 7 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने संयुक्त राज्य अमेरिका के स्पोकेन में होने वाली आगामी बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2023 के लिए 16 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप के लिए आयुष शेट्टी और उन्नति हुड्डा भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। 26 से 29 जुलाई तक नई दिल्ली में आयोजित एक खास परीक्षण प्रक्रिया के बाद टीम का चयन किया गया। बीएआई के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा, ट्रायल बेहद प्रतिस्पर्धी था और जब से हमने ऐसे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के लिए ट्रायल अनिवार्य किया है तब से हम कई नए चेहरे देख रहे हैं। हमें उन नामों पर बेहद गर्व है जिनका चयन किया गया है और हमें विश्वास है कि ये युवा शटलर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और देश को गौरवान्वित करेंगे।

# संजय सेन ने इगोर स्टिमक के अनुरोध का समर्थन किया

**नई दिल्ली,** 8 अगस्त (एजेंसियां)। भारत की पुरुष फुटबॉल टीम के क्रोएशियाई मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने सभी स्टेक होल्डर, खासकर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) क्लबों से खिलाड़ियों को समय पर रिलीज करने का अनुरोध किया है। भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमक ने एक खास अपील की है, जिसका समर्थन अब संजय सेन ने भी किया है। इगोर स्टिमक ने क्लबों से खिलाड़ियों को समय पर रिलीज करने का अनुरोध किया है। जिससे ब्लू टाइगर्स के पास, एएफसी एशियाई कप 2023 और 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर की तैयारी के लिए ज्यादा समय मिले। संजय सेन ने स्टिमक के प्रस्ताव को सही समय पर सही बात करार देते हुए उनकी बात पर सबको गौर देने की राय दी है। 2019-20 और 2020-21 में टीम के सहायक कोच बनने से पहले, सेन 2018-19 में आईएसएल क्लब एटीके के तकनीकी निदेशक थे। वर्तमान में, सेन मोहन बागान के युवा विकास के प्रमुख हैं।



उन्होंने कहा, देखिए, सवाल यह नहीं है कि क्या यह वैध अनुरोध है। ऐसा लगता है कि स्टिमक ने यह अनुरोध दो दृष्टिकोणों से किया है – पहला, हाल के दिनों में टीम के प्रभावशाली प्रदर्शन को देखते हुए। हालांकि भारत ने कई उच्च रैंकिंग वाली टीमों को नहीं हराया है, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय टीमों की भागीदारी के साथ तीन टूर्नामेंट जीतना भारत की सफलता को दर्शाता है। दूसरी बात, एक नया प्रबंधन सत्ता में आया है। इन सभी फैक्टर को ध्यान में रखते हुए, स्टिमक ने क्लबों से यह अनुरोध किया है। यह पहली बार नहीं है कि किसी कोच ने ऐसा अनुरोध किया है, पहले भी ऐसे अनुरोध किए गए थे। अब यह फ्रेंचाइजी और क्लब मालिकों पर निर्भर है... हमें देखना होगा कि वे राष्ट्रीय टीम के लिए कितना सोचते हैं।

सेन ने कहा, स्टिमक ने अपना अनुरोध पेश करने के लिए सही समय चुना है। वास्तव में, अगर मैं कोच होता, तो यही मांग करता।

सेन को नहीं पता कि क्लब मुख्य कोच के अनुरोध पर कैसे प्रतिक्रिया देंगे और उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्लबों के उदाहरणों का हवाला भी दिया, जिन्होंने खिलाड़ियों को राष्ट्रीय ड्यूटी के लिए खिलाड़ियों को जल्दी फ्री करने पर ज्यादा ध्यान दिया। हालांकि, जैसा कि मैंने कहा है, क्लब अपने हितों को भी देखेंगे। हाल ही में, मैंने मीडिया रिपोर्ट में देखा है कि क्लबों ने खिलाड़ियों को रिलीज करने में दिलचस्पी नहीं दिखाई है। लेकिन ये मीडिया रिपोर्ट हैं और मुझे नहीं पता कि ये कितने सच हैं।

### सुडोकू 6280 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 | 2 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 2 | 1 | 4 | 3 | 6 | 8 |
| 2 | 1 | 6 | 7 | 3 | 8 | 5 | 4 | 9 |
| 5 | 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 8 | 3 | 6 |
| 1 | 6 | 3 | 5 | 8 | 7 | 2 | 9 | 4 |
| 8 | 9 | 4 | 3 | 6 | 2 | 7 | 1 | 5 |
| 9 | 7 | 1 | 8 | 2 | 6 | 4 | 5 | 3 |
| 6 | 3 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 |
| 4 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 |

देशबन्धु

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 4.02 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | 3.00 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.28 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.16 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.96 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 1.12 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.09 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलीवर | 0.91 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.63 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.46 प्रतिशत |

### सर्राफा

| दिल्ली | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

# [ अर्थ जगत ]

## अग्रवाल ने सीबीआईसी अध्यक्ष का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली।** भारतीय राजस्व सेवा के 1988 बैच के अधिकारी एवं केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के सदस्य संजय कुमार अग्रवाल ने सीबीआईसी के अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया है। वित्त मंत्रालय ने आज यह जानकारी दी। इनका कार्यकाल 05 अगस्त से भी प्रभावी हो गया है।



## देश में चीनी की पर्याप्त मात्रा उपलब्धता: केंद्र

**नई दिल्ली,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। चीनी की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में रिकार्ड वृद्धि होने के बाद भी देश में इसकी खुदरा कीमत स्थित बनी हुई हैं। पिछले 5 वर्षों में केंद्र के हस्तक्षेप के कारण चीनी सेक्टर आत्मनिर्भर हो गया है। भारत सरकार देश में चीनी की खुदरा कीमतों को स्थिर रखने में सफल हुई है, जबकि

- **पिछले 5 वर्षों में केंद्र के हस्तक्षेप के कारण चीनी सेक्टर आत्मनिर्भर हो गया**
- **देश में चीनी की औसत खुदरा कीमत लगभग 43 प्रति किलोग्राम है और इसके इसी के आसपास रहने की संभावना है**

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चीनी की कीमतें अप्रैल-मई 2023 में एक दशक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं। चीनी की घरेलू कीमतों में लगभग 3 फीसदी की मामूली मुद्रास्फीति देखी गयी है, जो गन्ने के उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) में बढ़ोतरी के अनुसार है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चीनी की कीमतें भारत की तुलना में लगभग 50 फीसदी अधिक हैं। देश में चीनी की औसत खुदरा कीमत लगभग 43 प्रति किलोग्राम है और



इसके इसी के आसपास रहने की संभावना है। नीचे दिए गए चार्ट से पता चलता है कि पिछले 10 वर्षों में देश में चीनी की कीमतों में 2 फीसदी से भी कम वार्षिक मुद्रास्फीति रही है। सरकारी के नीतिगत एवं व्यवहारिक हस्तक्षेपों के परिणामस्वरूप घरेलू कीमतों को बहुत मामूली वृद्धि के साथ स्थिर रखा गया है।

सरकार द्वारा समय पर किए गये हस्तक्षेप ने चीनी क्षेत्र को संकट से बाहर ला दिया है। चीनी क्षेत्र के मजबूत बुनियादी सिद्धांतों और देश में गन्ने और चीनी के पर्याप्त से अधिक उत्पादन ने यह सुनिश्चित किया है कि चीनी प्रत्येक भारतीय उपभोक्ता को आसानी से उपलब्ध रहे।

चालू चीनी सीजन (अक्टूबर-सितंबर) 2022-23 के दौरान, भारत में लगभग 43 एलएमटी के इथेनॉल उत्पादन के लिए डायवर्जन के बाद 330 एलएमटी चीनी का उत्पादन होने का अनुमान है। इस प्रकार देश में कुल सुक्रोज उत्पादन लगभग 373 एलएमटी होगा जो पिछले 5 वर्षों में दूसरा सबसे अधिक है। इसके अलावा, पिछले 10 वर्षों के दौरान चीनी के उत्पादन में काफी वृद्धि हुई है; हालाँकि, खपत उसी अनुपात में नहीं बढ़ी है। जिससे, किसी भी अप्रत्याशित घटना के लिए पर्याप्त स्टॉक की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

जुलाई 2023 के अंत में, भारत के पास लगभग 108 एलएमटी का चीनी स्टॉक है, जो वर्तमान एसएस 2022-23 के शेष महीनों की घरेलू मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त है और सीज़न के अंत में लगभग 62 एलएमटी के अनुकूलतम स्टॉक के लिए भी पर्याप्त है। इस प्रकार, घरेलू उपभोक्ताओं के लिए पूरे वर्ष उचित मूल्य पर पर्याप्त चीनी उपलब्ध है।

इसके अलावा, उचित और लाभकारी मूल्य के साथ-साथ चीनी मिलों द्वारा समय पर भुगतान सुनिश्चित करके गन्ना किसानों के हितों पर ध्यान दिया जा रहा है। 2021-22 तक के चीनी सीज़न के लिए गन्ना किसानों का 99.9 फीसदी गन्ना बकाया चीनी मिलों द्वारा पहले ही चुकाया जा चुका है। चालू चीनी सीजन 2022-23 के लिए भी, 1.05 लाख करोड़ से अधिक के भुगतान के साथ, आज की तारीख तक लगभग 93 फीसदी गन्ना बकाया भुगतान चुकाया जा चुका है।


इस प्रकार, भारत सरकार द्वारा अपनी उचित नीतियों, स्थिर कीमतों और किसानों के गन्ना बकाया की समय पर भुगतान के साथ चीनी क्षेत्र में सुधार करके सभी तीन प्रमुख हितधारकों, उपभोक्ताओं, किसानों और चीनी मिलों के हितों की रक्षा की गई है।

## एफआईआई की बिकवाली से निफ्टी में आई तेजी

**नई दिल्ली,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। मिश्रित वैश्विक संकेतों के बावजूद घरेलू शेयर बाजार अपने सकारात्मक रुख पर कायम है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका का कहना है कि निफ्टी ऊंचे स्तर पर खुला और पूरे सत्र के दौरान सकारात्मक रहा और 81 अंकों की मामूली बढ़त के साथ 19598 के स्तर पर बंद हुआ। आईटी और फार्मा में खरीदारी के साथ अधिकांश सेक्टर हरे निशान में बंद हुए। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह आरबीआई की नीति से पहले बाजार एक दायरे में कारोबार कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि एफआईआई ने पिछले कुछ दिनों से बिकवाली का सिलसिला जारी रखा है, जिससे तेजी सीमित रही। बोनान्ज़ा पोर्टफोलियो के वरिष्ठ अनुसंधान विश्लेषक वैभव विदवानी ने कहा कि निम्न गुणवत्ता वाले ऑप्टिकल फाइबर की आपूर्ति करने वाले देशों को खोजने के बाद, सरकार ने इंडोनेशिया, कोरिया, चीन जैसे देशों से ऑप्टिकल फाइबर के आयात पर 5 साल का एंटी-डंपिंग शुल्क लगाया, इसलिए सभी ऑप्टिकल फाइबर उपयोगकर्ता कंपनियां आज उच्च स्तर पर व्यापार कर रही थीं, क्योंकि इससे सामग्री की गुणवत्ता में सुधार होगा और इन्वेंट्री घाटे में कमी आएगी। उन्होंने कहा, आज बोली लगाने के आखिरी दिन गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी एसबीएफसी फाइनेंशियल की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) को 18.73 गुना अभिदान मिला।

उन्होंने कहा कि डिविस लैबोरेटरीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, एलटीआईमाइंडट्री और अदानी पोर्ट्स निफ्टी पर शीर्ष लाभ पाने वालों में से थे, जबकि शीर्ष हारने वालों में ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स, बजाज ऑटो, भारतीय स्टेट बैंक और एक्सिस बैंक थे।




## जून तिमाही में घरेलू निवेशकों की हिस्सेदारी घटी

**नई दिल्ली,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। खुदरा के साथ घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) की हिस्सेदारी लगातार 6 तिमाहियों तक बढ़ने के बाद 30 सितंबर, 2021 को 22.40 प्रतिशत से बढ़कर 31 मार्च, 2023 को 25.73 प्रतिशत हो गई। प्राइम डेटाबेस ग्रुप की पहल प्राइमइन्फोबेस के अनुसार, एनएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों में उच्च निवल मूल्य वाले व्यक्तिगत (एचएनआई) निवेशकों की हिस्सेदारी 30 जून, 2023 तक घटकर 25.50 प्रतिशत हो गई। प्राइम डेटाबेस ग्रुप के प्रबंध निदेशक प्रणव हल्दिया के अनुसार, ऐसा एलआईसी, म्यूचुअल फंड के साथ-साथ खुदरा और एचएनआई निवेशकों द्वारा मुनाफावसूली के कारण हुआ, क्योंकि बाजार सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। तिमाही के दौरान डीआईआई से शुद्ध निवेश केवल 3,368 करोड़ रुपये रहा। इस बीच, तिमाही के दौरान विदेशी



संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) से 1,02,617 करोड़ रुपए का शुद्ध प्रवाह हुआ, जिसके परिणामस्वरूप 30 जून, 2023 को लगातार चौथी तिमाही में एफआईआई हिस्सेदारी बढ़कर 18.94 प्रतिशत हो गई (7 बीपीएस ऊपर) 31 मार्च, 2023 को 18.87 प्रतिशत)। जबकि एफआईआई ने वित्तीय सेवा और ऑटो क्षेत्र में क्रमश: 44,065 करोड़ रुपए और 16,818 करोड़ रुपए का भारी निवेश किया, उन्होंने तिमाही के दौरान सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र से 9,376 करोड़ रुपए निकाले।

इस तिमाही में एफआईआई और डीआईआई होल्डिंग के बीच का अंतर बढ़ गया। डीआईआई होल्डिंग अब एफआईआई होल्डिंग से 15.19 प्रतिशत कम है (31 मार्च, 2023 को डीआईआई होल्डिंग एफआईआई होल्डिंग से 13.29 प्रतिशत कम थी)। एफआईआई और डीआईआई होल्डिंग के बीच सबसे बड़ा अंतर 31 मार्च 2015 को समाप्त तिमाही में था, जब डीआईआई होल्डिंग एफआईआई होल्डिंग से 49.82 प्रतिशत कम थी। एफआईआई से डीआईआई स्वामित्व अनुपात भी 30 जून, 2023 को बढ़कर 1.18 हो गया, जो 31 मार्च, 2023 को 1.15 था। इस बीच, 30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही में संस्थागत निवेशकों, एफआईआई और डीआईआई की कुल हिस्सेदारी घटकर 35.01 प्रतिशत हो गई, जो 31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही में 35.24 थी।

### सार संक्षेप

#### मीशो आयी लाभ में

बेंगलुरु। ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस मीशो ने आज लाभ की स्थिति में आने की घोषणा करते हुये कहा कि पिछले 12 महीनों में एक अरब से ज्यादा ऑर्डर मिले हैं। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि इससे कंपनी के ऑर्डर का वॉल्यूम 43 प्रतिशत और राजस्व 54 प्रतिशत बढ़ा है। उसने कहा कि इस उपलब्धि ने न केवल भारतीय ई-कॉमर्स के परिवेश में कंपनी की स्थिति को मजबूत किया है, बल्कि यह मीशो के अभिनव बिज़नेस मॉडल का एक मजबूत प्रमाण भी है। कंपनी ने समग्र कर बाद लाभ (पीएटी) स्तर पर लाभ की स्थिति हासिल की है, जिसमें इसके सभी प्रभागों और श्रेणियों में ईएसओपी सहित सभी लागतें शामिल हैं। मीशो ने संचालन के विभिन्न आंकड़ों में काफी प्रगति की है, कंपनी ने टेक्नॉलॉजी की लागत में 60 प्रतिशत साल-दर-साल की कमी दर्ज की है, जिससे इसकी संचालन दक्षता और ज्यादा मजबूत हो गई है।

#### पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

नई दिल्ली। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।


#### टाटा प्ले की सेवायें अब जीसैट 24 से

नई दिल्ली। डीटीएच सेवायें देने वाली कंपनी टाटा प्ले की सेवायें आज से जीसैट 24 उपग्रह से शुरू हो गयी है और अब इस पर देश में उपलब्ध लगभग सभी नौ सौ चैनल उपभोक्ताओं को मिलेंगे। पहले टाटा स्काई के नाम से प्रसिद्ध टाटा प्ले ने सरकार के मेक इन इंडिया मिशन के अनुरूप जून 2022 में इसरो की वाणिज्यिक इकाई न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) के साथ गठबंधन कर जीसैट-24 उपग्रह का प्रक्षेपण किया था। एक वर्ष तक के परीक्षण के बाद टाटा प्ले ने अपने कक्ष में स्थापित हो चुके इस उपग्रह का उपयोग आज से शुरू करने की घोषणा की। इस बढ़ी हुई बैंडविड्थ से टाटा प्ले अपने उपयोगकर्ताओं को और भी बेहतर पिक्चर और ध्वनि प्रदान कर पाएगा और सभी डीटीएच प्लेटफार्मों के बीच सबसे बड़ा उपग्रह बैंडविड्थ प्रदाता बनने के साथ 50 प्रतिशत ज़्यादा चैनल प्रसारित कर पाएगा।
इस सेवा के शुभारंभ के मौके पर दूरसंचार और सूचना एवं प्रसारण सचिव अपूर्व चंद्रा ने कहा, जीसैट-24 सफलतापूर्वक शुरू होने से अंतरिक्ष और संचार के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की ओर एक और कदम बढ़ाया है।

## शेयर बाजार में तेजी जारी, सेंसेक्स निफ्टी बढ़त में

**मुंबई,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर से मिले कमजोर संकेतों के बीच आज घरेलू स्तर पर हेल्थकेयर, आईटी, टेक, टेलीकम्युनिकेशंस और रियल्टी जैसे समूहों में हुयी लिवाली के बल पर शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी रही और इस दौरान सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त बनाने में सफल रहे। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 232.23 अंकों की बढ़त के साथ 66 हजार अंक के करीब 65953.48 अंक पर पहुंच गया और इस दौरान नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 80.30 अंकों की तेजी लेकर 19597.30 अंक पर रहा। बीएसई दिग्गज कंपनियों की तरह की छोटी और मझौली कंपनियों में भी लिवाली का जोर रहा जिससे बीएसई का मिडकैप 0.56 प्रतिशत बढ़कर 30331.02 अंक पर और स्मॉलकैप 0.26 प्रतिशत उठकर 35162.06 अंक पर रहा।

बीएसई में कुल 3887 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 2025 बढ़त में और 1661 गिरावट में रहे जबकि 201 में कोई बदलाव नहीं हुआ। बीएसई में शामिल समूहों में से अधिकांश बढ़त में रहे जिसमें हेल्थकेयर 1.61 प्रतिशत, आईटी 1.07 प्रतिशत, टेलीकम्युनिकेशंस 1.28 प्रतिशत, टेक 0.91 प्रतिशत और रियल्टी 0.63 प्रतिशत प्रमुखता से शामिल है। गिरावट में रहने वालों में यूटिलिटी 0.27 प्रतिशत और पावर 0.22 प्रतिशत प्रमुख है। वैश्विक स्तर पर जापान के निक्केई के 0.91 प्रतिशत की बढ़त को छोड़कर शेष




अधिकांश प्रमुख सूचकांक गिरावट में रहे जिसमें ब्रिटेन का एफटीएसई 0.68 प्रतिशत, जर्मनी का डैक्स 0.73 प्रतिशत, चीन का शंघाई कंपोजिट 0.59 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.21 प्रतिशत शामिल है।

बीएसई का सेंसेक्स 90 अंकों की बढ़त के साथ 65811.40 अंक पर खुला। शुरूआती कारोबार में ही यह 65748.25 अंक के निचले स्तर तक उतरा लेकिन लिवाली के बल पर यह दोपहर के बाद 66 हजार अंक के स्तर को पार करते हुये 66067.90 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में यह पिछले दिवस के 65721.25 अंक की तुलना में 0.35 प्रतिशत अर्थात 232.23 अंकों की बढ़त के साथ 65953.48 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से 21 हरे निशान में और नौ लाल निशान में रही। इसी तरह से एनएसई का निफ्टी 59 अंकों की बढ़त के साथ 19576.85 अंक पर खुला। लिवाली के बल पर यह 19620.45 अंक के उच्चतम और बिकवाली के दबाव में 19524.80 अंक के निचले स्तर के बीच रहा। अंत में यह पिछले दिवस के 19517 अंक की तुलना में 80.30 अंक अर्थात4 0.41 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19597.30 अंक पर रहा। एनएसई में शामिल कंपनियों में से 35 हरे निशान में और 14 लाल निशान में रही जबकि दो में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## एंटफिन ने पेटीएम के संस्थापक व सीईओ को शेयर हस्तांतरित कर कंपनी की हिस्सेदारी में की 10.3 प्रतिशत कटौती

**नई दिल्ली,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। एंटफिन (नीदरलैंड) ने अग्रणी मोबाइल भुगतान और वित्तीय सेवा कंपनी पेटीएम में अपनी हिस्सेदारी कम कर दी है। एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (पेटीएम) के संस्थापक और सीईओ विजय शेखर शर्मा और एंटफिन (नीदरलैंड्स) होल्डिंग बीवी (एंटफिन) ने कंपनी में 10.3 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए एक समझौते के निष्पादन की घोषणा की।



शर्मा के 100 प्रतिशत स्वामित्व वाली विदेशी इकाई रेजिलिएंट, ऑफ-मार्केट ट्रांसफर के माध्यम से एंटफिन से पेटीएम 10.30 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करेगी। इसके साथ, पेटीएम में शर्मा की हिस्सेदारी (प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष) बढ़कर 19.42 प्रतिशत हो जाएगी, जबकि एंटफिन की हिस्सेदारी घटकर 13.5 प्रतिशत हो जाएगी। कंपनी की एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, रेजिलिएंट 10.30 प्रतिशत ब्लॉक का स्वामित्व और वोटिंग अधिकार हासिल कर लेगा।

10.30 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण पर विचार करते हुए, रेजिलिएंट एंटफिन को वैकल्पिक रूप से परिवर्तनीय डिबेंचर (ओसीडी) जारी करेगा, जो बदले में, एंटफिन को 10.30 प्रतिशत हिस्सेदारी के आर्थिक मूल्य को बनाए रखने की अनुमति देगा, जो व्यापारिक क्षमता में एंटफिन के निरंतर विश्वास को प्रदर्शित करेगा। फाइलिंग के अनुसार, '04 अगस्त, 2023 को समापन मूल्य के आधार पर, 10.30 प्रतिशत हिस्सेदारी का मूल्य 628 मिलियन डॉलर है।' शर्मा ने कहा, 'मुझे भारत में निर्मित वित्तीय नवाचार के सच्चे चैंपियन के रूप में पेटीएम की भूमिका और मोबाइल भुगतान में क्रांति लाने और देश में औपचारिक वित्तीय सेवाओं को शामिल करने में योगदान देने में अपनी उपलब्धियों पर गर्व है। हम स्वामित्व के इस हस्तांतरण की घोषणा के साथ कई वर्षों में उनके अटूट समर्थन और साझेदारी के लिए एंट के प्रति मैं अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करना चाहता हूं।

## दाल-दलहन में उबाल, खाद्य तेलों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी लौटने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि मांग निकलने से अधिकांश दालों के भाव चढ़ गए।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अगस्त का पाम ऑयल वायदा 45 रिंगिट चढ़कर 3800 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह अगस्त का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 1.08 सेंट की तेजी लेकर 61.12 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों के भाव में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफ़ाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव में टिकाव रहा।

दाल-दलहन: दाल-दलहन बाजार में तेजी रही। इस दौरान चना 50 रुपए, दाल चना 50 रुपये, मसूर दाल 150 रुपये, मूंग दाल 350 रुपये , अरहर दाल 200 रुपए और उड़द दाल 200 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

## सुप्रीम कोर्ट ने पट्टेदारों को उनके विमानों का निरीक्षण, रखरखाव करने की अनुमति के खिलाफ गो फर्स्ट की याचिका खारिज की

**नई दिल्ली,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया, जिसमें नकदी संकट से जूझ रही गो फर्स्ट एयरलाइन के विमान पट्टेदारों को रखरखाव कार्य करने के लिए महीने में कम से कम दो बार अपने विमान का निरीक्षण करने की अनुमति दी गई थी। भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ जिसमें न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं, ने एयरलाइन के प्रबंधन के लिए दिवाला कानून के तहत नियुक्त समाधान पेशेवर द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) को खारिज कर दिया, जिसमें पट्टादाताओं के पक्ष में उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश को चुनौती दी गई थी। पीठ ने कहा, 'चूंकि कार्यवाही दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित है, जहां याचिकाओं पर दिन-प्रतिदिन बहस हो रही है, हम वर्तमान चरण में इस (एसएलपी) पर विचार नहीं कर रहे हैं।' शीर्ष अदालत ने कहा कि क्षेत्राधिकार का सवाल भी हाई कोर्ट की एकल पीठ ही तय करेगी।

न्यायमूर्ति तारा वितस्ता गंजू की एक पीठ ने 5 जुलाई को




पट्टेदारों को अपने विमानों का निरीक्षण करने की अनुमति दी थी, क्योंकि उन्होंने मुख्य याचिकाओं में अपने-अपने आवेदन दायर किए थे जिसमें आगे किसी भी नुकसान से बचने के लिए गो फर्स्ट के साथ पट्टे पर अपने विमानों को डी-रजिस्टर करने की मांग की गई थी। न्यायमूर्ति गंजू ने विमानन नियामक डीजीसीए से यह भी कहा था कि पट्टादाताओं, उनके कर्मचारियों और एजेंटों को हवाई अड्डे तक पहुंचने की अनुमति दी जाए, जहां उनके विमान वर्तमान में खड़े हैं, और तीन दिन के भीतर उनका निरीक्षण किया जाए।

एकल न्यायाधीश द्वारा पारित अंतरिम आदेश को मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति संजीव नरूला की खंडपीठ ने 12 जुलाई को बरकरार रखा। विमान पट्टेदारों ने विमानन नियामक नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा अपने विमानों को एयरलाइन से वापस लेने के लिए उनका पंजीकरण रद्द करने की मांग करते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया था। पट्टादाताओं ने कहा था कि डीजीसीए का पंजीकरण रद्द करने से इनकार करना 'नाजायज' है। पट्टादाताओं का तर्क यह है कि गो फर्स्ट को उनके विमान का उपयोग करने का कोई अधिकार नहीं है क्योंकि उनसे संबंधित पट्टे समाप्त कर दिए गए हैं।

दूसरी ओर, गो फर्स्ट ने कहा था कि विमानों के पंजीकरण रद्द करने की राहत प्रभावी रूप से पट्टेदारों को विमानों को फिर से हासिल करने की अनुमति देगी, जो कि स्थगन के दौरान स्पष्ट रूप से निषिद्ध है। राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण ने 22 मई को गो फर्स्ट के खिलाफ दिवालियेपन की कार्यवाही को बरकरार रखा, जिससे उसके विमान को वापस लेने के पट्टादाताओं के प्रयासों को झटका लगा।

# सावन के पांचवे सोमवार सुबह से भूतेश्वरनाथ मंदिर में दिखी कावड़ियों और श्रद्धालुओं की भीड़

■ सूर्योदय के साथ कावड़ियों ने किया भगवान शिव का जलाभिषेक, दिनभर चलता रहा अभिषेक और पूजा अर्चना



**गरियाबंद,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। विश्व प्रसिद्ध भूतेश्वर नाथ मंदिर में सावन के पांचवे सोमवार को तड़के सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। सूर्योदय की पहली किरण के साथ दूर दराज से कावड़ में जल लेकर आए कावड़ियो ने सबसे पहले भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इसके बाद भूतेश्वर नाथ समिति के सदस्यों और अन्य भक्तों ने भगवान भोलेनाथ के अर्धनारेश्वर रूप के दर्शन कर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर भक्तों ने भगवान शिव को प्रसन्न करने उनके चरणों मे बेलपत्ता और धतूरा अर्पण कर मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना की। समिति के अनुमान के मुताबिक इस सोमवार भी करीब आठ हजार से ज्यादा श्रध्दालु यहां आए थे। इसके पहले रविवार को भी इसी तरह हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली थी।

इधर सावन के पांचवे सोमवार को कुलेश्वर महादेव और भूतेश्वरनाथ की नगरी गरियाबंद भक्ति से सरोबार रही। राजिम से लेकर गरियाबंद तक सड़क में कावड़ियो की टोली देखने को मिली। बोल बम के नारों के साथ कावड़िया अपने कावड़ में जल लेकर उत्साह के साथ आगे बढ़ते दिखे। वही कई शिव भक्त डीजे की धुन में नाचते गाते थिरकते भी नजर आए। इस दौरान जगह जगह सेवाभावी युवाओ द्वारा उनका स्वागत सत्कार भी किया गया। इधर बड़ी संख्या में पहुचे कावरियो और शिवभक्तो के चलते भूतेश्वरनाथ मंदिर में मेले जैसो माहौल देखने को मिला। दिनभर यहां श्रध्दालुओ का पहुचना जारी रहा। बोल बम और हर हर महादेव के नारो के साथ पूरा भूतेश्वरनाथ धाम गुंजायमान होता रहा।

### चिंगरापगार जलप्रपात के सैलानियों की भीड़ भूतेश्वर नाथ मंदिर में डायवर्ट

इधर, चिंगरापगार जलप्रपात में सैलानियों के जाने में प्रतिबंधित लगने के कारण रविवार से यहां आने वालें सैलानियों की आधी से ज्यादा भीड़ भूतेश्वरनाथ मंदिर में डायवर्ट हो रही है। जलप्रपात जाने वाले सैलानी वहां से सीधे भगवान भूतेश्वरनाथ मंदिर दर्शन के लिए पहुंच रहे है। जिसके चलते रविवार को यहां भीड़ में दुगुनी हो गई थी। सोमवार को भी यही स्थिति देखने को मिली। वैसे देखा जाए तो पर्यटन के दृष्टि से बाहर से आने वाले अधिकांश सैलानी चिंगरापगार जलप्रपात के साथ भूतेश्वरनाथ मंदिर भी दर्शन के लिए जाते है। जिससे इस बार मंदिर में भीड़ ज्यादा दिख रही।

इधर, बड़ी संख्या में पहुंची भीड़ को और यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने पुलिस प्रशासन भूतेश्वरनाथ मंदिर में तैनात है। विभिन्न जिलों से आने वाले चार पहिया वाहन को मंदिर से डेढ़ किमी पहले पारागांव में ही पुलिस ने बेरीगेट्स लगाकर रोक रहे। यहां पार्किंग बनाया गया है। हालाकि इसके चलते उम्रदराज लोगो और महिलाओं को भी चल के आना जाना पड़ा। जिससे उन्हें काफी परेशानी हो रही। उनके लिए उचित व्यवस्था की मांग करते लोग नजर आए।

### भगवान शिव का स्वरूप धारण किया युवा बना आकर्षण का केन्द्र

सावन के महिने में भगवान शिव का स्वरूप धारण किया नगर का एक युवा आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। मंदिर आने वाले श्रध्दालु और कावरियो युवक को देखते ही उसकी ओर आकर्षित हो रहे है। लोग मोनू ठाकुर नाम के इस युवक के साथ फोटो और सेल्फी भी ले रहे है। इसके अलावा भी मंदिर में कई और भक्त भी भगवान शिव का अवतार धारण कर पहुंचे। जिन्हे देखने और फोटो खिंचवाने भी लोग आगे पीछे लालायित होते दिखे। लोगों ने उनके साथ सेल्फी भी ली।

# मेरी माटी मेरा देश अभियान की शुरूआत कल से

■ आजादी का अमृत महोत्सव का समापन 30 अगस्त को नई दिल्ली में
■ शिलापलकम, पंचप्राण, वसुधा वंदन और मिट्टी यात्रा जैसे अनेक कार्यक्रमों से जुड़ेंगे ग्रामीण एवं शहरवासी
■ मंत्रालय, संस्कृति विभाग से परिपत्र जारी

**रायपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत प्रदेश के सभी जिलों में शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान की शुरूआत 9 अगस्त से होंगी और 30 अगस्त तक चलेगा। इसके लिए संस्कृति विभाग द्वारा सभी आवश्यक तैयारी कर ली गई है। इस संबंध में मंत्रालय स्थित संस्कृति विभाग द्वारा पंचायत एवं ग्रामीण विकास, गृह, वन एवं जलवायु परिवर्तन, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, नगरीय प्रशासन, एवं विकास, जनसम्पर्क विभाग और खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, विशेष सचिव सहित आवासीय आयुक्त छत्तीसगढ़ भवन नई दिल्ल तथा प्रदेश सभी कलेक्टरों को परिपत्र जारी कर दिया गया है। ग्राम पंचायत स्तर पर मेरी माटी मेरा देश अभियान के दौरान शिलापलकम (शिला पट्टिका) की स्थापना किया जाएगा। जिसमें देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वालों वीरों को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

उल्लेखनीय है कि केंद्र एवं राज्य शासन के निर्देशानुसार देश की आजादी के 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव पूरे देश में मनाया जा रहा है। गत दो वर्षो से चल रहे इस कार्यक्रम का समापन मेरी माटी मेरा देश अभियान के रूप में 30 अगस्त को नई दिल्ली में होगा।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े वीरों का सम्मान करना है, जिन्होंने हमारे भविष्य के लिए अपना वर्तमान त्याग दिया। इन वीरों के सम्मान में प्रदेश के सभी पंचायतों से मिट्टी एकत्रित कर कर्तव्य पथ दिल्ली में आजादी का अमृत महोत्सव स्मारक और एक अमृत वाटिका निर्मित कर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों को सम्मानित किया जाना है। कार्यक्रम मुख्य रूप से दो भागो में होगा जिसमें प्रथम पंचायत स्तरीय कार्यक्रम एवं द्वितीय मिट्टी यात्रा जो पंचायत से जनपद पंचायत और दिल्ली तक होगा।

मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत प्रदेश के सभी जिलों में पंचायत एवं नगरी निकाय क्षेत्रों में 9 से 15 अगस्त तक होंगे। 12 से 20 अगस्त तक जनपद स्तर पर और 21 से 26 अगस्त तक स्थान की पहचान कर्तव्य पथ पर स्मारक निर्माण किया जाएगा इसी प्रकार 27 से 28 अगस्त युवा दल को दिल्ली पहुंचना एवं 29 से 30 अगस्त कर्तव्य पथ पर अंतिम कार्यक्रम के आयोजन में प्रधानमंत्री द्वारा अमृत वाटिका में पौधारोपण करते हुए आजादी का अमृत महोत्सव स्मारिका को राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जिन्होंने देश के लिए अपना बलिदान दिया, देश की रक्षा से जुड़े हुए जवानों और केंद्रीय अर्धसैनिक बल और राज्य पुलिस बल से जुड़े हुए जवानों ने, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति दी उनका नाम इस शिलापलकम में रहेगा। इस शिलापलकम का लोकार्पण अगस्त महीने में 9 से 15 अगस्त 2023 के मध्य प्रत्येक ग्राम पंचायतों में किया जाएगा। कार्यक्रम में ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान का गायन होगा और इसमें प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए संदेश उल्लेखित होंगे। शिलापलकम की स्थापना महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत निर्मित अमृत सरोवर के पास की जाएगी तथा जिन ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर नहीं है वहां पर पंचायत भवन अथवा शाला भवनों में किया जाएगा।

# सड़कों पर पशुओं के कारण हो रही दुर्घटनाओं को रोकने किए जायें जरूरी प्रयास

■ मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक

**रायपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य की सड़कों पर आवारा पशुओं के कारण हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में गठित समिति की तृतीय बैठक सम्पन्न हुई।

मुख्य सचिव ने सड़कों पर पशुओं के आने से हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों तथा एजेंडा बिंदुओं पर पशुपालन विभाग ,नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा अब तक की गई कार्यवाही की विस्तार से समीक्षा की। राज्य की ऐसी चिन्हांकित सड़कें जहां प्रायः पशुओं का सड़क पर विचरण होता है इन कैचमेंट एरिया में आने वाली ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों की सूची के मैपिंग कार्य को अद्यतन करने के निर्देश दिए गए। साथ ही जहां पर पशुओं को रखा जाना है ,वह स्थान तथा पहुंच मार्ग सूखा होना चाहिए यह सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए है। विभागो द्वारा अवगत कराया गया कि पशुपालकों एवं जन सामान्य को पशुओं के सड़कों पर आने से होने वाली दुर्घटनाओं के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

# रामायण मानस गायन से राममय हुआ छत्तीसगढ़

रायपुर, 7 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रभु राम का ननिहाल भी है। उन्होंने अपने वनवास काल में सर्वाधिक समय छत्तीसगढ़ में बिताया, इसलिए पूरा छत्तीसगढ़ राममय है। भांजा राम की याद में यहां हर परिवार में अपने भांजे में प्रभु राम जैसी छवि देखते है। प्रभु राम के स्मृतियों को ताजा करने के लिए राज्य शासन द्वारा राम वन गमन पथ का निर्माण किया जा रहा है। प्रभु राम के वनवास काल की सुन्दर प्रस्तुति अरण्य काण्ड में है, जिसमें उनके वनवास काल का विवरण है। हाल ही में रायगढ़ में आयोजित रामायण महोत्सव में देश-विदेश की कलाकारों ने सुन्दर प्रस्तुति देकर अरण्य काण्ड को जीवन्त कर दिया।

छत्तीसगढ़ में वनवासी राम का सम्पूर्ण जीवन सामाजिक समरसता का प्रतीक है, यहां उन्होंने सदैव समाज के सबसे अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को गले लगाया। राम ने दंडकारण्य की धरती से पूरी दुनिया तक च्सम्पूर्ण समाज एक परिवार हैज्ञ का संदेश दिया। छत्तीसगढ़ की इस गौरवशाली आध्यात्मिक विरासत से नई पीढ़ी को अवगत कराने के इस तरह का आयोजन प्रशंसनीय कदम हैं।

छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचलों मे बहुत पहले से ही नवधा रामायण के आयोजन की परंपरा रही है। नवधा रामायण के माध्यम से रामयण मंडली भगवान राम की जीवन-गाथा को गाकर लोगों को जीवन की सीख देते है और यही परंपरा आज भी चली आ रही है। बतां दें कि नवधा रामायण का आयोजन ग्रामीण क्षेत्रो में ज्यादातर चैत्र मास में किया जाता है। यह हिन्दु नववर्ष का प्रारंभ होने का समय भी होता है। इसी दिन से साल के प्रथम नवरात्रि भी प्रारंभ होता है, नौ दिनों का यह पर्व रामनवमी पर समाप्त होता है।

यही सब कारण है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रामायण मानस गान की ऐतिहासिक महत्ता को देखेते हुए इसे राज्य स्तर पर आयोजन करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ को भगवान राम की माता कौशल्या की जन्मभूमि माना जाता है। इस नाते उन्हें छत्तीसगढ़ में भांजे का दर्जा प्राप्त है। प्रदेश में माता कौशल्या भी आराध्य हैं। चंदखुरी में देश का इकलौता कौशल्या माता का मंदिर निर्मित है।

देश में पहली बार छत्तीसगढ़ में शासकीय रूप से राष्ट्रीय स्तर पर रामायण महोत्सव के सराहनीय आयोजन से राम जी के आदर्श चरित्र को जानने-समझने का अवसर मिला।

# ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के उपअभियंता जोशी को नोटिस

■ कार्य में लापरवाही बरतने का खामियाजा

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग कसडोल में पदस्थ उप अभियंता राम प्रसाद जोशी को जनपद पंचायत कसडोल के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा नोटिस जारी किया गया है। फील्ड में जाकर कार्य देखने बजाए ऑफिस में बैठकर मूल्याकंन किया जा रहा है, कार्य मे लापरवाही बरतने के चलते पूर्व में एक वेतन वृद्धि कलेक्टर द्वारा रोकने की अनुशंसा भी की जा चुकी है। जनपद पंचायत कसडोल के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा तीन बार नोटिस देने बावजूद भी उनको कोई फर्क नही पड रहा है। मुख्यालय में निवास नही करते बल्कि पचास किलोमीटर दूर पामगढ़ से आनाजाना कसडोल करते है। जबकि उनके कार्य क्षेत्र चरौदा (ब) और आसपास गांव की दूरी ब्लॉक मुख्यालय पचास किलोमीटर से ज्यादा है। ऐसे में कैसे कार्यो की सही मॉनिटरिंग की कल्पना भी कर सकते है। जबकि नियम कहता कि कर्मचारियों को अपने मुख्यालय में ही निवास करना है।

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार इनके द्वारा निर्माण कार्यो के पहले ही किस्त में मूल्यांकन के लिए अपना कमीशन का परसेंट ले लेते है और कार्यो को जैसे भी हो देखने तक नही जाते, काम खत्म होने पर ऑफिस में बैठकर ही मूल्यांकन कर दिया जाता हैं। यही कारण है कि उनके देख रेख जो भी कार्य हो रहे उन कार्यों में गुणवत्ता का कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। इनसे जानकारी लेने पर मामले से अनभिज्ञता जाहिर करते हुए, उच्च अधिकारियों से जानकारी लेने की बात कहते हुए पल्ला झाड़ देते है। छत्तीसगढ़ सरकार की अति महत्वपूर्ण नरवा, गरुवा, घुरवा, बाड़ी योजना से बनाये गौठान में गांव की महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सुराजी योजना तहत उद्योग एवं उद्यमिता के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुधार के लिए महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क रीपा से ग्राम पंचायत मटिया में चेन लिंक फेंसिंग कार्य, ट्रेनिंग रूम शेड निर्माण, चौकीदार कक्ष, एलईडी शेड निर्माण, अगरबत्ती कपूर शेड निर्माण, शेड निर्माण कार्य, महिला एवम पुरूष शौचालय निर्माण, गेट निर्माण कार्य कराया गया है जो लगभग एक करोड़ रुपये से अधिक राशि निर्मित किया जाना प्रस्तावित है एवं कार्यो का मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग को दिया गया है। जिम्मेदार कर्मचारी मुख्यालय रहेंगे ही नही और फील्ड में जाकर कार्यो देखरेख करेंगे ही नही तो कार्यो में देरी और गुणवत्ताहीन कार्य ही होगा। स्वामी आत्मानन्द स्कूल बलौदा (ह) का हाल भगवान भरोसे चल रहा हैं। चरौदा स्कूल में अतिरिक्त कक्षा निर्माण में ठेकेदार द्वारा इस्टीमेट के हिसाब से नही बनाया जा रहा है। लेंथ, फाउंडेशन, बीम, कालम को ही गुणवत्ताहीन बनाया जा रहा हैं, तो मकान कैसे मजबूत होगा। आखिरकार उपअभियंता को किस बात का गुरुर है जो अपने आदतों से बाज नही आ रहे है।

इस बारे में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कसडोल हिमांशु वर्मा का कहना है कि उप अभियंता को नोटिस जारी किया गया था, जिसका उनके द्वारा कोई जवाब नही दिया गया जिसकी सूचना मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बलौदाबाजार को दे दी गई है, अब उनके निर्देशानुसार कार्यवाही की जाएगी। इस संबंध में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बलौदाबाजार के कार्यपालन अभियंता एस एस बघेल का कहना है कि अनुविभागीय अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि कार्य की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए समुचित व्यवस्था की जाए।




# राज्य सरकार कल विश्व आदिवासी दिवस व्यापक स्तर पर मनाएगी

■ जिला स्तर पर कार्यक्रमों के लिए मुख्य अतिथि तय
■ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरगुजा और बस्तर में आयोजित कार्यक्रम में होंगे शामिल

**रायपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य सरकार 09 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस को छत्तीसगढ़ में व्यापक स्तर पर मनाने का निर्णय लिया है, जिसके लिए प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मंत्रालय सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इन कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि नामांकित किए गए हैं। मुख्य अतिथियों में मुख्यमंत्री, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा, मंत्रीगण, संसदीय सचिवों, विधायकों के नाम शामिल किए गए हैं। नामांकित नामों के अनुसार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरगुजा और बस्तर में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जांजगीर-चांपा जिले में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, बिलासपुर जिले में गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, दुर्ग जिले में पंचायत एवं ग्रामीण विकास रविन्द्र चौबे, कबीरधाम (कवर्धा) में वन एवं परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम में शामिल होंगे। रायपुर में नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, सुकमा में उद्योग मंत्री कवासी लखमा, कोरबा में राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, बालोद जिले में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया, कोण्डागांव में आदिम जाति कल्याण मंत्री मोहन मरकाम, रायगढ़ जिले में उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुंगेली जिले में ग्रामोद्योग मंत्री गुरू रूद्रकुमार, बलरामपुर-रामानुजगंज में संसदीय सचिव चिन्तामणी महाराज, महासमुन्द में संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव, बेमेतरा जिले में संसदीय सचिव गुरूदयाल सिंह बंजारे, कांकेर जिले में संसदीय सचिव शिशुपाल शोरी, कोरिया जिले में संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले में संसदीय सचिव इन्द्रशाह मंडावी, बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में संसदीय सचिव चन्द्रदेव प्रसाद राय, राजनांदगांव जिले में विधायक दलेश्वर साहू विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

इसी प्रकार गरियाबंद जिले में विधायक अमितेष शुक्ल, सक्ती जिले में विधायक रामकुमार यादव, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले में विधायक के.के. ध्रुव, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी- भरतपुर जिले में विधायक गुलाब कमरो विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम में शामिल होंगे। जशपुर जिले में विधायक विनय कुमार भगत, धमतरी जिले में विधायक डॉ. श्रीमती लक्ष्मी ध्रुव, दंतेवाड़ा जिले में विधायक देवती कर्मा, नारायणपुर जिले में विधायक चंदन कश्यप, सूरजपुर जिले में विधायक प्रेमसाय सिंह टेकाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में विधायक यशोदा वर्मा, सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में विधायक उत्तरी गणपत जांगड़े और बीजापुर जिले में विधायक विक्रम मण्डावी विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### "छत्तीसगढ़ आदिवासी सांस्कृतिक परंपरा प्रयास से प्रभाव तक" विषय पर तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी 9 से

विश्व आदिवासी दिवस 09 अगस्त के अवसर पर "छत्तीसगढ़ आदिवासी सांस्कृतिक परंपरा प्रयास से प्रभाव तक" विषय पर केंद्रित तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। संस्कृति विभाग के सहयोग से यह आयोजन 9 अगस्त से 11 अगस्त 2023 तक कलावीथिका महंत घासीदास संग्राहालय, घडी चौक के पास रायपुर में होगा। कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य छत्तीसगढ़ की जनजातीय जीवन के बारे में फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से जन जन तक पहुंचना और उनकी संस्कृति को मूलरूप में बचाये रखने और उसे संजोने में सहयोग देना है।

NECC

| 08.08.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 4.05 | 55 | 150 |
| चिल्हर | 5.00 | 70 | 175 |

डिलीवरी 420 सैकड़ा
दर्जन अंडा 60 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

**उल्टा पुल्टा**

एक शिक्षक ने एक गधे के सामने एक बाल्टी में पानी और दूसरे बाल्टी में शराब की बोतल को डाल दी। गधे ने बाल्टी का सारा पानी पी गया। शिक्षक ने बच्चों से कहा कि इससे तुमने क्या सीखा।

एक होशियार बच्चा ने जोर से चीखा- आदमी से गधा अच्छा है जिसने पानी को पिया और शराब को छोड़ दिया।

**संपादकीय**

## नए चेहरों पर दांव की तैयारी

छत्तीसगढ़ में आसन्न विधानसभा चुनावों में ज्यादातर नए चेहरे प्रत्याशी हो सकते हैं। राजनैतिक दलों का मानना है कि नए चेहरों को लेकर मतदाताओं में पहले से कोई राय नहीं होती इसीलिए पुराने चेहरों को लेकर नकारात्मक छवि से होने वाले नुकसान से बचा जा सकता है। दोनों ही प्रमुख पार्टियों को अपनी चुनावी संभावनाओं का आंकलन शुरू कर दिया है। कुछ सर्वे भी इस बीच आए हैं, जिनकी रिपोर्ट पुराने चेहरों को लेकर ठीक नहीं बताई जा रही है। पिछली बार कांग्रेस ने नए चेहरों को मौका दिया था, जिसका लाभ उसे चुनावों में मिला था। इस बार भी वह नए चेहरों पर दांव लगाने पर सोच सकती है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि आसन्न चुनावों में पार्टी 50 प्रतिशत सीटों पर युवाओं को मौका देगी। पिछले कुछ वर्षों में देखा जाए तो चुनावों का ट्रेंड बदल गया है। अब इस आधार पर संभावनाओं का आंकलन नहीं किया जा सकता कि कोई इलाका किसी पार्टी विशेष का गढ़ है। आज के शिक्षित युवा वोटरों की चुनावों में निर्णायक भूमिका हो गई है। उनके लिए दलगत प्रतिबद्धता से ज्यादा यह महत्वपूर्ण है कि उनका सांसद, विधायक में उनके व उनके क्षेत्र के लिए कुछ करने की क्षमता क्या है? वर्ष 2018 के चुनावों में कांग्रेस के पक्ष में इन्हीं युवा वोटरों ने मतदान कर सारे आंकलन उलट-पुलट दिए थे। कांग्रेस को 68 सीटें जिताकर चुनावों का इतिहास ही बदल दिया था। अविभाजित मध्य प्रदेश से लेकर अभी तक किसी भी दल को छत्तीसगढ़ के हिस्से में इतनी सीटें नहीं मिली थीं। 90 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस के 68 सीटें जीत लेने की संभावना शायद ही किसी को दिखाई दे रही थी। पार्टी का प्रत्याशी आज के युवा वोटरों के लिए महत्वपूर्ण हो गया है। राजनीति में युवाओं की भूमिका बढ़ती जा रही है और वे नई भूमिका के लिए आगे आने के लिए तैयार भी हैं। राजनैतिक दल भी संगठन के स्तर पर युवाओं को आगे लाने की कोशिश कर रहे हैं। संचार क्रांति के इस दौर में नए-नए प्रयोगों के लिए आधार भी तैयार हो गया है। अब लोगों की राय जानना भी आसान हो गया है। एक जगह बैठे-बैठे जैसी भी सूचना हो, इकट्ठी की जा सकती हैं। सोशल मीडिया के जरिए युवाओं की अपने नेताओं तक पहुंच भी बढ़ गई है। इस स्थिति में पार्टियों के लिए टिकट का फैसला करना बहुत मुश्किल नहीं रह गया है। एक नीति तैयार करने की जरूरत है और दूसरे ही पल नाम तय किए जा सकते हैं। मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा भी सत्ता में वापसी का कोई मौका चूकना नहीं चाहेगी। पार्टी के केन्द्रीय नेताओं ने चुनाव की कमान संभाल ली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हाल ही में दूसरी बार छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। वे रायगढ़ में आमसभा को संबोधित करेंगे, जिसकी तैयारी पार्टी ने तेज कर दी है। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह पार्टी की चुनावी तैयारियों पर पार्टी नेताओं से फीडबैक ले रहे हैं और आने वाले समय में राज्य में पार्टी के केन्द्रीय नेताओं की चुनावी सभाओं का रोडमैप तैयार किया जा रहा है। वर्ष 2018 के चुनावों में भाजपा को शर्मनाक हार का सामना पड़ा था। 15 वर्षों तक सत्ता में रहने के बाद पार्टी 15 सीटों पर सिमट गई थी। इसे देखते हुए संगठन स्तर पर भी पार्टी ने बदलाव लाने की कोशिश की है। पार्टी ने राज्य के नेताओं को साफ संकेत दे दिया गया है कि उन्हें क्या करना है। सभी महत्वपूर्ण फैसले, यहां तक कि पार्टी प्रत्याशियों के बारे में भी निर्णय केन्द्रीय नेतृत्व ही करेगा।

# लखमा ने किया सोनाकुकानार में धान उपार्जन केंद्र एवं कुम्हार समाज के सामाजिक भवन का उद्घाटन

**जगदलपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए क्षेत्र वासियों को धान उपार्जन केंद्र व सामाजिक भवन के लिए बधाई एवं शुभकामनयें दी। अंदरूनी इलाकों में धान खरीदी केंद्र का निर्माण किया जा रहा है जिससे किसानों को धान बेचने में आसानी हो रही है। पहले लोगों को दूर तक धान बेचने जाना पड़ता था कई कई दिन लाइन लग कर रहना पड़ता था। पास में धान खरीदी केंद्र होने से किसानों का समय और पैसा बचेगा। पास में उचित मूल्य पर धान की ब्रिक्री कर पाएंगे।

श्री लखमा ने कुम्हार समाज का सामाजिक भवन का उद्घाटन कर निरीक्षण किया तथा समाज वालों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में नक्सल को बढ़ावा मिला। बस्तर में स्कूल कॉलेज को बंद करने का काम किया तथा सलवा जुडूम चलाकर लोगों को आपस मे लड़ाने का, भाई को भाई से लड़ाने का काम की है, जिससे बस्तर पूरी तरह से अशांत रहा। आये दिन कोई न कोई घटना घटित होती थी। किन्तु छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद बस्तर में शांति हुई। आज धीरे धीरे नक्सलियों का आतंक कम होते जा रही है। आने वाले समय मे बस्तर पूरी तरह से नक्सल मुक्त होगा, यहाँ के लोग हल चलाएंगे। राहुल गांधी ने कहा था 15 साल की भाजपा की सरकार को बदलो, अगर कांग्रेस की सरकार बनेगी तो किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा। जैसे ही हमारी सरकार बनी सबसे पहले किसानों की कर्ज माफी की घोषणा की गयी तथा साथ में 2500 रुपये क्विंटल धान खरीदी की बात को अमल में लिया गया।



आने वाले समय मे 2800 रुपये की कीमत पर धान की खरीदी की जायेगी। लोहड़ीगुडा में आदिवासी की 05 एकड़ जमीन को वापस करवाने का काम। वन भूमि पट्टा देने का काम कर रही है।

**भूपेश है तो भरोसा है कार्यक्रम के तहत मिले हितग्राहियों से**

भूपेश बघेल की पहली सरकार है जिसने आदिवासियों की रीति नीति और संस्कृति को बचाने का काम कर रही है। आज देवगुड़ी निर्माण के लिए आर्थिक सहायता के तौर पर पाँच लाख की राशि दी जा रही है। आज बस्तर के सभी जगहों में देवगुड़ी कायू निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही पूजा करने वाले पूजारी, सिरा, गायता, गुनिया, चालकी, भूमिहीन किसान को पैसा देने का काम। भूपेश बघेल के द्वारा स्वतंत्रता के बाद पहली बार वार्ड पंच को 500 रुपये तथा जनपद पंचायत सदस्य का मानदेय बढ़ाने का काम किया। आज देश महंगाई से जूझ रहा है। व्यापारी वर्ग से लेकर आम नागरिक आज महँगाई से परेशान हो चुका है। आज महंगाई दिन दुगनी रात चौगुनी हो रही है। आज केंद्र की मोदी की सरकार देश की सार्वजनिक संपत्ति को बेचने का काम कर रही है। अपने व्यापारी मित्र अम्बानी अडानी को लाभ पहुँचाने का काम कर रही है। राहुल गांधी भारत को जोड़ने के लिए कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक पैदल यात्रा की जिसमें सभी वर्ग के लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। पूरा भारत एक होकर राहुल गाँधी की स्वागत किये। राहुल गांधी की संसद सदस्यता को खत्म करने का काम, बंगला को खाली कराने का काम किया। सुप्रीम कोर्ट के द्वारा बहाली से केंद्र भाजपा की भाजपा पर करारा तमाचा है।

भूपेश है तो भरोसा है, कार्यक्रम की तहत उन्होने हितग्राही कार्ड वितरण किया गया। फार्म को भरकर अपने नंबर को रजिस्ट्रेशन करवाने की बात कही। इस कार्ड के अंतर्गत किसान, आदिवासी, स्वास्थ्य, शिक्षा, युवा व महिला एवं बचत के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध करवाई गयी है।

इसके अलावा भरोसा बरकरार फिर से कांग्रेस सरकार का पाम्पलेट बाटा जिसमें 15 साल की भाजपा के और 5 साल कांग्रेस के तुलना करते हुए पाम्पलेट का वितरण किया गया।

## मुख्यमंत्री विश्व आदिवासी दिवस में बस्तर जिले को 637 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की देंगे सौगात

**जगदलपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने संभावित बस्तर प्रवास के दौरान विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त के अवसर पर जिलेवासियों को 637 करोड़ 03 लाख से अधिक लागत के 2 हजार 300 विकास कार्यों की सौगात देंगे जिसमें 486 करोड़ 70 लाख 76 हजार रुपये लागत के 1838 कार्यों का भूमिपूजन तथा 150 करोड़ 32 लाख रुपए लागत के 462 कार्यों का लोकार्पण करेंगे।



मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम अनुसार 8 अगस्त को महारानी अस्पताल में निर्मित अंबक नेत्र चिकित्सालय और दलपत सागर के समीप सेहत बाजार (मिलेट्स कैफ) का भी लोकार्पण करेंगे। 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस पर पीजी कालेज ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर जिले के विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास करेंगे। साथ ही विभिन्न विभागों के स्टालों का निरीक्षण और हितग्राही मूलक सामग्रियों का वितरण करेंगे। इसके उपरांत मुख्य कार्यक्रम में शामिल होंगे।

**2300 विकास कार्यों में 1838 भूमिपूजन और 462 लोकार्पण है शामिल**

## शिल्पी ने मनाया मित्रता दिवस

**जगदलपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। शिल्पी सांस्कृतिक संस्था अपने नए सुसज्जित कार्यालय में सभी सदस्यों के साथ हर्षोल्लास के साथ मित्रता दिवस मनाया। संस्था के अध्यक्ष सुबीर नंदी ने शिल्पी के 36 वर्ष से चल रहे, कार्यों के बारे में बताते हुए कहा कि शिल्पी एक संस्था नहीं एक परिवार है हम सब इस परिवार के सदस्य हैं। यहां हर सदस्य को हर विषय की पूर्ण जानकारी रहती है। उपस्थित सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को मित्रता दिवस की बधाई दी और मुंह मीठा कराया। भविष्य में ऐसे ही मिलजुल कर कार्य करने का संकल्प लिया। संस्था के कुछ नए कार्य करने के विषय में चर्चा हुई, अंत में संस्था के महासचिव हरि माधव दास ने धन्यवाद ज्ञापन किया। आज के इस कार्यक्रम में सुधीर मंडल, जतिन राय चौधरी, आलोक बनर्जी, दुलाल घोष, दिशान चक्रवर्ती, संजीव सील, मृणाल मलिक, जय गोपाल सरकार, शांतनु नाग, नीलिमा विश्वास, निवेदिता राय चौधरी, इंद्राणी नंदी, श्वेता विश्वास, अर्चना दास, हरि माधव दास एवं सुबीर नंदी उपस्थित थे।



## यात्री बस में अवैध रूप से गांजा परिवहन करते एक युवक गिरफ्तार

**जगदलपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। थाना नगरनार के थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार मीणा के नेतृत्व में थाना नगरनार से कार्यवाही हेतु टीम गठित किया गया। मुखबिर से मिले सूचना के आधार पर 6 अगस्त को उड़ीसा से जगदलपुर की ओर आ रही गुप्ता ट्रेवल्स की यात्री बस में सवार एक संदिग्ध व्यक्ति, जो अपने पास रखे बैग में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर उड़ीसा प्रांत से जगदलपुर की ओर गुप्ता ट्रेवल्स की यात्री बस में आ रहा था। उसे ग्राम धनपुंजी फारेस्ट नाका एनएच 63 मेन रोड के पास गुप्ता ट्रेवल्स की यात्री बस को रोककर बस को चेक किया गया जिसमें संदेही ने अपना नाम अभिषेक कुमार झा पिता स्व. कन्हैया लाल झा निवासी ग्राम बिहारी पोस्ट नरीछधाम थाना जिला दरभंगा बिहार का रहने वाला बताया, जिनके पास रखे बैग को चेक करने पर 5.400 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा किमत 54000 / रू. नगदी रकम 800 / रूपये को बरामद कर जप्त किया गया। उक्त आरोपी के विरुद्ध थाना नगरनार में एन.डी.पी.एस. एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया है।



## सर्व आदिवासी समाज अपने अधिकारों के लिए लड़ेगा चुनाव : अरविंद नेताम

**जगदलपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। सर्व आदिवासी समाज आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश के 30 आरक्षित सीटों के साथ अन्य सीटों पर जहां आदिवासी मतदाताओ का प्रभाव हैं। उन सीटों पर भी अन्य समाज के साथ मिलकर सर्व आदिवासी समाज के बैनर तले प्रत्याशी खड़ा किया जाएगा। उक्त बातें बस्तर के वरिष्ठ आदिवासी नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम ने सोमवार को स्थानीय पत्रकार भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कहीं। उन्होंने कहा इस वर्ष रायपुर में 9 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय आदिवासी दिवस मुख्य आयोजन कर चुनाव की रूपरेखा तय की जाएगी।

उन्होंने कहा कि 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है। इसकी शुरुआत संयुक्त राष्ट्र संघ में 1994 से किया है। इसके पीछे की पृष्ठभूमि यह है कि दुनिया के आदिवासियों में कुछ कमियां रही हैं। धर्म, जल, जंगल, जमीन और मूल अधिकार को लेकर उन में जागृति लाने के लिए कार्य करना है। इसके बाद से आदिवासियों में निश्चित ही अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता आई है। उन्होंने कहा कि अपने देश के साथ अजीब वाकया हुआ। संयुक्त राष्ट्र संघ ने सभी देशों से इस संबंध में जानकारी मंगाई, लेकिन भारत सरकार की तरफ से जवाब दिया गया कि हमारे देश में मूल निवासी जैसी कोई बात नहीं है। हमारे संविधान में शेड्यूल्ड ट्राइब को काफी अधिकार दिया गया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हमारे देश में योग दिवस को मान्यता मिला है। उसे तरह से आदिवासी दिवस को मानता नहीं मिला है कुछ राज्यों के द्वारा अपने-अपने तरीके से आदिवासी दिवस को मान्यता दी गई है। उन्होंने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर आदिवासियों के अधिकारों से वंचित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जिस कांग्रेस ने पेसा कानून के लिए पहल किया इस कानून के तहत नियमावली बनाकर आदिवासियों को उनके अधिकारों से वंचित रखने का कार्य प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने किया है। इस कारण से आदिवासी समाज को मजबूरन चुनाव लड़ना पड़ रहा है। चुनाव लड़ने की कोई राजनीतिक मनसा नहीं है, लेकिन अपने समाज को जागृत करने के लिए उन्हें उनके अधिकार दिलाने के लिए सर्वाधिक समाज चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि जो भी आदिवासी समाज के जन्म प्रतिनिधि बने हैं वे सभी राजनीतिक दलों के दबाव में रहकर कार्य कर रहे हैं और >> शेष पृष्ठ 9 पर >



**प्रदेश के 30 आरक्षित सीटों के साथ अन्य सीटों पर भी खड़े करेगी प्रत्याशी**

## पोटाकेबिन में कार्यरत अनुदेशकों ने 6 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**सुकमा,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। आवासीय विद्यालय पोटाकेबिन में कार्यरत अनुदेशकों ने 6 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। वहीं अनुदेशकों ने कहा कि वे वर्ष 2009 से कार्य कर रहे हैं और उनसे प्रतिदिन 24 घंटे काम कराया जाता है, उन्होंने कहा कि जिसकी वजह से उन्हें अपने परिवार एवं उनके लिए बिल्कुल भी समय नहीं रहता है, और अधिकारियों के दबाव में उन्हें मौखिक आदेश के तहत काम करना पड़ता है।



आवासीय विद्यालय पोटाकेबिन में कार्यरत अनुदेशकों ने बताया कि बस्तर संभाग में राजीव गांधी शिक्षा मिशन द्वारा समग्र शिक्षा अभियान के तहत वर्ष 2009-10 में आवासीय विद्यालय पोटा केबिन संचालित किया जा रहा है जिसमें लगभग 40 हजार छात्र-छात्राओं को शिक्षा के मुख्यधारा से जोड़कर अध्यापन का कार्य अनुदेशकों के द्वारा कराया जा रहा है, जिसमें प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक कक्षाएं संचालित होती है। वर्तमान में जिन संस्थाओं का शैक्षणिक परिणाम संतोषप्रद होने पर छत्तीसगढ़ शासन में पोटाकेबिन को हाई स्कूल में परिवर्तन किया गया है एवं अनुदेशकों के द्वारा शैक्षणिक कार्य के साथ-साथ प्रतियोगिता परीक्षा हेतु कोचिंग कक्षाएं, खेलकूद, योगा, कंप्यूटर शिक्षा, स्वास्थ्य, देख-रेख आदि की सेवाएं 24 घंटे संस्थाओं में वहीं निवासरत रहे कर दी जाती है। ग्रीष्मकालीन समय पर शाला त्यागी की शिक्षा से वंचित बच्चों को अति संवेदनशील क्षेत्र में जाकर सर्वे कर संस्था में दाखिल किया जाता है, लेकिन उक्त कार्य के बदले में प्रतिमा माह अनुदेशक को मात्र 10 हजार मासिक मानदेय दिया जाता है। वर्तमान में बढ़ती महंगाई में इतने कम मानदेय में गुजारा नहीं हो पा रही है। अनुदेशकों ने कहा कि महिला कर्मचारी है जो अपने घरों की बहुत सारी जिम्मेदारी निभानी पड़ती है। पोटाकेबिन में 24 घंटे संस्था में निवासरत रहना पड़ता है, जिसके कारण परिवार वालों को समय नहीं दे पाने के कारण से परिवार में मतभेद उत्पन्न एवं मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं अनुदेशकों ने कहा कि चुनाव ड्यूटी, तोड़मेटला आगजनी जैसे मामलों में अनुदेशकों से ड्यूटी कराया जाता है पर आज तक हमे धोखे में रखकर हमारा शोषण किया जा रहा है। प्रशासन हमारी समस्याओं और कार्यों को देखते हुए हमारी मांगों को जल्द पूरा करे।

### यह है 6 सूत्रीय मांग

अनुदेशकों से विगत 14 वर्षों से 24 घंटे का कार्य जिस आधार पर लिया जाता है उसके समतुल्य मानदेय दिया जाए। संचालक राज्य परियोजना कार्यालय के द्वारा पार्ट टाइम टीचर के नाम से ही मानदेय दिया जाता है, लेकिन हमसे जिला स्तर पर 24 घंटे का सेवा लिया जा रहा है। हमें पार्ट टाइम टीचर का आदेश दिया जाए संचालक राज्य परियोजना >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**जगदलपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। आदिम जाति कल्याण विभाग के अंतर्गत कार्यरत आकस्मिकता निधि के नियमित पदों पर कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने छत्तीसगढ़ शासकीय लघु वेतन कर्मचारी संघ के नेतृत्व में बस्तर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष लखेश्वर बघेल और कमिश्नर को ज्ञापन सौंपते हुए समस्याओं के निराकरण की मांग की है।



कर्मचारियों ने बताया कि 2014 में सीधी भर्ती के तहत नियुक्ति होने के बाद वेतनमान 4750ङ्क 7440 ग्रेड पेङ्क0 1300 प्रतिमा कि दर से वेतन भुगतान किया जाएगा। 2014 से 2017 तक 3 वर्ष पूर्ण होने के बाद भी नियमित वेतन भर नहीं दिए जाने के बाद संघ द्वारा लगता है। पत्राचार करने का फलस्वरुप दिसंबर 2018 में 1 वर्ष बाद नियमित वेतन भुगतान वर्ष 2017 से किए जाने का आदेश जारी किया गया परंतु नियमित वेतन भुगतान अप्रैल में 2019 से भुगतान किया गया। इस प्रकार लगभग 16-17 माह का कलेक्टर दर से अतिरिक्त नियमिट वेतनमान के अंतर राशि अब तक 5 वर्ष से प्राप्त है। सहायक आयुक्त द्वारा शासन प्रशासन को गुमराह में रखते हुए वेतन के अतिरिक्त राशि को वेतन वृद्धि एरियर्स राशि बताते हुए 7 करोड़ से अधिक आवंटन की मांग किया गया है जो पूर्ण गलत है जिसके कारण आवंटन राशि शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान नहीं किया जा रहा है। वही वार्षिक वेतन वृद्धि >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## ओबीसी महासभा ने विभिन्न मांगों को लेकर राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**जगदलपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। ओबीसी महासभा छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई पर प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम साहू के निर्देश अनुसार ओबीसी महासभा बस्तर संभाग अध्यक्ष दिनेश यदु एवं ओबीसी महासभा बस्तर जिला अध्यक्ष मुन्ना लाल यादव के नेतृत्व ओबीसी महासभा बस्तर के द्वारा राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम अन्य पिछड़ा वर्ग सवर्धन एवं संरक्षण हेतु जन कल्याणकारी योजनाओं का समानुपाती का हिस्सेदारी >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## भाजपा महिला मोर्चा की बैठक, बस्तर जीतने बनी रुपरेखा

**जगदलपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की संभाग स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक आज सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित हुई, जिसमें विशेष रूप से भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्षा लता उसेण्डी, राष्ट्रीय मंत्री आरती सिंह, निशा सिंह, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत उपस्थित थे। बैठक में आसन्न चुनाव में बस्तर अंचल की सभी विधानसभा सीटों भाजपा की जीत सुनिश्चित करने महिला मोर्चा को सक्रिय भूमिका निभाते हुये कार्य करने कहा गया है। भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्तायें शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक महिलाओं से सीधे संपर्क करेंगी। जिसके लिये बैठक में कार्य योजना पर भी चर्चा की गयी।



भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेण्डी ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार की जनहित से जुड़ी योजनाओं से देश का लगभग हर परिवार लाभान्वित हुआ है। आयुष्मान कार्ड, कोविड से सुरक्षित रहने टीकाकरण, अस्सी करोड़ लोगों को निशुल्क राशन आदि जैसी अनेक योजनाओं का लाभ लोगों को मिला है। भाजपा के नेतृत्व में हुये अच्छे कार्यों व योजनाओं के साथ महिला मोर्चा की कार्यकर्तायें घर-घर पहुंचे, विशेष कर महिलाओं, गृहणियों से संवाद बनायें। इसके साथ ही प्रदेश की कांग्रेस सरकार के कुशासन व छत्तीसगढ़ में महिलाओं के साथ बढ़ रहे अत्याचार को भी बताने का कार्य करें। आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत का परचम लहराने में महिला मोर्चा की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। संभागीय बैठक को महिला मोर्चा की राष्ट्रीय नेत्रियों आरती सिंह, निशा सिंह, प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन विभा अवस्थी व आभार प्रदर्शन दीप्ति पाण्डेय ने किया। संभागीय बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, किरणदेव, संतोष बाफना, श्रीनिवास राव मद्दी, कमल चंद्र भंजदेव, दीपेश अरोरा, रामाश्रय सिंह, संजय पांडे, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

**भाजपा की जीत सुनिश्चित करने का संकल्प लेकर करें कार्य : लता उसेण्डी**

# धमतरी से पहुंचे थे कावड़िए, दंतेवाड़ा में पाया आशीर्वाद



- सावन सोमवार पर भगवान महादेव को अर्पित किया जल
- भैरमबाबा मंदिर में भंडारा और पूजा में जुटा देवांगन परिवार
- समलूर, गुमरगुंडा, बारसूर, तुलार के शिवालयों में भी उमड़े भक्त

**दंतेवाड़ा,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। सावन के पांचवे सोमवार पर भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना में दिन भर भक्त लीन रहे। दंतेवाड़ा के सभी शिवालयों में भक्तों की काफी भीड़ रही। सावन के बावजूद बारिश ने आज थोड़ी राहत दी तो भक्तों ने मंदिर की राह पकड़ी। शहर के साथ ही जिले के ऐतिहासिक शिव मंदिरों में भी बड़ी संख्या में भक्तों ने भगवान महादेव की पूजा-अर्चना की।

सावन में भगवान नीलकंठ की पूजा का विशेष महत्व है। इस बार सावन इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह दो महीने का है। अधिमास होने की वजह से इसे पुरूषोत्तम मास भी कहा जाता है। शास्त्रों के मुताबिक इस महीने में भगवान भोले नाथ की पूजा से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इसी आस्था और भक्ति के साथ भक्तों ने आज ऊं नम: शिवाय के मंत्र के साथ पूजा-अर्चना की। सुबह से शुरू हुआ हवन पूजन का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। दंतेवाड़ा स्थित सभी शिवालयों में भक्त पहुंचे।

दंतेश्वरी मंदिर मार्ग स्थित शिवालय में धमतरी जिले के बारला गांव से आए कावड़ियों ने भगवान महादेव को जल अर्पित किया और पूजा-अर्चना की। इसके साथ ही भैरमबाबा मंदिर में भी भक्तों की बड़ी संख्या रही। यहां शहर के प्रतिष्ठित देवांगन परिवार की ओर से भण्डारा का भी आयोजन किया गया था, जहां भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष केके देवांगन सपरिवार यहां उपस्थित रहे और भक्तों को प्रसाद बांटा। उनके साथ वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक मिश्रा तथा सुरभि कालोनी के रहवासी भी इस पुनीत कार्य में सहभागी बने।

दंतेवाड़ा शहर के साथ बचेली, किरन्दुल, कुआकोंडा, कटेकल्याण के विभिन्न शिवालयो में भी आज भक्ति पूर्ण माहौल रहा। समलूर के ऐतिहासिक शिव मंदिर, गुमरगुंडा के बाबा विश्वनाथ मंदिर और बारसूर के सुप्रसिद्ध पौराणिक महत्व वाले बत्तीसा मंदिर में भी भक्तों की भीड़ उमड़ी। सावन के अब तीन सोमवार शेष हैं। सावन सोमवार पर रूद्र पूजा और रूद्राभिषेक का भी आयोजन होता है। भक्त इस पावन पर्व में व्रत और अनुष्ठान के जरिये भगवान शंकर को प्रसन्न करने का प्रयास करते हैं और पूजा-अर्चना के साथ उनका आशीर्वाद पाते हैं।

# भूतपूर्व छात्रों ने अनोखे अंदाज में मनाया मित्रता दिवस



- नवोदय विद्यालय बारसूर में शानदार पहल
- वृक्षारोपण कर नए छात्रों को दिलाई पौध रक्षा की शपथ
- बीते दिनों को याद कर भावुक हुए पुराने छात्र

**दंतेवाड़ा,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। नवोदय विद्यालय से पास होकर निकले छात्रों के द्वारा फ्रेंडशिप-डे के मौके पर पर्यावरण के प्रति जागरूकता एवं हरियाली फैलाने के सकरात्मक सोच के साथ कुछ अलग अंदाज में दोस्ती का पर्व मनाया गया।

इसके अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय बारसूर प्रांगण मे वृक्षारोपण कर वर्तमान मे पढ़ रहे नन्हे साथियों से पौधों को रक्षा सूत्र (मौली धागा) बंधवाकर पौधों की सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। इसके पश्चात कल्चरल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत माइग्रेशन में जवाहर नवोदय विद्यालय बेलगांव (कर्नाटक) से आये कक्षा 9वीं के छात्रों को फ्रेंडशिप बैंड बांधकर मुँह मीठा कराते हुए आपसी सौहार्द्र एवं मैत्रीभाव बढ़ाने की पहल की गई और स्कूल मे बिताए स्वर्णिम दिनों को याद किया। कार्यक्रम के दौरान जवाहर नवोदय विद्यालय बारसूर के प्राचार्य धर्मेंद्र यादव ने बताया कि पुराने और नए छात्रों का एक साथ मिलकर फ्रेंडशिप डे मनाना बेहद ही संतोष और आनन्द की अनुभुति देने वाला मौका है।

पूरे कार्यक्रम के दौरान चिन्मय सरकार (उपाध्यक्ष), मुकेश कुमार गोंड (डिप्टी कलेक्टर), मनोज गुप्ता (सहायक परियोजना अधिकारी), देवेंद्र आर्मो (एस.डी.ओ.), प्रेम बड़ा (डेवलपमेंट ऑफिसर), डॉक्टर निधि कुजूर, कमलेश शिंद्राम (चाइल्ड प्रोटेक्शन ऑफिसर), सविता कुंजाम (शिक्षा विभाग), शशि (शिक्षा विभाग), सलोनी, सतीश, सूरज एवं अन्य नवोदय के साथी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर विनीत की पहल पर स्वीप कार्यक्रम



- आंगनबाड़ी केन्द्रों में महिलाओं ने ली शपथ
- मतदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने का संकल्प
- गर्ल्स कालेज में भी छात्राओं को दी प्रेरणा

**दंतेवाड़ा,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर विनीत नंदनवार के निर्देशन में और जिला नोडल स्वीप अधिकारी जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन के मार्गदर्शन में जिले में मतदान के प्रति जागरूकता लाने के लिए स्वीप अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आंगनबाड़ी केंद्रों में स्तनपान दिवस के अवसरों पर महिलाओं, माताओं को अपने अधिकार का प्रयोग करने जागरूक किया गया। उन्हें बताया गया कि लोकतंत्र के निर्माण में मतदान का बहुत महत्वपूर्ण है। उन्हें बोट पंडुम अंतर्गत एक-एक मत का महत्व बताया गया। उन्हें मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए लोकतंत्र के निर्माण में मतदान में अपनी सहभागिता दिखाते हुए मजबूत लोकतंत्र स्थापित करने में अपना योगदान देने हेतु प्रेरित किया।

इसके साथ ही मतदाता जागरूकता रथ के माध्यम से ईव्हीएम एवं वीवीपैट का प्रदर्शन कर सभी को मतदान देने का प्रयोग कराया जा रहा है। इसी क्रम में दंतेवाड़ा विकासखण्ड अतंर्गत कन्या महेन्द्र कर्मा कॉलेज में अध्ययनरत बच्चों को मतदाता के प्रति जागरूक करते हुए मताधिकार प्रयोग करने संकल्प दिलाया गया। साथ ही उन्हें जानकारी दी गयी कि सभी पात्र लोग अपना नाम मतदाता सूची अवश्य जुड़वायें और राष्ट्र के निर्माण में अपना सहयोग दे। शत-प्रतिशत मतदान के लिए कलेक्टोरेट परिसर में भी ईव्हीएम एवं वीवीपैट का भी लगातार प्रदर्शन किया जा रहा है।

# बस्तर परिवहन संघ द्वारा मुझे फंसाने की हो रही साजिश : वैभव सिंह



**जगदलपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। बस्तर परिवहन संघ के सदस्य वैभव सिंह ने सोमवार को आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान बस्तर परिवहन संघ पर उनके वाहन को क्षति पहुंचाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि बस्तर परिवहन संघ के पदाधिकारी और कुछ सदस्य बलपूर्वक कार्य कर रहे हैं। उन्होंने मेरे 3 ट्रक जो तुसेल जादलपुर गोदाम से पश्चिम बंगाल धुतीयान भेजा जा रहा था। मारेंगा रेलवे गेट के पास पहुंची थी कि बस्तर परिवहन संघ के अध्यक्ष, सचिव सहसचिव और सदस्य द्वारा उक्त तीनों वाहनों का टायर की हवा खोलकर नलकी तोड़ी गई और वाहन को क्षति पहुंचाई गई। इस घटना की जानकारी मेरे वाहन चालक द्वारा फोन पर मुझे दिया गया इसके पश्चात परपा थाना में सूचना प्रतिवेदन दर्ज करवाया।

वैभव ने कहा कि विगत कई वर्षों से बलपूर्वक एवं दादागिरी से माल बुक करने के लिए बस्तर परिवहन संघ द्वारा बाधित किया जा रहा है। यूनियन में कोई हिसाब किताब नहीं है। 2017 में बस्तर परिवहन संघ में शासन द्वारा ताला लगाया गया था उसे खोलने के लिए हाई कोर्ट के आदेश पर रजिस्ट्रार ने जिलाधीश से ताला खोलने के विषय में सलाह मांगा था। सलाह मांगने पर जिलाधीश ने स्पष्ट रूप से अपने पत्र में लिखा था बस्तर परिवहन संघ किसी भी तरह की दादागिरी नहीं करेगी एवं किसी के ट्रांसपोर्ट के ऊपर दबाव नहीं बन सकेगा। आयरन ओर को छोड़कर अन्य किसी परिवहन कार्य में बाधा नहीं डालेगी । इसके पूर्व भी मेरी गाड़ियों को बलपूर्वक दो बार रोक कर गाड़ियों के कागजात टीपी ले लिया गया था जिसकी सूचना एसपी को दी गई थी। इस मामले में एसडीएम द्वारा मौखिक आदेश दिया गया कि मेरे कागजादों को वापस करवाया गया। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष तेंदु पत्ता बोरा परिवहन के लिए तेंदूपत्ता के व्यापारियों द्वारा उन्हें ढुलाई का कार्य दिया जाता है और वह इस कार्य को विगत 7 वर्षों से कर रहे हैं। उनके द्वारा बस्तर परिवहन संघ में भी इस माल को बुक करवाया जाता है और स्वयं की गाड़ियों को भी इस कार्य में लगाते हैं इसके बावजूद इन लोगों के द्वारा उनके प्रति दुर्व्यवहार किया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि न्याय के लिए मीडिया और न्यायालय के पास ही अपनी बात रखने का रास्ता उनके पास बचा है।

# किशोर व रफी के गीतों पर झूमते रहे संगीत प्रेमी श्रोतागण



**कोण्डागांव,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। कोण्डागांव में बीती रात सामुदायिक भवन में गीतांजलि म्यूजिकल ग्रुप व रफी फैंस क्लब कोण्डागांव के द्वारा संगीतमय संध्या का आयोजन किया गया, जहां मोहम्मद रफी एवं किशोर कुमार के गाए यादगार सुनहरे गीतों को स्थानीय गायकों के द्वारा पेश किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नलीन पंडया, सुरंजन आचार्य एवं महेंद्र यदु के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं अमर गायक मोहम्मद रफी एवं किशोर कुमार के छायाचित्रों पर माल्यार्पण करने के बाद स्वर कोकिला लता मंगेशकर द्वारा गाए गीत एक राधा एक मीरा दोनों ने श्याम को चाहा से की गई। इसके बाद गीतांजलि म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा गुजरे जमाने के बेहतरीन सदाबहार पुराने गीतों को ग्रुप के होनहार गायकों द्वारा पेश किया गया, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया एवं तालियों की गुंज से कलाकारों का हौसला बुलंद करते रहे। अशोक बघेल द्वारा चाहूंगा मैं तुझे सांझ सवेरे को लोगों ने काफी पसंद किया। वहीं परदेसिया परदेसिया ऐ सच है, पिया गीत समिष्टा विश्वास व नीलकमल नाग ने गाया और श्रोताओं को झुमने पर मजबुर कर दिया।

# कच्चे मकान में था सांप-बिच्छु का खतरा



- पीएम आवास योजना से रामू को मिली राहत
- पक्के मकान में सपरिवार चैन की जिंदगी गुजार रहा

**दंतेवाड़ा,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। हर एक नागरिक का सपना होता है कि उसका अपना एक पक्का आवास हो, जिसमें वह अपने परिजनों सहित आराम का जीवन व्यतीत कर सके। परन्तु आर्थिक स्थित खराब होने के चलते सभी का यह सपना साकार नही हो पाता। ऐसे ही निम्न वर्गीय, असहायों के सपने को साकार करने प्रधानमन्त्री आवास योजना चलाई जा रही है।

दंतेवाड़ा जिले से महज 5 किमी दूर स्थित ग्राम पंचायत कुम्हाररास के निवासी रामू कर्मा जो कि पूर्णत: कृषि , मजदूरी कर जीवन यापन करता है। रामू का घर पूरी तरह से कच्ची छत एवं कच्ची दीवार से बना था एवं कृषि मजदूरी से अच्छी आय अर्जित नहीं हो पाती थी कि पक्का मकान बना सके। साथ ही परिवार की जिम्मेदारी से उबर नहीं पा रहा था। रामू कर्मा भला कैसे पक्के मकान की कल्पना कर सकता था, लेकिन यह संभव हुआ प्रधानमंत्री आवास योजना से। कभी कच्ची छत के टूटे हुए छप्पर से टपकते पानी में गुजर बसर कर रहे परिवार के लिये यह वरदान साबित हुआ है। रामू कर्मा का नाम प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के पात्रता सूची में आने पर रामू कर्मा और उसके परिवार में खुशी का माहौल सा बन गया और हितग्राही द्वारा आवास निर्माण स्वीकृति के पश्चात् निमार्ण प्रारम्भ किया एवं स्वयं के द्वारा अपने पक्के आवास के सपनों का निर्माण पूरा किया।

रामू बताता है कि आज जब मै अपने पक्के मकान में रह रहा हूं तो मुझे एक सपना लग रहा है। पहले कच्चे घर में सांप बिच्छू आ जाते थे। बरसात में छत से पानी टपकने लगती थी और ठंड के दिनों में बहुत परेशानी होती थी, पूरी रात आग के सहारे मेरा परिवार रहता था। अब पक्के घर में हम और हमारे बच्चे चैन से रह रहे हैं। आवास एवं आवास निर्माण का पूरा पैसा मुझे प्राप्त हो गया है। हमारा सपना साकार हो गया है। वह कहता है कि प्रधान मंत्री आवास योजना ने गरीबों को पक्के मकान के सपने को पूरा करने का अवसर दिया।

# शिशु के लिए अमृत समान होता है मां का दूध



- विश्व स्तनपान सप्ताह पर जागरूकता कार्यक्रम
- मतदान में शत प्रतिशत भागीदारी का संकल्प

**दंतेवाड़ा,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर संजय बसाक के मार्गदर्शन में जिले में विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत जिला चिकित्सालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान स्तनपान के महत्व को बताते हुए कहा कि शिशु के लिए स्तनपान न केवल सर्वोत्तम आहार है, तथापि यह शिशु के मानसिक विकास, शिशु को डायरिया निमोनिया एवं कुपोषण से बचाने और स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है। स्तनपान कराने में माताओं का सहयोग एवं स्तनपान को बढ़ावा दिया जाना अत्यंत आवश्यक एवं महत्वपूर्ण है। जन्म के 6 माह तक केवल स्तनपान 2 साल तक सतत स्तनपान और उसके बाद भी स्तनपान जारी रखने से शिशु को उच्च गुणवत्ता वाली ऊर्जा प्राप्त होती है। बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य पर स्तनपान के प्रभाव को समझाते हुए विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर समुचित उपयोग करते हुए माता को अनिवार्य स्तनपान कराने का संदेश दिया गया। साथ ही स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी जा रही है । आगामी विधानसभा निर्वाचन एवं सभी निर्वाचनों में नागरिकों द्वारा शत प्रतिशत मतदान करने एवं उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में उत्साह के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप चलाए जा रहे है। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ कपिल देव कश्यप, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अमरेश शांडिल्य, डॉ निधि मेश्राम, स्टाफ नर्स मौसम सोनपीपरे, ममता पाल उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### समावेशी शिक्षा अंतर्गत निश्चित मानदेय पर स्पेशल एजुकेटर पद में भर्ती हेतु आवेदन 21 तक

**जगदलपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में समावेशी शिक्षा अंतर्गत विकासखंड स्तर पर निश्चित मानदेय पर स्पेशल एजुकेटर के सभी सातों ब्लॉक हेतु एक-एक पद स्वीकृत किये गए हैं। उक्त पदों की पूर्ति हेतु पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से 21 अगस्त 2023 तक कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी सह जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा जगदलपुर( बस्तर) में आमंत्रित किया गया है। इन पदों पर भर्ती सम्बन्धी विज्ञापन एवं आवेदन पत्र का प्रारूप बस्तर जिले की वेबसाइट में देखी जा सकती है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### सर्व आदिवासी समाज अपने...

समाज विकास में अहम भूमिका निभाने में असमर्थ है। उन्होंने कहा कि अपने अधिकारों के लिए किसी समाज द्वारा चुनाव लड़ना देश में पहली बार होगा। समाज की ओर से अकेले पत्रकार वार्ता लेने के सवाल पर उन्होंने कहा की आगे चुनाव है राजनीतिक पार्टियों से सभी जुड़े है , टिकिट और पद की दौड़ में शामिल है इसके बाद वे भी आयेंगे। उन्होंने कहा कि जगदलपुर सीट काफी महत्वपूर्ण है हम आदिवासी समाज के विकास के लिए सभी समाज को साथ लेकर चलेंगे और जगदलपुर सीट से भी प्रत्याशी खड़ा करेंगे। कोई भी समाज का व्यक्ति जो सर्व आदिवासी समाज के बेनर में चुनाव लड़ना चाहेगा उसे प्रत्याशी बनाया जाएगा।

### पोटाकेबिन में कार्यरत अनुदेशकों...

कार्यालय के द्वारा हमें चतुर्थ श्रेणी में रखा गया है। वर्ष 2009-10 आज पर्यंत तक निरंतर शैक्षणिक कार्य कर रहे हैं। कार्य अनुभव डीएलएड प्रशिक्षण के आधार पर प्राथमिकता देते हुए तृतीय श्रेणी में रखा जाए। वर्ष 2009-10 से मौखिक आदेश की तहत कार्य करवाया जा रहा है, हमें पूर्णकालिक आदेश आदेश दिया जाए। अनुदेशकों द्वारा आज पर्यन्त तक किया गया कार्य को संचालक समग्र शिक्षा राज्य परियोजना कार्यालय को अवगत कराया गया है। आवासीय पोटाकेबिन में बच्चों की देखरेख के लिए हमें रात्रि कालीन ड्यूटी भी लगाया जाता है।

### चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों ने...

की पात्रता नहीं होने का उल्लेख करते हुए वर्ष 2023 का वेतन वृद्धि रोक दिया गया है। नियमानुसार वेतन वृद्धि जोड़कर वेतन प्रदान कीये जाने की मांग की गई है। इस दौरान काफी संख्या में संघ के पदाधिकारी और कर्मचारी गण उपस्थित थे।

### ओबीसी महासभा ने विभिन्न मांगों...

प्रदान करने 28 बिंदु मांगों को लेकर बस्तर तहसील कार्यालय में एस डी एम को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर युवा जिला अध्यक्ष प्रेम सागर ठाकुर, शिवराम विसई योगेशवरी साहू, योगिता साहू,पूरन सिंह ठाकुर एवं ओबीसी परिवार के सदस्य सम्मिलित थे।

### भाजपा महिला मोर्चा की संभागीय...

वेदवती कश्यप, गोदावरी साहू,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुधा मिश्रा,पार्वती शाहनी,ममता गुप्ता,पार्वती, शीतल नायक ,आशा दुबे,आयुषी पांडे,राजकुमारी यादव, ममता राणा, लक्ष्मी कश्यप , ललिता बघेल,जमुना मांझी,दिलेश्वरी मांझी,किरण सेन, कुसुम परिहार, महेश्वरी ठाकुर, अन्नपूर्णा नायडू, बिजली वैद्य, किरण दीवान, डाकेश्वरी पांडे,चमेली जीराम,माधवी मंडल ,गीता नाग, धनमती यादव,गीता मिश्रा, नीलकुमारी, बसंती नायक, कौशल्या साहू, गीता यादव, नीलेश्वरी, संगीता तोमर,अलका सेंगर,मंजुला ध्रुव,श्वेता गुप्ता, पार्वती कुर्राम, ममता दीवान,फूलमती, जयमनी, नीलेश्वरी,सतीश बाजपाई आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जलवायु परिवर्तन से छात्रों की शिक्षा पर असर



**माहवारी स्वच्छता पर भी जागरूकता**

**दंतेवाड़ा,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। जिला शिक्षा विभाग द्वारा जलवायु परिवर्तन, वॉश, जल संरक्षण, और वृक्षारोपण पर शिक्षकों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण गत दिनों संपन्न हुआ।

जिला शिक्षा कार्यालय के कस्तूरबा सभा कक्ष में आयोजित इस प्रशिक्षण में बताया गया कि जलवायु परिवर्तन से आई आपदाओं का शिक्षा के क्षेत्र पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों तरीके से गहरा असर पड़ता है। मौसम के बदलाव सीधे स्कूल और शिक्षण सामग्री को तबाह कर देते हैं। यही नहीं स्कूल तक पहुंचने वाली सड़कों की क्षति भी बच्चों से स्कूल की दूरी की एक वजह बनती है। दूर-दराज के क्षेत्र में रहने वाले बच्चों का तेज हवा, भारी बारिश की वजह से सड़क से संपर्क खत्म हो जाता है। जलवायु परिवर्तन का असर विद्यालयों की वॉश सुविधाओं पर भी प्रमुख रूप से पड़ता है, जिससे बच्चों को इसका दुष्प्रभाव झेलना पड़ता है। अशुद्ध जल और स्वच्छता की कमी के कारण बच्चों का शारीरिक और मानसिक वृद्धि में कमी आ जाती है, जो स्कूलों में उनके प्रदर्शन को प्रभावित करता है। आज भी सूखा प्रभावित क्षेत्रों में कई बच्चे हर दिन लंबे समय तक पानी इकट्ठा करने में व्यस्त रहने के कारण स्कूल में अनुपस्थित हो जाते हैं। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से सबसे गरीब और सबसे वंचित बच्चे अधिक पीड़ित हैं। जानकारी दी गई कि विद्यालय में भोजन करने और भोजन बनाने से पहले, कचरे को संभालने के बाद और शौचालय के उपयोग के बाद 40 सेकंड तक साबुन से हाथ धोने से दस्त को लगभग 40 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है।

इसके अलावा विद्यालय में माहवारी स्वच्छता और प्रबंधन पर जानकारी जागरूकता अति आवश्यक है, जब लड़कियों के पास स्कूल में सुरक्षित और स्वच्छ शौचालय और पानी की सुविधा होती है, तो मासिक धर्म के दौरान उनके स्कूल छूटने की संभावना कम होती है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी दंतेवाड़ा प्रमोद ठाकुर और जिला मिशन समन्वयक एस.एल. सोरी, जिला समन्वयक सुरेश कुमार अनंत, जिला एम. आई. एस. प्रशासक भवानी मांझी सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

# राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाना लोकतंत्र में, न्याय व संविधान की बड़ी जीत है : दिवान



**कोण्डागांव,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष झूमूकलाल दिवान ने कहा है कि देश के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाना, भारतीय लोक तंत्र, न्याय तथा संविधान की बड़ी जीत है और इससे लोकतंत्र व न्याय पालिका में लोगों की आस्था को बढ़ावा दिया है। राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाकर सत्य व न्याय की जीत हुई है। राहुल गांधी लगातार केंद्र में बैठी भाजपा सरकार व भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करने का कार्य कर रहे हैं, जिसके कारण ही भाजपा ने एक षडयंत्र के तहत राहुल गांधी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके देश के दलित, अल्पसंख्यकों, गरीब, मजदूरों, छोटे व्यापारियों तथा शोषित वर्गों सहित देश में बढ़ती महंगाई पर आवाज दबाने का प्रयास किया था। देश के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले से साबित हो गया है कि देश भारतीय संविधान से चलता है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा संविधान के आलोक में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सदस्यता पर रोक लगाना, ऐतिहासिक निर्णय है, जिसमें सच्चाई की जीत हुई है। कोर्ट के फैसले से लोकतंत्र व न्याय पर जनता का विश्वास बढ़ा है। इस फैसले से देश व कांग्रेस पार्टी के हौसले बुलंद हुए, सभी कांग्रेसजनों व देशवासियों ने खुशियां मनाया। बिरेन्द्र मसिया ने आगे कहा कि राहुल गांधी का नाम सुनते ही देश के नागरिकों के मन में एक एसे गांधीवादी नेता की छवि सामने आती है, जो देश में एकता, भाईचारा तथा सद्भावना की बात करता है।

# आक्रोश दिवस के रूप में मनाया जाएगा विश्व आदिवासी दिवस

**कोण्डागांव,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय कोंडागांव में विश्व आदिवासी दिवस मनाए जाने हेतु रणनीति तय करने हेतु आदिवासी समाज की आहुत बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया है कि मणिपुर में हुई गंभीरतम घटना के विरोध में इस वर्ष विश्व आदिवासी दिवस को आक्रोश दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

कोंडागांव जिले के सर्व आदिवासी समाज के सामाजिकजन, मणिपुर में आदिवासी महिला को निर्वस्त्र करने की घटना, सीधी एमपी में आदिवासी व्यक्ति पर पेशाब करने सहित प्रदेश के अलग-अलग जिलों में आदिवासिजनों को उपरोक्त तरह से प्रताड़ित किए जाने की घटनाओं से अत्यन्त व्यथित होने के साथ-साथ अत्यधिक आक्रोशित हैं। जिसके कारण ही सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने इस वर्ष जिले में 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस को धूमधाम से नहीं बल्कि आक्रोश दिवस के रूप में मनाए जाने का निर्णय लिया है।

रविवार को गोंडवाना भवन कोंडागांव में बंगाराम सोढ़ी सर्व आदिवासी समाज की अध्यक्षता में जिले के सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारियों की बैठक आहूत की गई, जिसमें मणिपुर, सीधी सहित प्रदेश भर में आदिवासियों के साथ शोषण, अत्याचार के बढ़ते घटनाओं को लेकर पदाधिकारियों ने अपनी नाराजगी जाहिर की। गौरतलब है कि 1994 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में आदिवासियों के अधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी सुरक्षा के लिए प्रत्येक वर्ष 9 अगस्त को



**आदिवासी समाज ने बैठक में लिया निर्णय, मणिपुर में हुई घटना के विरोध में**

विश्व आदिवासी दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया, जिसके बाद से पूरे भारत में प्रतिवर्ष 9 अगस्त को आदिवासी समाज द्वारा धूमधाम से विश्व आदिवासी दिवस मनाया जा रहा है और जिसमें आदिवासी संस्कृति, वेशभूषा और उसके संवैधानिक अधिकारों की झलक दिखाई देती है, लेकिन आदिवासियों के साथ लगातार हो रही घटना से आहत सर्व आदिवासी समाज कोण्डागांव ने इस वर्ष विश्व आदिवासी दिवस को आक्रोश दिवस के रूप में मनाने का निर्णय किया है।

सर्व आदिवासी समाज जिला अध्यक्ष बंगाराम सोढ़ी ने आजादी के अमृत महोत्सव में मणिपुर की आदिवासी महिलाओं को निर्वस्त्र किए जाने की घटना, लोकतंत्र और सभ्य समाज के लिए शर्मनाक है। ऐसे ही सीधी में आदिवासी पर पेशाब करने की घटना ने न केवल आदिवासियों के सम्मान को आहत किया है, बल्कि आदिवासियों के हक को मारा जा रहा है। आदिवासियों के हितों के लिए लागु सरकारी योजनाएं धरातल पर नजर नहीं आ रही है और जिसके कारण आदिवासी आज भी विकास से कोसों दूर हैं। उपरोक्त कारणों से ही तय किया गया है कि इस वर्ष विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से नहीं मनाया जाएगा और इस दिवस पर आक्रोश रैली निकालकर आदिवासियों के साथ हो रहे अन्याय, शोषण और अत्याचार की घटनाओं पर अपना विरोध दर्ज किया जाएगा। ऐसा पहली बार होगा कि विश्व आदिवासी दिवस पर आदिवासी समुदाय देश और प्रदेश में आदिवासियों के साथ होने वाली आपराधिक घटनाओं का विरोध विश्व आदिवासी दिवस पर करेगा।

# ऐतिहासिक सरोवर दलपत सागर स्वच्छता महाअभियान में सभी लोगों ने उत्साहपूर्वक निभाई सहभागिता



**जगदलपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। बस्तर की ऐतिहासिक धरोहर दलपत सागर के संरक्षण की दिशा में चलाये जा रहे स्वच्छता महाअभियान में रविवार को जगदलपुर नगर के सभी लोगों ने उत्साहपूर्वक भूमिका निभायी। इस दौरान महापौर सफीरा साहू और कलेक्टर विजय दयाराम के., जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, अपर कलेक्टर हरेश मंडावी सहित जनप्रतिनिधियों, नगर पालिक निगम आयुक्त केएस पैकरा और जिला प्रशासन के अधिकारियों-कर्मचारियों, राज्य आपदा मोचन बल के जवानों, समाजसेवी संगठनों,दलपत सागर बचाओ अभियान व इंद्रावती बचाओ अभियान से जुड़े सदस्य, युवोदय के स्वयंसेवकों, युवाओं के साथ ही बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक साफ-सफाई कार्य में हिस्सा लेकर ऐतिहासिक सरोवर दलपत सागर स्वच्छता अभियान में महत्ती योगदान दिया। इस मौके पर सभी लोगों ने सुबह से ही दलपत सागर के रानी घाट के समीप एकत्रित होकर हाथ से हाथ बंटाते हुए सरोवर से जलकुंभियों को निकाला। विदित हो कि बस्तर की ऐतिहासिक सरोवर दलपत सागर के संरक्षण के लिए पूर्व में जलकुंभी को नष्ट करने हेतु प्रायोगिक तौर पर बैक्टीरियल ई-बॉल डाले गए हैं। बैक्टीरियल ई-बॉल कैल्शियम कार्बोनेट यानि चूना का गोला है, जिसमें मुख्य रूप से 14 प्रकार के बैक्टीरिया शामिल हैं। इसमें मौजूद टी-64 और टी-14 जलकुंभी एवं हाइड्रिला के जड़ को खाता है, वहीं इसमें मौजूद अन्य बैक्टीरिया जल शुद्धिकरण का कार्य करते हैं। दलपत सागर में डाले गए बैक्टीरियल ई-बॉल के कारण जलकुंभियां और हाइड्रिला सूखकर पानी में तैरने लगते हैं, जिन्हें वीड हारवेस्टर के जरिये पानी से निकाला जा रहा है। दलपत सागर के संरक्षण की दिशा में बस्तर के लोग लगातार सकारात्मक पहल कर इस ओर योगदान दे रहे हैं और हर सप्ताह रविवार को दलपत सागर में साफ-सफाई करने के लिए स्वस्फूर्त होकर जुट रहे हैं।

# योजनाओं को लोगों तक पहुंचा रहा जनसंपर्क विभाग

**प्रदर्शनी को मिल रही सराहना**



**दंतेवाड़ा,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय योजनाओं की जानकारी आम जनता को देने के लिए एलईडी, फ्लेक्स बोर्ड और कला जत्था के माध्यम से जनसंपर्क विभाग द्वारा जिला कार्यालय के सामने में तीन दिवसीय प्रदर्शनी लगाई गई है। इस प्रदर्शनी को देखने के लिए स्थानीय लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिला साथ ही प्रदर्शनी स्थल में कला जत्था द्वारा लोकनृत्य और संगीत के साथ दी जा रही योजनाओं की जानकारी को देखकर दर्शकों ने तहे दिल से सराहा। इस प्रदर्शनी में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स, सुराजी गाँव योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन, कृषि मजदूर न्याय योजना, छत्तीसगढ़ मिलेट्स मिशन, वनोपज तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना सहित अन्य योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई गई है।

# भाजपा कार्य समिति की बैठक में चुनावी तैयारियों की हुई समीक्षा

**बचेली,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा मण्डल बचेली कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। इस बैठक में मण्डल के समस्त पदाधिकारी, मण्डल में निवासरत जिला एवं प्रदेश के पदाधिकारी, मोर्चा के अध्यक्ष एवं महामंत्री तथा समस्त पदाधिकारी, प्रकोष्ठ के समस्त पदाधिकारी, शक्ति केन्द्र कार्य विस्तारक, शक्ति केन्द्र प्रभारी, संयोजक, सहसंयोजक, बूथ अध्यक्ष, बूथ स्तर के कार्यकर्ता एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। समस्त शक्ति केन्द्र प्रभारी, संयोजक, सहसंयोजक एवं बूथ अध्यक्ष के साथ बैठकर चुनावी रणनीति तय की। कार्यक्रम के प्रभारी एवं अतिथि नंदलाल मुड़ामी द्वारा कार्यकर्ताओं को बुथ स्तर पर जाकर कार्य करने के सुझाव बताए गये। नंदलाल मुड़ामी नें कहां की कार्यकर्ता ही पार्टी का भविष्य तय करते हैं। अत: समस्त कार्यकर्ताओं का दायित्व हैं, की वो भूपेश सरकार की नाकामी को जनता तक पहूंचाए। और इस भ्रष्ट सरकार को हटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। सरकार के घोटालों और सड़क,



**आगामी चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में दिखा जोश**

कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार की बात करते कहा। जनता त्रस्त हैं। बस कार्यकर्ताओं को अपनी भूमिका निभानी हैं वही जिले के सह प्रभारी हुंगा राम मरकाम नें कहां की दंतेवाड़ा में मां बेटी का फोटो, सुकमा में बाप बेटा का फोटो, और दिल्ली में मां बेटे की फोटो लगी हैं कांग्रेस पार्टी में परिवार वाद हावी हैं। बैठक में जिला अध्यक्ष चैतराम अटामी, हुंगा राम मरकाम, बैठक के प्रभारी अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश मंत्री नंदलाल मुड़ामी, ओजस्वी भीमा मंडावी, उर्मिला तामो, दुर्गा सिंह चौहान, सत्यजीत चौहान, संतोष गुप्ता, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, महेन्द्र अधिकारी, ऊषा किरण पात्रे, अर्जून भास्कर, हनुमान महेश्वरी, ओम प्रकाश जैन, सुमित भदौरिया, मंडल अध्यक्ष सुमित सरकार, कामों कुंजाम, अम्लेन्दू चक्रवर्ती, अशोक पाल नंदी, मनोज सिंह हरीश शर्मा, रानबर्ग डेविड, राज्य श्री मंडावी, अरुणा टंडन, झिलकी नाग, भानमती साहू, राधा भास्कर, अनुसुइया भोपले, पुष्पा सिंह, शिखा विश्वास, राजकुमारी सेंडे, सोनू वट्टी, श्याम लाल सेठिया।

# आज अंतागढ़- ताडोकी खंड में इंजन स्पीड ट्रायल रन किया जाएगा



**भानुप्रतापपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल के अंर्तगत महत्वपुर्ण परियोजना दल्लीराजहरा-रावघाट में वर्तमान में दल्लीराजहरा के आगे अंतागढ़ तक ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है, जिससे स्थानीय लोग लाभांवित हो रहे है। इसी कड़ी में रावघाट परियोजना के अंर्तगत रेल लाईन का विस्तार का काम अंतागढ़-तारोकी खंड में लगभग 18 किलो मीटर का कार्य पूरा हो चुका है। यह परियोजना आर्थिक एवं क्षेत्रीय विकास के दृष्टिकोण से बहुत ही महत्वपुर्ण है। रेल संरक्षा आयुक्त का संरक्षा निरीक्षण 11 अगस्त को है। इससे पहले दिनांक 08.08.2023 को अंतागढ़-तारोकी खंड में लाईट ईन्जन द्वारा स्पीड ट्रायल किया जा रहा है। सामान्य जन एवं क्षेत्रीय निवासीयो से अनुरोध है कि रेलवे ट्रैक पर स्वंय जाने एवं मवेशियो को जाने से रोके, जिससे जन-धन एवं रेलवे संपत्ति का नुकसान न हो।

# पत्रकारिता के विद्यार्थियों ने की कॉलेज परिसर की सफाई

**भानुप्रतापपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर में सोमवार को पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों के द्वारा एक दिवसीय स्वच्छता अभियान चलाकर कॉलेज प्रांगण मे साफ-सफाई किया गया है। यह साफ-सफाई पत्रकारिता विभाग के सहायक प्राध्यापक श्रीदाम ढाली के नेतृत्व में किया गया है।



इस अवसर पर वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक श्यामानंद डेहरिया ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में साफ-सफाई का बहुत महत्व है। हमारे आसपास का वातावरण स्वच्छ और साफ सुथरा होना चाहिए। विद्यार्थी जीवन में हम अपना अधिकतर समय स्कूल-कॉलेज में ही व्यतीत करते हैं। इसलिए हमारा कॉलेज का स्वच्छ होना बहुत ही आवश्यक है।

पत्रकारिता के सहायक प्राध्यापक श्रीदाम ढाली ने बताया कि सफाई अभियान के तहत विद्यार्थियों ने कालेज परिसर में सफाई की। उन्होने यह भी कहा कि साफ-सफाई के अभाव में बीमारिया जन्म लेती है।

इस मौके पर महाविद्यालय के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक आर.के. दरों, एनएसएस प्रभारी रितेश कुमार नाग, कमल किशोर प्रधान, डॉ नसीम अहमद मंसूरी, नंदिनी कश्यप, सुषमा चालकी, स्नेहा रितेश नाग, उपासना निषाद, आस्था मिश्रा, योगेश यादव, ईश्वरलाल सिन्हा, टुपेश कोसमा, अभिषेक ठाकुर, राकेश अमिला, डीके बांधे सहित महाविद्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

सफाई अभियान में इन विद्यार्थियों का रहा विशेष योगदान

इस सफाई अभियान को सफल बनाने में पत्रकारिता के विद्यार्थी सामंत साहू, अजय कुमार, डिगेश्वर, संजय कुमार, सुशील गोटा, साधना, शिखा मंडावी, जोगिता, जसप्रीत कौर, रिंकी साहा, करिश्मा तेता, अंजली, गणेश पल्लो, दुर्गा, लालचंद, देवेंद्र, योगेश कुमार सहित पत्रकारिता के अन्य विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा।

# रासेयो विकासखंड स्तरीय बैठक आयोजित




**भानुप्रतापपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विकासखंड स्तरीय बैठक आयोजित किया गया! बैठक में मेरी माटी मेरा देश तथा स्वीप मतदाता जागरूकता अभियान की समीक्षा की गई! इस वर्ष राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस को विकासखंड स्तर पर मनाये जाने हेतु समस्त कार्यक्रम अधिकारियों ने अपनी सहमति प्रदान की! कार्यक्रम समन्वयक के निर्देशानुसार भानुप्रतापपुर महाविद्यालय रासेयो इकाई द्वारा विकासखंड के समस्त इकाइयों को सत्र 2023-24 हेतु बैज और डायरी वितरण किया गया! बैठक में भागीरथी नायक (कार्यक्रम अधिकारी सेजेस), सहदेव साहू (कार्यक्रम अधिकारी साल्हे), जनकराम कोमरा (कार्यक्रम अधिकारी कोरर), बलीराम उइके (कार्यक्रम अधिकारी भानबेड़ा), खेमलाल कटेन्द्र (कार्यक्रम अधिकारी सेलेगांव), हुमनलाल कोमरे (कार्यक्रम अधिकारी आसुलखार), लकेश साहू (कार्यक्रम अधिकारी भीरागांव), शोभित राम पाल (कार्यक्रम अधिकारी हाटकोंदल), अजय कुमार रावटे (कार्यक्रम अधिकारी आमाकड़ा), रोमन लाल रावटे (कार्यक्रम अधिकारी घोठा), टुपेश कोसमा (सहायक कार्यक्रम अधिकारी भानुप्रतापपुर महाविद्यालय), उपस्थित थे! बैठक की अध्यक्षता रितेश कुमार नाग (कार्यक्रम अधिकारी भानुप्रतापपुर महाविद्यालय) ने किया!

# छत्तीसगढ़ ओलंपिक के आयोजन तिथि में बदलाव

**दंतेवाड़ा,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में पूरे उत्साह के साथ छत्तीसगढ़ के पारंपरिक और स्थानीय खेलों का आयोजन किया जा रहा है। शुरुआत से युवा, बुजुर्ग सहित महिला प्रतिभागी भी उत्साह के साथ पारंपरिक खेलों में शामिल हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश के खिलाड़ियों को पारंपरिक खेलों से जोड़ने के लिए छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल की शुरुआत की है। ग्राम स्तर से लेकर सेक्टर, ब्लाक जिला, संभाग और राज्य स्तर पर खेलों का आयोजन होना है। तिथि में संशोधित करते हुए विकासखंड, नगरीय क्लस्टर स्तर पर आयोजन 18 से 23 अगस्त तक होगा। जिला स्तर पर आयोजन 25 अगस्त से 4 सितंबर तक होगा। संभाग स्तर पर आयोजन 10 से 20 सितंबर तक होगा। अंत में राज्य स्तर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसका आयोजन 25 से 27 सितंबर तक होगा।

# मंत्री मरकाम ने किया राम मंदिर तालाब, बंधा तालाब व नवीन बस स्टैंड का निरीक्षण



**कोण्डागांव,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। केबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन मोहन मरकाम रायपुर के कैबिनेट बैठक से निकलकर सीधे कोंडागांव पहुंचे और कोंडागांव के निर्माणाधीन राम मंदिर तालाब सौंदर्यीकरण, बंधा तालाब एवं निर्माणाधीन नवीन बसस्टैण्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ठेकेदार एवं अधिकारियों को कार्य जल्द से जल्द पूरा करवाने के निर्देश दिए। बंधा तालाब का निरीक्षण के दौरान नौका विहार का आनंद भी लिया। मंत्री मोहन मरकाम ने कहा कोंडागांव का विकास प्रत्यक्ष रूप से दिख रहा है, बहुत जल्द छत्तीसगढ़ के मुख्य मंत्री भुपेश बघेल कोंडागांव आने वाले हैं, जहाँ पुन: क्षेत्र को कई सौगातें मिलेंगी। निरीक्षण के दौरान प्रदेश कांग्रेस सदस्य शांतिलाल सुराना, जिला अध्यक्ष झूमूकलाल दिवान, सांसद प्रतिनिधि कैलाष पोयाम, तरुण गोलछा, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती वर्षा यादव, गीतेश गाँधी, सकुर खान, रितेश पटेल, तबस्सुम बानो, हेमा देवांगन, नरेन्द्र देवांगन, श्याम सिंह, पार्षद गण योगेंद्र पोयाम, कामदेव, ललिता नेताम, आरती नेताम, नंदू दिवान, रविन्द्र दिवान, प्रवीण मिश्रा, सुमित्रा टावरी, प्रतीक्षा सुरजाल, गन्नू पोयाम के साथ ठेकेदार एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारी एवं कांग्रेसजन व क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# राज्यपाल व राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षकों की बैठक रायपुर में संपन्न

**कोण्डागांव,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। राज्यपाल व राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षकों की रायपुर में बैठक संपन्न हुई, जिसके बाद राज्यपाल एवं रास्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षकों ने आउट ऑफ टर्न प्रमोशन एवं सेवानिवृत्ति में 3 वर्ष की बढ़ोत्तरी करने की मांग को लेकर शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपा।

06 अगस्त 2023 को संकल्प 18 कैलाश रेसीडेंसी शंकर नगर रायपुर में छत्तीसगढ़ राज्य एवं राष्ट्रीय अवार्ड फोरम का बैठक आयोजित किया गया। बैठक की शुरुआत प्रदेश भर से आए हुए राज्यपाल एवं राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षकों की उपस्थिति में श्रीमती अनिता धनेष्वर द्वारा माँ वीणा वादिनी की वंदना व सामूहिक राज्यगीत के साथ प्रारम्भ किया, फिर सभी अवार्डी शिक्षकों ने अपना-अपना परिचय दिया। इस अवसर पर राज्य एवं राष्ट्रीय अवार्डी फोरम के प्रदेश सचिव विष्णु शर्मा ने मंच संचालन करते हुए फोरम के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि हमारा फोरम राष्ट्र हित, समाज हित, छात्र हित के साथ शिक्षकों के हित के लिये कार्य करने के लिए बनी है, हम अपने कार्यों से अपने विभाग की विशिष्टता को कैसे सामने लायें, ये विचारणीय तथ्य है। राज्यपाल व रास्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षकों की बहुप्रतीक्षित दो सूत्रीय मांग हैं जिसमें पुरस्कृत शिक्षकों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन देने एवं सेवानिवृत्ति में राज्यपाल एवं राष्टपति पुरस्कृत शिक्षकों को तीन वर्ष की बढ़ोतरी किया जावे। इन दोनों मांगों पर राज्य शासन को आर्थिक बोझ नहीं पड़ेगा। तत्पश्चात शिक्षा मंत्री रविंद्र चैबे के निवास में दो सूत्रीय मांग सम्बन्धी ज्ञापन सौंपा गया। मांगों के सम्बन्ध में शिक्षा मंत्री ने मंत्रालय में



**आउट ऑफ टर्न प्रमोशन व सेवानिवृत्ति में 3 वर्ष की बढ़ोत्तरी की मांग को लेकर शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन**

चर्चा करने की बात कही। बैठक के दौरान फोरम के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन जायसवाल ने फोरम के बायलॉज व फर्म एंड सोसायटी की महत्वपूर्ण जानकारी देते बताया कि पदाधिकारियों की कार्यकाल 3 वर्ष की होती है, साथ ही फर्म सोसायटी में प्रति वर्ष सदस्यों की जानकारी व आय व्यय की सम्पूर्ण जानकारी दी जाती है। प्रदेश अध्यक्ष अशोकगिरी गोस्वामी ने फोरम की एकजुटता बनाए रखते हुए अपनी दो सूत्रीय मांग पर फोकस करने की बात कही, जिसके लिए मंत्रियों सहित अधिकारियों से मिलकर अपनी मांगों को उन तक पहुंचाया जाएगा तथा फोरम की सदस्यता के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि फोरम में साधरण सदस्य, आजीवन सदस्य व संरक्षक सदस्य होते हैं, जिसकी शुल्क निर्धारित है। बैठक में प्रमुख रूप से अपने-अपने क्षेत्र के विधायक, सांसद सदस्यों से मुख्य मंत्री के नाम राज्यपाल व राश्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षकों की दो सूत्रीय मांग को पूरा करने के लिए पत्र लिखने का अनुरोध किया गया। समापन अवसर पर महामंत्री मुन्नालाल देवदास ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी तरह सहयोग करने का अपील किया। बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष अशोक गिरी गोस्वामी, महामंत्री मुन्नालाल देवदास, सचिव डॉ.विष्णु शर्मा, कोषाध्यक्ष हितेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिन्हा, छबिराम पटेल, टीकाराम सारथी, श्रीमती अनिता धनेश्वर, निगार अंजुम खान, बस्तर संभाग से पवन कुमार साहू, देवेंद्र कुमार सोनी, सुनीता गोस्वामी, खेदूराम ठाकुर के अलावा छत्तीसगढ़ प्रांत के अन्य अवार्डी शिक्षक उपस्थित रहे।

# बाल कैबिनेट का हुआ गठन

**बिलाईगढ़,** 7 अगस्त (देशबंधु)। विकासखंड बिलाईगढ़ के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डोकरीडीह में सर्वसम्मति से बाल कैबिनेट का गठन किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री गौरव यादव ,उपप्रधानमंत्री बिंदु साहू ,शिक्षा मंत्री बिंदु साहू, स्वास्थ्य मंत्री नंदनी यादव ,जल मंत्री दीपिका यादव ,पुस्तकालय मंत्री खुशबू यादव ,सांस्कृतिक मंत्री दिव्या लहरे, खेल मंत्री जान्हवी लहरे, रक्षा मंत्री लोकेश विश्वकर्मा, बागवानी एवं कृषि मंत्री चंद्र कुमार, खोया पाया रोशन ,स्वच्छता मंत्री हरिशंकर एवं संजीत को बनाया गया ।वही कक्षा प्रतिनिधि में कक्षा छठवीं से देविका यादव , उप कक्षा नायक महेश्वर ,कक्षा सातवीं से कक्षा नायक खुशबू सही, उप कक्षा नायक विवेक,कक्षा आठवीं से कक्षा नायक समीर, उप कक्षा नायक सिद्धार्थ को बनाया गया है। संस्था प्रमुख श्रीमती साधमती मिरी द्वारा सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाया गया।

# कैपिटल ज़ोन

## उल्टा पुल्टा

एक शिक्षक ने एक गधे के सामने एक बाल्टी में पानी और दूसरे बाल्टी में शराब की बोतल को डाल दी। गधे ने बाल्टी का सारा पानी पी गया। शिक्षक ने बच्चों से कहा कि इससे तुमने क्या सीखा।

एक होशियार बच्चा ने जोर से चीखा- आदमी से गधा अच्छा है जिसने पानी को पिया और शराब को छोड़ दिया।

## संपादकीय

### क्यों है मुश्किल इन्हें सड़कों से हटाना ?

*पालतू मवेशियों को सड़कों पर छोड़ा जाना सिर्फ दुर्घटनाओं से जुड़ा हुआ नहीं है बल्कि यह उनकी देखभाल से भी जुड़ा है। शहरों में बड़ी संख्या में मवेशी सड़कों पर विचरते रहते हैं। चूंकि शहरों में फसलों की मवेशियों से सुरक्षा का कोई प्रश्न नहीं है इसलिए जहां कोई रोका-छेका भी नहीं है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सरकार ने आवारा मवेशियों से फसलों की सुरक्षा के लिए रोका-छेका अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत आवारा मवेशियों को गौठानों में रखकर उनसे होने वाली क्षति से फसलों को बचाना है। आवारा मवेशियों को सड़कों विचरण करते हर जगह देखा जा सकता है। इन मवेशियों के कारण कई बड़ी दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। इन दुर्घटनाओं में मवेशी भी मारे जाते रहे हैं। इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए एक जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने ऐसे मवेशियों को सड़कों से हटाने का निर्देश राज्य शासन को दिया है। मुख्य सचिव ने सभी कलेक्टरों को इस निर्देश पर पूरी गंभीरता से अमल करने को कहा है,लेकिन इसे प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया जा सका है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर बसे शहरों में इस तरह की कार्रवाई हो रही है। मवेशियों को पकड़ा जा रहा है कि शहरों से बाहर छोड़ दिया जा रहा है। उन्हें स्थाई रूप से रखने व देखभाल की उचित व्यवस्था नहीं की जा रही है। शहरों की प्रायः सड़कों पर ऐसे आवारा मवेशी आज भी विचरण कर रहे हैं। मवेशियों को सड़कों पर छोड़ने वाले पशुपालकों के विरूद्ध कड़ी चेतावनी का भी उन पर कोई असर नहीं हुआ है। बिलासपुर में आवारा मवेशियों की समस्या बहुत गंभीर है। हाईकोर्ट भी इसी शहर में है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित हाईकोर्ट के जजों को भी सड़कों पर डेरा डाले मवेशियों बचकर आना-जाना पड़ता है। हाईकोर्ट के अधिकारियों ने जब नगर निगम को आवारा मवेशियों को सड़कों से हटाने का निर्देश दिया तो इन मवेशियों को पकड़कर गोकुलनगर की सड़कों पर छोड़ दिया गया। ये मवेशी अब वहां भी एक समस्या बन चुके हैं। बारिश के इस मौसम में ये मवेशी सड़कों पर जमे रहते हैं। लोगों से सड़कों से निकलना मुश्किल हो जाता है। गोकुल नगर में कई घोषित, अघोषित डेयरियां भी हैं। डेयरियों की गायें भी सड़कों पर छोड़ दी जाती हैं। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि डेयरी के भीतर रखने से होने वाली गंदगी की सफाई करने की जहमत न उठानी पड़े। मवेशी बारिश में भीगते हुए सड़कों पर पड़े रहते हैं। गोकुल नगर में नगर निगम ने दो करोड़ की लागत से सीसी रोड का निर्माण कराया है। यह सड़क शाम ढलने के साथ गौठान सा नजर आती है। सुबह सड़क पर गोबर ही गोबर। नगर निगम के अधिकारियों को यहां की सड़कों से मवेशियों को हटाने की कोई जरूरत महसूस नहीं होती। यहां सड़कों से मवेशियों को हटाने के निर्देश का पालन कराना जरूरी नहीं है? सड़क सुरक्षा के साथ ही मवेशियों की देखभाल का काम करने वाली संस्थाओं को भी यह देखना चाहिए। राज्य सरकार ने पशुपालन को आय का जरिया बनाने के लिए गोधन न्याय योजना चला रही है। पशुपालकों से दो रूपए किलो की दर से गोबर की सरकारी खरीदी हो रही है। शहरी पशुपालकों को इस योजना में कोई रूचि नहीं है।*

# जगह-जगह सड़कों में जलभराव पार्षदों ने जमकर की नारेबाजी




**रायपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। नगर निगम के भ्रष्ट कारनामो के पोल खोल अभियान में आज भाजपा पार्षद दल 11.30 बजे विवेकानंद आश्रम चौक के पास एकत्रित होकर विवेकानंद आश्रम,

- रामकुंड क्षेत्र में लोगों को नहीं मिल रहा साफ पानी
- भाजपा का पोल खोल अभियान



जोन 5 कार्यालय, लाखेनगर , सारथी चौक होते हुए पैदल मार्च किया। जिसमें रामकुंड जाने वाले मार्ग में गन्दे पानी अमृत मिशन की नलो से आने की शिकायत के कारण पूरी सड़क को 2 दिनों से खोदकर छोड़ दिया है। रामकुंड क्षेत्र में लोगों को पीने का साफ पानी नही मिल रहा है। वहीं रास्ता बंद होने के कारण उन्हें घूम कर जाना पड़ रहा है। विवेकानंद आश्रम के सामने की दुकानों का नाला प्लास्टिक डिस्पोजल कचरों से भरा पड़ा है।

भाजपा पार्षदों का दल जब आगे पहुँचा तो आश्रम तिराहे से जोन 5 कार्यालय तक सड़क के दोनों ओर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के द्वारा पाथवे बनाया गया है, उसके पेवर्स उखड़ गए हैं। सड़क निर्माण पूरा नहीं होने के कारण वहाँ डबरे की शक्ल में पानी भरा हुआ है, 2 साल से यह काम चल रहा है जिसमें सड़क निर्माण और अंडरग्राउंड विघुत केबलिंग का काम होना है। कछुए की गति से चल रहे निर्माण कार्य के कारण बिछे हुए पेवर्स उखड़ गए हैं। अभी निर्माण कार्यों का लोकार्पण भी नहीं हुआ है यह भ्र्ष्टाचार कमीशन खोरी का उदाहरण है।

जोन 5 से लाखेनगर तक अधूरे सड़क निर्माण के कारण इतनी धूल उड़ रही है, जगह-जगह रेती , गिटटी के ढेर पड़े हुए हैं। नागरिकों ने बताया कि लगभग 6 महीने से यही स्थिति है। लाखेनगर चौक के पास भरे पानी मे पार्षदों ने कागज की नाव चला कर जगह-जगह सड़कों में जलभराव के लिए नारेबाजी की। सारथी चौक से आमापारा चौक तक सडको की खुदाई के कारण इतने गढ्ढे और धूल उड़ रहे हैं कि वहाँ रहने वाली गरीब जनता परेशान हैं। उन्होंने बताया कि उनके घरो में धूल की परतें जम जाती हैं, वे साफ कर करके परेशान हैं। सारथी चौक में 4 फिट चौड़ा 10 फिट लम्बा गड्ढा विघुत केबलिंग के लिए खोद कर छोड़ दिया गया है। नागरिकों ने बताया कि आते जाते दुर्घटना का शिकार होते हैं , गाय ङ्क बैल भी इस गढ्ढो में गिर जाते हैं। भाजपा पार्षद दल के पोलखोल अभियान में आज नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, उपनेता मनोज वर्मा , प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे , जोन अध्यक्ष प्रमोद साहू , रोहित साहू ,भोला साहू , रजयन्त ध्रुव, अमर बंसल , राजेश ठाकुर, दीपक जायसवाल, सीमा सन्तोष साहू, टेशू साहू, गोदावरी साहू , कामिनी देवांगन , विश्वदिनी पाण्डे , सरिता दुबे , सुशीला धीवर, डी डी नगर मण्डल अध्यक्ष अनिल सोनकर और उनकी टीम, और भाजपा के नेता ,कार्यकर्ता शामिल थे।

# शराब घोटाले से जुड़े आरोपियों की गिरफ्तारी पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

**रायपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश में हुए शराब घोटाले से जुड़े आरोपियों को अब नोएडा की पुलिस गिरफ्तार नहीं करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। प्रदेश में चल रहे शराब घोटाला मामले में नकली होलोग्राम का इस्तेमाल करने की शिकायत प्रवर्तन निदेशालय ने नोएडा के कासना थाना में दर्ज करवाई थी। इस मामले में नोएडा पुलिस प्रदेश के आरोपियों को गिरफ्तार करने की तैयारी में थी। लेकिन सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है।



एक सप्ताह पहले ई डी की शिकायत पर नोएडा के कासना थाना पुलिस ने आबकारी विभाग के अधिकारी रह चुके अरुण पति त्रिपाठी, आईएएस निरंजन दास, होलोग्राम कारोबारी विधु गुप्ता, अनवर ढेबर और एक वरिष्ठ आईएएस ऑफिसर के खिलाफ धारा 420, 468 ,471 ,473 ,484, 120 बी के तहत केस दर्ज किया गया था।

ईडी ने 540 करोड़ के अवैध कोल परिवहन और 2000 करोड़ के शराब घोटाले का केस दर्ज किया गया है। ई डी के अधिवक्ता सौरभ पांडे के मुताबिक, नोएडा में दर्ज हुए मामले में सुप्रीम कोर्ट से नो कर्सिव स्टेप के निर्देश दिए गए हैं। आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जा सकेगा। लेकिन जांच जारी रहेगी। आरोपियों को जांच में पूरा सहयोग करना होगा। पूछताछ में शामिल होना होगा। नो कर्सिव स्टेप का निर्देश 21 अगस्त तक लागू रहेगा।

**अब तक 180 करोड़ की संपत्ति अटैच**-22 मई 2023 को प्रवर्तन निदेशालय की ओर से जारी की गई आधिकारिक जानकारी में कहा गया कि, अनवर ढेबर, अरुणपति त्रिपाठी और अफसर अनिल टुटेजा से 121.87 करोड़ की 119 अचल संपत्ति अटैच की गई है। शराब घोटाला मामले में अब तक प्रदेश में कुल 180 करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच की जा चुकी है। इसमें कैश, एफडी भी होल्ड किए गए हैं। 15 मई को ईडी ने कहा था, शराब घोटाले में जेल में बंद कारोबारी अनवर ढेबर से जुड़ी जांच रायपुर, भिलाई और मुंबई में की गई। जिसमें नवा रायपुर में 53 एकड़ भूमि मिली। इसकी कीमत करीब 21.60 करोड़ रुपए बताई गई। ये अनवर ढेबर द्वारा जॉइंट वेंचर के रूप में इस्तेमाल की गई थी। 20 लाख रुपए की नकदी और कई आपत्तिजनक दस्तावेज मुंबई में मिले थे। 1 करोड़ की बेहिसाब निवेश की जानकारी भी मिली। ये निवेश अरविंद सिंह और उनकी पत्नी पिंकी सिंह के साथ किए गए थे।

ईडी ने त्रिलोक सिंह ढिल्लो की 27.5 करोड़ रुपए की फिक्स्ड डिपॉजिट फ्रीज कर दी थी। 28 करोड़ रुपए के आभूषण भी जब्त किए थे ई डी ने सबसे पहले मई के शुरुआती सप्ताह में अनवर ढेबर को अरेस्ट किया और कहा- साल 2019 से 2022 तक 2000 करोड़ का अवैध धन शराब के काम से पैदा किया। इसे दुबई में अपने साथी विकास अग्रवाल के जरिए खपाया। ई डी की ओर से ऑन रिकॉर्ड बात कही गई।

# भूपेश कैबिनेट के फैसले का कोई औचित्य नहीं : बृजमोहन

**रायपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। भूपेश कैबिनेट के फैसले पर पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, कैबिनेट के फैसले का कोई औचित्य नहीं बचा। 50फीसदी ही आरक्षण देने का प्रावधान सुप्रीम कोर्ट ने रखा है। नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ क्यों कर रहे हैं। सरकार से सभी वर्ग नाराज है। बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बंद करना चाहिए।



राष्ट्रीय नेताओं के दौरे पर पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, चुनाव जैसे जैसे नजदीक आएंगे राष्ट्रीय नेता छत्तीसगढ़ आएंगे। जनता के बीच जाकर सरकार की नाकामियां बताने का काम करेंगे। मोदी सरकार की उपलब्धियां बताएंगे। बीजेपी की सरकार बनाने के लिए वातावरण तैयार किया जाएगा। रियलिटी शो में अबूझमाड़ के बच्चों द्वारा बस्तर की स्थिति बताने पर पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, बच्चे झूठ नहीं बोलते। सरकार झूठ बोलती है। सरकार झूठ की नीव पर खड़ी हुई है।

बृजमोहन ने कहा, बस्तर में लोगों को इलाज नहीं मिल रहा है। बस्तर के लोगों को शुद्ध पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। बस्तर की हालत दिखाने की अलग है और वास्तविकता अलग है। नक्सलवादियों के डर से लोग बाहर नहीं निकलते हैं।

उप मुख्यमंत्री TS के वायरल वीडियो पर पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, सिंहदेव को cm बनने के लिए एफट करना चाहिए वह नहीं कर पा रहे हैं। सिंहदेव में न राजा की जिद्द दिखती है न उनके कामों में ठाकुर की प्रतिबद्धता दिखती है। मंत्री के रूप में ना उनका कर्तव्य दिखता है। लल्लू लाल जैसे विहार हो गए हैं।

कांग्रेस पार्टी आदिवासी दिवस को गौरव दिवस के रूप में मनाने जा रही है। इस पर पूर्व मंत्री बृजमोहन ने कहा, आदिवासी समाज जब गौरव दिवस के रूप में मनाएगा तब जाकर लगेगा कि भूपेश सरकार ने आदिवासी दिवस को गौरव दिवस के रूप में स्थापित किया है। भूपेश सरकार की दिवस नहीं है सरकार कौन सा नया काम कर रही है।

सहारा निवेशकों को हेल्प डेस्क बनाए जाने पर पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, लाखों लोगों का पैसा सहारा में डूब गया। लाखों लोगों के खाते में एक-एक लाख रुपए आएंगे। बीजेपी सुविधा दे रही है तो कांग्रेस को खुशी होना चाहिए। कांग्रेस को मोदी और अमित शाह को धन्यवाद देना चाहिए।

# सरकार से मिला आश्वासन,अनुकंपा नियुक्ति की मांग कर रही विधवा महिलाओ का धरना खत्म



**रायपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)।अनुकंपा नियुक्ति की मांग कर रही विधवा महिलाओं का धरना अब स्थगित हो जाएगा।सरकार की तरफ से सकारात्मक आश्वासन मिलने के बाद कल 8 अगस्त को मुख्यमंत्री से मिलने के बाद आंदोलनरत विधवा महिलाएं धरना स्थगित करेंगे।

विधवा महिलाएं 9 महीने से हड़ताल में बैठी हैं। विधवा महिलाओं की आज राज्यपाल से मुलाकात हुई। राज्यपाल ने ठोस आश्वासन दिया, जिसके बाद धरना स्थगित करने का फैसला लिया। महिलाएं 10 अगस्त को आत्मदाह प्रदर्शन करने की तैयारी में थी। मीडिया को जानकारी देते हुए अनुकंपा नियुक्ति की प्रांतीय अध्यक्ष माधुरी मृगै ने कहा, राज्यपाल से हमारी बातचीत हुई है।उसके बाद यहां पर सरकार की तरफ से पहल की गई है। सरकार से मैसेज आया है कि आप लोगों को नियुक्ति मिलेगी तो हम एक मौका और सरकार को दे रहे हैं।उन्होने कहा, अगर हमारी नियुक्ति 8 से 10 दिन के अंदर हो जाती है तो अच्छी बात है नहीं तो फिर से हम कलेक्टर ऑफिस के सामने या मुख्यमंत्री निवास के सामने बैठकर हम अपनी मांग को लेकर धरना देंगे। हम संतुष्ट है नियुक्ति की बात हुई है।मुख्यमंत्री से मिलने के बाद कल हम सभी अपने घर चले जाएंगे।

# कोटवार संघ ने 18 को बुलाई बैठक बाकी मांगे पूरी नहीं होने से नाराज



**रायपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। मानदेय में कम बढ़ोतरी और बाकी कई मांगे पूरी नहीं होने के बाद कोटवार संघ आंदोलन के मूड में है। छत्तीसगढ़ में कोटवारों का मानदेय बढ़ाने के बाद भी उनमें असंतोष है। इसे लेकर रायपुर में 18 अगस्त को कोटवार संघ ने बैठक बुलाई है। जिसमें आगे की रणनीति और आंदोलन पर भी चर्चा हो सकती है। संघ के अध्यक्ष ने मानदेय बढ़ाने को चुनावी झुनझुना बताया है। उनका कहना है कि, भू राजस्व संहिता में सुधार, नियमितीकरण जैसी मुख्य मांगों पर अभी विचार नहीं किया गया है।

सरकार ने प्रदेशभर के 15 हजार कोटवारों का मानदेय बढ़ाया है। इसे लेकर आदेश भी जारी हो गया है। सरकार के जारी आदेश में कोटवारों के पास की जमीनों के हिसाब से मानदेय में वृद्धि की गई है। जिसमें कोई सेवा भूमि नहीं होने वाले को 4500 से बढ़कर 6000 मानदेय किया गया है। वहीं 3 एकड़ तक सेवा भूमि वाले कोटवारों को 4050 से मानदेय बढ़ाकर 5500 कर दिया गया है। इसके अलावा 7.5 एकड़ सेवा भूमि वाले को 3375 की जगह 4500 मानदेय, 7.5 एकड़ से ज्यादा सेवा भूमि रखे हुए कोटवारों को 2250 से 3000 मानदेय मिलेगा। ये बढ़ी हुई राशि 1 अप्रैल 2023 से ही लागू हो गई है। कोटवार एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम किशोर बाघ ने बताया कि चुनावी साल को देखते हुए सरकार ने मानदेय में थोड़ी वृद्धि की है। इसके अलावा हमारी भू राजस्व संहिता में सुधार की मांग को भी दरकिनार कर दिया गया है। कोटवारों के प्रांतीय सम्मेलन में जमीन वापस लौटाने का वादा किया गया था, लेकिन वह भी अधूरा है। कोटवार संघ 18 अगस्त को फिर बैठक करेगा जिसमें आगे की रणनीति बनाई जाएगी।संघ अध्यक्ष ने आगे कहा कि, कोटवार लंबे समय से नियमितीकरण की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। लेकिन आज तक उन्हें कर्मचारी का दर्जा नहीं मिल पाया। कोटवारों का कहना है कि पीढ़ी दर पीढ़ी वे सेवा कर रहे हैं लेकिन उनका भविष्य अंधकार में है। न तो कोटवारों को शासकीय योजनाओं का लाभ मिलता और न पेंशन ग्रेज्यूटी का प्रावधान है और न किसी भी प्रकार के बीमा का लाभ दिया जाता है।

# कांग्रेस 9 को मनायेगी आदिवासी गौरव दिवस

## विश्व आदिवासी दिवस पर जिलों में होंगे कार्यक्रम, कलेक्टरों को निर्देश जारी

**रायपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। न्प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 9 अगस्त को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, राजीव भवन, रायपुर में प्रातः 11 बजे आयोजित राज्यस्तरीय-आदिवासी गौरव महासभा, बौद्धिक मंच का आयोजन किया जायेगा।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, उप-मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सचिव एवं प्रभारीद्वय डॉ. चंदन यादव, सप्तगिरीशंकर उल्का, सह-प्रभारी विजय जांगीड़, प्रदेश के मंत्री एवं प्रदेश के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।इसके साथ ही सभी जिला एवं ब्लाक मुख्यालयों में भी कांग्रेस द्वारा 9 अगस्त क्रांति दिवस तथा आदिवासी गौरव पर्व का आयोजन किया जायेगा जिसमें कांग्रेस के सभी मोर्चा प्रकोष्ठ एवं विभाग के पदाधिकारी एवं कांग्रेसजन शामिल होंगे। ।प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 9 अगस्त को सभी जिला मुख्यालयों में विश्व आदिवासी दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सभी जिला कलेक्टरों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के अनुसूचित क्षेत्रों की 5 हजार 633 पंचायतों को 'मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना' के तहत द्वितीय किश्त 2 करोड़ 81 लाख 65 हजार रूपए की राशि उनके बैंक खातों में अंतरित की जाएगी। प्रत्येक पंचायत को 5 हजार रूपए की मान से द्वितीय किश्त दी जाएगी। पंचायतों को 'मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना' योजना के तहत प्रतिवर्ष दी जाने वाली 10 हजार रूपए की आर्थिक सहायता का उद्देश्य आदिवासी तीज-त्यौहारों का गांव में गरिमामय आयोजन सुनिश्चित करना है। जारी निर्देश में कहा गया है कि जिला मुख्यालयों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सभी स्थानीय जनप्रतिनिधियों, त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि को भी आमंत्रित किया जाय। विशेषकर अनुसूचित क्षेत्र के पंच-सरपंचों को आमंत्रित करें। कार्यक्रम में वन अधिकार पत्र, सामुदायिक वन अधिकार पत्र और वन संसाधन अधिकार पत्र का वितरण किया जाएगा। व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र धारियों को ऋण पुस्तिका प्रदान की जाएगी।

# रायपुर से कई राज्यों में फैला था सट्टे का कारोबार

## सट्टा किंग के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी करने की तैयारी

**रायपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)।न्यायधानी के बाद राजधानी में ऑनलाईन सट्टे के बड़े सिंडिकेट का खुलासा हुआ है।पुलिस ने करीबन दर्जनभर बड़े सटोरियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है। आरोप है कि शहर के नामी शिमर्स क्लब के संचालक नितिन मोटवानी उर्फ (चीकू) समेत कबाड़ी यूसुफ पोट्टी तक ऑनलाईन सट्टे के काले कारोबार में शामिल था।शहर में भीतर महादेव बुक, अन्नारेड्डी बुक समेत कई पैनल का काम धड़ल्ले से किया जा रहा था, आरोपियों ने सट्टे के काले पैसों से प्रदेशभर में कई कारोबार खुद को जोड़ लिया और सफेदपोश के आड़ में काले कारनामे करते रहें।जिसकी जांच अब पुलिस ने शुरू कर दी है.

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक शिमर्स क्लब, खमतराई स्थित स्क्रैप यार्ड समेत जमीनों का काम सिर्फ दिखावा था। आरोपियों का मुख्य काम ऑनलाईन के काले कारोबार का था, बताया जा रहा है कि इस सिंडिकेट का मुख्य सरगना यूसुफ पोट्टी था, जिसने अपने साथ दर्जनों लोगों को काले कारोबार में जोड़ दिया था।यूसुफ पोट्टी 2 साल पहले तक कबाड़ के काम से जाना जाता था, लेकिन देखते ही देखते यूसुफ ने ऑनलाईन सट्टे का बड़ा का शुरू कर दिया। पुलिस टीम आरोपियों के अन्य कारोबार की जानकारी जुटा रही है।

रायपुर के सिविल लाईन थाना में खाईवाल यूसुफ पोट्टी समेत 8 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई. लेकिन एफआईआर दर्ज होते तक सभी आरोपी अपने ठिकानों से फरार हो गए. पुलिस की स्पेशल टीम आरोपियों की तलाश के लिए एयरपोर्ट, रेल्वे स्टेशन समेत टोल नाकों की पड़ताल कर रही है . इतना ही नहीं आरोपी किन-किन लोगों के संपर्क में थे, इसकी भी अंदरूनी जाँच की जा रही है ।

**लुक आउट सर्कुलर होगा जारी**

पुलिस के मुताबिक फरार आरोपियों की तलाश जारी है. आरोपी छत्तीसगढ़ छोड़कर अन्य राज्यों मे ऑनलाईन सट्टे का पैनल संचालित करते थे, फरार आरोपियों का लुक आउट सर्कुलर जारी किया जा रहा है और दावा है कि जल्द इनकी गिरफ्तारी भी हो सकती है.

**मुख्य सरगना रवि उप्पल से बचपन की दोस्ती** -सूत्रों के मुताबिक ऑनलाईन बैटिंग का मास्टरमाइंड यूसुफ पोट्टी महादेव एप के मुख्य सरगना सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल का खास दोस्त था।सौरभ और रवि की हर एक पार्टियों के शामिल होने यूसुफ दुबई तक जाता रहा है। जिसकी जानकारी पुलिस के हाथों लगी है।ऑनलाईन सट्टा संचालित करने वाले लोगों को यूसुफ महादेव और अन्ना रेड्डी का पैनल बाँटटा था, जिसके एवज में लाखों रुपए कमीशन के रूप में आता था।आरोपियों की गिरफ्तारी से पुलिस को कई बड़े राज की जानकारी मिल सकती है

**दर्जनभर राज्यों में फैला सट्टे का खेल**

इस पूरे सिंडिकेट का खेल कई राज्यों में फैला हुआ है. सिंडिकेट के मास्टरमाइंड यूसुफ, सागर, अजय, नवीन बत्रा और फैजू थे, इनके काम ओडिसा, हिमाचल, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, दिल्ली,आंध्रप्रदेश, उत्तरप्रदेश समेत कई जगहों पर संचालित है. आरोपी रायपुर में रहकर अन्य राज्यों में सट्टे का काला कारोबार चला रहे थे। हालांकि पुलियसिया जांच में सौरभ और रवि उप्पल का नाम उजागर होने के बाद यूसुफ शहर में अपना मूवमेंट कम कर दिया था। सूत्रों का दावा है कि रायपुर में नितिन और सागर सट्टे का काम संभालते थे।रायपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक माहेश्वरी ने बताया कि फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# श्रीराम–केंवट संवाद से श्रद्धालु हुए भावविभोर

**रायपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। कथाकार ओमानंद महाराज ने कहा कि श्रीराम की कथा हमें धर्म का पालन करना सिखाती है। अगर आप धर्म की रक्षा करेंगे तो धर्म भी आपकी रक्षा करेगा। उन्होंने उपस्थित भक्तों से पूछा कि भगवान राम का अवतरण क्यों हुआ? क्या राक्षसों–पापियों के संहार के लिए... राक्षसों–पापियों के लिए लक्ष्मण ही पर्याप्त है। पलक झपकने से पहले ही पृथ्वी के सारे पापियों का नाश कर सकते हैं। साधु–संतों की रक्षा के लिए? उनके लिए हनुमान जी हैं, तो फिर श्रीराम का अवतरण क्यों हुआ? कथाकार ओमानंद महाराज ने बताया कि धर्म की रक्षा के लिए भगवान राम ने पूर्णावतार लिया।

संतोषी नगर के माता कर्मा धाम में आयोजित श्रीराम कथा के सप्तम दिवस ओमानंद महाराज ने श्रीराम–केवट संवाद का प्रसंग सुनाया। महाराज दशरथ के आज्ञा से श्रीराम मात सीता और लक्ष्मण के साथ 14 वर्ष के वनवास के लिए अयोध्या से निकले। उनके जाने से अयोध्या रो पड़ी। अयोध्या के निवासी, वहां रहने वाले जीव–जंतु, तो क्या पेड़ पौधे रो पड़े। आगे आगे श्रीराम चल रहे थे, उनके पीछे पूरी अयोध्या चल पड़ी। चलते चलते वे तमसा नदी के तट पर रुके। पूरे अयोध्या की प्रजा भी रुकी। रात हुई तो श्रीराम ने सुमंत से कहा कि अब हम यहां से प्रस्थान करेंगे। अयोध्या की प्रजा को छोड़ वे चारों वहां से चल पड़े। आगे गंगा नदी के तट पर रुके। वहां उनकी भेंट निषाद राज गुहा से हुई। उन्होंने अपने सखा से भेंट की और बताया कि हमें गंगा पार प्रयागराज जाना है। निषाद राज भी जान चुके थे कि श्रीराम को वनवास मिला है, वे उन्हें रोकने के कोशिश करते हैं किन्तु श्री राम अपने धर्म का पालन कर रहे हैं, वे अपने वचन पर अडिग रहे। वहीं सुमंत ने श्रीराम को समझाया कि अब वापस लौट चलिए, लेकिन श्रीराम ने सुमंत से कहा कि आप लौट जाएं, मुझे अपने धर्म का पालन करने दें। सुमंत ने माता सीता से विनती की, लक्ष्मण से विनती की, दोनो ने भी उन्हें मन कर दिया। सुमंत अकेले अयोध्या लौट गए। श्रीराम ने निषाद राज से गंगा पार कराने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि एक नाव है, आप केवट से बात कर लें।



धर्म की रक्षा करेंगे तो धर्म आपकी रक्षा करेगा : ओमानंद

श्रीराम केवट के पास आये, और कहा कि हमें गंगा पार जाना है, क्या आप हमें ले जाएंगे? केवट ने कहा कि पहले आप मुझे अपने चरण धोने के लिए कहें। श्रीराम को आश्चर्य हुआ। उन्होंने कहा कि आप ऐसा क्यों बोल रहे हैं? केवट ने कहा कि आपके बारे में मैं जानता हूँ, आपकी चरणों की धूल से जब एक शिला सुन्दर कन्या में परिवर्तित हो जाती है। अगर मेरी नौका भी स्त्री बनकर स्वर्ग चली गई तो? केवट चरण धोने के लिए अड़ा रहा। आखिरकार श्रीराम से उसे आज्ञा दे दी। केवट बड़ी तन्मयता से उनके चरण धोने लगा। लक्ष्मण और सीता को बड़ा आश्चर्य हुआ कि केवट काफी देर से केवल एक पैर को दो रहा है। श्रीराम ने कहा कि कब तक एक पैर को धोते रहोगे? केवट बोला मैं संतुष्ट होना चाहता हूँ। यह सुनकर श्रीराम हंस पड़े। पैर धुल गया तो केवट ने दूसरा पैर माँगा, श्रीराम के कहा कि मैं गिर जाऊँगा। तो उसने कहा कि आप मेरे मस्तक पर हाथ रखकर दूसरा पैर सामने करें। इस प्रकार केवट ने उनके चरण धोए। केवट के बारे में बताते हुए ओमानंद महाराज ने कहा कि यह केवट पूर्वजन्म में एक कछुआ था, श्रीराम नारायण थे, माता सीता लक्ष्मी और लक्ष्मण शेषनाग। कछुआ नारायण के चरण छूने की कोशिश करता था, तो शेषनाग उसे बाहर फेंक देते थे। वह फिर धीरे धीरे पास आता, फिर उसे बाहर फेंक दिया जाता। इस जन्म में केवट ने अपना जीवन सार्थक कर लिया।जब नाव में बैठने का समय आया तो केवट ने उन्हें रोक दिया। उसने कहा कि आपसे पहले और भी लोग हैं जिन्हे मुझे पार लगाना है। तीनो को आश्चर्य हुआ, उन्होंने कहा कि कौन? केवट ने जल लेकर तर्पण किया और कहा कि मैंने अपने पितरों को पार लगा दिया, अब आपको पार लगाऊंगा। जब गंगा पार पहुंचे तो श्रीराम ने उतराई के लिए पूछा तो केवट ने मना कर दिया। उसने कहा कि प्रभु आप लोगों को भवसागर पार करवाते हैं, मैंने आपको गंगासागर पार कराया। बस आप भी मुझे भवसागर पार करवा दें।

# जल्द सामान्य होगा ट्रेनों का परिचालन : सुनील सोनी



**रायपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से रायपुर सांसद सुनील सोनी ने सोमवार को मुलाकात की. इस दौरान सांसद सोनी ने रेल मंत्री से छत्तीसगढ़ की ट्रेनों के संबंध में चर्चा की. उन्होंने मंत्री से ट्रेनों की लेटलतीफी के बारे में चर्चा की. जिस पर रेल मंत्री ने विश्वास दिलाया कि 10 दिनों में ट्रेनों का परिचालन सामान्य हो जायेगा और ट्रेनें समय पर चलेंगी. रविवार को रायपुर में आयोजित अमृत रेलवे स्टेशन कार्यक्रम के दौरान भी सांसद सुनील सोनी ने कहा था कि ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्रियों को हो रही असुविधा से उन्हें भी दुख होता है. लेकिन मेंटेनेंस के चलते ट्रेनें लेट हो रही हैं. रखरखाव का कार्य पूरा होने के बाद ट्रेनें 120–140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ेंगी.

**सीएम भूपेश ने पीएम मोदी को लिखा पत्र**

बता दें कि ट्रेनों के अनियमित परिचालन को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा. पत्र में सीएम ने ट्रेनों के निरस्त और विलंब से चलने के कारण प्रदेशवासियों को हो रही परेशानी का जिक्र किया गया. उन्होंने छत्तीसगढ़ के दूरस्थ अंचलों में रहने वाले लोगों को हो रही दिक्कतों से भी अवगत कराया है और ट्रेनों के सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए निर्देश देने का आग्रह किया है.

# पीएम मोदी ने रेलवे के मामले में छग को कांग्रेस की तुलना में 6 गुना बजट दिया : ओपी चौधरी

**रायपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी ने कांग्रेस पर सवाल दागते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ को रेलवे के मामले में यूपीए सरकार से 6 गुना ज्यादा बजट दिया है और अब 1400 सौ करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च कर छत्तीसगढ़ के रेलवे स्टेशन को आधुनिक बना रही है तो कांग्रेस के पेट में दर्द हो रहा है जब भी मोदी सरकार विकास के कार्य करती है तब कांग्रेस को टेंशन हो जाती है कि अब उनका क्या होगा?



ओपी चौधरी ने कहा कि जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी तब वर्ष 2009 से 14 तक रेलवे के लिए केवल 311 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया था जबकि मोदी जी की सरकार आने के बाद 14 से 19 के कार्यकाल के लिए बजट के लिए 6 गुना प्रावधान किया। केंद्र की मोदी सरकार का वर्ष 2023 का जो बजट है वह कांग्रेस के वर्ष 12/ 13 वर्ष की तुलना में 9 गुना है। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए रेलवे को आधुनिक करना बेहद जरूरी है रेलवे को अत्याधुनिक बनाने के लिए कई बार कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है कई कार्य चलने के कारण कई बार समय की दिक्कत आती है लेकिन यह सब विषय कुछ समय में खत्म हो जाएंगे और जो ऐतिहासिक काम हो रहे हैं आधारभूत संरचना को मजबूत बनाने के जो बड़े–बड़े काम हो रहे हैं उसकी सुविधा और लाभ आने वाले समय में जनता को बड़े स्तर पर मिलेगी। ओपी चौधरी ने कहा कांग्रेस किस मुंह से आरोप लगाती है कांग्रेस ने 70 साल में रेलवे के लिए क्या किया भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए कौन सा ठोस कदम आगे बढ़ाया केवल और केवल दीमक की तरह काम किया और आज मोदी जी जब रेलवे बजट में 9 गुना की वृद्धि कर रहे हैं छत्तीसगढ़ को 6 गुना बजट दे रहे हैं तो कांग्रेस और भूपेश बघेल के पेट में दर्द क्यों हो रहा है इसको छत्तीसगढ़ की जनता भली–भांति समझ रही है और आने वाले समय में इसका जरूर जवाब देगी।

# किसानों को मांग अनुरूप मिले खाद : रविन्द्र चौबे

**रायपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। सहकारिता मंत्री रविन्द्र चौबे ने आज नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक के सभागार में सहकारिता विभाग के काम–काज की जिलेवार समीक्षा की। उन्होंने समितियों के गोदामों में रासायनिक खाद की उपलब्धता की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को उनकी मांग के अनुरूप खाद प्रदान किया जाए। सहकारिता मंत्री श्री चौबे ने किसानों की सुविधा के लिए एटीएम स्थापना में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही लंबित सहकारी बैंकों की नवीन शाखाओं के लिए रिजर्व बैंक से शीघ्र ही आवश्यक पहल करने के निर्देश दिए।

रविन्द्र चौबे ने आगामी धान खरीदी की तैयारी के लिए आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि पुराने बारदाने के कारण सोसायटियों को नुकसान न हो इसका ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि सोसायटियों को वित्तीय रूप से मजबूत किया जाना चाहिए। सहकारी बैंको में रिक्त पदों की भर्ती शीघ्र की जाए।

सहकारिता मंत्री श्री चौबे द्वारा बैठक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की भेंट मुलाकात के दौरान बस्तर तथा सरगुजा संभाग में सहकारी बैंकों की नवीन शाखा खोलने की घोषणा की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि बस्तर संभाग में 07 स्थानों में तथा सरगुजा संभाग में 03 जगहों में नवीन शाखा खोलने की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। बस्तर में 07 एटीएम तथा सरगुजा में 05 स्थानों पर एटीएम लगाए जा चुके हैं। सहकारिता विभाग द्वारा वर्ष 2023–24 में प्रदेश में कुल 135 एटीएम स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके विरुद्ध अब तक 86 एटीएम स्थापित किये गए हैं।



- **इस वर्ष अब तक 86 एटीएम स्थापित**
- **सहकारिता मंत्री द्वारा विभाग के काम-काज की समीक्षा**

**13.62 लाख किसानों को 6067 करोड़ रूपए का कृषि ऋण वितरित**

बैठक में चालू खरीफ 2023 सीजन में किसानों को ब्याज मुक्त कृषि ऋण वितरण की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में सहकारिता के माध्यम से अब तक 7000 करोड़ रूपए के निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 13.62 लाख किसानों को 6067 करोड़ रूपए का कृषि ऋण वितरण किया गया है। बैठक में बताया गया कि खरीफ सीजन के लिए कुल 8 लाख मेट्रिक टन खाद वितरण का लक्ष्य रखा गया है, जिसके विरुद्ध 6 लाख 91 हजार मेट्रिक टन खाद का वितरण किसानों को किया जा चुका है। समितियों के गोदामों में अभी 1 लाख 10 हजार मेट्रिक टन खाद की उपलब्धता है। समितियों में खरीफ फसल हेतु कुल 451370 क्विंटल बीज का भंडारण किया गया है, जिसमें से 397705 टन किसानों द्वारा उठाव कर लिया गया है।

बैठक में 725 नवीन समितियों में गोदाम सह कार्यालय निर्माण की समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा गोदाम सह कार्यालय निर्माण के लिए 185 करोड़ रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रति सोसाइटी में 25.56 लाख रूपए की लागत से गोदाम सह कार्यालय निर्माण किया जा रहा है। अब तक 71 गोदाम का निर्माण पूर्ण हो चुका है, शेष निर्माणाधीन हैं। बैठक में सहकारिता क्षेत्र में शक्कर कारखाना में शक्कर निर्माण तथा इथेनॉल प्लांट की स्थापना की समीक्षा की गई।

# आदिवासी आरक्षण, हमारे पक्ष के कारण भूपेश सरकार झुकी : नेताम

**रायपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। आज छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट बैठक में आदिवासी आरक्षण पर पूर्ववत नियम लागू करने संबंधी निर्णय लिया गया। इसे आदिवासियों के हक की जीत बताते हुए छत्तीसगढ शासन के पूर्व गृहमंत्री एवं राज्य सभा सांसद रामविचार नेताम ने कहा है कि आदिवासी आरक्षण पर ढुलमुल रवैये से बाज़ आते हुए भूपेश की कॉंग्रेस सरकार ने आखिरकार हम सभी के विरोध के कारण कैबिनेट में यह निर्णय लेने को विवश होना पड़ा।



जिसके अनुसार अब राज्य में मेडिकल कॉलेजो में एमबीबीएस की कुल 973 सीटो में से अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्रो को 32त्न के हिसाब से पूरे 300 सीट प्राप्त होंगे।

रामविचार नेताम ने आगे कहा है कि इससे पूर्व भूपेश सरकार ने आदिवासी छात्रो को महज़ 190 सीटे देकर आदिवासी बाहुल्य छ. ग. राज्य के आदिवासी समाज के युवाओं के साथ सरकार अपने स्वभाव के अनुरूप धोखे बाज़ी कर रही थी । हमने अपने नेता छ.ग. भाजपा के चुनाव सह प्रभारी एवम् केंद्रीय स्वास्थ मंत्री मा. मनसुख मांडविया के समक्ष भी आदिवासी युवाओं के साथ हो रहे इस छल की शिकायत की थी। उसके बाद केंद्र सरकार और भाजपा के दवाब में भूपेश सरकार को अपना रवैया बदलना पड़ा।

उन्होंने कहा कि भाजपा आदिवासियों के साथ किसी भी प्रकार की धोखेबाजी बर्दाश्त नहीं करेगी। वैसे भी, राज्य की आदिवासी जनता इस सरकार और कांग्रेस पार्टी को आगामी चुनाव में सत्ता से बाहर का रास्ता दिखलाने ही वाली है। उन्होंने कहा मेडिकल सीटों पर आदिवासियों के लिए आरक्षण के मामले को समझने के लिए यह जानना जरूरी है कि कैसे आरक्षण को लेकर माननीय उच्च न्यायालय, रायपुर एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय में विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई में राज्य सरकार छत्तीसगढ़ के आदिवासियों का पक्ष सही ढंग से नहीं रख रही और आदिवासी हित के प्रति लचर रवैया अपना रही थी। कांग्रेस सरकार व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में आदिवासी आरक्षण के विषय को टालती रही यह सरकार चुनाव आचार संहिता लागू होने तक इस पर कुछ भी नहीं करना चाहती थी। सरकार के लचर रवैया के कारण चिकित्सा शिक्षा विभाग अपनी तय समय सारणी से हट गया और स्क्क्कर की पहली अलॉटमेंट लिस्ट जारी नहीं हुई। स्क्क्कर में अवैध 16–20–14 आरक्षण रोस्टर का विरोध किया जा रहा था। माननीय हाई कोर्ट के 19 सितंबर 2022 के गुरु घासीदास अकादमी फ़ैसले के बाद सात महीनों तक भूपेश बघेल सरकार ने आदिवासी हित में अंतरिम राहत का सवाल भरसक टालने की कोशिश की थी।

# मैथिलीशरण गुप्त जयंती समारोह में राजेन्द्र ओझा हुए सम्मानित

**रायपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। गहोई वैश्य समाज, रायपुर द्वारा राष्ट्रीय गौरव राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जयंती सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।



जयंती सप्ताह के अंतर्गत 6 अगस्त को एम्स, रायपुर के पास स्थित गहोई भवन में विशाल काव्य संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजेन्द्र ओझा को राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त सम्मान से सम्मानित किया गया। अन्य कवियों में आनंद पाठक, जे. के. डागर, राजेश जैन राही एवं संजीव ठाकुर को भी सम्मानित किया गया।

इस गरिमामय कार्यक्रम में गहोई वैश्य समाज के अशोक बानी, संजय गुप्ता, अभिषेक सुहाने, सचिन बहरे, लवली गेड़ा, देवी, ज्योति चउदा, सुमित कंदेले, विनोद सुहाने, केशव कनकने, सहित शहर के अनेक जाने – माने साहित्यकार डॉ. मृणालिका ओझा, उर्मिला देवी उर्मी, राकेश अग्रवाल, आरडी अहिरवार, अनिल श्रीवास्तव जाहिद, आलोक, विनोद, प्रमोद आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मुकेश गुप्ता एवं आभार संजय गुप्ता द्वारा व्यक्त किया गया।

# भूतपूर्व सैनिकों के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए मिलेगी आवासीय सुविधा

**रायपुर,** 7 अगस्त। छत्तीसगढ के दूरस्थ अंचलों में रहने वाले भूतपूर्व सैनिकों के परिजनों के लिए उच्च शिक्षा लेना अब आसान होगा। सैनिक कल्याण बोर्ड भूतपूर्व सैनिकों की वीरनारियों, विधवाओं व भूतपूर्व सैनिकों के बच्चों को इंजीनियरिंग, मेडिकल, कृषि, व्यावसायिक शिक्षा और प्रबंधन कॉलेज में डिग्री की पढ़ाई के लिए बारह विद्यार्थियों को आवासीय सुविधा देगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन अनुराग तिवारी ने बताया कि शिक्षण सत्र 2023–24 में छह छात्राओं और छह छात्रों को यह सुविधा मिलेगी।

## निधन

### प्रमोद गुजरतिया



**भाटापारा,** 7 अगस्त। स्थानीय शक्ति वार्ड निवासी स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत दिनेश गुजरतिया के ज्येष्ठ पुत्र प्रमोद गुजरतिया उर्फ सिकंदर 30 वर्षीय का आकस्मिक निधन हो गया। वे अमन गुजरतिया के बड़े भाई व दुर्गेश गुजरतिया के चाचा थे। उनके अंतिम संस्कार में स्वजातीय बंधुओं सहित अनेक लोग शामिल हुए।

### कमला कसार



**बलौदाबाजार,** 7 अगस्त। नगर के गौरव पथ निवासी श्रीमती कमला कसार 62 वर्ष का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार बलौदाबाजार स्थित मोक्षधाम में मंगलवार 8 अगस्त को सुबह 10 बजे किया जाएगा। वे यशवंत वर्मा की पत्नी एवं सुमीत, विनीत एवं बरखा वर्मा (न्यायाधीश) की मां थी।

# पॉवर कंपनी के गारे पेलमा कोयला खदान को मिले चार प्रथम पुरस्कार

**रायपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। केंद्रीय खान सुरक्षा महानिदेशालय ने छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के गारे पेलमा–ढ्ढढ्ढ कोयला खदान को ओवरआल सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रथम पुरस्कार प्रदान किया है। यह पुरस्कार वर्ष 2022 में 3 मिलियन से 5 मिलियन टन की क्षमता की खुली खदान श्रेणी में दिया गया है। इसके अलावा इस खदान को तीन और श्रेणियों (इंजीनियरिंग, एक्सप्लोसिव मैनेजमेंट एवं डस्ट सेपरेशन) में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया है। भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अधीन खान सुरक्षा महानिदेशालय व्दारा आयोजित वार्षिक सुरक्षा पुरस्कार वितरण समारोह में यह पुरस्कार जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एसके कटियार ने ग्रहण किया। इस उपलब्धि के लिए पॉवर कंपनी के चेयरमेन श्री अंकित आनंद ने जनरेशन कंपनी की टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।



खान सुरक्षा महानिदेशालय द्वारा छत्तीसगढ़ के सभी कोल ब्लाक की वार्षिक समीक्षा कर विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कृत करता है। यह पुरस्कार खान सुरक्षा निदेशालय एवं साऊथ इस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, एनटीपीसी व निजी क्षेत्र के कोयला संस्थानों व्दारा बिलासपुर में आयोजित वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा में प्रदान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि खान सुरक्षा महानिदेशालय के महानिदेशक श्री प्रभात कुमार एवं एसईसीएल के सीएमडी श्री प्रेमसागर मिश्रा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। वर्ष 2022 में जनरेशन कंपनी को चार श्रेणियों में पुरस्कार मिले, जिसमें ओवरऑल सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन ग्रुप ई में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। साथ ही इंजीनियरिंग (ई एंड एम), विस्फोटक प्रबंधन तथा धूल पृथककरण श्रेणी में भी प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। इसके अलावा सर्वश्रेष्ठ कुशल कर्मचारी की श्रेणी के लिये भी पुरस्कृत किया गया है।

# लक्ष्मी महिला नागरिक सहकारी बैंक की 29वीं वार्षिक आमसभा का आयोजन

**रायपुर,** 7 अगस्त। श्रीमती सत्यबाला अग्रवाल ने वर्ष 1994 में बड़े संघर्ष एवं अथक परिश्रम से कुछ महिलाओं को साथ लेकर 15 लाख रु. की अल्प पूंजी के साथ छत्तीसगढ़ राज्य की इस प्रथम महिला नागरिक सहकारी बैंक की स्थापना की, जो आज बढ़ते हुए लगभग 16,000 सदस्यों तक पहुँच गई है। इन सब उपलब्धियों को दृष्टिगत रखते हुए श्रीमती सत्यबाला अग्रवाल को राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अनेक पुरस्कारों एवं सम्मानो से समय–समय पर पुरस्कृत किया जाता रहा है। उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन बैंक अध्यक्ष श्रीमती सत्यबाला अग्रवाल व संचालक मंडल के सदस्यों के द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया जिसके पश्चात् सहकारिता गीत का गायन श्रीमती सविता तराटे, श्रीमती नर्मदा अग्रवाल एवं श्रीमती स्वाति अमिन के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। बैंक अध्यक्ष श्रीमती सत्यबाला अग्रवाल जी ने कार्यक्रम के उद्बोधन में 7 वीं बार पुन: अध्यक्ष बनाने पर सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया एवं सर्वप्रथम मातृशक्ति का आव्हान करते हुए मां दुर्गा, मां लक्ष्मी एवं मां सरस्वती आदि देवियों का पावन स्मरण करते हुए अपने उद्बोधन की शुरूआत की। अपनी यात्रा की इस कड़ी में 29 वर्ष पूर्व की अपनी स्मृतियों का उल्लेख करते हुए विभिन्न कठिनाईयों के बावजूद अपनी कभी न हार मानने की शक्ति, तत्कालीन छत्तीसगढ़ प्रभारी नरेन्द्र मोदी एवं आर.बी.आई. अधिकारियों के सहयोग एवं अनेक राज्यों के दौरे के दौरान छत्तीसगढ़ के प्रथम महिलाओं द्वारा संचालित बैंक की स्थापना की चुनौतियों को विशेष रूप से याद किया एवं अपने इस सफल जीवन का श्रीमती सत्यबाला अग्रवाल ने बैंक सदस्यों को इस वर्ष 14 प्रतिशत लाभांश देने की घोषणा की । मंच संचालन बैंक वरिष्ठ रोकपाल श्रीमती सिंधु परमार के द्वारा किया गया। बैंक उपाध्यक्ष श्रीमती सविता तराटे के द्वारा धन्यवाद् ज्ञापन दिया गया। कार्यक्रम में लक्ष्मी महिला नागरिक सहकारी बैंक की उपाध्यक्ष श्रीमती शांति अग्रवाल, संचालक श्रीमती मुक्ति देवांगन, श्रीमती ज्योति अग्रवाल, श्रीमती नीलम अग्रवाल, श्रीमती नर्मदा वर्मा, श्रीमती मधू पटले, श्रीमती प्रेरणा भंडारी, श्रीमती कुसुम सिंघानिया, श्रीमती मनाली गुप्ता, श्रीमती पल्लवी अग्रवाल, श्रीमती संध्या अग्रवाल, श्रीमती दीप्सी अग्रवाल एवं बैंक सदस्य श्रीमती कमला तिवारी, श्रीमती स्वाति शर्मा, श्रीमति सिंग,अर्जुन मिश्रा, राजेश कुश्वाहा, समस्त बैंक अधिकारी/कर्मचारी संजय शर्मा, श्रीमती संगीता राजपूत, रफीक सिद्दिक, पंकज सिंह ठाकुर, दीपक सिंह ठाकुर, श्रीमती स्वाति अमीन, अविषेक मोहन, श्रीमती प्रीति श्रीवास, कु. जया निषाद, विभाष कुमार शर्मा, श्रीमती मीना आचार्या, श्रीमती रजिया व दिलीप चौधरी उपस्थित थे ।

# महंगाई के खिलाफ ट्रेड यूनियनों का कल धरना

**रायपुर,** 7 अगस्त। केंद्र सरकार की मजदूर, किसान एवं जनविरोधी नीतियों का विरोध करते हुए केंद्रीय ट्रेड यूनियन इंटक, एच एम एस, एटक, सीटू, एक्टू, बैंक, बीमा, केंद्र, राज्य, बी एस एन एल, रक्षा, कोयला, इस्पात, ऊर्जा कर्मचारियों, श्रमिको के साथ ही असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों द्वारा 9 अगस्त को रायपुर में भी धरना प्रर्दशन किया जाएगा।

महगाई रोकने, निजीकरण की नीति बंद करने, 26000 रुपए न्यूनतम वेतन, श्रमिक विरोधी श्रम संहिता वापस लेने, सभी योजना कर्मियों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने, पुरानी पेंशन योजना बहाल करने, किसानों के उपज की खरीदी की गारंटी के कानून बनाने सहित14 सूत्रीय मांगों को लेकर देशभर में जनता बचाओ, देश बचाओ नारे के साथ राज्यों की राजधानियों में महापड़ाव का आव्हान किया है ।

# बोल बम के नारे से गूंजे शिवालय

## सुबह से भक्तों का तांता, रुद्राभिषेक सहित हवन-पूजन



**रायपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। सावन सोमवार पर आज राजधानी के विभिन्न शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। महादेव घाट स्थित हटकेश्वर महादेव, नरैया तालाब, बूढ़ेश्वर मंदिर, नीलकंठेश्वर मंदिर सहित अन्य शिवालयों में सुबह से ही भक्तों की लंबी लंबी कतारें देखने को मिली बड़ी संख्या में भक्तजन पांचवें सोमवार के दिन भगवान भोलेनाथ को जल अर्पण करने के लिए पहुंचे हुए थे इसके साथ ही बड़ी संख्या में आप शिवालयों में कावड़ यात्री भी पहुंच रहे हैं शिवालयों में बोल बम के नारे गुंजायमान हो रहा है।

वहीं दूसरी ओर राजधानी के विभिन्न मोहल्लों व आसपास के क्षेत्राों से कांवर यात्रा लेकर श्रद्धालु शिवालयों में पहुंच रहे हैं। इस बार सावन पूरे 2 माह का है जिसमें 8 सावन सोमवार पढ़ रहे हैं जबकि सामान्य तौर पर 1 माह का सावन हर वर्ष रहता है जिसमें पांच सोमवार अधिकतम होते हैं ऐसे में ज्यादातर भक्तजन आज पांचवे सोमवार को लेकर मंदिर पहुंचे विभिन्न स्थानों पर एवं शिवालयों पर भक्तजन द्वारा रुद्राभिषेक भी कराया जा रहा है इसके साथ ही मनोकामना पूर्ति के लिए हवन पूजन के कार्यक्रम भी बड़ी संख्या में हो रहे हैं। सावन के महीने को भगवान भोलेनाथ के भक्ति के लिए काफी विशेष माना जाता है जिसका असर गांव से लेकर शहर तक देखने को मिल रहा है कांवड़ यात्री बड़ी संख्या में भगवान भोलेनाथ को जल अर्पण करने के लिए सैकड़ों किलोमीटर पैदल चलकर जल अर्पण कर रहे हैं इसमें महिलाओं के साथ-साथ पुरुष भी बड़ी संख्या में शामिल हैं। मंदिरों में बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंचेगी थी जिन्होंने भगवान भोलेनाथ से अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए दूध, दही, गंगाजल, आदि से अभिषेक किया इसके साथ ही बेलपतरी फुल से सजाया और आरती की। बड़ी संख्या में पहुंचे कावड़ यात्री भगवान को जल अर्पण करने के लिए लाइनें में खड़े नजर आए और बोल बम के नारे लगाते रहे।

# रिहायशी इलाके में बिजली तार में फंसकर गाय की मौत



**रायपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। कचना के पिरदा इलाके में आज सुबह करीबन 7 बजे करंट लगने से गाय की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बिजली विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौके पर पहुंच गए हैं।

पिरदा में एक साल के भीतर गाय की मौत का यह पांचवा मामला है। रहवासियों का कहना है कि घरों को बेतरतीब तरीके से बिजली कनेक्शन दिया गया है, जिसकी वजह से सड़कों पर बिजली की तारों का जाल बिछा हुआ है। खतरे से अंजान मूक-मासूम चौपाए तार की चपेट में आकर अपनी जान गंवा रहे हैं। रहवासियों का आरोप है कि किसी दिन किसी इंसान की जान जाएगी, तब शायद जाकर बिजली विभाग के अधिकारियों की आंख खुलेगी।

**बिजली विभाग की लापरवाही पर लोगों में काफी आक्रोश**

गाय के मालिक मिथिलेश यादव ने बताया कि सड़कों पर फैले बिजली की तार की वजह से उनकी पांचवीं गाय की अकाल मौत हुई है। स्थानीय निवासी हरिनाथ सेठ बताते है कि यहां 150 घरों में बिजली कनेक्शन दिया गया है। 3 माह के लिए बिजली विभाग ने अस्थाई कनेक्शन दिया था, और आज चार साल होने को आए हैं, अस्थाई को स्थाई नहीं किया गया है। स्थानीय निवासी सुदामा साहू बताते हैं कि कुछ महीने पहले सभी 150 घर के लोग मिलकर 17 लाख का डिमांड नोटिस भी भरा था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। वहीं स्थानीय निवासी रूपनाथ कहते हैं कि प्रशासन की तरफ से अभी तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है, हम लिखित शिकायत कर चुके हैं।

# रायपुर में बदमाशों का आतंक, देसी पिस्टल दिखाकर फैला रहे दहशत



**रायपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी में बदमाशों का आतंक एक बार फिर देखने को मिला है। देसी पिस्टल लेकर बदमाश आतंक फैला रहे हैं। पुलिस दोनों मामले में आरोपी की तलाश में जुट गई है।

एक वीडियो में बदमाश देसी पिस्टल के साथ खौफ दिखाते आया नजर आ रहा। वहीं दूसरे वीडियो में युवक के साथ बदसलूकी की जा रही। इस मामले में जानकारी देते हुए सिटी एएसपी अभिषेक माहेश्वरी ने बताया, मामले में सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया ह। कुछ ही देर में आरोपियों का जुलूस निकाला जाएगा। एक वीडियो डीडी नगर थाना क्षेत्र का है और एक वीडियो को लेकर पतासाजी की जा रही है।

# प्रगति यात्रा वामन राव लाखे वार्ड में निकाली गई, महापौर ने सुनी समस्याएं



**रायपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। प्रगति यात्रा आज वामन राव लाखे वार्ड में निकाली गई। यात्रा के प्रारंभ में महापौर ने साई, गायत्री एवं शीतला मंदिर में दर्शन किए एवं फिर वार्ड की जनता के साथ वार्तालाप किया। जनता के मन की बात सुनी और उनकी समस्याओं को जनहित में उन्मुक्त किया।

नाली निर्माण, नल लगाने के कार्य, और जल निकासी की दिक्कतों को हल करने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, महापौर ने निर्माण कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। यह निर्णय बारिश के समय जल भराव से पीड़ित वार्ड वासियों को राहत प्रदान करेगा।

महापौर ने विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए अधिकारियों से प्रस्ताव भी मांगा जिसमें सामुदायिक भवन और रंगमंच भी शामिल हैं। बड़ी संख्या में उम्रदराज लोगों ने महापौर की यात्रा इस यात्रा के लिएआशीर्वाद दिया और अपनी छोटी फरमाइशें बताई।

महापौर ने प्रगति यात्रा के माध्यम से वार्डों का दौरा करना जारी रखा है, लोगों की समस्याओं को सुना है और अधिकारियों को उनके निवारण हेतु निर्देशित किया है। इस अवसर पर वार्ड पार्षद मन्नू यादव एवं वार्ड के वृद्ध लोग और बच्चे भी इस प्रगति यात्रा में शामिल हुए। इस प्रगति यात्रा ने आम जनता के हित में सामरिक कदम उठाने की प्रक्रिया को गति प्रदान की है। कल डॉ विपिन बिहारी सूर वार्ड के नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होगी और वार्ड का दौरा करेगी, इस अवसर पर सभी वार्डवासी इस यात्रा से जुड़ कर अपनी समस्या से महापौर को अवगत करा सकेंगे। इस यात्रा में जुड़ने महापौर ने वार्ड वासियों से जुड़ने का आग्रह भी किया है।

# नशे में पाए जाने, राशन कार्ड के लिए पैसों की मांग करने वाले दो अधिकारी निलंबित



**रायपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी के पार्षद जोन क्रमांक दो के अध्यक्ष बंटी होरा ने आज समीक्षा बैठक ली। समक्ष निगम के अधिकारियों 2 घंटे चली इस बैठक में बंटी होरा ने 2 सहायक निरीक्षक को सस्पेंड करने के आदेश दिए।

होरा ने अधिकारियों की कार्यप्रणाली को लेकर उन पर भड़कते नजर आए। अधिकारियों पर उन्होंने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए अपनी कार्यशैली को सुधारने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान राजस्व विभाग के 2 सहायक निरीक्षक शराब के नशे में पाए जाने पर तत्काल कार्यवाही कर सस्पेंड करने का आदेश दिया गया।

वहीं एक अधिकारी गरीब परिवारों से राशन कार्ड बनवाने के लिए पैसों की मांग करने पर सस्पेंड किया गया। साथ ही बैठक में स्वास्थ्य विभाग को निर्देश देते हुए सभी वार्डों में एंटी लारवा का छिड़काव करने कहा गया जो पिछले 2 माह से बंद था। प्रत्येक वार्डों में 10 कचरा रिक्शा व डस्टबिन की मांग की गई।

**विद्युत विभाग से भी बंद पड़ी हुई स्ट्रीट लाइटों की मांग की गई:** राजस्व विभाग में संपत्ति कर के मामलों में कमर्शियल की जगह रेजिडेंशियल का टैक्स लिया जा रहा है, एक बड़े शॉपिंग मॉल के द्वारा नाले को पार्टी 8 कर अवैध कब्जा किया गया, 24 घंटे के अंदर कार्रवाई करने का आदेश दिया गया। नियमितीकरण की आड़ में अवैध निर्माण किए जा रहे रेजिडेंशियल का नक्शा पास कराने कमर्शियल बिल्डिंग कमाई बिल्डिंग बनाई जा रही है, जिससे निगम को राजस्व से लाखों रुपए की हानि हो रही है, ऐसे निर्माण कार्यों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश टीम को निर्देशित किया गया।

बैठक में मुख्य रूप से शामिल जोन अध्यक्ष बंटी होरा, स्व्हृष्ट सदस्य सुन्दरलाल जोगी, पार्षद तिलक पटेल, अनवर हुसैन एल्डरमैन सुनील भुवाल, मुख्य कार्यपालन अभियंता क्ष्ठ धृतलहरे, आशीष शुक्ला, शत्रुहन देशलहरे, कृष्णा राठी, नरेन्द्र नायक आदि अधिकारीगण मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब ऑफ रायपुर क्वींस ने जीता प्रतिष्ठित जेनिफर जॉन्स अवार्ड



**रायपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। रविवार को हुए रोटरी डिस्ट्रिक्ट अवॉर्ड सेरेमनी मेंरोटरी क्लब ऑफ रायपुर चींस ने प्रतिष्ठित जेनिफर जॉन्स अवार्ड जीता। इस मौके पर चींस ने 9 कैटेगरी मे अवॉर्ड्स जीते है।

यह 9 अवार्ड है =- इमेजिन आउटस्टैंडिंग प्रेसिडेंट- निशा अग्रवाल, आउटस्टैंडिंग सेक्रेटरी- स्मिता सराफ आउटस्टैंडिंग ए जी कंट्रीब्यूशन टू डिस्ट्रिक्ट, बेस्ट सपोर्टिंग क्लब सपोर्ट टू रोटरी फाउंडेशन सपोर्ट टू डिस्ट्रिक्ट मेंबरशिप ग्रोथ इमर्जिंग रोटेरियन- शैली चुगानी आउटस्टैंडिंग असिस्टेंट गवर्नर- नीलम शारदा गतिशील मेधावी चींस ने इन सभी अवॉर्ड्स का श्रेय अपनी टिम मेमबर्स को देते हुए एकता का बल दिखाया है।

# धारदार चाकू के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। दिनांक 06.08.2023 को थाना खमतराई पुलिस की टीम द्वारा थाना खमतराई क्षेत्रांतर्गत भनपुरी स्थित दर्री तालाब हनुमान मंदिर के पास हाथ में धारदार बटनदार चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित करते *आरोपी शुभम साहू पिता सच्चिदानंद साहू उम्र 19 साल निवासी तारा किराना स्टोर के पास न्यू आनंद नगर भनपुरी थाना खमतराई रायपुर* को गिरफ्तार कर उसके *कब्जे से अवैध रूप से रखें 01 नग धारदार चाकू जप्त* कर आरोपी के विरूद्ध थाना खमतराई में अपराध क्रमांक 667/23 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। इसी प्रकार थाना खमतराई क्षेत्रांतर्गत भनपुरी रामेश्वर नगर स्थित जूटमील पास हाथ में धारदार चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित करते *आरोपी प्रेमसिंग साहू पिता सुखराम साहू उम्र 18 साल निवासी कमल चौक रामेश्वर नगर भनपुरी थाना खमतराई रायपुर* को गिरफ्तार कर उसके *कब्जे से अवैध रूप से रखें 01 नग धारदार चाकू जप्त* कर आरोपी के विरूद्ध थाना खमतराई में अपराध क्रमांक 668/23 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

# अव्यवस्थित पार्किंग पर सख्त हुई रायपुर पुलिस



**रायपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। ढाबा-कैफे के सामने अव्यवस्थित पार्किंग पर रायपुर पुलिस सख्ती दिखाने लगी है। वीआईपी रोड एवं रायपुर-महासमुंद हाइवे पर ढाबा और कैफे के संचालकों के साथ वाहन चालकों के खिलाफ रायपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अलग-अलग थानों में मामला दर्ज किया है। इसके साथ ही अन्य ढाबा और कैफे संचालकों को अव्यवस्थित पार्किंग पाए जाने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी है

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बीच रोड में चारपहिया वाहन खड़ी कर यातायात बाधित करने वाले 2 वाहन चालकों सहित बिना पार्किंग व्यवस्था के कैफे एवं ढाबा संचालन करने वाले दीया कैफे और ग्रीन लाइट ढाबा संचालकों के विरूद्ध कार्रवाई की गई है। 6 अगस्त को थाना तेलीबांधा क्षेत्रांतर्गत वीआईपी रोड स्थित दीया कैफे के सामने मुख्य मार्ग के सर्विस रोड में रेंज रोवर वाहन क्रमांक सी जी/ 04/ जे एच/ 2121 का चालक जानबूझकर वाहन को बीच रोड में खड़ी कर कैफे चला गया था, जिससे आने-जाने वाले आमजनों को सामान्य तौर पर बाधा उत्पन्न हो रहा था।

**दो ढाबा-कैफे संचालकों के साथ वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई**

मामले में थाना तेलीबांधा पुलिस की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त स्थान पर जाकर उक्त वाहन चालक पुष्पेन्द्र कुमार भार्गव पिता स्व. महेन्द्र भार्गव (30 साल) निवासी कोटा कॉलोनी, थाना सरस्वती नगर, रायपुर के उक्त वाहन को जप्त करते हुए वाहन चालक पुष्पेन्द्र साहू एवं दिया कैफे के संचालक के विरूद्ध थाना तेलीबांधा में धारा 283, 34 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई। इसी तरह थाना तेलीबांधा क्षेत्रांतर्गत लाभाण्डी अग्रसेन धाम चौक पास स्थित ग्रीन लाइट ढाबा के सामने मुख्य मार्ग में वाहन क्रमांक सीजी/22/एसी/5333 के चालक द्वारा वाहन को बीच रोड में जानबूझकर खड़ी कर ढाबा चला गया था. थाना तेलीबांधा पुलिस की टीम ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए वाहन को जप्त करने के साथ वाहन चालक किरीत गोहिल पिता नारायण गोहिल (42 साल) और ग्रीन लाइट ढाबा के संचालक के विरूद्ध थाना तेलीबांधा में धारा 283, 34 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई।

## रक्षाबंधन पर रहेगा भद्रा का साया

रायपुर, 7 अगस्त (देशबन्धु)। इस साल रक्षाबंधन पर भद्रा का साया रहेगा. जानकारों के अनुसार इस बार राखी का पर्व 30 और 31 अगस्त 2023 दोनों दिन मनाया जा सकेगा। रक्षाबंधन का पर्व हमेशा ही भद्रा रहित काल में मनाया जाता है, साथ ही शुभ मुहूर्त देखकर ही भाई की कलाई पर राखी बांधी जाती है। 30 अगस्त 2023 को भद्रा रात 9.02 मिनट तक रहेगी। इसके बाद ही राखी बांध सकते हैं। पंचांग अनुसार 30 अगस्त को राखी बांधने के लिए रात 09.03 के बाद का समय शुभ है

30 अगस्त को पूर्णिमा तिथि सुबह 10 बजकर 58 मिनट यानी करीब 11 बजे से शुरू हो रही है अगले दिन यानी 31 अगस्त को 7 बजकर पांच मिनट तक पूर्णिमा रहेगी.

राखी बांधने का शुभ मुहूर्त 30 अगस्त की रात 9 बजकर एक मिनट से लेकर अगले दिन यानी 31 अगस्त को सुबह 7 बजकर पांच मिनट तक बताया जा रहा है। भद्राकाल 30 अगस्त को 10.58 से लेकर रात 9 बजकर 01 मिनट तक रहेगा।

# होली हार्ट्स स्कूल से शुरू हुआ अभियान 'जिंदगी न मिलेगी दुबारा'



**रायपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई एवम रायपुर पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में जिंदगी न मिलेगी दुबारा कार्यक्रम का शुभारंभ होली हार्ट्स स्कूल सिविल लाइन में किया गया। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई के अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया तीन विषय पर अभियान चलाया जा रहा है। नशा मुक्ति अलक्षरेंद्र मोगरे, ट्रैफिक नियम पर टी के भोई, हेल्थ एंड हाइजीन डॉ निशी सभी ने बच्चो को नियम और टिप्स दिए होली हार्ट्स स्कूल के संचालक आशुतोष सिंह ने बताया कक्षा 11 और कक्षा 12 को इस अभियान में शामिल किया है और सभी बच्चे आज कुछ सीख कर जाएंगे। संत युधिष्ठिर लाल ने अपने उद्बबोधन में कहा युवा वर्ग को अभी से सभी बुरी आदतों से दूर होना चाहिए। युवा देश का भविष्य है और नशा मुक्ति का अभियान सभी स्कूल में चलना चाहिए। साथ में सेहत और खान पान का विशेष ध्यान रखना। चाहिए ट्रैफिक नियम बहुत जरूरी है हम राजधानी के निवासी है हमको सब नियम सबसे पहले पालन करना चाहिए और बच्चो को भी सभी नियम का पता रहना चाहिए। सिंधी एकेडमी के अध्यक्ष राम गिडलानी ने कहा अनुशासन ही आप को जीवन में सही दिशा देता है और जो बच्चा अनुशासन सीख गया वो पूरा जीवन अपना सुरक्षित कर लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शदाणी दरबार के सचिव उदय शदाणी, अनिल ज्योत्सिंघानी, बंटी गावड़ा, भजनदास तलरेजा, बाबूराम आहूजा, कमल लहेजा, महेश खिलनानी, डॉ एन डी गजवानी एवम अन्य उपस्थित थे।

# वन विभाग की उपेक्षा से इंद्रावती टाइगर रिजर्व में घटे बाघ : सिंघवी

**रायपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। वन विभाग के अधिकारियों द्वारा इंद्रावती टाइगर रिजर्व की उपेक्षा किए जाने पर वन्य जीव प्रेमी नितिन सिंघवी ने वन मंत्री को पत्र लिखकर बताया है कि 2020 से 2023 के बीच, 2799 किलो मीटर में फैले, *प्रदेश के सबसे बड़े टाइगर रिज़र्व इंद्रावती टाइगर रिजर्व* को मात्र रु 5 करोड 5 लाख का आवंटन किया गया है। यह आवंटित राशि भी पूरी खर्च नहीं की गई। इसमें से मात्र 3 करोड 66 लाख ही खर्चा किया गया। मध्य कैम्पा और विभाग की मद से कोई राशि नहीं दी गई। 2018 में यहाँ 3 बाघ थे और 2022 के एस्टीमेशन में सिर्फ 1 बाघ ही बचा हैं।

इंद्रावती टाइगर रिजर्व वन विभाग के उच्च अधिकारियों की नजर में किस कदर उपेक्षित है इसका प्रमाण देते हुए बताया गया कि 914 वर्ग किलोमीटर में फैले प्रदेश के सबसे छोटे टाइगर रिजर्व अचानकमार टाइगर रिजर्व* को वर्ष 2019 से 2023 फरवरी तक विभागीय मद से रु 32 करोड 23 लाख, प्रोजेक्ट टाइगर मद से रु 13 करोड 15 लाख, और कैम्पा मद से रु 69 करोड 31 लाख की राशि कुल रु 114 करोड 78 लाख आवंटित की गई। 2018 में यहाँ 5 बाघ थे और 2022 के एस्टीमेशन में भी 5 बाघ हैं। 1824 वर्ग किलोमीटर में फैले उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व को वर्ष 2019 से 2023 फरवरी तक विभागीय मद से रु 18 करोड 24 लाख, प्रोजेक्ट टाइगर मद से रु 7 करोड 89 लाख, और कैम्पा मद से रु 17 करोड 56 लाख की राशि कुल रु 43 करोड 69 लाख आवंटित की गई।

# केंद्रीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने किया भाखानि मंदिर हसौद का भ्रमण



**रायपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। केंद्रीय विद्यालय रायपुर के छात्र=छात्राओ को भाखानि मंदिर हसौद का भ्रमण कराया गया। प्रबंधक गोदाम सौरभ पोरवाल व राम स्वरूप मीणा ने भाखानि की विभिन्न कार्य प्रणाली के बारे में तथा भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न लाभकारी योजनाओं एव उद्देश्यों से छात्र=छात्राओ को अवगत कराया। प्रबंधक गुण नियत्रक पवन लोनी व मनोज कुमार ने फोर्टी फाई चावल में पाए जाने वाले पोषक तत्वों, उनके महत्व के बारे मे जानकारी दी। सभी प्रबंधको और सहायको ने छात्र=छात्राओ को भाखानि में होने वाली विभिन्न कार्यप्रणाली से अवगत कराया और बच्चों के सवालों का जवाब दिया। इस दौरान भारत सरकार की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षिका श्रीमती शिवानी मलिक शिक्षक एन डी साहू, पी पी कौशिक मौजूद रहे।

## संपादकीय

### क्यों है मुश्किल इन्हें सड़कों से हटाना ?

*पालतू मवेशियों को सड़कों पर छोड़ा जाना सिर्फ दुर्घटनाओं से जुड़ा हुआ नहीं है बल्कि यह उनकी देखभाल से भी जुड़ा है। शहरों में बड़ी संख्या में मवेशी सड़कों पर विचरते रहते हैं। चूंकि शहरों में फसलों की मवेशियों से सुरक्षा का कोई प्रश्न नहीं है इसलिए जहां कोई रोका-छेका भी नहीं है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सरकार ने आवारा मवेशियों से फसलों की सुरक्षा के लिए रोका-छेका अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत आवारा मवेशियों को गौठानों में रखकर उनसे होने वाली क्षति से फसलों को बचाना है। आवारा मवेशियों को सड़कों विचरण करते हर जगह देखा जा सकता है। इन मवेशियों के कारण कई बड़ी दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। इन दुर्घटनाओं में मवेशी भी मारे जाते रहे हैं। इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए एक जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने ऐसे मवेशियों को सड़कों से हटाने का निर्देश राज्य शासन को दिया है। मुख्य सचिव ने सभी कलेक्टरों को इस निर्देश पर पूरी गंभीरता से अमल करने को कहा है,लेकिन इसे प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया जा सका है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर बसे शहरों में इस तरह की कार्रवाई हो रही है। मवेशियों को पकड़ा जा रहा है कि शहरों से बाहर छोड़ दिया जा रहा है। उन्हें स्थाई रूप से रखने व देखभाल की उचित व्यवस्था नहीं की जा रही है। शहरों की प्रायः सड़कों पर ऐसे आवारा मवेशी आज भी विचरण कर रहे हैं। मवेशियों को सड़कों पर छोड़ने वाले पशुपालकों के विरूद्ध कड़ी चेतावनी का भी उन पर कोई असर नहीं हुआ है। बिलासपुर में आवारा मवेशियों की समस्या बहुत गंभीर है। हाईकोर्ट भी इसी शहर में है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित हाईकोर्ट के जजों को भी सड़कों पर डेरा डाले मवेशियों बचकर आना-जाना पड़ता है। हाईकोर्ट के अधिकारियों ने जब नगर निगम को आवारा मवेशियों को सड़कों से हटाने का निर्देश दिया तो इन मवेशियों को पकड़कर गोकुलनगर की सड़कों पर छोड़ दिया गया। ये मवेशी अब वहां भी एक समस्या बन चुके हैं। बारिश के इस मौसम में ये मवेशी सड़कों पर जमे रहते हैं। लोगों से सड़कों से निकलना मुश्किल हो जाता है। गोकुल नगर में कई घोषित, अघोषित डेयरियां भी हैं। डेयरियों की गायें भी सड़कों पर छोड़ दी जाती हैं। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि डेयरी के भीतर रखने से होने वाली गंदगी की सफाई करने की जहमत न उठानी पड़े। मवेशी बारिश में भीगते हुए सड़कों पर पड़े रहते हैं। गोकुल नगर में नगर निगम ने दो करोड़ की लागत से सीसी रोड का निर्माण कराया है। यह सड़क शाम ढलने के साथ गौठान सा नजर आती है। सुबह सड़क पर गोबर ही गोबर। नगर निगम के अधिकारियों को यहां की सड़कों से मवेशियों को हटाने की कोई जरूरत महसूस नहीं होती। यहां सड़कों से मवेशियों को हटाने के निर्देश का पालन कराना जरूरी नहीं है? सड़क सुरक्षा के साथ ही मवेशियों की देखभाल का काम करने वाली संस्थाओं को भी यह देखना चाहिए। राज्य सरकार ने पशुपालन को आय का जरिया बनाने के लिए गोधन न्याय योजना चला रही है। पशुपालकों से दो रूपए किलो की दर से गोबर की सरकारी खरीदी हो रही है। शहरी पशुपालकों को इस योजना में कोई रूचि नहीं है।*

### उल्टा पुल्टा

एक बार एक बादशाह ने खुशी में सब कैदी को रिहा कर दिए। उन कैदियों में बादशाह ने एक कैदी को देखा जो बहुत ही बुजुर्ग था।

**बादशाह:** तुम कब से कैद में हो?

**बुजुर्ग:** आप के अब्बा के दौर से।

यह सुनकर बादशाह की आँखों में आँसू आ गये और बोला- इसको दोबारा कैद करो ये अब्बा की निशानी है।

# आईएमए ने निकाली अंगदान जागरूकता रैली



**दुर्ग,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन दुर्ग शाखा द्वारा राष्ट्रीय अंगदान महोत्सव पर सिविल लाईन क्षेत्र में रैली निकाली गई तथा दादा दादी, नाना नानी पार्क में सभा करके उपस्थित लोगों को अंगदान के महत्व के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर रक्तदान, देहदान, अंगदान के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य करने वाली संस्था नवदृष्टि फाउण्डेशन के स्वयं सेवकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईएमए के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. शरद पाटणकर, आईएमए की अंगदान समिति के राष्ट्रीय सदस्य डॉ. अजय गोवर्धन, एवं आईएमए सचिव डॉ. राजीव चंद्राकर, ने स्वयं सेवकों का पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।

इस अवसर पर आईएमए की ओर से डॉ. शरद पाटणकर, डॉ. अजय गोवर्धन, एवं डॉ. नवीन राम दारूका ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेत्रदान, रक्तदान इत्यादि के अलावा विशेष रूप से अंगदान पर जोर दिया। बताया गया कि एक से डेढ़ लाख लोगों की मौत अंग न मिलने के कारण प्रतिवर्ष हो जाती है। कार्यक्रम का संचालन मुस्कान ग्रुप के योगेश पाण्डेय द्वारा किया गया।

# स्वतंत्रता दौड़ 14 अगस्त को सुबह 8 बजे से

**दुर्ग,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा के निर्देशानुसार जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग द्वारा 14 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में एक दिन पूर्व 'स्वतंत्रता दौड़' का आयोजन किया जाएगा। स्वतंत्रता दौड़ प्रातः 8 बजे रविशंकर स्टेडियम दुर्ग के मुख्य गेट से आरम्भ होकर आदर्श कन्या शाला, गांधी चौक, पटेल चौक, पुराना दुर्ग थाना, इंदिरा मार्केट, फरिश्ता कॉम्पलेक्स चौक, पचरीपारा नया बस स्टैंड रोड़ से बस स्टैंड होकर चर्च रोड़ से होते हुए पुनः मुख्य गेट रविशंकर स्टेडियम पहुँचकर समाप्त होगी।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक से मिली जानकारी के अनुसार स्वतंत्रता दौड़ में विद्यालय, महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं, अध्यापक, खिलाड़ी, गणमान्य नागरिक, समस्त शासकीय एवं अशासकीय अधिकारी-कर्मचारी एवं समस्त स्थानीय समाचार पत्रों के पत्रकार आमंत्रित है।

# प्रदेश स्तरीय हांडी लूट प्रतियोगिता की तैयारी शुरू



### पोस्टर का विमोचन

**दुर्ग,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ कोसरिया अहीर यादव समाज द्वारा 10 सितम्बर को आजाद चौक, बस स्टैण्ड, गौठान मंच पाटन में आयोजित प्रदेश स्तरीय माखन हांडी लूट प्रतियोगिता की तैयारी शुरु हो गई है। इसके पोस्टर का विमोचन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल ने किया। यादव समाज के गहिरा गुरु राजेश यादव ने बताया कि मक्खन हांडी लूट प्रतियोगिता का प्रथम बार आयोजन किया जा रहा है। इसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से अनेक मक्खन हांडी लूट प्रतियोगियों का समूह शामिल होंगे। पुरुष वर्ग प्रथम पुरस्कार 21 हजार रूपए; 25 फीट हाईट महिला वर्ग प्रथम पुरस्कार 11 हजार रूपये; 15 फीट हाईट बाल गोपाल प्रथम पुरस्कार 5 हजार रूपये 10 फीट हाईट रहेगा। अन्य प्रतिभागियों को छत्तीसगढ़ कोसरिया अहीर यादव सेवा समाज पाटन, जिला दुर्ग द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंट कर पुरस्कृत व सम्मानित किया जाएगा। पोस्टर विमोचन अवसर पर यादव समाज के गहिरा गुरु राजेश यादव, युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष राकेश यादव, प्रदेश सचिव दीपाली यादव, दुर्ग जिला अध्यक्ष विजय यादव, कृष्णा भगवान मंदिर अहीर समाज रायपुरा ट्रस्ट की कोषाध्यक्ष वर्षारितु यादव मौजूद रहे।

# सार्वजनिक बिजली, शिक्षकों, मानसिक दिव्यांगों के उपचार के लिये भूमि की मांग का आवेदन

### कलेक्टर जनदर्शन में आज मिले 156 आवेदन



**दुर्ग,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टोरेट में आज लगे जनदर्शन में कुल 156 आवेदन मिले। इनमें सोशल वेलफेयर एंड रिचर्स आर्गेनाइजेशन द्वारा मानसिक दिव्यांगों के उपचार सहित अन्य कल्याण कार्यो के लिये भूमि या भवन आबंटन की मांग की। इस पर कलेक्टर ने एसडीओ दुर्ग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिये।

जनदर्शन में उक्त आर्गेनाइजेशन के प्रतिनिधियों ने बताया कि अब तक उन्होंने 1 हजार 440 हितग्राहियों को विभिन्न नशों से मुक्ति करने उपचार कर उन्हें लाभान्वित किया गया है। इसके अलावा मानसिक दिव्यांगों का उपचार वृद्धाश्रम के वृद्धों को भोजन, आवास एवं स्वास्थ्य की निःशुल्क व्यवस्था दी जा रही है। प्रतिनिधियों ने बताया कि नशा मुक्ति केन्द्र, वृद्धाश्रम, मल्टी थेरेपी सेंटर के भवन अलग अलग तथा दूरी पर है जिससे कार्य करने में काफी बाधा आती है। इन सभी कार्यो के लिये एक ही भवन का होना जरूरी है। सदस्यों ने इन सभी के लिये एक ही भवन या भूमि आबंटित करने की मांग की है।

धमधा ब्लाक के ग्राम रूहा के निवासियों ने गांव में बिजली कनेक्शन की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि उनके मोहल्ले में 15 घर है जो सभी बीपीएल है। बिजली न होने से बच्चों की पढ़ाई काफी प्रभावित हो रही है। कलेक्टर इस पर विद्युत विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिये। शासकीय प्राथमिक शाला अरसनारा में शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की है। नगपुरा वासियों ने आधार कार्ड अपग्रेडशन के लिये शिविर लगाने की मांग की।

ग्राम बोरई के किसानों ने कलेक्टर से करेला डायव्हर्सन के अंतर्गत बनी नहर के टूट जाने से किसानों को हुई फसल क्षति का मुआवजा दिलाने की मांग की। इन सभी मामलों में कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिये।

इसी जनदर्शन में अवैध कब्जा, बंटवारा, आर्थिक सहायता, सीमांकन स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रवेश, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड सहित अनेक विषयों को लेकर आवेदन सौंपे गये। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिये।

# मुख्यमंत्री महारुद्राभिषेक में शामिल हुए



**भिलाई नगर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज भिलाई नगर के सेक्टर-7 स्थित शिवधाम तालाब में महारुद्राभिषेक कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने भगवान शिव की पूजा अर्चनाकर अभिषेक किया और प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। उन्होंने इस बढ़िया आयोजन के लिए पूरे टीम को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि विगत सात और आठ वर्षों से आयोजन किया जा रहा है, आज तालाब में बहुत परिवर्तन हो गया है। भोले नाथ हर जगह विराजे है, भगवान शिव ने ही विवाह नाम की संस्था को विकसित किया है। शिव सबको जोड़ने का नाम है। तंत्र के जनक शिव है। भगवान शिव सबकी मनोकामना पूरी करे। कार्यक्रम को विधायक श्री देवेंद्र यादव और महापौर नीरज पाल ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर विधायक देवेन्द्र यादव, अरुण वोरा, महापौर भिलाई नीरज पाल, महापौर दुर्ग धीरज बाकलीवाल, पार्षद लक्ष्मीपति राजू, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

# विधायक निवास में पं. प्रदीप मिश्रा का स्वागत



**बेमेतरा,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। विधायक निवास में विख्यात कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा जी (सीहोर वाले) का आगमन हुआ इस दौरान विधायक आशीष छाबड़ा के पिता एवं लायंस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र छाबड़ा ने पंडित प्रदीप मिश्रा का पुष्प हार से स्वागत किया तथा उनका आशीर्वाद लिया इस अवसर पर जितेंद्र कुमार शर्मा,प्रदीप कुमार अग्रवाल,पवन अग्रवाल, ओम मिश्रा सहित ठा. बसंत रहे उपस्थित ।

# हेमचंद विवि में भारतीय सेना के अधिकारी सम्मानित



**दुर्ग,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। सैनिकों का सम्मान समर्पण की भावना का सम्मान है। किसी सैनिक को सम्मानित करने पर पूरा समाज अपने आपको गौरवांवित महसूस करता है। यह उद्गार हेमचंद यादव वि.वि., दुर्ग की कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा ने आज व्यक्त किये। डॉ. पल्टा आज ''वीरों का वंदन'' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित रहीं।

भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत शिक्षण संस्थाओं में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जानी है। इसी निर्देष के परिपालन में कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा द्वारा गठित समिति के निर्णय अनुसार 37 एनसीसी बटालियन, दुर्ग के कर्नल हेमंत दुबे, कमान्डिंग ऑफिसर तथा सूबेदार मेजर भूपति थापा का सम्मान वि.वि. द्वारा किया गया। दीप प्रज्जवलन के साथ आरंभ हुए इस कार्यक्रम का संचालन वि.वि. के एनएसएस समन्वयक, डॉ. आर. पी. अग्रवाल ने तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने किया। कुलसचिव, श्री कुलदीप ने मेरा माटी मेरा देष अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला। अपने सम्मान के उत्तर में कर्नल हेमंत दुबे ने धन्यवाद देते हुए कहा कि यह किसी व्यक्ति विशेष का सम्मान नहीं बल्कि पूरी भारतीय सेना का सम्मान है। वीरों का वंदन कार्यक्रम में सम्मानित गोरखा रेजिमेंट के सूबेदार मेजर भूपति थापा ने सेना में अपनी पोस्टिंग भारत चीन सीमा के दौरान घटित विभिन्न प्रसंगों का उल्लेख किया। श्री थापा ने कहा कि सेना में रहकर देश सेवा करने का अलग आनंद है।

इस सम्मान समारोह में वि.वि. की डीसीडीसी, डॉ. प्रीता लाल, शासकीय गर्ल्स कॉलेज, दुर्ग की सेवा निवृत्त प्राचार्य, डॉ. शशिकांता भारद्वाज, भिलाई महिला महाविद्यालय, भिलाई की प्राचार्य, डॉ. संध्या मदन मोहन, प्राध्यापक, डॉ. रूपम अजीत यादव, साइंस कॉलेज, दुर्ग की डॉ. सपना शर्मा सारस्वत, शासकीय कन्या महाविद्यालय, दुर्ग की डॉ. अमिता सहगल, डॉ. मीनाक्षी अग्रवाल, डॉ. रेशमा लाकेश सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थें।

# पिकनिक मनाने गये युवक की नदी में डूबने से मौत, शव बरामद

**दुर्ग,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। फेंडशिप डे पर गत 6 अगस्त को शिवनाथ नदी में पिकनिक गये युवक विकास यादव की आज सुबह लाश बरामद कर ली गई है। युवक गत दिवस नदी में हाथ धोने किनारे पर उतरा मगर तेज बहाव के साथ बह गया। पुलिस सूचना पाते ही तत्काल एसडीआरएफ के जवानों की मदद से युवक को नदी से निकालने का प्रयास किया मगर सफलता नहीं मिली। आज फिर एसडीआरएफ की टीम ने प्रयास शुरू किया और लाश बरामद कर ली गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार मृतक विकास यादव कांट्रेक्टर कालोनी सुपेला वार्ड 17 का निवासी था। वह 6 अगस्त की शाम लगभग 5 बजे शिवनाथ नदी के जेवरा सिरसा खमरिया भट्टा पहुंचा था। यहां वह पिकनिक मनाते हुए नदी में उतरकर हाथ धोने लगा कि अचानक पैर फिसल गया। यहीं किनारे में बैठे दोस्तों ने उसे आवाजें भी दी मगर वह नदी के बहाव में ही बहता चला गया। दोस्तों ने इसी बीच जेवरा सिरसा पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस टीम एसडीआरएफ की टीम के साथ मौके पर पहुंची। शाम डूबते डूबते तक युवक की नदी में तलाश की मगर विफलता हाथ लगी। आज सुबह जब फिर कोशिश की तो उसका शव बरामद किया गया।

# कांवर यात्रा का सत्ती चौरा में स्वागत



**दुर्ग,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। आज पांचवा सावन सोमवार को शिवनाथ नदी से जल लेकर प्राचीन शिव मंदिर छातागढ़ मोहलाई जा रहे सैकड़ों कांवड़ियों का सत्ती चौरा गंजपारा में जनसमर्पण सेवा एवं गंजपारा निवासियों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। लगभग 2 सौ कांवड़ियों ने यहां पर विश्राम कर बाबा भोलेनाथ मंदिर सत्ती चौरा में जल अर्पण करने के बाद छातागढ़ के लिये रवाना हुए।

शिवनाथ नदी से छातागढ़ जा रहे कांवरियों के साथ श्रद्धालुओं का बड़ा ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# भाजपा का आज लोक निर्माण विभाग कार्यालय का घेराव व प्रदर्शन

### कमजोर गुणवत्ता, सड़क निर्माण में कमीशन खोरी का आरोप

**दुर्ग,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा द्वारा कल 8 अगस्त को सुबह 11 बजे अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग के कार्यालय का घेराव किया जायेगा। भाजपा कार्यकर्ता, हिन्दी भवन के सामने एकत्रित होकर यहां से रैली के रूप में लोक निर्माण विभाग कार्यालय जाकर वहां जर्बदस्त धरना प्रदर्शन व घेराव करेगें। आज इसी सिलसिले में जिला भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा की अध्यक्षता में बैठक लेकर धरना प्रदर्शन कार्यक्रम की रणनीति निर्धारित की गई ।

बैठक में अध्यक्ष श्री वर्मा एवं अन्य वक्ताओं ने कहा कि दुर्ग जिले में अभी जितनी भी सड़कें बनाई गई है वे सभी गुणवत्ता की दृष्टि से बेहद कमजोर है। सभी सड़कों की गिट्टियां, डामर उधड़ गई है और पहली बरसात में ही निर्माण कार्यो की पोल खुल गई। वक्ताओं ने इस मामले में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों पर सत्तारूढ़ नेताओं से मिलकर कमीशन खोरी का आरोप भी लगाया है। बैठक में प्रमुख रूप से जिला भाजपा महामंत्री ललित चंद्राकर, सुरेन्द्र कौशिक, उपाध्यक्ष विनायक नातू, राजा महोबिया, विजय ताम्रकार, पार्षद अरूण सिंह, मीना सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# आप पार्टी की स्वतंत्रता दिवस पर महिलाओं की अनूठी प्रतियोगिता, 77 फीट का फहरायेगें तिरंगा

**दुर्ग,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी द्वारा इस स्वतंत्रता दिवस पर लीक से हटकर अनूठा आयोजन करने का निर्णय लिया है। इसके अंतर्गत पुराने बस स्टैंड में 77 फीट का तिरंगा झंडा फहराया जायेगा।

शहर के सभी 60 वार्डो की महिलाओं की एक प्रतियोगिता होगी और इसमें प्रथम, द्वितीय, आने वाली महिला समूहों को नकद राशि से पुरस्कृत किया जायेगा।

इस प्रतियोगिता में जो महिला समूह संख्या बल भारत माता की वेशभूषा, देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत होगा, उन्हें प्रथम 21 हजार एवं द्वितीय 11 हजार की नकद राशि एवं स्मृति चिन्ह इत्यादि से पुरस्कृत किया जायेगा।

प्रत्येक समूह की महिलाओं को तिरंगा झंडा लेकर आना होगा, पं. नेहरू तथा अन्य क्रांतिकारियों का रूपधारण करके आने वालों को प्राथमिकता में वरीयता दी जायेगी।

आम आदमी पार्टी के लोकसभा अध्यक्ष डॉ. एस.के.अग्रवाल ने वरूण जोशी को कार्यक्रम प्रभारी बनाया है। संपूर्ण कार्यक्रम ध्वजारोहण से लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम पुराने बस स्टैंड में होगें।

# दो दिनों से खिली धूप खेती के लिये अनुकूल

**दुर्ग,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। विगत दो दिनों से वर्षा न होकर मौसम खुला होने से शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रौनक देखी जा रही है। बाजारों में भी अच्छी खासी भीड़ आ रही है। ग्राहकी उत्साहवर्धक है तो खेतों में भी अच्छी फसल के आसार मजबूत हो रहे है।

लगातार कभी तेज तो कभी शावर वर्षा के कारण बाजार काफी प्रभावित हो रहे थे। ग्राहकी ठप्प पड़ने लगी थी। खेतों में भी पानी भर जाने से धान की फसल को कहीं कहीं क्षति पहुंचने की आशंका व्यक्त की जाने लगी थी। अब विगत दो दिनों से मौसम काफी खुला है। धूप निकल रही है तो लोग खुलकर बाजार हाट कर रहे है। किसानों के अनुसार धान फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका व्यक्त की जा रही थी। अब धूप खिलने से खेतों में भरा पानी काफी हद तक सूखने लगा है। फसल के लिये अच्छी संभावनाओं से भरा वातावरण बना है। कतिपय किसानों ने कहा कि यदि एक दो दिन मौसम इसी तरह खुला रहा तो धान के पौधों में मजबूती आयेगी।



अब तक 501.8 मिमी वर्षा : जिले में 1 जून से 7 अगस्त तक 501.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। इसमें सर्वाधिक वर्षा 684.6 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 261.0 मिमी. बोरी तहसील में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील दुर्ग में 467.8 मिमी, तहसील धमधा में 510.9 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 514.2 मिमी और तहसील अहिवारा में 572.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई। 7 अगस्त को तहसील दुर्ग में 0.0 मिमी, तहसील धमधा में 3.2 मिमी, तहसील पाटन में 0.0 मिमी, तहसील बोरी में 6.5 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 0.0 मिमी और तहसील अहिवारा में 6.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

# चैतन्य व निर्मल के नेतृत्व में निकली कांवड़ यात्रा



**भिलाईनगर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। भिलाई-3 चरोदा नगर निगम क्षेत्र में सावन के पांचवें सोमवार को विशाल कांवड़ यात्रा निकाली गई। इसकी शुरुआत चरोदा बस्ती के प्राचीन कुआं से कांवड़ में जल लेकर हुई। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सुपुत्र चैतन्य बघेल व महापौर निर्मल कोसरे के साथ हजारों कांवड़ि, बोलबम का जयकारा लगाते हुए इस यात्रा में सहभागिता दी। चरोदा बस्ती के प्राचीन कुआं से देवबलोदा तक आज विशाल कांवड़ यात्रा निकाली गई। कांवड़ियों के बोलबम के जयकारे लगातार गूंजते रहे। चरोदा बस्ती से लेकर देवबलोदा तक की सड़क भगवा रंग में सराबोर रही। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल और महापौर निर्मल कोसरे के साथ भिलाई-चरोदा नगर निगम क्षेत्र के पूरे 40 वार्ड के शिव भक्त इस कांवड़ यात्रा में शामिल हुए। कांग्रेस पार्टी के नेता अनेक पार्षद और पक्ष विपक्ष जनप्रतिनिधियों ने भी कांवड़ यात्रा में हिस्सा लिया। कांवड़ यात्रा के दौरान हर हर महादेव और बोलबम का जयकारा पूरे रास्ते भर गूंजता रहा। चैतन्य बघेल और महापौर निर्मल कोसरे ने हजारों महिलाएं व पुरुष कांवड़ियों के साथ धोती व कुर्ता का पारम्परिक परिधान पहने कांवड़ उठाकर देवबलोदा का सफर पैदल तय किया । कांवड़ यात्रा का चरोदा हनुमान मंदिर, स्टेट बैंक, पंचशील नगर, पदुम नगर, सीएम हाउस के पास स्वागत किया गया। सिरसा चौक पर मुस्लिम समाज ने स्वागत के साथ कांवड़ियों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था रखी थी। सिरसा चौक से अण्डरब्रिज होते हुए जी.केबिन पहुंचने पर कांवड़ियों का स्वागत हुआ। यहां से देवबलोदा पहुंचकर प्राचीन शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक व रुद्राभिषेक करने के बाद भोग वितरण किया गया। इस अवसर पर निगम के एमआईसी सदस्य मोहन साह, एस.वेंकट रमना, एम.जॉनी, मनोज डहरिया, देवकुमारी भलावी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज मढ़रिया, महामंत्री पप्पू चन्द्राकर, बीएन राजू, युवा कांग्रेस नेता असफाक अहमद, युवराज कश्यप, इन्द्रजीत यादव, अरमान अहमद, शरद यादव आदि उपस्थित थे।

### राज राजेश्वरी मंदिर में हुई पूजा-अर्चना

**भिलाई।** सावन के पवित्र सोमवार को राजराजेश्वरी मंदिर में बोल बम एवं सेवा कल्याण समिति की ओर से भव्य पूजा-अर्चना की गई। रूद्रामहाभिषेक का आयोजन किया गया। इस सोमवार को विशेष पूजा-अर्चना करने के लिए भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल पहुंचे थे। उन्होंने पूजा-अर्चना की और देश की खुशहाली के लिए कामना की। बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष दया सिंह ने बताया कि आचार्य कान्हा महाराज द्वारा मंत्रोच्यार के साथ पूजा अर्चना हुई। सभी विधि विधान से पूजा कराई गई। दो घंटे तक जामवाल मौजूद रहें। पूजा के बाद 1100 रूद्राक्ष बांटे गए। ये सभी रूद्राक्ष महाकाल की नगरी उज्जैन से लाया गया है। दया सिंह ने बताया कि पूजा के बाद प्रसाद वितरण किया गया। 51 किलो लड्डू भी बांटे गए। इस दौरान महिला मोर्चा की महामंत्री कंचन सिंह, वीणा चंद्राकर, सुमन कन्नौज, शकुंतला साहू, सरिता बघेल, ईश्वरी नेताम, ज्योति चौधरी, मुकेश शर्मा, प्रमोद सिंह, प्रशांत, पवन मिश्रा, बीणा शर्मा, प्रेमकिशन साहू, रॉकी साहू, पुष्पा राव समेत अन्य सेंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहें। राज राजेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना के बाद क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल दया सिंह के निवास पहुंचे। जहां दया के साथ कई विषयों में चर्चा हुई और परिजनों से मुलाकात की।

# हैंडबाल एसोसिएशन की वार्षिक सामान्य सभा संपन्न




**भिलाईनगर,** 7 अगस्त (देशबन्धु) को छत्तीसगढ़ हैंडबाल एसोसियेषन की कार्यकारिणी एवं वार्षिक सामान्य सभा की बैठक होटल सेंट्रल पाक में छत्तीसगढ़ हैंडबाल संघ के चेयरमेन विनोद चंद्राकर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उक्त बैठक में छत्तीसगढ़ हैंडबाल संघ के अध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव, उपाध्यक्ष सैय्यद इमरान अली, उपाध्यक्ष आषिश यादव, महासचिव समीर खान, सहसचिव जितेन्द्र तिवारी, सहसचिव एस.के.डी. मिश्रा, सहसचिव हरिशचंद्र वर्मा उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रुप से छत्तीसगढ़ ओलम्पिक एसोसियशन के कोषाध्यक्ष सहीराम जाखड़, जी.पी. तिवारी उपस्थित थे। उपरोक्त बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिये गये। संस्था की 25वीं वार्षिक सामान्य सभा की बैठक भिलाई में 27 नवम्बर 2022 की कार्यवाही प्रतिवेदन का अनुमोदन सर्वसम्मति से किया गया। संस्था का वर्श 2022-23 का महासचिव के वार्षिक प्रतिवेदन का अनुमोदन सर्वसम्मति से किया गया। छत्तीसगढ़ हैंडबाल संघ एवं एन.एम.डी.सी. फंड फॉर प्रमोटिंग हैंडबाल का वर्ष 2022-23 का आय-व्यय प्रतिवेदन का अनुमोदन सर्वसम्मति से किया गया। छत्तीसगढ़ हैंडबाल संघ एवं एन.एम.डी.सी. फंड फॉर प्रमोटिंग हैंडबाल एन.एम.डी.सी. कप सब-जुनियर बालक एवं बालिका 15 वर्ष से कम छ.ग. राज्य स्तरीय हैंडबाल प्रतियोगिता के आयोजन का दायित्व दुर्ग जिला हैंडबाल संघ को सौंपा गया। एन.एम.डी.सी. कप जुनियर बालक एवं बालिका 19 वर्ष से कम छ.ग. राज्य स्तरीय हैंडबाल प्रतियोगिता के आयोजन का दायित्व महासमुन्द जिला हैंडबाल संघ को सौंपा गया। एन.एम.डी.सी. कप सीनियर पुरुश एवं महिला छ.ग. राज्य स्तरीय हैंडबाल प्रतियोगिता के आयोजन का दायित्व जांजगीर-चांपा जिला हैंडबाल संघ को सौंपा गया। हैंडबाल प्रतियोगिता के आयोजन के अनुमोदन का दायित्व दंतेवाड़ा जिला हैडबाल संघ को सौंपा गया। हैंडबाल खेल के प्रचार-प्रसार, विकास एवं प्रोत्साहन हेतु कार्य योजनाओं का अनुमोदन ।एम. सुरेश कुमार, सेवानिवृत्त प्रशिक्षक को दंतेवाड़ा जिला में 10 दिवसीय प्रशिक्षण के आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी गई। बस्तर जिला, कांकेर जिला, महासमुन्द जिला, बिलासपुर जिला, कोरबा जिला, जांजगीर-चांपा जिला, बेमेतरा जिला, रायपुर जिला आदि जिलों में भी विषेश प्रषिक्षण षिविर का आयोजन कर प्रतिभावान खिलाड़ियों की खोज की जिम्मेदारी सौंपी गयी। भारत सरकार के खेल संहिता, तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के दिशा निर्देशों का पालन हेतु अनिवार्य रुप से राज्य के 50 प्रतिशत जिला, नगर निगम परिक्षेत्र हैंडबाल संघों का पंजीयन, पंजीयक फर्म्स एवं संस्थाए, छत्तीसगढ़ शासन से कराना अनिवार्य रुप से पालन करने हेतु सभी जिला परिक्षेत्र हैंडबाल संघों को जानकारी प्रदान की गई। भारत सरकार के खेल संहिता के दिशानिर्देशों के नियमानुसार छत्तीसगढ़ हैंडबाल संघ के अधिन जिला नगर निगम परिक्षेत्र हैंडबाल संघों को सदस्यता प्रदान करने संबंधित नियम का पालन किये जाने की जानकारी प्रदान की गई। जिला, नगर निगम परिक्षेत्र हैंडबाल संघों और व्यक्तिगत सदस्यों की वार्शिक सदस्यता संबद्धता शुल्क की पुराना बकाया राशि का भुगतान वर्ष 2023-24 की फॉर प्रमोटिंग हैंडबाल के बैंक खाता का संचालन अध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव, महासचिव समीर खान एवं कोषाध्यक्ष विजय बहादुर में से किन्हीं दो के संयुक्त हस्ताक्षर से संचालित किये जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। एस.के.डी. मिश्रा ने बैठक की अध्यक्षता कर रहे विनोद चंद्राकर, अध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव, छत्तीसगढ़ हैंडबाल संघ के पदाधिकारी व सभी सदस्यों का आभार प्रकट करते हुये धन्यवाद ज्ञापत दिया।

# छत्तीसगढ़ वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय में विविध प्रतियोगिता



**भिलाईनगर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय में विविध कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें रितिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गजेन्द्र ने प्राप्त किया तो प्रीति पाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं लडको के लिए आयोजित एक मिनट में साड़ी पहनों प्रतियोगिता में दिनेश साहू ने प्रथम स्थान व द्वितीय स्थान रविश साहू ने प्राप्त किया। भारतीय विविधता कार्यक्रम भारतीय विविधता कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के बीएड और डीएलएड व पीजीडीसीए के छात्रों ने इससे संबंधित कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ, उड़िसा, बंगाल, असम, यूपी, बिहार, हिमाचल प्रदेश, गुजरात व महाराष्ट्र सहित सभी राज्यों के वेष भूषा में छात्र और छात्राओं ने वहां के बोली एवं भाषा के आधार पर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कियो तो किसी ने उन राज्यों के भाषा व बोली में नाटक प्रस्तुत किया तो किसी ने कविता पाठ किया तो किसी ने प्रेरक लोगन व देश एकता पर आधारित नारा लगाया और आपस में मिलजुल कर देश को आगे बढाने का संकल्प लिया। मेंहदी प्रतियोगिता में रीता व ममता ने प्रथम स्थान व ऋुति व रिचा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस मेहदी प्रतियोगिता के निर्णायक श्रीमती अनघा अगासे व वरिष्ठ प्राध्यापक श्रीमती विद्या चोपड़े थी। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ संपन्न

# निगम की सड़के होगी सुगम : महापौर



**भिलाईनगर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। शहर के यातायात को सुगम बनाने तथा नागरिकों के आवागमन आसान करने के लिए नगर पालिक निगम. भिलाई द्वारा शहर के अंदरूनी तथा मुख्यमार्ग को जोड़ने वाले सड़को पर 9 करोड़ रूपये की राशि खर्च कर डामरीकरण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त रोहित व्यास ने निगम क्षेत्र की सड़कों को बेहतर बनाने बैठक में निर्देश दिये थे, कि प्राक्कलन तैयार विधिवत निविदा प्रक्रिया के बाद सड़को का डामरीकरण कर शहर के यातायात को और सुगम बनया जाये। इसी क्रम में निगम का लोक कर्म विभाग नेहरू नगरए के.पी.एस. चौक से सूर्या माल खम्हरिया, प्रियदर्शिनी परिसर पूर्व सुभाष चौक से दक्षिण गंगोत्री होते हुए सुपेला मुख्यमार्ग, गौरव पथ से आजाद चौक, रामनगर मुक्तिधाम मार्ग, जलेबी चौक से सुभाष चौक तक, नंदिनी रोड पावर हाउस चौक से तेल्हा नाला, बैकुण्ठधाम स्वास्थ्य कार्यालय से युगनिर्माण स्कूल के पीछे तक, मांझी चौक से गणेश चौक तक, आई.टी.आई सर्विस रोड से शिवालय एम.पी.आर. रोड होते हुए श्री राम चौक से सर्विस रोड तक एवं हुड़को सेक्टर-9 फुटबाल मैदान से श्री राम चौक तक इन सड़को का उन्नयनए नवीनीकरण, डामरीकरण का कार्य राशि 9 करोड़ की लागत से किया गया है। वही वर्षाऋतु के कारण वार्ड 35 किशन चौक से शीतला मंदिर चौक तक डामरीकरण कार्य तथा छावनी चौक से हथखोज पुलिया तक मार्गो के नवीनीकरण कार्य को प्रारंभ करने के बाद 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर शेष को स्थगित रखा गया है। वर्षा काल समाप्त होने पर कार्य पूर्ण किये जायेगें। वर्तमान में बारिश से हुए सड़को के गढ़ढो को भरने पेंचवर्क भी किया जा रहा है। अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी ने बताया की शहर की सड़को को आकर्षक बनाने मुख्य सड़क में केट आई एवं सफेद पटटी की लाईन उकेरी गई है। नगर के अन्य सड़को को मांग एवं आवश्यकता अनुसार उन्नयन, नवीनीकरण, डामरीकरण किये जाने का कार्य प्रक्रियाधीन है। महापौर नीरज पाल ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार आम जनता को अधिक से अधिक सुविधा प्रदान करने के लिये निगम भिलाई विकास कार्य कर रहे है। महापौर ने बताया कि जिन स्थानों पर सड़के नही बन पाई है उन क्षेत्रों में भी शीध्र सड़कों का निर्माण कार्य किया जायेगा।

# शहीदों की प्रतिमा का सुमन ने किया संधारण



**भिलाईनगर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। हाइवे जीई रोड रायपुर जाने वाली मुख्य सड़क के किनारे पावर हाउस वार्ड 38 सोनिया गांधी नगर वैरागी मोहल्ला में निगम प्रशासन द्वारा 2 महिने से शहीद सुखदेव, शहीद भगत सिंह, शहीद राजगुरू की प्रतिमा को बिना रंगरोपन किए बगैर खुले रुप से दुर्दशा के साथ छोड़ दिया गया था। उनकी प्रतिमा का रंगरोपण नहीं हो पाना दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कल्याण सेवा जनजागृति संगठन के प्रदेशाध्यक्ष सुमन शील ने जोन-4 के निगम जोन आयुक्त पूजा पिल्ले से मिलकर 2 दिन के भीतर शहीद सुखदेव, शहीद राजगुरु के अपमानित प्रतिमा को सुधारने की मांग किया था और चेतावनी दी गई थी कि 2 दिन के भीतर रंग रोपण का कार्य ना किए जाने पर संस्था द्वारा रंगरोपन तथा अनावरण करने का कार्य किया जाएगा। 2 दिन बीत जानें के उपरांत भी मूर्ति को सुधारने का कोई कार्य निगम प्रशासन द्वारा ना किए जाने पर सामाजिक कार्यकर्ता सुमन शील एवं संगठन के सदस्य मूर्ति स्थल पर पहुंचकर भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारा को लगाते हुए अपने हाथों से शहीद राजगुरु एवं शहीद सुखदेव के मूर्ति को गोल्डन सुनहरे कलर से रंगरोपन करने का कार्य किया गया। इस मौके पर राजू गुप्ता, रोशन गुजराती, विजय गुजराती, पोटिया राव, मोहन रेड्डी, रहबर खान, नरेन्द्र मोहड़ सहित अनेकों मौजूद रहे है। ज्ञात हो कि समाजिक कार्यकर्त्ता सुमनशील ने निगम के संबंधित विभाग को महापुरुषों की प्रतिमा के शीघ्र संधारण का ज्ञापन सौपकर निर्धारित तिथि में प्रतिमा का संधारण नही होने पर स्वयं संधारण करने की बात कही थी।

# सुपेला अंडरब्रिज के पास मिला बुजुर्ग महिला की शव

**भिलाईनगर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। प्रियदर्शिनी परिसर पर सुपेला अंडरब्रिज के पास ट्रेन से टकराने से बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। सोमवार सुबह यहां ट्रैक पर शव देखकर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची सुपेला पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोसटमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की पहचान कलिंदरी यादव (85 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मृतका की मानसिक स्थिति टीक नहीं थी और वह रविवार शाम से लापता थी। महिला के सिर पर चोट का निशान था। परिजनों को सूचना देने के बाद मौके पर पहुंचे। वार्ड पार्षद भी इस दौरान मौजूद रहे। परिजनों ने बताया कि मृतका की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और वह ठीक से सुन भी नहीं पाती। मृतका किसी को पहचान भी नहीं पाती थी।

भिलाईनगर। फ्रेंडशिप डे के दिन रविवार को शिवनाथ नदी घाट पर दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने पहुंचा युवक नदी में फिसलकर गिर गया और तेज बहाव में बह गया। बताया जा रहा है कि हाथ धोने के लिए वह किनारे पर उतरा। इस दौरान उसका पैर फिसला और वह बहता ही चला गया। उसके दोस्त चिल्लाते रहे लेकिन देखते ही देखते वह बहाव में गुम हो गया। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची। पुलिस ने एसडीआरएफ की मदद से युवक की तलाश शुरू की। रात होते तक युवक का कुछ पता नहीं चला। सोमवार को सुबह फिर से युवक की तलाश शुरू की गई। कुछ घंटों बाद युवक का शव बरामद कर लिया गया। युवक की पहचान कॉंट्रैक्टर कॉलोनी सुपेला निवासी विकास यादव के रूप में हुई है। रविवार शाम 4 बजे के लगभग विकास अपने दोस्तों के साथ फ्रेंडशिप डे सेलीब्रेट करने शिवनाथ नदी के जेवरा सिरसा खमरिया भाटा पहुंचा थे। यहां सेलीब्रेशन के दौरान एक युवक का पैर फिसल गया और वह तेज बहाव में बहने लगा।

# ठेका श्रमिकों की समस्या के लिए इंटक प्रयासरत



**भिलाईनगर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के कार्यकारिणी की बैठक में सदस्यता अभियान के तहत भिलाई इस्पात संयंत्र के ओएचपी बी के मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल एवं ऑपरेशन के ठेका श्रमिकों ने आकर सदस्यता ग्रहण की एवं अपनी समस्याओं से अध्यक्ष संजय कुमार साहू को अवगत कराया। ठेका श्रमिकों ने बताया कि उन्हे न्यूनतम वेतन एव ए डब्ल्यू ए की राशि नही मिल रही है। ओएचपी बी ए के ठेका श्रमिकों ने बताया कि ओएचपी बी के अधिकांश काम ठेका श्रमिकों द्वारा किया जा रहा है और यह विभाग संयंत्र का अति महत्वपूर्ण विभाग है लेकिन ठेका लेने वाली कंपनी वेतन में 290 रुपए से 350 रुपए तक प्रतिदिन के हिसाब से दिया जाता है एवं ए डब्ल्यू ए किसी भी श्रमिक को नहीं मिलता इसकी शिकायत ओएचपी के अधिकारियों से करने पर अधिकारी कम राशि में ठेका होने की बात करता है श्रमिकों ने कहा कि हमें पूर्ण वास्तविक वेतन मिलना चाहिए। ठेका श्रमिकों ने बताया कि हम लोग खाने के समय छुट्टी होने पर रेस्ट रूम नहीं होने के कारण साइकिल स्टैंड के नीचे जमीन पर बैठकर खाना खाते हैं। वहां पर ठेका श्रमिकों के लिए रेस्ट रूम एवं टॉयलेट और पीने की पानी की व्यवस्था होनी चाहिए जबकि वहां पर बने बिल्डिंग में बहुत सारे रूम खाली हैं। जहां पर ठेका श्रमिकों के लिए रेस्ट रूम बनाया जा सकता ह एवं नाश्ता एवं खाने के लिए कैंटीन की भी व्यवस्था नहीं है। श्रमिकों ने मांग की हम लोगों का उत्पादन एवं लाभ में पूर्ण योगदान हैं लेकिन प्रबंधन से हम लोगों को कोई सुविधा नहीं दी जाती हम लोगों को कैंटीन एलाउंस एवं रात्रि भत्ता एवं साइकल भत्ता और आवास भत्ता मिलनी चाहिए। अध्यक्ष संजय साहू ने चर्चा उपरांत कहा कि इस विषय पर ओएचपी के मुख्य महाप्रबंधक एवं अन्य विषयों पर उच्च प्रबंधन से चर्चा करेंग। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन ठेका श्रमिकों का वेतन समझौता एवं अन्य सुविधाओं के लिए प्रयास कर रही है। बैठक में सी पी वमा, दीनानाथ सिंह, आर दिनेश, मनोहर लाल, सुरेश कुमार, रिखी राम साहू, गुरुदेव साहू, जसवीर सिंह, संतोष ठाकुर, जयराम ध्रुव, रामजस कौशिक, बसंत चेलक, अशोक कुमार, नारायण, दामन, जयकुमार कान्हा बलराम वर्मा उपस्थित थे।

# बायपास रोड पर सीजी 7 पासिंग वाहनों का आगमन हुआ फ्री

**भिलाईनगर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के नेतृत्व में विगत दिनों दुर्ग बाइपास टोल प्लाजा में सीजी 07 वाहनों को निशुल्क किए जाने को लेकर किए गए आंदोलन के बाद निजी चार पहिया नान कमर्शियल वाहनों को टोल फ्री कर दिया गया है। दुर्ग शिवनाथ एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड प्रबंधन के द्वारा जानकारी दी गई है कि सीजी 07 कार को आरक्षित लेन 1 और 8 से नि:शुल्क आवागमन हेतु गुजरना होगा। अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के द्वारा इस आंदोलन के दौरान प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर इस आंदोलन के दौरान उपस्थित रहने वाले सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों के प्रति आभार भी व्यक्त किया है। आपको बता दें कि जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के नेतृत्व में 27 जून को दुर्ग बायपास टोल प्लाजा में जमकर प्रदर्शन किया गया था। इस प्रदर्शन के बाद से ही दुर्ग शिवनाथ एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड प्रबंधन के द्वारा आश्वस्त किया गया था कि शीघ्र ही इस मांग पर निर्णय लिया जाएगा। परिणाम स्वरूप दुर्ग शिवनाथ एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड प्रबंधन के द्वारा जनहित में निर्णय लेते हुए दुर्ग बायपास रोड के टोल प्लाजा में यह सूचना चस्पा की गई है इस सूचना के अनुसार दुर्ग से राजनांदगाँव जाने वाले निजी वाहन नॉन कॉमर्शियल सीजी 07 कार नि:शुल्क आवागमन के लिए केवल लेन 8 का उपयोग करें। राजनांदगाँव से दुर्ग जाने वाली निजी वाहन नॉन कॉमर्शियल सीजी 07 कार नि:शुल्क आवागमन के लिए केवल लेन 1 का उपयोग करें। विशेष सूचना उपरोक्त लेन के अतिरिक्त किसी भी अन्य लेन का उपयोग करने पर नियम अनुसार देय टोल शुल्क का (फास्टैग के माध्यम से) भुगतान स्वत: ही संपन्न हो जाएगा। अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने सीजी 07 निजी वाहनों का आवागमन टोल फ्री होने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, मो.अकबर, विधायक अरुण वोरा, देवेंद्र यादव, महापौर धीरज बाकलीवाल, नीरज पाल, जिला प्रशासन प्रति आभार व्यक्त किया है।

# खुर्सीपार में कांग्रेसियों ने थामा भाजपा का दामन



**भिलाईनगर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रति सभी वर्गों में बढ़ते रुझान के बीच आज पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय की उपस्थिति में खुर्सीपार के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रवेश किया। इन कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की राष्ट्रवादी, विकासवादी नीतियों से जुड़ने के लिए उत्साह दिखाया। श्री पाण्डेय ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा ही प्रेदश और भिलाई को कुशल, सक्षम और बेदाग नेतृत्व देकर आगे बढ़ा सकती है। कांग्रेस ने हर वर्ग को धोखा दिया है। आज खुर्सीपार बालाजी नगर के कांग्रेसियों ने भाजपा प्रवेश किया। प्रदेश के पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने आज इन कार्यकर्ताओं को बीजेपी का गमछा पहनाकर पार्टी में प्रवेश दिलाया है। इनमें महिला कार्यकर्ता भी शामिल हैं। जिन्होंने भिलाई की वर्तमान स्थिति चिन्ताजनक है। प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि निश्चित ही जिस पार्टी ने हमेशा झूठ बोलकर लोगों को गुमराह किया हो, उस पर कोई विश्वास नहीं कर सकता। यह एहसास बालाजीनगर के इन साथियों ने भी कर लिया है इसलिए उन्होंने आज जनहित में समर्पित भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश कर प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जनसेवा का प्रण लिया है। श्री पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेस ने पिछले साढ़े 4 वर्षों में भिलाई की जो दुर्गति की है, उससे क्षुब्ध होकर आमजनता सहित कार्यकर्ताओं का विश्वास उनसे उठने लगा है। निश्चित ही विधानसभा चुनाव एक बार फिर कमल खिलेगा और भिलाई फिर से द्रुत गति से विकास पथ पर गतिशील होगा। इस दौरान इन कार्यकर्ताओं ने कहा कि इन्होंने केवल चुनाव जीतने के लिए बड़े-बड़े वादे किये लेकिन शहर के विकास के प्रति ये कोई सोच नहीं रखते। इन्होंने केवल हमारे लघु भारत भिलाई की छवि को धूमिल किया है। महिला कार्यकर्ताओं ने कहा कि महिलाओं से छेड़छाड़ की घटना हो रही हैं। इस बार हम सभी मिलकर भाजपा को जिताएंगे और भिलाई में एक बार फिर से कमल खिलायेंगे। भाजपा प्रवेश करने वालों में मुख्य रूप से एम ममता, एम शुभम राव, एम श्रावणी, ए संगीता, शुभा दलाई, लीला, एम खुशी, संतोष वर्मा, रीता देवी, शांति देवी, चंदना सरकार, रोहित सिंह, रूषि, उमेश, संजीव सिंह, अमित सिंह, प्रदीप, विकास, ए योगेशए एम ध्रुवए रोहित सिंहए उमेश कुमार, विकासए प्रदीप, रितु देवी आदि शामिल हैं। इस दौरान मुख्य रूप से पार्षद श्यामसुंदर राव, विनोद सिंह, जयशंकर चौधरी, मनीष पाण्डेय उपस्थित थे।

# आर्टकॉम ने बटालियन के साथ किया पौधारोपण



**भिलाईनगर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। पर्यावरण के प्रति समर्पित संस्था समाज के प्रति अपने दायित्व को समझते हुए निरंतर पौधारोपण का कार्य कर रही हैं। संस्था संचालक निशु पाण्डेय इस निरंतरता के लिए अपनी सम्पूर्ण सदस्य की अहम भूमिका बताई साथ ही कहा कि देश के सैनिकों के साथ और समय वृक्षारोपण के लिए ऐसा क्षण हमारे लिए गर्व का क्षण है स आज आर्टकॉम सम्पूर्ण टीम पौधारोपण अभियान हर आँगन एक पेड़ को लेकर दुसरी बार एस टी एफ बटालियन तक पहुँची पहले लागये हुये 51 पौधों का निरक्षण किया और आज पुन: 51 पौधों का रोपण एस टी एफ के एस.पी. विजय पाण्डेय के नेतृत्व में किया। विजय पाण्डेय ने आर्टकॉम के इस अभियान के क्रियान्वयन हेतु यथा संभव सहयोग करने की बात कहीं। शारदा गुप्ता ने कहा कि हमारी संस्था में के गुरनाम सिंग और अमिताभ भट्टाचार्य का जन्मदिन सैनिकों के साथ वृक्षारोपण कर मनाया गया। शहर के व्यापारी डॉ रमेश श्रीवास्तव ने संस्था के ही सदस्य करमजीत सिंह का उदाहरण देते हुए बताया कि इस हाइटेक दौर में इनके तरह पौधा रोपण करने अपने हाथ से मिट्टी निकालना और पौधें लगाकर मिट्टी को पटना भी सुख की अनुभूति प्रदान करता हैं। इस अवसर पर विजय पाण्डेय, एम के जागन, केसरी नंदन नायक, मनेंद्र यादव,सतेंद्र तिवारी, सुबोध सिंहव कमांडो उपस्थित थे।

# सोरला में भूमाफिया ने नाले पर किया कब्जा



- खेतों में भरा पानी, मुख्यमंत्री से शिकायत के बावजूद नहीं हुई कार्रवाई
- अब किसान नेता योगेश तिवारी के नेतृत्व में कलेक्टर को फिर से सौंपेंगे ज्ञापन

**बेमेतरा,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सोरला में भू माफिया के खिलाफ की गई शिकायत पर कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में खासी नाराजगी है। भू माफियाओं के द्वारा नाले पर अवैध कब्जे से गांव के किसानों को खासा नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस संबंध में क्षेत्र के तहसीलदार, एसडीएम, कलेक्टर से लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से शिकायत के बावजूद आज तक भू माफिया पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने से गांव के किसानों ने किसान नेता योगेश तिवारी को सारे प्रकरण की जानकारी देकर मदद के लिए गुहार लगाई। इसके बाद किसान नेता ग्राम सोरला पहुंचकर ग्रामीणों से रूबरू हुए। इस दौरान धनेश राम साहू, खुमान शर्मा, शमलिया, रामानंद मरकाम, महंगू राम साहू, भागवत साहू, शत्रुहन साहू, हेमकुमार साहू, रामप्रसाद साहू, पूनाराम निर्मलकर, किशुन राम भूमिजन, परेटन साहू, रामचंद साहू, माखन साहू, पवन साहू, भगवती साहू, पूनाराम साहू, रितेश, बीरेंद्र, हेमंत, खेदूराम साहू, पन्ना मंडावी, आजू राम साहू, नोखेलाल, लीलाशाह, नारायण नेताम, रेवा राम आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

**अधिकारी सुध लेने को तैयार नहीं**

किसानों ने किसान नेता को बताया कि भू-माफिया के द्वारा नाले में कब्जा करने के कारण खेतों में 5 से 6 फीट पानी भरने से फसल चौपट हो रही है। प्रशासन से बार-बार गुहार लगाए जाने के बावजूद कोई अधिकारी सुध लेने को तैयार नहीं है। किसान नेता के नेतृत्व में किसानों के साथ मिलकर फिर एक बार कलेक्टर को सौंपेंगे ज्ञापन।

**500 मीटर नाले की मुरूम से फीलिंग, निकासी हुई प्रभावित**

किसानों ने बताया कि बन्दोबस्त सन् 1983-84 में त्रुटि करके उक्त जमीन को दूसरे किसानों के नाम से दर्ज कर दिया गया। जिस खसरा नंबर में उक्त जमीन को त्रुटि कर चढ़ाया गया। उस जमीन का बिक्री 2 से 3 बार हो गया है। पहले के किसानों द्वारा नाले रूप में छोड़कर ही खेत को ही काबिज किया जाता रहा है। वर्तमान में बेरला निवासी भू-माफिया ने लगभग 500 मीटर लंबा नाले खरीदा गया है, सोरला सरहद में है। यहां नाले पर कब्जा के कारण किसानों के खेतों में पानी भरा है।

**किसानों को अपनी जमीन बेचने किया जा रहा मजबूर**

किसानों के अनुसार जानबूझकर नाले पर कब्जा कर किसानों को परेशान किया जा रहा है, ताकि आसपास की किसान अपनी जमीन को औने-पौने दाम पर बेच दें। भूमाफिया ने नाले में 5-6 हाईवा मिट्टी डलवाकर पानी के मार्ग को पूर्णतः अवरुद्ध कर दिया गया है। जिससे बरसात होने पर नाले के आसपास के कई एकड़ खेतों 5 फुट पानी भर गया है। खेत तालाब में तब्दील हो गए हैं।

# नपा बेमेतरा की प्रेसीडेन्ट इन कौसिंल की बैठक संपन्न



**बेमेतरा,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद बेमेतरा के प्रेसीडेन्ट इन कौसिंल बैठक 7 अगस्त को श्रीमती शकुन्तला मंगत साहू की अध्यक्षता में कार्यालय के अध्यक्ष कक्ष में उपाध्यक्ष पंचू साहू, आशीष राम ठाकुर, साधेलाल बघेल, अखिलेश मिन्टा नामदेव, मनोज शर्मा, श्रीमती रश्मि फणेन्द्र मिश्रा, श्रीमती रेहाना वाहिद रवानी, भूपेन्द्र उपाध्याय मुख्य नगर पालिका अधिकारी, विनीत सिंह पी.आई.सी सचिव, राजवीर चंद्र कौशिक उप अभियंता, कामदेव वर्मा, लक्ष्मीनाथ साहू एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ, जिसमें 31 विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेन्द्र उपाध्याय के द्वारा समस्त विषयों पर संबंधित विभागवार जानकारी देते हुए मान. सदस्यों को वस्तु स्थिति से अवगत कराया जिस पर चर्चा कर निर्णय लिया गया। नगर पालिका परिषद बेमेतरा क्षेत्रांतर्गत अधोसंरचना मद से पृथ्वीराज चौहान चौक सौंदर्यीकरण कार्य, नामदेव चौक सौंदर्यीकरण कार्य, शहीद वीरनारायण सिंह चौक सौंदर्यीकरण, निषाद समाज चौक सौंदर्यीकरण कार्य, संत गड़गे चौक सौंदर्यीकरण कार्य, झुलेलाल चौक सौंदर्यीकरण कार्य, उग्रसेन चौक सौंदर्यीकरण कार्य, वार्ड क्र. 05 साहू पारा में सामुदायिक भवन निर्माण, वार्ड क्र. 06 मोहभट्ठा निषाद पारा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य एवं विभिन्न वार्डो में सी सी सड़क, बी टी सड़क एवं आर सी सी नाली निर्माण कार्य कराने की स्वीकृति प्रदान की गयी।

# सहकारिता मंत्री आज करेंगे नवीन भवन के लिए भूमिपूजन



**देवकर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। ग्रामीण पंचायत व स्कूल शिक्षा मंत्री एवं सहकारिता मंत्री रविन्द्र चौबे की मुख्य अतिथ्य एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के अध्यक्ष- राजेन्द्र साहू की अध्यक्षता में नगर देवकर के बस स्टैंड में आज 08 अगस्त दिन मंगलवार को ज़िला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग(छग) अंतर्गत देवकर शाखा के नवीन भवन का भूमिपूजन किया जाएगा। जिसमे विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि एवं युवा कांग्रेस नेता-अविनाश चौबे, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी साजा अध्यक्ष- सन्तोष वर्मा, नगर अध्यक्ष-जान्त्री बिहारी साहू, विधायक प्रतिनिधि-विनोद कुंजाम, सेवा सहकारी समिति अंतर्गत देवकर सोसायटी के अध्यक्ष- झग्गर राम देवांगन, सहसपुर समिति अध्यक्ष-लखन साहू, अकलवारा समिति अध्यक्ष-सन्तोष साहू, चोंगी खपरी समिति अध्यक्ष-सन्दीप राजपूत, मोहभट्ठा समिति अध्यक्ष- मोतीराम मार्कण्डेय सहित देवकर शाखा अंतर्गत समस्त पंजीकृत किसान शामिल होंगे।उपरोक्त जानकारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी साजा के कोषाध्यक्ष एवं नगर पंचायत देवकर के विधायक प्रतिनिधि विनोद कुंजाम जी ने प्रेस को दी।

# तलवार लहराते हुए मारपीट की धमकी देने वाला गिरफ्तार

**बेमेतरा,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। 6 अगस्त को जरिये मोबाईल के माध्यम से सूचना मिली कि एक व्यक्ति ग्राम सोढ में तलवार लेकर लोगों को गाली गलौज कर मारपीट करने की धमकी देकर लोगों को भय दिखाकर तलवार लेकर लहरा रहा है, कि उक्त सूचना पर थाना बेरला स्टाफ सूचना तस्दीक हेतु मौके पर पहुंचने पर एक व्यक्ति लोहे का तलवार लेकर लोगों को मारपीट की धमकी देकर मन में भय उत्पन्न कर तलवार को लहराते हुए मिला, जिसे पकड़कर पूछताछ करने पर वह अपना नाम मनोज वर्मा उम्र 24 साल साकिन कैलाश नगर बीरगांव वार्ड नंबर 21 थाना उरला जिला रायपुर का रहने वाला बताया, मौके पर प्रार्थी प्रेमप्रकाश पाण्डेय उम्र 31 साल साकिन सोढ थाना बेरला जिला बेमेतरा के लिखित आवेदन पर अपराध सदर धारा 25,27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान थाना बेरला स्टाफ के द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये आरोपी मनोज वर्मा के कब्जे से मौके पर एक नग लोहे का तलवार जप्त किया गया। आरोपी मनोज वर्मा पिता बीरबल सिंग वर्मा उम्र 24 साल साकिन कैलाश नगर बिरगांव वार्ड नं. 21 बीरगांव थाना उरला जिला रायपुर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के मार्गदर्शन में थाना बेरला प्रभारी निरीक्षक विवेक पाटले, सउनि कंवल नेताम, प्रधान आरक्षक दीनानाथ वर्मा, आरक्षक भुषण मारकंडेय, सुरेन्द्र बंजारे, दिनेश निषाद, महेश जांगडे एवं अन्य स्टाफ शामिल थे।



# स्टेट जूनियर अंडर 19 ओपन व गर्ल्स फिडे रेटिंग चेस चैंपियनशिप 15 से



**दुर्ग**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश शतरंज संघ के सहयोग एवं महासचिव विनोद राठी के मार्गदर्शन में राजनांदगांव जिला शतरंज संघ एवं अग्रवाल सभा द्वारा स्टेट जूनियर अंडर.19 ओपन एवं गर्ल्स फिडे रेटिंग चेस चैंपियनशिप का आयोजन राजनांदगांव के अग्रसेन भवन में 15 अगस्त से 18 अगस्त तक आयोजित किया गया है। प्रदेश शतरंज संघ के सचिव हेमंत खूंटे एवं सह सचिव ईश्वर सिंह राजपूत ने बताया कि उक्त चैंपियनशिप अंतरराष्ट्रीय नियमों के आधार पर स्विस लीग पद्धति से 7 चक्रों में खेली जाएगी। चैंपियनशिप में 4-4 खिलाड़ियों का चयन गुजरात में 20 से 28 सितंबर तक आयोजित जूनियर न 19 चेस चैंपियनशिप के लिए किया जाएगा। चैंपियनशिप में कुल 70 हजार रुपए नगद राशि के पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। चैंपियनशिप में प्रवेश हेतु खिलाडी राज्य शतरंज संघ के सचिव हेमंत खूंटे, टूर्नामेंट डायरेक्टर ललित भंसाली, फिडे आर्बिटर अनीस अंसारी एवं रॉकी देवांगन से संपर्क कर सकते हैं।

# शहर के बीच से गुजरने वाले मालवाहक वाहनों का आवागमन प्रात: 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक प्रतिबंधित

**बेमेतरा,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। बेमेतरा शहर में बीचो-बीच राष्ट्रीय राजमार्ग 30 गुजरती है। इस मार्ग के किनारे कुछ स्कूल, कॉलेज संचालित हैं। इस मार्ग के किनारे पियर्स चौक, शासकीय बालिका उच्चतर माध्यमिक शाला, पिकरी में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला एवं कोबिया में सड़क के पास ही स्नातकोत्तर महाविद्यालय संचालित है। उक्त मार्ग पर स्कूली बच्चों का निरंतर आवागमन होता है, साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग होने से लगातार भारी वाहनो का आवागमन होते रहता है, जिससे शहर में भीड़-भाड़ एवं जाम की स्थिति तथा सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री पी.एस.एल्मा ने पुलिस अधीक्षक, बेमेतरा से प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार बेमेतरा में यातायात की सुगम व्यवस्था, लोक सुरक्षा एवं सड़क दुर्घटना की रोकथाम हेतु छ.ग. मोटरयान अधिनियम 1994 के नियम 215 के तहत बेमेतरा शहर के बीचो-बीच गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में बेमेतरा शहर की ओर आने-जाने वाले भारी एवं मध्यम मालवाहक वाहनों का आवागमन प्रात: 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक प्रतिबंधित किया है। इस आशय के आदेश जारी कर दिए है। प्रतिबंधित अवधि में भारी एवं मध्यम मालवाहक वाहन निम्न मार्गों का प्रयोग कर सकेंगे - रायपुर की ओर से आने वाले और मण्डला जबलपुर की ओर जाने वाले वाहन चोरभट्टी बाईपास से होकर जाएंगे। इसी प्रकार कवर्धा-जबलपुर से आने वाले और रायपुर की ओर जाने वाले वाहन ग्राम बैजी बाईपास से होकर जाएंगे।

# मंत्री भेड़िया विकास कार्यों के भूमिपूजन में हुई शामिल



- केन्द्रीय विद्यालय दल्लीराजहरा में किया जाएगा स्थापित : अनिला
- मुख्यमंत्री बघेल नेतृत्व में छ.ग में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाने में जूट जाएं : पीयूष सोनी

**दल्लीराजहरा/डौण्डी,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन की महिला एवं बाल विकास समाज कल्याण मंत्री अनिला भेड़िया डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र के डौंडी ब्लॉक के विभिन्न ग्राम के भूमिपूजन एवं दल्लीराजहरा में जनसंपर्क कार्यक्रम में सम्मिलित हुई सर्व प्रथम 1ग्राम पंडेल में मंगल भवन भूमिपूजन 2 ग्राम पथराटोला में मंगल भवन भूमिपूजन 3 ग्राम अरमुरकसा मंगल भवन भूमिपूजन 4 दल्ली राजहरा में प्रेस कॉन्फ्रेंस में सम्मिलित हुई। प्रेस वार्ता में अनिला भेड़ियि ने पत्रकारों से कहा की केन्द्रीय विद्यालय की प्रक्रिया राज्य शासन व्दारा पुरी कर केन्द्र शासन के संबधित विभाग को भेज दिया गया है, केन्द्रीय विद्यालय दल्लीराजहरा में ही संचालित होगा जिसका लाभ क्षेत्र के लोगों को मिलेगा। 100 बिस्तर अस्पताल की बात पुछने पर भी उन्होने कहा की जल्द ही इस योजना पर कार्य प्रारंभ किया जाएगा। जनसंपर्क अभियान में नागरिकों को अनिला भेड़िया ने छत्तीसगढ़ शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी एवं फिर से डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र में एवं छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार बनाने के लिए अपील किये। कार्यक्रम मे मंत्री प्रतिनिधि पीयूष सोनी समस्त कार्यकार्ताओं से आह्वान किया की अभी कुछ माह बाद प्रदेश में आम चुनाव है हम सब को मिलकर राज्य शासन के जन कल्याण कारी योजनाओं को घर घर जा कर लोगों को बताएं छत्तीसगढ़ में फिर से एक बार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनानी है। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कोमेश कोर्राम अशोक बम्वेश्वर नगर पालिका शिबू नायर ऊर्दू अकादमी बोर्ड के सद्स्य शब्बीर खान, ब्लॉक के महामंत्री कैलाश राजपूत, ब्लॉक सचिव कोमलेंद्र चंद्राकर, ब्लॉक कांग्रेस मिडिया प्रभारी रविकांत देशमुख, डौंडीलोहारा विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष भरत देवांगन, शहर युवा कांग्रेस अध्यक्ष आयान, विकास जैन, शोएब रजा, शाहरुख खान, कैलाश ठाकुर, ग्रामीण जन गोवर्धन उमरिया, भुवन सोनबोइर, लखन देवांगन, ढेलू देवांगन, बहुर निषाद, टेमिन निषाद, एवं दल्ली डौण्डी के समस्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सदस्य गण एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।


# वृक्षारोपण व छात्र संगठन का शपथ ग्रहण



**कुम्हारी,** 7 अगस्त। कुम्हारी स्थित विद्या दीप पब्लिक स्कूल में वृक्षारोपण एवं छात्र काउंसिल का शपथ ग्रहण समारोह संम्पन्न हुआ। इस समारोह में कक्षा 3 से लेकर कक्षा 12 तक के छात्र-छात्राओं द्वारा अनेक प्रकार के पौधे जैसे महोगनी, अमलतास, गुलमोहर बॉटल पाम, अशोका, कोनोकार्पस, आम, कदम एवं बादाम का रोपण किया गया। प्रथम पौधे का रोपण विद्यालय के संस्थापक बी.आर. सोनकर के द्वारा किया गया। विद्यालय के संचालक, प्राचार्य एवं सभी कक्षाओं के कक्षा शिक्षक एवम शिक्षिकाओं के द्वारा वृक्षारोपण का कार्य सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं के साथ किया गया तत्पश्चात वी डी पी एस छात्र काउंसिल का गठन किया गया। विद्यालय के सभी छात्रों को चार हाउस जिनमे महात्मा गांधी हाउस, स्वामी विवेकानंद हाउस, पंडित जवाहरलाल नेहरू हाउस एवं सुभाष चंद्र बोस हाउस में विभाजित किया गया। छात्र संगठन प्रभारी हीरा साहू के द्वारा सभी छात्रों को पदभार ग्रहण कराया गया। हेड बॉय के लिए कक्षा बारहवीं के कुणाल लहरे, हेड गर्ल के लिए रियांका साहू एवं वॉइस हेड बॉय के लिए करण यादव, एवं वॉइस हेड गर्ल के लिए कोमल साहू को चयनित किया गया। महात्मा गांधी हाउस लीडर लेखराज सोनकर एवम भावना साहू स्वामी विवेकानंद हाउस लीडर शिवम द्विवेदी एवं दीप्ति साहू पंडित जवाहरलाल नेहरू हाउस लीडर सूरज गेंदेरे एवं चंचल वर्मा सुभाष चंद्र बोस हाउस लीडर उमेश पटेल एवं किरण सिंह को चयनित कर सभी का शपथ ग्रहण करा कर पदभार ग्रहण कराया गया। उक्त कार्यक्रम मुख्य रूप से विद्यालय के संस्थापक बी.आर. सोनकर संचालक रामेश्वर सोनकर प्राचार्य श्रीमती विभा सोनकर सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं हीरा साहू, मनोज कुमार साहू, भुनेश्वरी साकार , त्रिदीप जना, स्वेता सिंह, पूजा वर्मा, देवकरण कवर, मोहन ताम्रकार, आदित्य पांडे, मनीषा पटेल, नीमा सोलंकी, ममता साहू, भाविका राठौर , डी.स्नेहा, चुन्नी साहू, कविता साहू, ऋतु साहू, मानसी निर्मलकर, सुनीता जायसवाल, प्रियंका लकरा, देबाश्री दास, अंजना साहू, असगरी अंजुम, रीया यादव, अंजू साहू एवं समस्त पालकगण उपस्थित रहे।

## निधन

### प्रमोद गुजरतिया



**भाटापारा,** 7 अगस्त। स्थानीय शक्ति वार्ड निवासी स्वास्थय विभाग में कार्यरत दिनेश गुजरतिया के ज्येष्ठ पुत्र प्रमोद गुजरतिया उर्फ सिकंदर 30 वर्षीय का आकस्मिक निधन हो गया। वे अमन गुजरतिया के बड़े भाई व दुर्गेश गुजरतिया के चाचा थे। उनके अंतिम संस्कार में स्वजातीय बंधुओं सहित अनेक लोग शामिल हुए।

### कमला कसार



**बलौदाबाजार,** 7 अगस्त। नगर के गौरव पथ निवासी श्रीमती कमला कसार 62 वर्ष का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार बलौदाबाजार स्थित मोक्षधाम में मंगलवार 8 अगस्त को सुबह 10 बजे किया जाएगा। वे यशवंत वर्मा की पत्नी एवं सुमीत, विनीत एवं बरखा वर्मा (न्यायाधीश) की मां थी।

## विहिप बजरंग दल कुम्हारी ने निकाली कांवर यात्रा



**कुम्हारी,** 7 अगस्त। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कुम्हारी नगर के द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य रुप से कावड़ यात्रा निकाला गया जिसमें बजरंग दल के सभी कार्यकर्ताओं एवं दुर्गा वाहिनी के महिलाएं मातृशक्ति एवं बच्चों ने भी इस कावड़ यात्रा में भाग लिया। यह कावड़ यात्रा श्री राम लिंगेश्वर मंदिर वार्ड क्रमांक 18 डी एम सी तालाब पार से खारुन नदी जाकर जल लेकर वापस वार्ड क्रमांक 18 के चारों शिव मंदिर में जलाभिषेक किया गया। यह कार्यक्रम प्रवीण राव के नेतृत्व में किया गया। साथ ही अवधेश शुक्ला एवं सारे बजरंग दल के कार्यकर्ता और भिलाई चरोदा के दुर्ग जिला के सारे कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### कांवर यात्रा का सत्ती चौरा ...

हुजूम था जो डीजे की धुन में नाचता झूमता जा रहा था। सत्ती चौरा में कांवड़ियों के लिये फलाहार, रसाहार इत्यादि की व्यवस्था की गई थी। यहां पर कांवड़ रखने के लिये विशेष स्टैड भी बनाये गये थे। आज के इस कार्यक्रम में जनसमर्पण सेवा के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा बंटी, राजेश शर्मा, सुंदर गुप्ता, नवल अग्रवाल, गुड्डू कश्यप, सुरेश गुप्ता, मनोज गुप्ता, पिंकी गुप्ता, ललित शर्मा, राजू पुरोहित, ईशान शर्मा, आशीष मेश्राम, प्रकाश कश्यप, सोनल सेन, आकाश राजपूत, दीपक ढीमर, सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गुण्डरदेही विस के 85 ग्रामीणों ने थामा कांग्रेस का हाथ, कहा भूपेश है तो भरोसा है

**गुण्डरदेही**, 7 अगस्त। विधानसभा के ग्राम अर्जुनी परसदा बेलटिकरी के 85 ग्रामीणों ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सचिव पूनम साहू देवनारायण मंडावी डेहर लाल साहू नारद साहू एवं नंदकुमार मधुकर के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की नीति और प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के विकास कार्यों से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी में प्रवेश किया है इस दौरान संसदीय सचिव व गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने अपने कार्यालय में सभी नए सदस्यों का गमछा पहनाकर स्वागत किया और उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में पुन: कांग्रेस सरकार की सरकार बनाना है

**छत्तीसगढ़ सरकार से पूरा देश प्रभावित, कांग्रेस के प्रति लोगों में बढ़ रहा आकर्षण : कुंवर सिंह**

संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के कार्यों से पूरा देश प्रभावित है किसान, मजदूर, नौकरी पेशा, छोटे व्यवसायियों सभी को अलग-अलग योजनाओं के जरिए राहत पहुंचाई जा रही है। युवाओं, गृहणियों को राज्य सरकार की नीतियों से फायदा पहुंच रहा है। इससे नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में खुशहाली का माहौल है। कांग्रेस के प्रति लोगों में आर्कषण बढ़ रहा है। लोग कांग्रेस से जुड़ कर काम करना चाह रहे हैं। अभी तो यह शुरुआत है। केंद्र की भाजपा सरकार के महंगाई और शोषण से त्रस्त जनता आने वाले दिनों में हजारों की तादाद में कांग्रेस पार्टी से जुड़ेंगे और अपनी आवाज बुलंद करेंगे



**भूपेश है तो भरोसा है भूपेश पहले मुख्यमंत्री जिन्होंने छत्तीसगढ़ को समझा : पूनम साहू**

इस अवसर पर युवा कांग्रेस नेता पूनम साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सोच है कि छत्तीसगढ़िया संस्कृति को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रयास अभी तक किसी ने नहीं किया। श्री बघेल पहले मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने छत्तीसगढ़ को समझा है। छत्तीसगढ़ी भाषा, खान-पान, लोक कला, संस्कृति, खेलकूद को बढ़ावा देने और उसे छत्तीसगढ़ के बाहर भी पहचान दिलाने के लिए सरकार पूरी तरह से प्रयासरत है। जिससे छत्तीसगढ़ के लोगों को अलग पहचान मिली है

**इन्होंने किया कांग्रेस प्रवेश**

लक्ष्मी नारायण साहू, व्यास कुमार साहू, लक्ष्मी भारती, हेमलाल भारती, नरेंद्र कुमार, भूषण सिरमौर, मनोज साहू, चेतन लाल यादव, रमेश कुमार टंडन, नारद राम साहू, ओमप्रकाश चंद्राकर, वेद प्रकाश, मनीष नारंग, भूपेंद्र कुमार साहू, तेजराम बघेल, अशोक कुमार, राकेश कुमार, सुभाष ठाकुर, जितेंद्र कुमार, ओम प्रकाश, वेद लाल, कुलेश्वर साहू, देवेंद्र यादव, विक्रम सिंह देश लहरा, प्रकाश साहू, करण साहू, तुलेश्वर कुमार साहू, गणपत, सौरभ कुमार, मिथिलेश कुमार, तारण लाल, भूपेंद्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार, डूपेन्द कुमार, नारद राम, भूपेंद्र कुमार, यादव राम साहू, भूपेंद्र देश लहरा, किशोर टंडन, दुलेश्वर कुमार, नमन कुमार, गिरिधारी, हरिशंकर, जसवंत, पूरनलाल, देव सिंह मंडावी, डेहर लाल सहित बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए।

# भाजपा शहर-ग्रामीण की बैठक संपन्न



**बेमेतरा,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी बेमेतरा शहर मंडल एवम ग्रामीण मंडल की बैठक जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश जोशी , पूर्व विधायक अवधेश चंदेल पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा के आतिथ्य में सम्पन हुई । बैठक में मतदाता सूची में नए मतदाता का नाम जोड़ने , काटने, घोषणा पत्र में व्हाट्सप के माध्यम से सुझाव देने , केंद्र सरकार की योजना के प्रचार प्रसार के लिए हर शक्ति केंद्र पर लाभार्थी सम्मेलन कराने जैसे विषयों पर चर्चा हुई । पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने बताया की चुनाव आयोग ने ,31 अगस्त तक आपत्ति दावा का समय दिया है । सभी कार्यकर्ताओं को नए मतदाता का नाम जुड़वाने के लिए कहा गया है । जो मतदाता का निवास बदल गया हो तो किसी की मृत्यु हो गई उसके नाम कटवा दे, भाजपा समर्थित किसी का नाम छूट ना जाए इस बात का ध्यान देने बैठक में कहा गया है । घोषणा पत्र के लिए सुझाव एकत्रित करने की भी जवाबदारी कार्यकताओं को दी गई है । केंद्र के मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर सभी शक्ति केंद्रों में लाभार्थी सम्मेलन हो ताकि केन्द्र सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार हो सके इसके लिए प्रत्येक शक्ति केंद्र के लिए प्रभारी की नियुक्ति की गई है । बैठक में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा,शहर मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू,मंडल अध्यक्ष ग्रामीण छोटू राम साहू,जिला महामंत्री नरेन्द्र वर्मा, राजा पांडेय,जिला उपाध्यक्ष अजय तिवारी,प्रहलाद रजक,हर्ष तिवारी,बंशी राठी, भोकू सिंह , सुरेन्द्र लोधी,विकास तंबोली,संतोष वर्मा ,तारण राजपूत,योगेश वर्मा,सिद्धांत ठाकुर,भागीरथी साहू,राजू गायकवाड,गोलू कोशले,राजकुमार खांडे,धर्मेंद्र साहू,ओम वर्मा,तुषार साहू, गैंद वर्मा ,टेकराम वर्मा उपस्थित थे ।

## भाजपा बेरला महाराणा प्रताप भवन व भिंभौरी मण्डल की आवश्यक बैठक

भारतीय जनता पार्टी बेरला मंडल महाराणा प्रताप भवन व भिंभौरी मण्डल की आवश्यक कामकाजी बैठक सरस्वती शिशु मंदिर हसदा में सम्पन्न हुआ।

भारतीय जनता पार्टी चुनावी मैदान में आ चुकी है जहाँ एक ओर युवा नव मददाता को संपर्क में लगे है वही महिला मोर्चा हरेली से लेके तीजा तक के कार्यक्रम में महिला को जोड़ने में लगे है वही हर जगह किसान बिजली पानी आवास बेरोजगारी भत्ता को लेकर धरना प्रदर्शन में लगी हुई इसी कड़ी में रविवार को



बेरला व भिभौरी मंडल का बैठक सम्पन्न हुआ जिसमें प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेशमंत्री पूर्व विधायक अवधेश सिंह चन्देल, जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी,पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा,पूर्व प्रदेशमंत्री संध्या परगनिहा मंडल अध्यक्ष बलराम पटेल यशवंत वर्मा महामंत्रीगण व वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

अवधेश सिंह चन्देल ने कहा अब चुनावी शंखनाद हो चुका है जिसमे सबसे सर्वप्रथम काम हमे अभी 2 अगस्त से लेके 31 अगस्त तक नाम जुड़वाने व कटवाने का चल रहा आप अपने अपने ग्राम का वोटर लिस्ट चेक करिये अपने विचारधारा वाले परिवार के खुद नाम कटा तो नही कोई कटाया तो नही जो संदिग्ध है उसे प्रश्न करो गलत पाया गया उसे हटवाए।

जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश जोशी ने कहा हमे प्रत्येक शक्तिकेन्द्र पर लाभर्थियों का सम्मेलन करना इसमें शक्तिकेन्द्र प्रभारी संयोजक सहसंयोजक बूथ अध्यक्ष विशेष ध्यान देंगे इसमें हमे मोदी सरकार जनकल्याण कार्यो व प्रदेश कांग्रेस के भ्रष्टाचार को जन जन तक बताने के लिए कहा।

राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि पार्टी घोषणा पत्र के लिए सभी कार्यकर्ताओं से सुझाव मांगा है जिसमे सभी कार्यकर्ता अपना सुझाव दीजिये बढ़िया से पत्र बनाइये हर वर्ग के लिए बनाइये ,व्हाट्सएप ईमेल या आपके जिला मण्डल में सुझाव पेटी आएगा उसमे आप डाल दीजियेगा ।साथी ही नव मतदाता से संपर्क करे, नाम जुड़वाने के लिए नवमतदाता का सहायता करिये और अपने बूथ को मजबूत करने के लिए संगठन को गति प्रदान करे।

संध्या परगनिहा ने कहा कांग्रेस की सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है, जनता के कार्यो से उनका कोई सरोकार नहीं रह गया है, कांग्रेस ने जो वादे करके सरकार में आया था इसको पिछले पौने पांच साल में पूरा नही किया है, महिलाओ पर अत्याचार लगातार बढ़ रहा है, शराब गांव गांव में बिक रहा है।

इस अवसर पर शक्तिकेन्द्र प्रभारी संयोजक सहसंयोजक जनप्रतिनिधिगण बूथ अध्यक्ष बीएलए2 समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष व महामंत्रीगण वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

# वालेंटियर ने असहाय महिला की मदद कर सखी सेंटर भेजा



**खैरागढ़,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। अध्यक्ष आलोक कुमार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के निर्देशानुसार अध्यक्ष चन्द्र कुमार कश्यप तालुक विधिक सेवा समिति खैरागढ़ व सचिव देवाशीष ठाकुर के मार्गदर्शन में असहाय महिला को सखी सेंटर पहुंचाया गया. शनिवार 5 अगस्त को व्यवहार न्यायालय परिसर खैरागढ़ में नालसा की योजनाओं का प्रचार-प्रसार के दौरान पैरालीगल वालेंटियर गोलूदास साहू को परिसर में असहाय महिला मिली जो रो रही थी उसके साथ उसकी एक डेढ़ साल की छोटी बच्ची भी थी. महिला से पूछने पर पता चला कि उसका नाम तेजेश्वरी वर्मा है जिसे उसके पति व ससुराल वालों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया है. वह करीबन 3 वर्ष पहले राहुल कुमार जांगड़े निवासी बिरनपुर खुर्द से प्रेम विवाह की थी, जब से विवाह हुआ था तब से उसके पति व ससुराल वाले महिला के साथ गाली-गलौज कर मारपीट करने लगे और उसको घर से निकाल दिया. दूसरे समाज में विवाह के चलते उसके मायके वाले भी उसको स्वीकार नहीं कर रहे हैं. वॉलेंटियर ने महिला को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विवेक गर्ग से मिलाया जहां सीजेएम श्री गर्ग ने निर्देशित किया कि उसे सखी सेंटर ले जाकर काउंसिलिंग करवाया जाये. पीएलवी गोलूदास ने गंडई थाना प्रभारी से बात कर उनसे एक लेटर सखी सेंटर के नाम से मंगवाया ताकि उस महिला को आसानी से सखी सेंटर में लिया जा सके. थाना खैरागढ़ व थाना गंडई के सहयोग से महिला को सखी सेंटर बल्देव बाग राजनांदगांव ले जाकर काउंसिलिंग कराया गया. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव देवाशीष ठाकुर के मार्गदर्शन व पैरालीगल वालेंटियर अनुज्ञा मिश्रा के सहयोग से महिला को सखी सेंटर में लिया गया जहां पर उसके पति राहुल कुमार जांगड़े को बुलाकर दोनों की काउंसिलिंग की जायेगी और प्रयास किया जायेगा कि दोनों पुन- अपने दाम्पत्य जीवन में खुशी खुशी वापस लौटकर एक हो सके।

# सेवानिवृत्त कर्मचारी को कलेक्टर ने दिया पेंशन आदेश की प्रति

**खैरागढ़,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने शारीरिक अक्षम व्याख्याता को सेवानिवृत्त पर उसके घर जाकर पेंशन आदेश की प्रति सौंपी है. इस दौरान श्रीमती प्रभा ठाकुर व्याख्याता एवं राजेश सिंह ठाकुर सहा. ग्रेड-02 को सेवानिवृत्ति पर उनके घर जाकर पेंशन उपादान आदेश दिया गया. कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कोषालय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के दिन पेंशन का लाभ दें. जिले के सभी डीडीओ को पेंशन के देय स्वत्वों का तत्काल निराकरण करने के भी निर्देश दिये गये. नगर के वार्ड क्र.4 में श्रीमती प्रभा ठाकुर व्याख्याता, डॉ.पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी माध्यमिक विद्यालय खैरागढ़ एवं राजेश सिंह ठाकुर सहा. ग्रेड-02 शासकीय हाई स्कूल कांचरी 31 जुलाई 2023 को सेवानिवृत्त हुये हैं. राज् य शासन की मंशानुरूप कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा संभागीय संयुक्त संचालक, कोष, लेखा एवं पेंशन संभाग दुर्ग से पेंशन/उपादान भुगतान आदेश के साथ साल एवं पुष्पगुच्छ देकर पेंशनरों को सम्मानित किया. इस अवसर पर जिला कोषालय अधिकारी गिरीश देवांगन, सहायक कोषालय अधिकारी सीबी ठाकुर, हेमंत साहू, प्राचार्य रोशन लाल वर्मा, डॉ.मकसूद, संजय देवांगन, लेखापाल विद्याभूषण सोनी, संजय सोनी, प्रकाश खांडेकर सहित पेंशनरों के परिवार उपस्थित हुए।



# कृषि विभाग ने बिना लायसेंस के आदान खाद, बीज एवं कीटनाशक विक्रय करने वाले केन्द्र पर की कार्यवाही

**कवर्धा,** 07 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देश पर कृषि विभाग द्वारा खरीफ 2023 में जिले के कृषकों को गुणवत्तायुक्त आदान सामग्री खाद, बीज एवं कीटनाशक की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए उप संचालक कृषि एवं जिला निरीक्षण दल द्वारा जिले के सभी खाद, बीज एवं कीटनाशक विक्रय केन्द्रों का निरंतर जांच किया जा रहा है।



कृषि विभाग के उपसंचालक राकेश शर्मा ने बताया कि जाँच के दौरान विकासखंड कवर्धा के साहू कृषि केंद्र सैगोना द्वारा बिना लायसेंस के खाद, बीज एवं कीटनाशक का विक्रय करते और विभिन्न कंपनियों के कीटनाशक दवाओ का भण्डारण पाया गया, जो नियमो की अवहेलना की श्रेणी में आता है। जिसके तहत सक्त कार्यवाही कर तत्काल प्रभाव से विक्रय पर प्रतिबन्ध लगाकर परिसर को सील करने की कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि विकासखंड बोड़ला के सिन्हा कृषि केंद्र, महराजपुर तथा मातेश्वरी कृषि केंद्र खैरबना कला को खाद, कीटनाशक एवं बीज विक्रय-स्टॉक पंजी संधारण नहीं करना, रेट लिस्ट चस्पा नहीं करना, बिल बुक संधारण नहीं करना आदि पाई गई अनियमितता के आधार पर नोटिस जारी कर समय सीमा में जवाब प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया।

# गुरूर नगर में शिवलिंग की स्थापना



**गुरुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। जन सहयोग के माध्यम से शिवलिंग की स्थापना गुरुर नगर में किया गया जिसे लेकर के क्षेत्र में एक उत्साह का माहौल रहा, सावन के पांचवे सोमवार को गुरुर नगर में रानी दुर्गावती वार्ड नंबर 14 में तहसील चौक गोठान के पास शिवलिंग की स्थापना की गई इस शिवलिंग को पार्षद अनुसुइया ध्रुव ,पार्षद जितेश्वरी निषाद अपनी स्वेच्छा से स्वयं खर्च वहन कर शिवलिंग की स्थापना करवाएं, मनोज (बबलू) साहू के द्वारा चबूतरा बनवा कर दान दिया गया पूर्व जनपद अध्यक्ष ईशा प्रकाश साहू के द्वारा चबूतरे पर टाइल्स लगवा कर दान दिया गया, इस तरह सभी जन सहयोग के द्वारा मिलकर प्राण प्रतिष्ठा के साथ पंडित जितेंद्र शर्मा के द्वारा मंत्रोचार और विधि विधान से शिवलिंग की स्थापना की गई इस मौके पर मोहल्ले के लोग व शिवभक्त बड़ी संख्या में मौजूद थे अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

# पार्षद पर अमर्यादित टिप्पणी का आरोप साहू समाज के लोगों ने लगाया

**बेमेतरा,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पालिका के पार्षद प्रवीण नीलू सिंह राजपूत पर नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला साहू पर अमर्यादित टिप्पणी किए जाने का आरोप लगाते हुए साहू समाज के लोगों ने माफी मांगने की मांग पार्षद से की है ऐसा नहीं करने पर चुनाव के समय उसका बहिष्कार करने की चेतावनी दी है, प्रेस को जारी एक बयान में नगर साहू समाज के अध्यक्ष रामाधार साहू तहसील साहू संघ के अध्यक्ष छोटेलाल साहू समाज के पदाधिकारी खून लाल साहू कैलाश साहू एवं पंचम साहू ने जानकारी देते हुए बताया है कि पार्षद प्रवीण नीलू सिंह राजपूत द्वारा सोशल मीडिया के फेसबुक अकाउंट में घोर अशोभनीय एवं आपत्तिजनक टिप्पणियां की गई है जिससे सिर्फ साहू समाज ही नहीं पिछड़ा वर्ग समाज ने भी अपमानित महसूस किया है जिसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है समाज के पदाधिकारियों ने कहा है कि पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू पोस्ट ग्रेजुएट महिला है उसके बावजूद उन्हें पार्षद द्वारा अनपढ़ कहा गया है और टिप्पणी करते हुए अशोभनीय शब्दों का उपयोग किया गया है ऐसे ही कृतियों की वजह से उन्हें भाजपा ने पार्टी से निकाल बाहर भी किया था इस तरह के कृत्य पार्षद के सामंती मानसिकता को दर्शाता भी है साहू समाज के लोगों ने कहा है कि पालिका अध्यक्ष रहते हुए शकुंतला मंगत साहू ने उल्लेखनीय कार्य करते हुए नगर को जिला मुख्यालय के अनुरूप विकसित करने का काम भी किया है पश्चात पार्षद द्वारा ओछी मानसिकता को प्रदर्शित करते हुए किसी महिला जनप्रतिनिधि पर अमर्यादित एवं अशोभनीय टिप्पणी करना निंदनीय है जिसके लिए पार्षद को माफी माफी मांगना चाहिए ऐसा नहीं करने पर साहू समाज बैठक कर आगे निर्णय करेगी ।

# जिले की विधानसभा क्षेत्र साजा में 15 नये मतदान केंद्र बनाए गए

**बेमेतरा,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिले के तीन विधानसभा के लिए मतदान केंद्रों की संख्या में बढ़ौतरी हुई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण के तहत जिले से भेजे गए प्रस्ताव में निहित मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण संबंधी प्रस्ताव पर निर्वाचन आयोग ने अपनी सहमति प्रदान कर दी है।

**जिले के तीनों विधानसभाओं में मतदान केन्द्रों की संख्या बढ़कर हुई 744**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण के तहत बेमेतरा जिले के विधानसभा क्षेत्र साजा में 15 नये मतदान केंद्र बनाये गए है। इसके साथ ही ज़िले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में भवन परिवर्तन, स्थल तथा नाम परिवर्तन भी किए गए है। निर्वाचन आयोग के अनुमोदन उपरांत मतदान केंद्रों की सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। प्रकाशित मतदान केन्द्रों की सूची जिले के सभी तहसील कार्यालयों में तथा बेमेतरा जिले की वेबसाइट में देखी जा सकती है। विधानसभा क्षेत्र 68-साजा में 201 मतदान केन्द्र, विधानसभा क्षेत्र 69-बेमेतरा में 245 मतदान केन्द्र तथा विधानसभा क्षेत्र 70-नवागढ़ में 298 मतदान केन्द्र सहित जिले में अब मतदान केन्द्रों की कुल संख्या 744 हो गई है।

जिला निर्वाचन से मिली जानकारी अनुसार बेमेतरा जिले के विधानसभा क्षेत्र साजा में दूरी के आधार पर ग्रामीण क्षेत्र में स्थित मतदान केन्द्रों को विभाजित कर 15 आश्रित ग्रामों में नये मतदान केन्द्र बनाए गए हैं, इनमें बेमेतरा जिले के विधानसभा क्षेत्र 68-साजा के ग्राम खैरा, समुंदवारा, बोरिया, मोतेसरा, केछवई, चुहका, भरमपुरी, संबलपुर, बोदका, भोजेपारा, बुड़ेरा, तुमड़ीपार, पथरीखुर्द, रुसे तथा ग्राम बासीन में नये मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इसी प्रकार भवन जर्जर एवं डिसमेंटल होने के कारण विधानसभा क्षेत्र 68-साजा में 4 भवन परिवर्तन, 2 स्थल परिवर्तन एवं 3 नाम परिवर्तन हुए हैं, वहीं विधानसभा क्षेत्र 69 बेमेतरा में 9 भवन परिवर्तन, 15 नाम परिवर्तन तथा विधानसभा क्षेत्र 70 नवागढ़ में 14 भवन परिवर्तन किए गए हैं।

# भाजयुमो ने मतदाताओं का स्वागत किया

**गुरुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा प्रदेश के आवाहन पर भाजयुमो जिला अध्यक्ष के निर्देशानुसार भाजयुमो मंडल गुरुर अध्यक्ष मनीष साहू के नेतृत्व में व भाजयुमो मंडल गुरुर महामंत्री अजेंद्र साहू और युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने ग्राम कोचेरा व भूलनडबरी में नए मतदाताओं के अभिनंदन पत्र प्रदान कर उनका स्वागत किया उनके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर नए मतदाता साथियों से मिलकर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी साझेदारी निभाने और बालोद जिले के मतदान का प्रतिशत बढ़ाने का आग्रह किया इस अवसर पर भाजयुमो जिला कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र साहू, प्रमोद सिन्हा, रवि साहू और ग्राम कोचेरा के युवा साथी हुमन लाल सुधीर ,हेमंत,भेमराज,पूनम, यतीश, एवन, अजय,पुरुषोत्तम,कोमल साहू भूलनडबरी से गुलशन कुमार,मुकेश कुमार,कृतिकांत गुरुपंच,धनेश कुमार, हेमेंद्र कुमार, टूमनेश्वर यूइके एव गाव के युवा साथी उपस्थित रहे।



# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 10 को डुमरडीह-दैहान आयेंगे

**ठा. प्यारेलाल सिंह की प्रतिमा का अनावरण और पुस्तक का विमोचन करेंगे तथा किसान मजदूर सम्मेलन को संबोधित करेंगे**

**राजनांदगांव,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आगामी 10 अगस्त को राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे । मुख्यमंत्री 10 अगस्त को पूर्वान्ह 11ः00 बजे छत्तीसगढ़ के अग्रणी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर प्यारेलाल सिंह के गृह ग्राम सेमरा दैहान में उनकी प्रतिमा का अनावरण करेंगे । इस अवसर पर वे पत्रकार, लेखक, इतिहासकार और ठाकुर प्यारेलाल सिंह के पोते आशीष सिंह द्वारा संपादित पुस्तक का विमोचन भी करेंगे । तत्पश्चात मुख्यमंत्री ग्राम डुमरडीह में आयोजित किसान मजदूर सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे । सभी कार्यक्रमों के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होंगे । अध्यक्षता खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत करेंगे । विशेष अतिथि के रुप में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं डोंगरगांव के विधायक दलेश्वर साहू , खुज्जी की विधायक श्रीमती छन्नी साहू, खैरागढ़ की विधायक श्रीमती यशोदा नीलांबर वर्मा, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष नवाज खान, समाजसेवी एवम ठाकुर प्यारेलाल सिंह के पोते नीलकांत सिंह ठाकुर, समाजसेवी पदम कोठारी, जनपद सदस्य ओम प्रकाश साहू और समाजसेवी रतन यादव उपस्थित रहेंगे । छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं डोंगरगढ़ के विधायक भुनेश्वर शोभाराम बघेल, ग्राम पंचायत डुमरडीह कला के सरपंच दिनेश सिंह ठाकुर ने विधानसभा क्षेत्र के किसान मजदूर भाइयों से समस्त कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है ।

## कौन थे ठाकुर प्यारेलाल सिंह

त्यागमूर्ति ठाकुर प्यारेलाल सिंह का जन्म 21 सितंबर 1891 में राजनांदगांव के निकट दैहान नामक ग्राम में हुआ था । हाई स्कूल की शिक्षा उन्होंने रायपुर में, इंटर नागपुर से तथा 1916 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से वकालत पास की । 1905 में ठाकुर साहब ने राजनांदगांव में सरस्वती पुस्तकालय की स्थापना की । 1909 में इस संस्था को शासन ने जप्त कर लिया । 1920 में राजनांदगांव कपड़ा मिल के मजदूरों ने उनके नेतृत्व में हड़ताल की । 37 दिनों के बाद मजदूरों की मांगे मान ली गई। 1920 में असहयोग आंदोलन की घोषणा होते ही उन्होंने वकालत छोड़ दी और राजनांदगांव में राष्ट्रीय विद्यालय की स्थापना की । 1923 में झंडा सत्याग्रह में उन्हें सत्याग्रही भेजने की जिम्मेदारी सौंपी गई । 1924 में मिल मजदूरों ने पुनः हड़ताल कर दी । ठाकुर साहब पर सभा लेने और भाषण देने पर प्रतिबंध लगा दिया



गया । ठाकुर साहब को नांदगांव रियासत से निष्कासित कर दिया गया । वे रायपुर स्थाई रूप से बस गए । 1930 के आंदोलन में शासन ने उनके वकालत के लाइसेंस को जप्त कर लिया फिर उन्होंने कभी वकालत नहीं की । 1930 में ही उन्होंने किसानों के लिए पट्टा मत लो आंदोलन प्रारंभ किया । फल स्वरुप में एक वर्ष के लिए जेल में डाल दिए गए । 1932 में उन्हें पुनः गिरफ्तार किया गया और 2 वर्ष की कठोर सजा दी गई । उनके घर का सामान कुर्क कर लिया गया । उन्हें जेल के सी क्लास में रखा गया । 1936 में वे सीपी एंड बरार विधानसभा के सदस्य निर्वाचित हुए । 1937 में वे रायपुर नगर पालिका के अध्यक्ष चुने गए । इसी वर्ष उनकी अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ एजुकेशन सोसाइटी ने रायपुर में छत्तीसगढ़ कॉलेज की स्थापना की । 1940 और 1944 में वे पुनः रायपुर नगर पालिका के अध्यक्ष निर्वाचित हुए । 1942 के आंदोलन में उन्होंने भूमिगत रहते हुए नवयुवकों को संगठित किया और अंग्रेजी सत्ता के विरुद्ध संघर्ष का नेतृत्व किया । 1945 में उन्होंने छत्तीसगढ़ बुनकर संघ की स्थापना की । उन्होंने अनेक सहकारी संस्थाओं को जन्म दिया । 1951 में वे कांग्रेस से अलग हो गए । 1952 ने वे रायपुर से विधायक चुने गए । वे सीपी एंड बरार (नागपुर) विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष निर्वाचित हुए । राजनीति से विरक्त होकर 1952 में वे भूदान और सर्वोदय आंदोलन में शामिल हो गए । भूदान के लिए उन्होंने हजारों किलोमीटर की पदयात्रा है । 20 अक्टूबर 1954 को जबलपुर के निकट उनका देहावसान हो गया । उन्हें भूदान आंदोलन का प्रथम शहीद कहा गया ।

## सिंचाई सुविधा की बाट जोह रहा दैहान ?

कहने को तो ग्राम दैहान के समीप सेमरा लघु जलाशय और डुमरडीह लघु जलाशय है, लेकिन इन दोनों जलाशयों का लाभ ग्राम दैहान के किसानों को नहीं मिल पाता है । त्रुटिपूर्ण नहर व्यवस्था के कारण ग्राम दैहान की 700 एकड़ भूमि असिंचित रह जाती है । पूर्व जनपद सदस्य नरेंद्र सिंह ठाकुर का कहना है कि प्रधान पाठ बैराज से पानी यदि सेमरा और डुमरडीह जलाशय में छोड़ा जाए तो इससे ठाकुर साहब की जन्मभूमि दैहान की 700 एकड़ भूमि सिंचित हो सकती है द्य ग्रामवासियों को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से बड़ी अपेक्षा है कि वे किसानों को सिंचाई योजना की सौगात देंगे ।

## स्वास्थ्य सुविधाओं की दरकार ?

ग्राम डुमरडीह कला में वर्तमान में मात्र 06 बिस्तरों का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित है, लेकिन क्षेत्र की बड़ी जनसंख्या को देखते हुए यह ऊंट के मुंह में जीरा के समान हैं ।इसके अलावा केवल राजनांदगांव, खैरागढ़ और घुमका में ही अस्पताल । ग्राम पंचायत के ग्राम वासियों की मांग है कि डुमरडीह के 06 बिस्तरों वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उन्नयन कर कम से कम 20 बिस्तर वाला अस्पताल बनाया जाना चाहिए ताकि क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सके । ग्रामीणों का यह भी कहना है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डुमरडीह में पर्याप्त स्टाफ नहीं होने के कारण भी उपचार के लिए पहुंचे लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ता है । ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से क्षेत्र ने स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करने की अपेक्षा की है ।

## स्कूल और कालेज और अस्पताल का का नाम ठाकुर साहब के नाम पर करने की मांग ?

ग्रामवासियों ने ठाकुर प्यारेलाल सिंह के नाम को चिर स्थाई बनाने के लिए प्राथमिक शाला दैहान, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डूमरडीह कला और शासकीय महाविद्यालय ठेलकाडीह का नाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर प्यारेलाल सिंह के नाम पर करने की मांग की है ।

साथ ही राजनांदगांव खैरागढ़ मुख्य मार्ग में डुमरडीह कला जाने वाले मुख्य सड़क पर ठाकुर प्यारेलाल सिंह के नाम पर प्रवेशद्वार बनाने की मांग की है ।

## अनेक महान लोगों की जननी है दैहान ?

राजनांदगांव जिले में कहने को तो ग्राम दैहान ग्राम पंचायत डूमरडीह कला का आश्रित ग्राम है, लेकिन यह गांव अनेक राजनीतिज्ञों, साहित्यकारों और प्रशासनिक अफसरों की जननी है । छत्तीसगढ़ के प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठा. प्यारेलाल सिंह, अविभाजित मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के सदस्य ठा. रामकृष्ण सिंह, छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध साहित्यकार हरि ठाकुर, पूर्व मंत्री ठाकुर दरबार सिंह, इसी माटी के सपूत हैं, लेकिन गौरव ग्राम घोषित होने के और आजादी के 75 वर्ष बीतने के बाद भी दैहान विकास की बाट जोह रहा है ।

# राहुल गांधी फिर से संसद में भरेंगे हुंकार: कुलबीर

## लोकसभा सदस्यता बहाली पर शहर कांग्रेस ने मनाई खुशियां, जमकर फोड़े पटाखे

**राजनांदगांव,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। देश के सर्वोच्च न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) द्वारा मिली राहत के बाद आज लोकसभा सचिवालय द्वारा अभा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी जी लोकसभा सदस्यता बहाल करने की अधिसूचना जारी होने पर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में मानव मंदिर चौक पर ''जय कांग्रेस विजय कांग्रेस'' के जयघोष के साथ कांग्रेसजनों द्वारा पटाखे फोड़कर मिठाई बांटकर खुशियां मनाई।

जानकारी देते हुए शहर कांग्रेस महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी जी को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मिली राहत के बाद आज 07 अगस्त को लोकसभा सचिवालय द्वारा लोकसभा सदस्यता बहाल करने की अधिसूचना जारी होने कांग्रेसजनों में उत्साह का संचार हुआ। जिसको लेकर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के अगुवाई में स्थानीय कांग्रेस भवन में कांग्रेसजन एकत्रित होकर ढाले नगाड़ों के साथ जुलूस निकालकर मानव मंदिर चौक में ''नफरत के खिलाफ मोहब्बत की जीत'' व सत्य की जीत के नारें लगाएं व जमकर पटाखे फोड़कर शहर



की जनता को मिठाई खिलाई।

कांग्रेसजनों में उत्साह का खुशी का माहौल देख शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि यह जीत लोकतंत्र की जीत है। सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय पूरे देश में इस बात का संदेश है कि ''सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं।'' हमारे सर्वमान्य नेता राहुल गांधी जी के उपर जो घटनाक्रम हुए है वह निंदनीय है। देश में लोकतंत्र कायम है सुप्रीम कोर्ट ने यह साबित कर दिया और तत्काल हमारे नेता की सजा पर रोक लगाई और लोकसभा सचिवालय द्वारा संसद सदस्यता बहाल भी कर दिया। वर्तमान में देश में जो हालत है वह काफी निराशजनक है देश विरोधी शक्तियां लगातार विपक्ष की आवाज दबाने का काम कर रही है और देश को पीछे ले जाने का काम किया जा रही है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय पर अब पुन: देश की आवाज बनकर माननीय राहुल गांधी जी देश के हितों व नागरिकों की सुरक्षा के लिए अपनी बात संसद में मुखर होकर पूरे दमखम से उठाएंगे। हम कांग्रेसजन माननीय राहुल गांधी जी के साथ खड़े है।

इस दौरान प्रमुख रूप से छग अंत्यावसायी वित्त विकास निगम के अध्यक्ष धनेश पाटिला, छग खादी एवं ग्रामोद्योग के सदस्य श्रीकिशन खंडेलवाल, अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष हफीज खान, गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष मन्ना यादव, महापौर हेमा देशमुख, वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी, आफताब आलम, पंकज बांधव, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, महामंत्री झम्मन देवांगन, नासिर जिंदरान, हनी ग्रेवाल, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, मोहनी सिन्हा, रौशनी सिन्हा, प्रज्ञा गुप्ता, अब्बास खान, मनीष गौतम, भोला यादव, मो.करीम मेमन, पार्षद संतोष पिल्ले, गणेश पवार, मनीष साहू, महेश साहू, पूर्णिमा नागदेवे, अतुल शर्मा, अरशद खान, खैरूनिशा, विद्या तिरपुडे, गेमू कुंजाम, सरोज प्रधान, संगीता साहू, नारायण सोनी, सुनीता सिन्हा, आशा शर्मा, खिलेश्वर पाल, मोहसिन कुरैशी, अमित जंघेल, सुरेन्द्र देवांगन, आरबी मिश्रा, मोहन चुनुरकर, विष्णु सिन्हा, गोपी रजक, डा.राकेश कुमार, चंद्रशेखर वैष्णव, हेमंत मानिकपुरी, विजय अग्निहोत्री, अभिमन्य मिश्रा, संदीप जायसवाल, अजय अग्रवाल, हिम्मत पवार, राहुल केमे, नासिर खां, रफीक अहमद, भैरव सिन्हा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की पुन: सरकार बनेगी: सुजीत दत्ता

**राजनांदगांव,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने अपनी सफलता के साथ 5 साल पूरा करने के करीब है, इस सफलता से कांग्रेस पूरी तरह संतुष्ट है, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सदस्य तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुजीत दत्ता च्चापीज्ज ने कहा कि केन्द्र में भी कांग्रेस की सरकार बनेगी जिस प्रकार से छत्तीसगढ़ में विकास हुई हैं, जिससे जनता ने मन बना लिया है। कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार दोबारा बनेगी। भूपेश बघेल ने बहुत सारी योजनाएं छत्तीसगढ़ के सभी वर्ग के लिये लाई है जिससे छत्तीसगढ़ का विकास चौमुखी दिखने लगा हैं, जिससे सरकार के प्रति विश्वास सभी वर्गों में बढ़ा हैं।



■ भूपेश सरकार की योजनाओं से छत्तीसगढ़ की जनता को रही है लाभान्वित

श्री दत्ता ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ के स्थानीय पूर्व त्यौहार, सुराजीगांव योजना, कृषि योजनाओं से खुशहाल किसान, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, छत्तीसगढ़ मिलेट मिशन, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन मजदूर न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, सहकारिता एवं कृषक कल्याण, आदिवासी जनजीवन में न्याय का उजियारा, लघु वनोपज संग्रहण एवं वन अधिकार, महिला सशक्तिकरण का नया दौर, सबको सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं, सस्ती बिजली से जीवन में उजियारा, सबको स्वच्छ पेयजल का अधिकार, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री मितान योजना, उच्योगों से संतुलित विकास को नई गति, युवा सशक्तिकरण, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, संवदेनशील सरकार प्रशासनिक विकेन्द्रीकरण, चिटफंड निवेशकों के साथ न्याय, राम वनगमन परिपथ, सी-मार्ट (छत्तीसगढ़ मार्ट), छत्तीसगढ़िया ओलंपिक्स, फोन डायरेक्टरी आदि योजनाएं है। सभी योजनाओं को बूथ और जमीनी स्तर पर पूरी तत्परता के साथ कियान्वयन किया जा रहा हैं। जिससे छत्तीसगढ़ की जनता खुशहाल हो गई है और दोबारा कांग्रेस सरकार को अवसर देने के मूड में है, सरकार और संगठन एकसाथ मिलकर छत्तीसगढ़ प्रदेश के विकास के लिये पूरी ईमानदारी और ताकत के साथ कार्य करने के लिए तत्पर हैं। आगामी छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत से सत्ता में दोबारा लौटेगी, साथ में आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार फिर बैठेगी।

# सड़कों की दुर्दशा को लेकर लाल बहादुर नगर भाजपा कार्यकर्ताओं का उग्र प्रदर्शन

■ सड़कों से चिखला उठाकर विधायक दलेश्वर के निवास में फेंका और तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**डोंगरगढ़,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। डोंगरगाँव विधानसभा क्षेत्र के लाल बहादुर नगर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को ग्राम ढूंढेरा से चिखला यात्रा निकाली जिसे क्षेत्र के विधायक दलेश्वर साहू के आलीवारा निवास में फेंक कर जबरदस्त प्रदर्शन किया है भाजपा कार्यकर्ताओं को रोकने के चक्कर में बीच बचाओ में आई पुलिस को भी कीचड़ का सामना करना पड़ा। मंडल अध्यक्ष बोधीराम साहू के नेतृत्व मे सड़क खोजो चीखला पदयात्रा में कार्यकर्ताओं द्वारा काफी देर हो प्रदेश के मुख्यमंत्री व विधायक के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए सड़कों की दुर्दशा को लेकर नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है इस दौरान, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भरत वर्मा, पूर्व जिला पंचायत के अध्यक्ष दिनेश गाँधी, भाजपा एल. बी. नगर के मंडल अध्यक्ष बोधीराम साहू, ने मीडिया से चर्चा में कहा कि विधायक कार्यकाल में क्षेत्र के वनांचल क्षेत्र सड़कों की हालत बहुत खराब हो गई है वनांचल के खराब सड़क सीतागोटा से महाराष्ट्र बार्डर, बागरेकसा से बजरंगीडीह, बागनदी से नवाटोला मार्ग ऐसे ही बरमपुर से अंडी, मोतीपुर से झंडातलाव, मुसराकला से पारागांव कला, मुसराकला से कोलिहापुरी पहुंच मार्ग सालों से जर्जर है। इसके बारे में ग्रामीणों ने विधायक से बहुत निवेदन किए लेकिन आजतक इस खराब सड़कों के बारे में कभी चिंता नहीं की। इस दौरान पूर्व विधायक खेदूराम साहूगिरवर साहू, रामकुमार गुप्ता, जयपाल सिन्हा, भूपेंद्र वर्मा, तामेश्वर साहू, रोशन साहू, हेमलाल वर्मा, अशोक वर्मा, भोजराज वर्मा, देवेन्द्र यादव, लक्ष्मी वर्मा, दिनेश वर्मा, धर्मेंद्र वर्मा, डॉ. निरेन्द साहू, देवेन्द्र साहू, प्रवेश ठाकुर, डीकेश साहू, राजकुमार ताम्रकार, जीतेन्द्र सिन्हा, संदीप सिन्हा, राकेश साहू, लोकेश वर्मा, जागेश्वर यादव, राजा जैन, किशोर यादव, सीधीकी बडगुजर, निवेदन साहू, बिशेषर वर्मा, पारस वर्मा, ज्ञानचंद वर्मा, कवल निर्मलकर, ओम साहू, घनश्याम यादव, भुवन साहू, जीतेन्द्र वर्मा, डीकेश सिन्हा, दिनेश साहू, खिलेश साहू, अमित देशमुख, विनम साहू, सुरेश वर्मा, घनश्याम वैष्णव, उत्तम वर्मा, संतराम चौथरी, फविस साहू, रामचरण वर्मा, हनुमान सिन्हा, हेमलाल वर्मा, रामाधार ओझा, भरत सेन, ओम साहू, घनश्याम वर्मा, तीरेन्द वर्मा, टकेश्वर सिन्हा, पूरन सिन्हा, लक्की निषाद, लव निषाद, कौशलश वर्मा कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री आवास की राशि का भुगतान देर से होने के लिये केन्द्र सरकार जिम्मेदार मरे हुये पर राजनीति करना छोडे नेता प्रतिपक्ष: भागचंद साहू

**राजनांदगांव,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री आवास निर्माण के ठेकेदार की हुई गत दिनों मृत्यु मे की जा रही राजनीति के संबंध में पुनर्वास तथा नियोजन विभाग के प्रभारी सदस्य श्री भागचंद साहू ने पलटवार करते हुये कहा कि प्रधामंत्री आवास की राशि का हितग्राहियों को देर से भुगतान होने के लिये केन्द्र सरकार जिम्मेदार है। उन्होंनें कहा कि नेता प्रतिपक्ष पहले वस्तु स्थिति से अवगत होवे फिर अनरगल बयान बाजी करे तथा लोगों को भ्रमित एवं गुमराह न करे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों की इतनी ही फीकर है तो वे अपने नेता व विधायक डॉ. रमन सिंह, सांसद श्री संतोष पाण्डे से कहकर केन्द्र से प्रधानमंत्री आवास का समय पर पैसा मगवावे।

प्रभारी सदस्तय श्री साहू ने कहा कि मृतक श्री महादेव यादव नाम से आवास स्वीकृत नहीं है बल्कि उनकी पत्नी श्रीमती ललिता बाई यादव के नाम से स्वीकृत है तथा उनकी सास श्रीमती जंत्री बाई यादव के नाम से एक आवास स्वीकृत है, आवास निर्माण की प्रगति के आधार पर उन्हें दो किश्तों का भुगतान किया जा चुका है। इस प्रकार दोनों हितग्राहियों को 1 लाख 85 हजार का भुगतान किया जा चुका है, भुगतान निर्माण की प्रगति के आधार पर किया जाता है। साथ ही श्री महादेव यादव द्वारा अन्य हितग्राहियों के स्वीकृत आवासो का भी ठेकेदारी की जा रही थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास निर्माण हेतु केन्द्रांश से राशि प्राप्त होने पर राज्य द्वारा शेष राशि मिलाकर हितग्राहियों को उनकी किश्त का भुगतान किया जाता है। किन्तु केन्द्र सरकार द्वारा राज्य सरकार से भेदभाव कर प्रधानंत्री आवास योजना का पैसा नहीं भेज रही है। जिसके कारण हितग्राहियों को उनके आवास की किश्तो का भुगतान करने में दिक्कते आ रही है। इसी प्रकार मनरेगा जैसी अन्य योजनाएं जिसकी राशि केन्द्र से प्राप्त होती है उसका भी पैसा केन्द्र सरकार नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष केन्द्र के बजट में छत्तीसगढ राज्य को कुछ न देते हुये प्रधानमंत्री आवास के तहत भी आबंटित किये जाने वाली राशि में कटौति कर दी है। उन्होंने के कहा कि केन्द्र सरकार कांग्रेस भाजपा न करते हुये इस प्रकार की भेदभाव की राजनीति से उपर उठकर देश एवं राज्य के विकास में कार्य करे। प्रभारी सदस्य श्री साहू के बताया कि छत्तीसगढ सरकार गरीबो की सरकार है, वे गरीबो व मध्यम वर्ग के लोगों के जीवन स्तर को ऊचा उठाने में अर्थक प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अभी तक जिन योजनाओ को चालू किया है उसे मुर्त रूप देकर पूरा किया है, चाहे नगरीय क्षेत्र के लिये मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मेडिकल मोबाईल यूनिट हो या धनवंतरी मेडिकल स्टोर्स हो, या गोपालन हो, मितान योजना हो, बिजली बिल हाफ हो, यूपा योजना हो इस प्रकार सरकार अपनी हर योजना को बेखुबी निभा रही है। जिसका लाभ जनता को सीधे मिल रहा है।

# आदर्श बौद्ध विहार कालकपारा में 25 लाख के भवन का भूमि पूजन

**डोंगरगढ़,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। क्षेत्र के आदर्श बौद्ध महासभा नागसेन बौद्ध विहार में विधायक भूनेश्वर बघेल द्वारा 25 लाख रुपए का अनुदान बुद्ध विहार के निर्माण के लिए दिया गया जिसका भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भुनेश्वर बघेल अध्यक्ष अनुसूचित जाति प्राधिकरण एवं विधायक डोंगरगढ़, अध्यक्षता नवाज खान अध्यक्ष केंद्रीय सहकारी बैंक राजनांदगांव, विशिष्ट अतिथि विवेक वासनिक अध्यक्ष राजगामी न्यास संपदा राजनंदगांव, धनेश पटिला कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त छत्तीसगढ़ शासन, सुदेश मेश्राम अध्यक्ष नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़, उमा महेश वर्मा उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़, नलिनी मेश्राम प्रदेश सचिव महिला कांग्रेस छत्तीसगढ़, थानेश्वर पटिला, के एल टांडेकार प्राचार्य दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव मंचस्व थे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों ने भगवान गौतम बुद्ध व बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया तत्पश्चात दीप प्रज्वलित किया गया कार्यक्रम में धर्मगुरु भदंत नागरत्न द्वारा उपस्थित उपासक उपासिकों को सामूहिक वंदना ग्रहण कराई गई तत्पश्चात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक भुनेश्वर बघेल ने भी कहा कि मैं जब भी इस बौद्ध विहार में आता हूं तो मुझे अपनापन सा लगता है मुझे यह समाज नहीं अपना घर लगता है मैं हमेशा से बौद्ध समाज के लोगों से जुड़ा हुआ हूं और आशा करता हूं कि आगे भी ऐसे ही जुड़ा रहूंगा, वर्तमान भूपेश बघेल सरकार द्वारा हमेशा से सभी वर्गों को ध्यान में रखकर कार्य किया जा रहा है इसीलिए आज हमारी सरकार के कार्यकाल में गरीब, मजदूर, किसान, युवा सभी खुश है और सभी वर्तमान सरकार की कार्यों की सराहना करते हैं। बैंक नवाज खान ने कहा कि डोंगरगढ़ में बौद्ध समाज की संख्या बहुत बड़ी है जो आज मुझे दिख भी रही है मैं हमेशा से यह वर्ग के लोगों को देखता हूं इन्होंने बाबा साहब के सपने को साकार करने के लिए हर संभव प्रयास किया है और हमारी सरकार द्वारा इसी प्रकार हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जा रहा है उन्होंने समाज की सराहना करते हुए कहा कि सामाजिक स्तर पर बौद्ध समाज द्वारा समय-समय पर सभी धर्म व वर्ग के लोगों के हितों को ध्यान में रखकर कार्य किए जाते हैं जो सराहनीय है। आदर्श बौद्ध महासभा नागसेन बुद्ध विहार द्वारा बुद्ध वंदना नामक किताब का विमोचन अतिथियो द्वारा किया गया जिसमें तथागत गौतम बुद्ध द्वारा दिए गए पंचशील वह अष्टांगिक मार्ग के बारे में विस्तार से बताया गया, समाज के अध्यक्ष मुन्नालाल नंदेश्वर ने बताया कि बुद्ध वंदना नामक पुस्तक को इस समय लांच करने का अलग महत्व है क्योंकि वर्तमान में वर्षावास का पर्व चल रहा है जो बौद्धों के लिए पवित्र पर्व होता है जिसमें धर्मगुरु द्वारा अपने ओजस्वी ज्ञान को प्रकाशित किया जाता है जिससे सारा विश्व लाभान्वित होता है इसलिए इस पर्व का अपना अलग ही महत्व है। कार्यक्रम में राजगामी संपदा अध्यक्ष विवेक वासनिक, अंत व्यवसायी निगम अध्यक्ष धनेश पटिला, नपा अध्यक्ष सुदेश मेश्राम नलिनी मेश्राम, पार्षद अनिता लोकेश इंदुलकर, धीरज मेश्राम, रमण डोंगरे, राजकुमार नंदेश्वर, अनिल सहारे, मनीष बडोले, विलास सहारे, अमिताभ दुफारे, मुकेश कांडे, हीरालाल मौर्य, पुरुषोत्तम रामटेके, गरीबदास गड़पायले, डॉ रावतकर, डॉ मनोज गजभिये, किरण देउड़कर, माया भास्कर, ललिता साखरे, संजू गजभिए, प्रमोद सहारे, चंद्रशेखर बोरकर, बादल वालदे, शुभम खोबरागड़े, विक्की अम्बादे सहित बड़ी संख्या में बौद्ध उपासक- उपसिकाये उपस्थित थे।



# प्रेमचंद जयंती पखवाड़ा के तहत कफन कहानी पर हुई चर्चा

**खैरागढ़,** 7 अगस्त (देशबन्धु) डॉ.पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पाठक मंच खैरागढ़ व प्रगतिशील लेखक संघ इकाई खैरागढ़ के संयुक्त तत्वाधान में प्रेमचंद जयंती पखवाड़ा के तहत उनकी कफन कहानी पर परिचर्चा का आयोजन विज्ञान भवन में संपन्न हुआ. कहानी का वाचन कक्षा 12वीं की छात्रा शिफा परवीन ने की और आश्वला यदु द्वारा प्रेमचंद के जीवन की संक्षिप्त जानकारी दी गई तत्पश्चात आधार वक्तव्य में संकल्प पहटिया ने कहा कि रचना बीते दिनों की हो या आज की, वह समाज और जीवन का अनुनाद होती है और खासकर प्रेमचन्द्र जैसे कालजयी रचनाकारों की. भारतीय समाज और जीवन बहुत पुराना है जो लगातार अपडेट होता रहा है. कई बार ऐसा हुआ है कि अपडेट होने की प्रक्रिया प्रतिक्रियावादियों के कारण रुक सी जाती है और प्रतिगामी भी हो जाती है और फिर समाज व जीवन में एक सड़ांध सी पैदा हो जाती है. समाज और जीवन में सामाजिक टीशूज मरने लगते हैं तब कफन काम आता है. प्रेमचंद की यह कहानी वही कफन् है. वरिष्ठ साहित्यकार विनयशरण सिंह ने कहा कि घीसू और माधव जैसे चरित्र आपको हर युग में मिलेंगे, कारण कि उस समय जमीदारी प्रथा के कुचक्र में लोग पिस रहे थे और आज शासन-प्रशासन के कुचक्र में. पाठक मंच के संयोजक डॉ.प्रशांत ने कहा कि आकाशवृत्ति चरित्र के लोग कल भी थे, आज भी हैं और आने वाले कल में भी रहेंगे. समय के साथ चेहरे बदलते हैं लेकिन परिस्थितियां वही रहती है. संस्था प्रमुख प्राचार्य आरएल वर्मा ने कहा कि कफन में जो मुख्य पात्र हैं वे आज भी हमारे समाज में जिंदा है. शासन की चुनावी नीतियों के कारण ऐसे चरित्र हमारे आसपास देखने को मिलते हैं. वरिष्ठ कवि डॉ. जीवन यदु ने कहा कि किसी भी रचनाकार को समझना है तो उसके समय और युग को जानना जरूरी है. जमाना बदल जाता है लेकिन केंद्रीय भाव नहीं बदलता. कहानी में जितने चित्र और चरित्र दिखाई देते हैं वे उस युग की पहचान हैं. वरिष्ठ आलोचक डॉ.वीरेंद्र मोहन शुक्ल ने प्रेमचंद के जीवन के संबंध में बताते हुये कहा कि वे किसान परिवार में जन्म लिये, उर्दू में पढ़ाई की और नवाब राय के नाम से लिखने लगे. उनकी कहानियों में बुंदेलखंड के गांव को देखा जा सकता है. वे कलम की ताकत को तलवार से ज्यादा मानते थे. उनकी दुनिया का अनमोल रतन कहानी आजादी की बात करती है, इसीलिए सोजे वतन कहानी संग्रह पर तत्कालीन शासन ने प्रतिबंध लगाया. वे मानते थे कि साहित्य जीवन की आलोचना है, उनका अंतिम उपन्यास गोदान केवल किसान जीवन की गाथा नहीं बल्कि दांपत्य जीवन की भी महागाथा है. उनकी कफन कहानी समाज के श्रम से विमुख होने की कहानी है. कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन करते हुये डॉ.प्रशांत झा ने कहा कि नगर के वरिष्ठ साहित्यकारों के साथ पाठक मंच और प्रगतिशील लेखक संघ के आह्वान पर स्कूल में इस तरह का बौद्धिक और शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन होना काबिले तारीफ है।





# वॉर्ड न 12 में जन प्रति निधियों ने किया वृक्षारोपण

**डोंगरगढ़,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। नगर के वॉर्ड नं 12 में सोमवार को वृक्षारोपण किया गया जिसमें विधायक भुनेश्वर बघेल जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष शनवाज खान डोंगरगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम नगर पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष धीरज मेश्राम पूर्व पार्षद हरीश भंडारी एल्डरमैन रिमी भाटिया रूपचंद खोबरागड़े नलिनी मेश्राम एवं सभी कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने जिले की खेती कार्य, वर्षा, जलाशयों में जलभराव और राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

**कवर्धा,** 07 अगस्त (देशबन्धु)। कबीरधाम जिले में पिछले दस वर्षों की तुलना में 7 अगस्त की स्थिति में सर्वाधिक वर्षा हुई है। जिले का अब तक रेंगाखार जंगल तहसील में सर्वाधिक वर्षा कीं रिकार्ड दर्ज की गई है। वहीं पूरे जिले में भी औसत वर्षा पिछले दस वर्षों की तुलना आज की स्थिति में औषत वर्षा 464.5 मिली मीटर की तुलना में 105.4 मिली मीटर ज्यादा बारिश हुई है। लगातार वर्षा होने की वहज से जिले के सभी मध्यम जलाशय उफान की स्थिति में है। वहीं नदी-नालों में पानी बहाव की स्थिति सर्वाधिक बनी हुई है। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने जिले के सभी पांचों मध्यम जलाशयों में पानी की पर्याप्त भराव और लगातार वर्षा के पानी के आवक को देखते हुए जलाशयों के उलट हिस्सों में लगें गांवों में सतत निगरानी रखने और सभी एसडीएम राजस्व और एसडीओ जल संसाधन विभाग को अलर्ट रहने के निर्देश दिए है। बैठक में बताया गया कि आज 07 अगस्त की स्थिति में जिले में अब तक 464.5 मिली मीटर वर्षा होनी चाहिए थी, इस औसत वर्षा की तुलना में 489.6 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई है। इस प्रकार 105.4 मिली मीटर ज्यादा बारिश हुई है। वहीं छीरपानी जलाशय में शत-प्रतिशत जल का भराव की वजह से उलट वाले क्षेत्र में पानी का बहाव लगातार बना हुआ है। इसी प्रकार सरोधा जलाशय में 89 प्रतिशत जल भराव, सुतियापाट में 99 प्रतिशत जल भराव, बहेराखार में 80 प्रतिशत जल भराव और कर्रानाला 95 प्रतिशत जल भराव हो चुका है। बैठक में कृषि विभाग के अधिकारी ने बताया कि जिले में अच्छी बारिश होने की वजह से खेती किसानी के कार्यो में तेजी आई है। जिले में 98 प्रतिशत रोपा का कार्य पूरा हो चुका है।



कलेक्टर जनमेजय महोब ने आज यहां समय सीमा की बैठक में जिले में खरीफ फसल, धान, गन्ना, सहित अन्य उद्यानिकी फसलों, वर्षा की स्थिति, जलाशयों में पानी भराव की स्थिति, निर्वाचन गतिविधियां, धान खरीदी की प्रारंभिक तैयारियां जैसे बारदाना का संग्रहण, धान चबुतरा की अद्यतन स्थिति, मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना और राज्य शासन की अन्य महत्वकांक्षी योजनाओं, जल जीवन मिशन, सामुदायिक एवं व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, आवास निर्माण की प्रगति एवं क्रियान्वन की गहन समीक्षा की। बैठक में वन मंडलाधिकारी चुड़ामणि सिंह, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, अपर कलेक्टर इंद्रजीत बर्मन सहित सर्व एसडीएम, जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री महेबे ने मुख्यमंत्री स्कुल जतन योजना की प्रगति की समीक्षा की और सभी स्वीकृत कार्य को उच्च गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत तीन अलग-अलग फेस में 440 स्कूल भवनों के मरम्मत एवं जीर्णोद्वार के कार्य की स्वीकृति मिली हैं इन कार्यां के लिए 1327.970 लाख रूपए की मंजूरी मिली है। अब तक 289 कार्य पूर्ण हो चुके है। 43 कार्य 50 प्रतिशत कार्य हो चुका है। वहीं 43 कार्य 25 प्रतिशत पूरा हो चुका है। 139 कार्य प्रगति पर है। कलेक्टर श्री महोबे ने आरईएस के कार्यपालन अभियंता को सभी कार्यों की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए है। उन्होने शिक्षा विभाग को भी सतत मॉनिटरिंग करने और प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए है।

कलेक्टर श्री महोबे ने जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होने लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता को सभी स्वीकृत कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने और जिन-जिन गांवों में जल जीवन मिशन के कार्य पूरे हो गए है, वहां भौतिक सत्यापन एवं निरीक्षण के बाद संबंधित एजेसी को राशि भुगतान करने के लिए कहा है। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के कार्यो में तेजी जाने और कार्यां की सतत मॉनिटरिंग के लिए जिले में दो डिप्टी कलेक्टरों को अहम जिम्मेदारी दी है। कलेक्टर ने डिप्टी कलेक्टरों को कार्यपालन अभियंता के साथ निरीक्षण, मॉनिटरिंग करने और ग्राम वार रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर के राज्य शासन के निर्देश पर जिले में निवासरत अगरिया जाति की जांच के लिए कमेटी बनाने के लिए निर्देशित किया है। कलेक्टर ने नान एवं एफसीआई में चावल जमा की समीक्षा की और कस्टम मिलिंग में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में क्रिटिकल केयर 50 बेड वाली अस्पताल के लिए जगह चिन्हांकित करने के लिए एसडीएम को निर्देशित किया है। कलेक्टर ने इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जमीन आबंटन की प्राक्रिया के लिए विधिवत आवेदन करने के लिए निर्देशित किया है।

उल्टा पुल्टा

एक शिक्षक ने एक गधे के सामने एक बाल्टी में पानी और दूसरे बाल्टी में शराब की बोतल को डाल दी। गधे ने बाल्टी का सारा पानी पी गया। शिक्षक ने बच्चों से कहा कि इससे तुमने क्या सीखा।
एक होशियार बच्चा ने जोर से चीखा- आदमी से गधा अच्छा है जिसने पानी को पिया और शराब को छोड़ दिया।

संपादकीय

## नए चेहरों पर दांव की तैयारी

छत्तीसगढ़ में आसन्न विधानसभा चुनावों में ज्यादातर नए चेहरे प्रत्याशी हो सकते हैं। राजनैतिक दलों का मानना है कि नए चेहरों को लेकर मतदाताओं में पहले से कोई राय नहीं होती इसीलिए पुराने चेहरों को लेकर नकारात्मक छवि से होने वाले नुकसान से बचा जा सकता है। दोनों ही प्रमुख पार्टियों को अपनी चुनावी संभावनाओं का आंकलन शुरू कर दिया है। कुछ सर्वे भी इस बीच आए हैं, जिनकी रिपोर्ट पुराने चेहरों को लेकर ठीक नहीं बताई जा रही है। पिछली बार कांग्रेस ने नए चेहरों को मौका दिया था, जिसका लाभ उसे चुनावों में मिला था। इस बार भी वह नए चेहरों पर दांव लगाने पर सोच सकती है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि आसन्न चुनावों में पार्टी 50 प्रतिशत सीटों पर युवाओं को मौका देगी। पिछले कुछ वर्षों में देखा जाए तो चुनावों का ट्रेंड बदल गया है। अब इस आधार पर संभावनाओं का आंकलन नहीं किया जा सकता कि कोई इलाका किसी पार्टी विशेष का गढ़ है। आज के शिक्षित युवा वोटरों की चुनावों में निर्णायक भूमिका हो गई है। उनके लिए दलगत प्रतिबद्धता से ज्यादा यह महत्वपूर्ण है कि उनका सांसद, विधायक में उनके व उनके क्षेत्र के लिए कुछ करने की क्षमता क्या है ? वर्ष 2018 के चुनावों में कांग्रेस के पक्ष में इन्हीं युवा वोटरों ने मतदान कर सारे आंकलन उलट-पुलट दिए थे। कांग्रेस को 68 सीटें जिताकर चुनावों का इतिहास ही बदल दिया था। अविभाजित मध्य प्रदेश से लेकर अभी तक किसी भी दल को छत्तीसगढ़ के हिस्से में इतनी सीटें नहीं मिली थीं। 90 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस के 68 सीटें जीत लेने की संभावना शायद ही किसी को दिखाई दे रही थी। पार्टी का प्रत्याशी आज के युवा वोटरों के लिए महत्वपूर्ण हो गया है। राजनीति में युवाओं की भूमिका बढ़ती जा रही है और वे नई भूमिका के लिए आगे आने के लिए तैयार भी हैं। राजनैतिक दल भी संगठन के स्तर पर युवाओं को आगे लाने की कोशिश कर रहे हैं। संचार क्रांति के इस दौर में नए-नए प्रयोगों के लिए आधार भी तैयार हो गया है। अब लोगों की राय जानना भी आसान हो गया है। एक जगह बैठे-बैठे जैसी भी सूचना हो, इकट्ठी की जा सकती हैं। सोशल मीडिया के जरिए युवाओं की अपने नेताओं तक पहुंच भी बढ़ गई है। इस स्थिति में पार्टियों के लिए टिकट का फैसला करना बहुत मुश्किल नहीं रह गया है। एक नीति तैयार करने की जरूरत है और दूसरे ही पल नाम तय किए जा सकते हैं। मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा भी सत्ता में वापसी का कोई मौका चूकना नहीं चाहेगी। पार्टी के केन्द्रीय नेताओं ने चुनाव की कमान संभाल ली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हाल ही में दूसरी बार छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। वे रायगढ़ में आमसभा को संबोधित करेंगे, जिसकी तैयारी पार्टी ने तेज कर दी है। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह पार्टी की चुनावी तैयारियों पर पार्टी नेताओं से फीडबैक ले रहे हैं और आने वाले समय में राज्य में पार्टी के केन्द्रीय नेताओं की चुनावी सभाओं का रोडमैप तैयार किया जा रहा है। वर्ष 2018 के चुनावों में भाजपा को शर्मनाक हार का सामना पड़ा था। 15 वर्षों तक सत्ता में रहने के बाद पार्टी 15 सीटों पर सिमट गई थी। इसे देखते हुए संगठन स्तर पर भी पार्टी ने बदलाव लाने की कोशिश की है। पार्टी ने राज्य के नेताओं को साफ संकेत दे दिया गया है कि उन्हें क्या करना है। सभी महत्वपूर्ण फैसले, यहां तक कि पार्टी प्रत्याशियों के बारे में भी निर्णय केन्द्रीय नेतृत्व ही करेगा।

## घरेलू विवाद के चलते 65 वर्षीय वृद्ध ने अपनी 60 वर्षीय पत्नी पर प्राणघातक हमला कर खुद फांसी पर झूला



**सिमगा,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सिमगा थाना अंतर्गत ग्राम दरचुरा निवासी श्यामलाल बंजारे व उसकी पत्नी फूलबाई बंजारे के बीच घरेलू मामलों को लेकर आपस में आए दिन विवाद होता रहता था जिसके चलते आज सुबह दोनों पति पत्नी में विवाद इतना बढ़ा गया कि श्यामलाल बंजारे 65 वर्ष ने अपनी पत्नी फूलबाई बंजारे 60 वर्ष के सिर पर डंडा से प्राणघातक वार करके लहूलुहान कर दिया इस बात की जानकारी श्यामलाल बंजारे की पोती 8 वर्षीय नदिया बंजारे ने सुबह 8 बजे खेत में काम कर रहे हैं अपने पिता राजेंद्र बंजारे को बताया कि घर में दादा दादी झगड़ा होकर मारपीट हो रहे है बताने पर राजेंद्र बंजारे ने अपने पिताजी के घर जाकर देखा तो सामने दरवाजा अंदर से संकर बंद था। जिसे लात मारकर खोला तो अंदर जाकर देखा घर घर के परछी रसोईघर के पास प्रार्थी राजेंद्र बंजारे की मां जमीन पर खून से लथपथ पढ़ी हुई थी। सिर पर गंभीर चोट लगा था। तथा दोनों हाथ में भी चोट था परछी में पड़े झाड़ू लुंगी व डण्डा में खून लगा था। मेरे पिता जी लकड़ी के म्यार में नाईलोन रस्सी गले में बांधकर फांसी में लटका हुआ मिला प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि हम लोग चार भाई है ओर सभी लोग अलग अलग रहते है तथा मेरे पिता जी भी अलग रहते है। >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## राहुल गांधी दोष मुक्त नहीं हुए, सुप्रीम कोर्ट ने मामला खत्म नहीं किया बल्की पूरी सुनवाई तक सजा को रोका गया है : विजय, किशोर, रोहित



**नवापारा राजिम,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। गोबरा नवापारा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा रायपुर जिला आर्थिक प्रकोष्ठ के संयोजक विजय गोयल, भाजपा युवा मोर्चा नेता किशोर देवांगन गरियाबंद जिला पंचायत सदस्य रोहित साहू ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सजा पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाने पर अपनी संयुक्त प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि मानहानि के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई करते हुए उनकी सजा पर रोक लगाई है लेकिन उन्हें बरी नहीं किया है। मामला न्यायलय में लंबित ही है जिसमें कभी भी आदेश आ सकता है।सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट कहा है कि राहुल गांधी ने मोदी पर जो बयान दिया है, यह सरासर गलत है। ऐसे बयान नेताओं को नहीं देना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने साफकर दिया है की पूरी सुनवाई तक केवल सजा पर रोक लगाई गई। है। स्पष्ट है कि अभी भी राहुल गांधी दोष से बरी नहीं हुए हैं। कांग्रेस के लोग मोहब्बत की दुकान जैसी बातें कर रहे हैं, यह समझ से परे है कि सेना के पराक्रम पर सवाल करना, पिछड़े वर्ग के लोगों का अपमान करना, विदेश में जाकर भारत को बदनाम करना, यह कैसी मोहब्बत है। राहुल गांधीअभी भी कठघरे में हैं, अभी वे सिर्फजमानत पर हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान पर कहा कि मुख्यमंत्री अपने नेता को दोषमुक्त समझ रहे हैं। वे तथ्यों को समझने की कोशिश करें कि उनके नेता दोषमुक्त नहीं हुए हैं। न्याय की जीत तो होगी ही, राहुल ने जिन पिछड़े वर्गो का अपमान किया है, उन्हें न्याय अवश्य मिलेगा। भारत एक लोकतांत्रिक राष्ट्र है। यहां किसी को किसी के अपमान की इजाजत नहीं दी जा सकती।

## अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय सचिव बने विनोद

**महासमुंद,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा ने संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर को राष्ट्रीय सचिव के पद पर नियुक्त किया है। महासभा ने पूर्ण विश्वास के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है कि वे महासभा की गरिमा को अक्षुण्य बनाए रखते हुए समाज को सशक्त बनाने में पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। अपनी नियुक्ति पर श्री चंद्राकर ने आश्वस्त किया कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उस पर खरा उतरने हरसंभव प्रयास करेंगे। अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा 129 साल पुरानी है। महासभा का गठन सन् 1894 में किया गया था और इसका रजिस्ट्रेशन नं 220ध्84.85 है। तब से महासभा निरंतर महासभा देश और समाज हित में निरंतर अपनी सशक्त भूमिका का निर्वहन करते आ रहा है। वहीं वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश कटियार और प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रभूषण वर्मा लगातार पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महासभा को एकजुट और संगठित करने पुरजोर प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर को राष्ट्रीय सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों और सामाजिक लोगों में काफी हर्ष है।

## संसदीय सचिव ने जलाभिषेक के लिए निकले कांवरियों का स्वागत कर की सेवा



**महासमुंद,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने बम्हनी से गंधेश्वरनाथ मंदिर सिरपुर में जलाभिषेक के लिए निकले कांवरियों का स्वागत कर सेवा की। इस दौरान उन्होंने 27 अगस्त निकलने वाली बोलबम यात्रा के लिए आमंत्रित भी किया। सोमवार को झलप पटेवा क्षेत्र से दारा साहू के नेतृत्व में कांवरिए बम्हनी से जल लेकर सिरपुर रवाना हुए। महासमुंद पहुंचने पर संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने अपने निवास स्थान के पास कांवरियों का स्वागत करते हुए सेवा की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री संजय शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष खिलावन साहू मौजूद रहे। इस दौरान श्री चंद्राकर ने बताया कि पिछले साल की तरह साल भी 27 अगस्त को सिरपुर गंधेश्वरनाथ मंदिर सिरपुर में जलाभिषेक किया जाएगा। जिसमें शामिल होने उन्हें आमंत्रित भी किया।

## सेवानिवृत्त के बाद भी शिक्षक शत्रुघन लाल वर्मा दे रहे है सेवा

**पौंसरी शाला में एक ही शिक्षक पदस्थ**

**बलौदाबाजार,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। पौंसरी स्कूल में शिक्षक नही होने से बच्चों का भविष्य अधर में है। वहीं स्कूल में अनेकों अब्यवस्था का आलम है। ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत भरूवाडीह के आश्रित गांव पौंसरी प्राथमिक शाला में प्रधान पाठक शत्रुघन लाल वर्मा के रिटायर मेंट 7 नवंबर 2022 को होने के बाद स्कूल में एक ही शिक्षक शेष रह गये हैं। जिसकी भरपायी महीनों गुजर जाने के बाद भी नही की गई है। ज्ञात हो कि बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित शाला विकास समिति सहित गांव वालों ने प्रधान पाठक के रिटायर के बाद 13 जूलाई 2023 को गांव वालों ने शिक्षक ब्यवस्था की मांग को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र प्रेषित किये है। इन्होंने शिक्षक समस्या एवं स्कूल के कीचड़ युक्त कच्चे रास्ते तथा स्कूल में भरे पानी को दिखाते हुए स्कूल के तमाम विसंगतियों की ओर शासन का ध्यान आकर्षित करने की बात कही है। गौरतलब है कि रिटायर होने के बाद भी प्रतिदिन सेवा देकर प्रधान पाठक शत्रुघन लाल वर्मा बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए, शिक्षक की कमी के चलते ब्यवस्था होने तक मानवीय ब्यवहार के तहत मानवता की मिसाल पेश कर रहे हैं। जिससे गांव वाले उनका शुक्रगुजार हैं।

## लाइफ केयर कॉलेज ऑफ नर्सिंग में कार्यशाला का आयोजन



**शिशु रोग विशेषज्ञ डा. अशोक भट्टर ने दी महत्वपूर्ण जानकारी**

**बलौदाबाजार,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। 6 अगस्त रविवार को राज्यश्री सद्भावना समिति द्वारा संचालित लाइफकेयर कॉलेज ऑफ नर्सिग बलौदाबाजार में नर्सिंग चालिटीस पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें रायपुर के जाने-माने बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक भट्टर ने अपना प्रेरक उद्बोधन दिया। कार्यशाला की शुरुआत मां सरस्वती जी की पूजा अर्चना से किया गया। मुख्य अतिथि डॉ अशोक भट्टर का स्वागत प्रभारी प्राचार्य द्वारा पुष्पगुच्छ से किया गया।

कार्यशाला के प्रारंभ में उन्होंने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए अपना मार्गदर्शन दिया जिसमें उन्होंने स्लाइड प्रेजेंटेशन के द्वारा छात्र-छात्राओं को नर्सिंग क्वालिटीस पर लेक्चर दिया और एक नर्सिंग स्टाफको किस प्रकार से मरीज व उनके परिजनों के साथ व्यवहार रखना चाहिए साथ ही साथ अपनी ड्यूटी को पूरी निष्ठा से कैसे निभाना चाहिए उस बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बलौदाबाजार जिले के लिए यह बहुत अच्छी शुरुआत है कि यहां के बच्चों को नर्सिंग की ट्रेनिंग के लिए अब कहीं बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने छात्र-छात्राओं से विषय से संबंधित प्रश्न भी पूछे और बच्चों से सही जवाब मिलने पर उन्हें पुरस्कृत भी किया। उन्होंने कॉलेज के शिक्षकगण से बच्चों को अच्छे से प्रशिक्षित करने के लिए उन्हें बधाई देते हुए भविष्य के लिए बहुत सारी शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के समापन के समय प्राचार्य द्वारा उन्हें शॉल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य नीलू वर्मा, शिक्षकगण सीमा पटेल एवं संदीप मिश्रा उपस्थित रहे। राजश्री सद्भावना समिति की संचालक श्रीमती शकुन डहरिया ने भी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना का संदेश दिया।

## शिशु मंदिर के भैया बहनों ने निकाली कांवर यात्रा



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। सरस्वती शिशु मंदिर कसडोल के प्राथमिक विभाग के भैया बहिनों के कांवर यात्रा को विद्यालय संचालन समिति के अध्यक्ष गंगाप्रसाद साहू एवं प्राचार्य जयलाल मिश्रा द्वारा रवाना किया गया। विद्यालय प्रांगण से जल भरकर बोल बम के नारों के साथ बड़े उत्साह के साथ गायत्री चौक से मुख्य मार्ग होकर सिंचाई कालोनी स्थित शंकर भगवान के मंदिर में पूजन अर्चन कर जलाभिषेक किया गया। प्राथमिक विभाग के पाली प्रमुख सुरेश देवांगन के निर्देशन एवं प्रह्लाद यादव, भूपेंद्र पटेल, राजकुमारी खटकर, राजलक्ष्मी विश्वकर्मा, सावित्री साहू के मार्गदर्शन में कांवरयात्रा संपन्न हुआ।

## निसदा में भाजपा का लाभार्थी सम्मेलन



**नवापारा-राजिम,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी, चंपारण मंडल के द्वारा निसदा शक्तिकेन्द्र के ग्राम-निसदा में लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में अशोक बजाज एवं युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन शामिल हुए।देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व में जन आकांक्षी योजनाओं के अंतर्गत युवा, गरीब, किसान, जवान माताओ व बहनों को अनेकों लाभ दिए जा रहे हैं।

**देश मोदी के नेतृत्व में विकसित राष्ट्र बनने जा रहा है : अशोक बजाज**

पूर्व अपैक्स बैंक अध्यक्ष अशोक बजाज ने कहा कि आज देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित देश बनने जा रहा है। देश का हर युवा, माता, बहन, गरीब और किसान खुशाल है।मोदी जी का सबका साथ, सबका विकास की सोच ने भारत वासियों के जीवन मे ऐतिहासिक बदलाव लाएँ है।

**देश में ऐसा कोई घर नहीं जिसे मोदी के योजनाओं का लाभ नहीं मिला हो : किशोर देवांगन**

युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन ने कहा कि ऐसा कोई घर नहीं है, जिनको श्रीमोदी की योजनाओं का लाभ नहीं मिला रहा है। आज प्रत्येक भारतवासियों को मोदी जी के रूप में मजबूत नेतृत्व मिला है। यशस्वी मोदी जी के नेतृत्व में भारत मां परम वैभव की शिखर को प्राप्त कर रहा है तथा वैश्विक स्तर पर अपना विशिष्ट पहचान बना रहा है। अन्य >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## गांजा तस्कर करने वाले के विरूद्ध थाना पाण्डुका पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**मोटर सायकल से अवैध गांजा का तस्करी करने वाले चढ़ा पुलिस के हत्थे**



**राजिम,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। राजिम से 15 किलोमीटर दूर ग्राम पांडुका में अवैध रूप से गांजा तस्करी करते हुए पान का पुलिस को बड़ी सफलता मिली पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 6.200 किग्रा. अवैध मादक पदार्थ गांजा जप्त कर जेल भेज दिया। जिला गरियाबंद पुलिस कप्तान अमित तुकाराम काम्बले के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवचरण पटेल एवं गरियाबंद अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन पर थाना पाण्डुका क्षेत्र में चल रहे शराब तस्करी व चिकी, जुआ-सट्टा एवं अवैध मादक पदार्थ के तस्करी, बिक्री में अंकुश लगाने टीम गठित कर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में 05. अगस्त 23 को को सूचना मिला की एक व्यक्ति अपने मोटर सायकल के पीछे में प्लास्टिक बोरी के अंदर अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा की बिक्री करने हेतु तस्करी कर नागझर की ओर से पोड़ तरफले जा रहा है।उक्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुये पाण्डुका पुलिस टीम के साथ घटना स्थल नागझर मोड के पास गरियाबंद रोड में घेराबंदी कर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04, टीए-4292 के चालक लोकेश साहू पिता अशोक साहू उम्र 37 वर्ष ग्राम पोड़ को रोककर चेक करने पर मोटर सायकल के पीछे में एक हरा रंग के प्लास्टिक बोरी के अंदर अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा जैसे रखा मिला जिससे गवाहों के समक्ष सूखा एवं जला कर देखा गया जिसमें गांजा होना पाये जाने पर आरोपी लोकेश साहू का कृत्य अपराध धारा स्वापक औषधि और मन: प्रभावी पदार्थ अधिनियम 20 (बी) का होने से आरोपी के विरूद्ध थाना पाण्डुका में धारा 20(बी) स्वापक औषधि और मन: प्रभावी पदार्थ अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी लोकेश साहू पिता अशोक साहू उम्र 37 वर्ष साकिन पोड़, थाना पाण्डुका को प्रकरण में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पाण्डुका निरीक्षक जयसिंह धुर्वे, सउनि गोपाल साहू, प्रआर गणेश कुमार साहू, प्रआर0 ओंकार साहू, आरक्षक सतीश गिरी गोस्वामी, चित्रसेन मैरिषा का कार्य सराहनीय रहा.

## हजारों श्रद्धालुओं के साथ विधायक धनेंद्र ने किया बम्हनी में जलाभिषेक

**पांच लीटर गंगा जल से हुआ बम्हनेश्वर नाथ महादेव का अभिषेक**



**महासमुंद/नवापारा-राजिम,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। अभनपुर के विधायक धनेंद्र साहू पंचकोशी यात्रा की परिक्रमा करते हुए बम्हनी स्थित श्वेतगंगा पहुंचे और बम्हनेश्वर नाथ का अपने विधानसभा के करीब 5 हजार श्रद्धालुओं के साथ जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं के लिए श्वेत गंगा परिसर में निखिल मनोजकांत साहू द्वारा भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई थी। करीब 3 घंटे तक अभनपुर क्षेत्र से आए श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक करते रहे। इस दौरान बोल बम, हर हर महादेव के जयघोष से मंदिर परिसर गुंजायमान होता रहा। श्री साहू पटेवा के पटेश्वर महादेव से अपनी यात्रा प्रारंभ की थी। विभिन्न वाहनों से क्षेत्र के श्रद्धालुओं के साथ चंपारण के चंपेश्वरनाथ के पूजन उपरांत बम्हनी पहुंचे थे। यहां से उनका जत्था कनेकेरा, फिंगेश्वर, कोपरा के शिव मंदिरों में पूजन उपरांत राजिम के कुलेश्वर नाथ में अपनी यात्रा पूर्ण करेंगे। श्री साहू अनेक वर्षो से अपने शिव भक्तों के साथ पंचकोशी की यात्रा करते हैं। पुरुषोत्तम सावन अधिमास के कारण शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता दिन भर लगा रहा। नगर समेत आसपास के प्रसिद्ध मंदिरों में यह नजारा देर शाम तक दिखाई देता रहा। बम्हनी में प्रतिदिन पंडित रितेश दुबे द्वारा शिव अभिषेक जजमानों से कराया जा रहा है। मुख्य जजमान होरी लाल पांडे ने बताया कि आज के जजमान के रूप में महासमुंद इमली भाठा निवासी उपेंद्र चंद्राकर पहुंचे थे। प्रत्येक सावन सोमवार को अलग.अलग वस्तुओं से शिव अभिषेक यहां किया जा रहा है। दुग्ध, गन्ना रस, भांग, कपूर के बाद पांचवे सावन सोमवार को 5 लीटर गंगाजल से बम्हनेश्वर नाथ का रुद्राभिषेक किया गया। इसी तरह सिरपुर में भी दर्शनार्थियों का तांता रविवार और सोमवार को लगा रहा। रविवार को दर्शन लाभ लेने पूर्व सांसद चंदूलाल साहू भी अपने समर्थकों के साथ सिरपुर पहुंचे थे। श्वेतगंगा से जल लेकर कांवर यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं ने सुबह पाली में जलाभिषेक किया। पांचवे सावन सोमवार को जलाभिषेक के लिए करीब डेढ़ हजे कांवड़िए जल लेकर पहुंचे थे। अनेक बम तो रविवार को ही जल अर्पण कर अपनी यात्रा पूर्ण कर ली थी। पुजारी अमन धर्मेंद्र गिरी गोस्वामी ने बताया कि सुबह पट खुलने के साथ ही जलाभिषेक का कार्य शुरू हुआ। यहां भी प्रतिदिन श्रावणी पूजा की जा रही है।

## नहर पुल धसने से बकली अरण रोड में होल हो जाने से दुर्घटना की आशंका, अधिकारी लापरवाह



**राजिम,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम पंचायत बकली अरण्ड के बीच बने नहर मे जो रोड क्रास किया हैं का पुल मे बडा भारी होल हो गया हे जिसके कारण बकली से अरण जाने वाले रोड में आवा गमन काफी रिस्की हो गया हे खास कर रात्री मे काफी खतरा बना रहता हे क्योकि पुल के ऊपर होल और नीचे नहर में पानी बह रहा है जिससे जान माल का खतरा का बना रहता है और अधिकारी लापरवाह बने बोठे हे। ग्राम वासियों ने संबंधित अधिकारियों को इसकी जानकारी भी दे दी है। ग्राम वासियों एव कांग्रेसी नेता मुन्ना कुर्रे ने कहा कि अगर इस पुलिया का निर्माण अगर जल्द नहीं हुआ तो ग्राम ग्रामवासी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे और इसकी सारी जवाबदारी प्रशासन की होगी

# नहरगांव तालाब में डुबने से दो मासूम बच्चों की मौत

**गरियाबंद,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम नहरगांव में तालाब में डुबने से 10 से भी कम उम्र के दो मासूम बच्चो की मौत हो गई। दोनों बच्चे तुषार और मोक्ष आपस में चचेरे भाई थे। रविवार की शाम दोनो गांव के लेड़गा तालाब में नहाने गए थे, परंतु पंचायत द्वारा मनरेगा के तहत तालाब गहरीकरण में बरती गई लापरवाही के चलते ये दोनो बच्चे मौत के गाल में समा गए। हाल में ही पंचायत द्वारा तालाब गहरीकरण का कार्य किया गया था, जिसमें तालाब के पछरी के किनारे को ही अधिक गहरा कर दिया गया, जबकि यह गहरीकरण तालाब के मध्य स्थल में अधिक होना चाहिए था। इसके चलते जैसे ही दोनो बच्चे तालाब में उतरे सीधे गहराई में पहुँच गए और डुब गए। घटना को लेकर पुलिस और ग्रामीण यही अंदेशा लगा रहे है। थाना प्रभारी राजेश मिश्रा ने बताया कि रविवार को बच्चे में तालाब में नहाने गए थे। नहाते वक्त अचानक गहराई में पहुँच गए और वही डुब गए। काफी देर तक जब दोनो घर नही पहुँचे तो परिजनो ने खोजबीन शुरू की। इसी दौरान गांव के एक अन्य बच्चे ने दोनो के तालाब में देखने की जानकारी दी। जिसके बाद शंका के आधार पर ग्रामीणो ने तालाब में खोजबीन शुरू की। सुचना के बाद पुलिस भी गोताखोर की टीम के साथ मौके पर पहुँची। रात करीब 10 बजे रेस्क्यू कर दोनो बच्चों के शव तालाब परछी के किनारे 20 फीट गहरे पानी से बाहर निकाले गए। सुबह पोस्ट मार्टम के बाद दोनो बच्चो का शव परिजनो को सौंप दिया गया।



**तालाब गहरीकरण में बरती गई लापरवाही बनी कारण**

**चचेरे भाईयों की मौत से गांव में मातम की लहर**


इधर गांव के दो मासूम बच्चो की मौत से गांव में मातम ही लहर दौड़ गई है। मृतक तुषार ध्रुव पिता तुलेश ध्रुव व मोक्ष पिता गोविंद ध्रुव आपस में चचेरे भाई थे। अड़ोस-पड़ोस में रहते थे। खेलना कुदना स्कुल जाना एक साथ ही होता था। रविवार को भी दोनो भाई एक साथ तालाब गए थे और दोनो ी एक साथ ही मौत हो गई। सोमवार को एक साथ ही दोनो भाईयो को ग्रामीणो की उपस्थिति में परिजनो ने अंतिम विदाई और मुखाग्नि दी। इस दौरान परिजनो के साथ ही ग्रामीणो की आंखे भी नम रही।

**घटना का दोषी या जिम्मेदार कौन?**

ग्राम नहरगांव में हाल में ही तालाब गहरीकरण किया गया था। गहरीकरण के दौरान लापरवाही बरती गई, वही इसके बाद ग्रामीणो के सुचना लिए न ही कोई सुचना बोर्ड लगाया गया और न ही गहराई को लेकर कोई जानकारी दी गई। बारिश के चलते तालाब लबालब भरा था। ग्रामीणो के मुताबिक तालाब 20 फीट से भी ज्यादा गहरा हो गया है। यहां तो गहरीकरण के काम के समय भी सुचना बोर्ड नही लगा था, जिसमें सभी प्रकार जानकारी दर्ज होती है। ऐसा ही जिले के लगभग सभी ग्राम पंचायतो का हाल है। कही भी गहरीकरण के बाद सावधानी सचेतक का बोर्ड नही लगाया जा रहा है। जिससे बच्चो या ग्रामीणो को पता चल सके तालाब कितना गहरा है, या कितनी गहराई बढ़ गई है। तालाब में उतरना यहा कितने दूर बाद खतरा है।

# गरियाबंद शिक्षा विभाग का डीईओ निलंबित

**गरियाबंद**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। जिला अधिकारी (डीईओ) डी.एस. चौहान को स्कुल शिक्षा विभाग ने निलंबित कर दिया है। डीईओ चौहान के विरूध्द जिले में पदोन्नति में सेटिंग, शिक्षको के अनियमित पदस्थापना, 9 साल से अनुपस्थित कर्मचारी को पुन कार्यभार देने तथा निलंबित शिक्षक को नियम विरूध्द बहाल कर तबादला करने की शिकायत की गई थी। इन सभी मामलो में उन पर लेने देने के आरोप भी लगे थे। जिला स्तरीय जांच कमेटी के रिपोर्ट के आने के बाद स्कुल शिक्षा विभाग के अपर सचिव आरपी वर्मा ने सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी डी एस चौहान को निलंबित करने के आदेश जारी कर दिए है। ज्ञात हो कि डीईओ के भ्रष्टाचार के खेल में जिले के अधिकांश स्कुल एकल शिक्षकीय हो गए थे। डीईओ द्वारा पदस्थपना के दौरान चहेतो को लाभ पहुचाने बड़ा खेल किया, काउंसलिंग में रिक्त स्थानो को विलोपित कर दिया जिससे चलते चहेतो का मनमर्जी जगह मिल गई। इसके अलावा 9 साल से प्राइमरी स्कुल नवागढ़ में अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित शिक्षक गैंदलाल ध्रुव को लेन देन कर कार्यभार दे दिया वही निलंबित शिक्षक उमेन्द्र साहू को बहाल कर देवभोग ब्लाक से दूसरे ब्लाक में तबादला कर दिया था। मामले को लेकर लगातार स्थानीय जनप्रतिनिधियो ने शिकायत की थी, वही शिक्षा विभाग के शिक्षको और मुखबिरो ने भी इस मामले को शिक्षा विभाग के बड़े अफसरो तक अच्छे से परोसा था जिसके चलते डीईओ पर निलंबन की गाज गिरी है। इधर डीईओ के निलंबन के बाद अब जिले में खेलगढ़िया मे हुए भ्रष्टाचार मामले में दोषी पाए गए डीएमसी के विरूध्द भी कार्यवाही की गाज गिरने का इंतजार लोग कर रहे है। अब तो सवाल भी उठने लगे है कि चार महिने पुराने मामले में तो शिक्षा विभाग ने तत्परता दिखाते हुए कार्यवाही कर दी लेकिन चार साल पुराने मामले में कार्यवाही को लेकर आखिर क्या कारण है कि शिक्षा विभाग के अफसरो के हाथ क्यों कांप रहे है।



## बाल कैबिनेट का गठन



**बिलाईगढ़** 7 अगस्त (देशबंधु)। विकासखंड बिलाईगढ़ के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डोकरीडीह में सर्वसम्मति से बाल कैबिनेट का गठन किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री गौरव यादव ,उपप्रधानमंत्री बिंदु साहू ,शिक्षा मंत्री बिंदु साहू, स्वास्थ्य मंत्री नंदनी यादव ,जल मंत्री दीपिका यादव ,पुस्तकालय मंत्री खुशबू यादव ,सांस्कृतिक मंत्री दिव्या लहरे,खेल मंत्री जान्हवी लहरे,रक्षा मंत्री लोकेश विश्वकर्मा, बागवानी एवं कृषि मंत्री चंद्र कुमार ,खोया पाया रोशन ,स्वच्छता मंत्री हरिशंकर एवं संजीत को बनाया गया ।वही कक्षा प्रतिनिधि में कक्षा छठवीं से देविका यादव , उप कक्षा नायक महेश्वर ,कक्षा सातवीं से कक्षा नायक खुशबू सही, उप कक्षा नायक विवेक,कक्षा आठवीं से कक्षा नायक समीर, उप कक्षा नायक सिद्धार्थ को बनाया गया है। संस्था प्रमुख श्रीमती साधमती मिरी द्वारा सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षक महेत्तर लाल देवांगन,आगेश्वर चौहान,कमल देवांगन , चौथ राम कैवर्त्य प्राथमिक प्रधानपाठक ,कोमल साहू सहायक शिक्षक उपस्थित रहे।

# शिव महापुराण कथा में शामिल हुए विधायक शिवरतन शर्मा



**भाटापारा,** 7 अगस्त। तिल्दा-नेवरा में शिव महापुराण कथा का महाआयोजन जारी है, जिसमें पंडित पंडित मिश्रा के मुखरविंद से कथा का श्रावण करने लोग दूर-दूर से आ रहे हैं और दशहरा मैदान में आयोजित शिव महापुराण कथा को बड़े ही आस्था और चाव से सुन रहे हैं। प्रदीप मिश्रा के मुखारविंद से शिवमहापुराण कथा को सुनने के लिए उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़, विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा भी पहुंचे। कथा के दौरान प्रदीप मिश्रा ने कहा था कि अगर आप दिल और मन से शिव भगवान को आकर्षित करने लगेंगे तो निश्चित ही भगवान शिव आपकी इच्छा जरूर पूरी करेंगे। बड़ी से बड़ी विपत्ति, कष्ट भोलेनाथ दूर करेंगे। इस दौरान हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ पूरा तिल्दा नेवरा गूंज उठा।

# अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक को नई पदस्थापना के लिए दी गई विदाई

**धमतरी,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक को आज कलेक्ट्रेट परिवार एवं जिला अधिकारियों की ओर से बालोद में नई पदस्थापना के लिए भावभीनी विदाई दी गई। अपर कलेक्टर श्री कौशिक का स्थानांतरण अपर कलेक्टर के पद पर बालोद जिले में हुआ है। इस मौके पर कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान चन्द्रकान्त कौशिक ने अपने परिश्रम से और अपनी लगन से कुशल प्रशासनिक दक्षता का परिचय दिया। राजस्व प्रबन्धन के लिए जिले को जो राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियां हासिल हुईं उनमें श्री कौशिक का अहम् योगदान भी शामिल है।



इस मौके पर अपने संबोधन में श्री कौशिक ने कहा कि धमतरी जिले में अपनी पदस्थापना के दौरान राजस्व विभाग के अलावा अन्य सभी विभागों के कार्यो को बहुत सरलता से किया। कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी के एवं पूर्ववर्ती कलेक्टरों के मार्गदर्शन में यह कार्य सहजता से हो पाया। राजस्व विभाग को भूमि प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर अवार्ड प्राप्त हुआ यह अवार्ड सबके सहयोग और समन्वय से यह संभव हो पाया। अपर कलेक्टर श्री कौशिक ने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां के लोग भी बहुत अच्छे हैं, मेरी अच्छी स्मृतियों में धमतरी जिला हमेशा रहेगा। उन्होंने कर्तव्य निर्वहन में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने के लिए सभी अधिकारी-कर्मचारियों का हृदय से धन्यवाद किया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रोक्तिमा यादव ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा उनके द्वारा कार्यों का लगातार फालोअप लेना और बारीक से मानिटरिंग करना प्रशंसनीय है। इन्होंने दी गयी जिम्मेदारियों को समन्वय के साथ बहुत अच्छा संपादन किया। इस अवसर पर उपस्थित अन्य अधिकारियों ने भी अपर कलेक्टर श्री कौशिक के साथ जुड़े अपने-अपने अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर एसडीएम धमतरी डॉ विभोर अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर ऋषिकेश तिवारी, रामकुमार कृपाल, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती दिव्या पोटाई, श्रीमती उमाराज के अलावा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# बरमकेला में 10 व 11 को प्लेसमेंट कैम्प

**बिलाईगढ़,** 7 अगस्त(देशबंधु)। जिले के बेरोजगारी भत्ता प्राप्त कर रहे युवाओं और अन्य बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्राप्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी विकासखंड में एसआईएस इंडिया कम्पनी लिमिटेड अनूपपुर के माध्यम से निशुल्क प्लेसमेंट कैम्प आयोजित किया जाएगा। जनपद पंचायत बरमकेला में 10 और 11 अगस्त 2023 को सुबह 10 बजे से 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प आयोजित किया गया है। इस भर्ती में शामिल होने वाले युवाओं की उम्र 21 वर्ष से 35 वर्ष होनी चाहिए। सुरक्षा जवान के 400 पद के लिए योग्यता 10वी, 12वी पास है। उनको प्रतिमाह वेतन 12 हजार से 18 हजार रूपए तक मिलेगा। इसी प्रकार सुरक्षा सुपरवाइजर के 400 पद के लिए योग्यता 12वी पास है। उनको प्रतिमाह वेतन 15 हजार से 20 हजार रूपए तक मिलेगा। सुरक्षा अधिकारी के 80 पद के लिए योग्यता स्नातक (बीए, बीएससी, बीकॉम) उत्तीर्ण है। उनको प्रतिमाह वेतन 17 हजार 500 से 27 हजार 500 रूपए तक मिलेगा। भर्ती में चयन किए गए युवाओं से पांच सौ रुपए का रजिस्ट्रेशन शुल्क लिया जाएगा, जिसकी रसीद भी दी जाएगी। जिले के बिलाईगढ़ में यह कैंप 14 और 16 अगस्त को होगा। सारंगढ़ में प्लेसमेंट कैम्प 17 से 19 अगस्त तक होगा। इच्छुक सभी युवा इस प्लेसमेंट कैम्प में भाग ले सकते हैं। चयनित युवाओं को पूरे छत्तीसगढ़ में सेवा के लिए अवसर दिया जाएगा। वेदांता कोरबा, एम्स रायपुर, जिंदल जैसे शासकीय और निजी उच्च कार्यालयों के साथ साथ विभिन्न जिलों के हॉस्पिटल, आरटीओ, फैक्ट्री, प्लांट, निजी स्कूल आदि में ड्यूटी लगाई जायेगी।

## श्रीमती पुष्पा जगन्नाथ साहू ने लगाई जनचौपाल



**फिंगेश्वर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत पेंड्रा में पुष्पा जगन्नाथ साहू ने जन चौपाल लगाकर ग्रामवासी की समस्या से रूबरू हुई ग्राम वासियो के खेत में अटल ज्योति 15 दिनों से बंद है इस कारण किसान परेशान था जनपद अध्यक्ष ने जूनियर इंजीनियर डीके ठाकुर को फोन कर अवगत कराई गई व तुरंत विद्युत लाइन सुधार करने को कही, उसने कल तक ठीक होने का आश्वासन दिया उसी प्रकार किसान को नहर लाइन से पानी भी नहीं मिल पा रहा है तो सिंचाई विभाग के इंजीनियर जोशी को फोन कर अवगत कराएं जोशी ने तुरंत करवाने का वादा किया जोशी ने बताया कि कल सुबह तक पेंड्रा में पानी पहुंच जाएगा इस प्रकार पेंशन व राशन कार्ड वाले बहुत सारे हितग्राही उपस्थित थे जिनकी समस्या तुरंत हल किया गया। उसी कड़ी में कैलेंडर बाँट कर भूपेश बघेल की किसान हितैषी जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई, व पेंड्रा ग्राम पंचायत के जनता के लिए बजरंग चौक में पुष्पा जगन्नाथ साहू ने शुद्ध पेयजल व्यवस्था हेतु वाटर कूलर लगाने व स्कूल के सामने पानी टंकी बोर खनन के लिए 200000 लाख रुपये व नाली निर्माण के लिए 400000 लाख अपने फंड से स्वीकृत किए।

# प्रदेश समन्वयक अजय नंद की अध्यक्षता में छुईपाली सिंघोड़ा में बैठक संपन्न

**सरायपाली,** 7 अगस्त (देशबंधु)। ग्राम छुईपाली सिंघोड़ा के सामुदायिक भवन में ब्लाक कांग्रेस कमेटी अजा विभाग छुईपाली व ब्लाक कांग्रेस कमेटी अजा विभाग सरायपाली ग्रामीण द्वारा आयोजित बैठक प्रदेश समन्वयक अजय नन्द की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में शिरकत करने जैसे ही छुईपाली सिंघोड़ा में प्रदेश समन्वयक अजय नन्द का आगमन हुआ सभी कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी, ढोलबाजे के साथनारे बाजी करते हुए मंचसथ कराया गया। सर्व प्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक प्रारंभ किया गया।



बैठक में आगामी सरायपाली विधानसभा चुनाव को लेकर बुथ मजबूत करने एवं अजा विभाग की कार्यकारणी गठित करने, कांग्रेस सरकार के काम काज को गांव गांव जाकर अंतिम व्यक्ति को बताने को रणनीति तैयार किया गया ।बैठक को प्रदेश समन्वयक अजय नन्द ने संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में अब बहुत ही कम समय रह गया है। आप सभी लोग आपसी मतभेदों को भूलकर मिशन 2023, में पूरी तरह से जूट कर भूपेश बघेल सरकार के द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश में कराये गये जन हित, प्रदेश हित में कराये गये कार्यों को मतदाता से रूबरू होकर बताने को कहा गया साथ ही बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं को भी चुनाव में सहयोग करने कांग्रेस का मजबूत करने के लिए अनुरोध भी किया। दोनों ब्लाक अध्यक्षदयों को शीघ्र कार्यकारणी गठित करने के लिए जिला पदाधिकारियों से मार्ग दर्शन लेकर करने की बात कही है। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने दोनो हाथों को उठाकर फिर से छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार बनाने के लिये समर्थन किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से डा विरंची बेताल, पूर्व सरपंच छुईपाली देवेन्द्र मुन्ना, डोलामणी बाघ अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी अजा विभाग सरायपाली ग्रामीण,चुलचंद सोना अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी अजा विभाग छुईपाली, रघुमणी बाघ, शत्रुघन सोना,सुरेश कुमार पूर्व सरपंच,मोहित नंद, सुभाष सोना,सुदेश नंद, सुरेश तांडी,रवि सागर,निलेश गरुड़, प्रकाश गवाल,हिरोद नंद, टिकेलाल सोना,पुनित राम, आशीष कुमार, संयोजक दानिएल नन्द, महेंद्र तांडी, सुभाष महानंद,रीता ग्वाल, प्रतिभा मुन्ना,आरती ग्वाल, प्रियंका , उर्मिला,रेवती बाई सहित बड़ी संख्या लोग उपस्थित थे। बैठक का संचालन नंद हिरोद नंद व आभार प्रदर्शन मनीष ने किया।

# विश्रामगृह से लेकर धौराभाठा पहुंच मार्ग पूरी तरह जर्जर, रेल्वे विभाग खामोश

**भाटापारा,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। भाटापारा विश्रामगृह से लेकर धौराभाठा पहुंच मार्ग मुश्किल से मात्र डेढ़ किलो मीटर है लेकिन इन डेढ़ किलो मीटर के बीच बड़े बड़े गड्ढे स्थाई गड्ढे जान लेवा साबित हो सकता है सिद्ध बाबा रेल्वे फाटक के उस पार दो तीन दिनों के भीतर तीन चार फीट गड्ढे से रोजाना घंटों यातायात प्रभावित हो रही है गौरतलब हो कि केंद्र सरकार ने रेल्वे स्टेशन का दशा और दिशा सुधारने डिजिटल प्रयास कर रहे हैं लेकिन रेल्वे विभाग सड़क सुधारने की दिशा में मौन है ज्ञात रहे कि भाटापारा रेलवे स्टेशन रायपुर बिलासपुर के बीच सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन है जो सड़क जर्जर है उस सड़क पर बारहों महीने खातू सीमेंट व अन्य सामग्री की रेक लगी रहती हैं जिससे रेल्वे को प्रतिमाह करोड़ों रुपए की राजस्व मिलता है फिर भी रेल्वे विभाग गहरी नींद में है समय समय पर ट्रक आनर्स के अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा ने रेलवे विभाग को लिखित में देकर सड़क सुधारने मांग रखी पर वह मांग आज भी अधुरा है लोग काफी भय में रहकर अपने वाहन चलाते हैं उधर रेल्वे क्रासिंग के उस पार बड़े बड़े जान लेवा गड्ढे हैं जहां पर घंटों यातायात प्रभावित हो रही है इस संबंध में धौराभाठा के सरपंच प्रेम चौबे ने बताया कि इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी को अवगत कराया है लेकिन जब तक यहां पर दोंद नहीं डालेंगे तब तक समस्या का हल स्थाई रूप से नहीं हो सकता ईधर धीरे धीरे लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है कहीं ऐसा न हो कि लोग धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य हो जाए ।



## प्रादेशिकी का शेष...

### घरेलू विवाद के चलते...

मेरे पिताजी एवं मां के बीच घरेलू बात को लेकर आए दिन लड़ाई झगड़ा होता रहता था कि आज 7 अगस्त कि सुबह झगड़ा कर घर के परछी में पड़े डण्डे से प्राणघातक हमला कर सिर पर गंभीर चोट पहुंचाया जिससे मेरी मां फूलबाई बंजारे बेहोश हालत में थी बाद में मेरा भाई जीवनदास बंजारे मेरी पत्नी सावित्री बंजारे भाई बहु धनवंतीन बाई बंजारे तथा चाचा धनीराम बंजारे भी आकर देखे और मेरे भाई ने मां को ईलाज हेतू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिमगा लाया जंहा डॉक्टर ने फुलबाई के गंभीर स्थिति को देखते हुए अंबेडकर अस्पताल रायपुर रिफर किया । प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 307 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ईलाज के दौरान फूलबाई की भी मौत हो गई।

### निसदा में भाजपा का...

देश मोदी जी के जनकल्याण कार्यों की सराहना कर रहा है तथा कंधे से कंधा मिलाकर चलने को तैयार है।

श्रीदेवांगन ने कहा कि मोदी सरकार की 9 साल की उपलब्धियां प्रत्येक देशवासियों को गौरवान्वित कर रहा है चाहे वह पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देना हो, धारा 370 को समाप्त करना व राम मंदिर का निर्माण हो इत्यादि। मोदी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर कायम है।

# किसान नेता तेजराम विद्रोही 210 साथियों के साथ आप में शामिल

**प्रदेश सह प्रभारी हरदीप सिंह मुंडिया ने राजिम में कराया पार्टी प्रवेश**




**नवापारा राजिम**, 7 अगस्त (देशबंधु)। आम आदमी पार्टी दिल्ली और पंजाब के बाद अब पूरे दमखम से छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में उतरने की तैयारी कर रही है इस बीच राजिम में सदस्यता ग्रहण समारोह एवं बदलाव यात्रा के आयोजन में आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ के सहप्रभारी एवं पंजाब विधायक हरदीप सिंह मुंडिया बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए जिन्होंने तेजराम विद्रोही को उनके 210 समर्थकों सहित आम आदमी पार्टी में प्रवेश दिए।

मुख्य अतिथि हरदीप सिंह मुंडिया ने कहा कि आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ में पूरे दमखम से चुनाव लड़ेगी दिल्ली और पंजाब में किये जा रहे काम हमारा उदाहरण है। छत्तीसगढ़ के जाने माने किसान नेता जिन्होंने दिल्ली सीमाओं पर हुए किसान आंदोलन में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाया तभी से विद्रोही का नाम, काम और छवि हम सबको मालूम हो गया था। उनका 210 परिवारों के सदस्यों को साथ लेकर पार्टी के साथ जुड़ना गरियाबंद जिला ही नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में पार्टी को मजबूती प्रदान किया है। तेजराम विद्रोही ने कहा कि हम किसान मजदूर एवं आम जनता की समस्याओं को लेकर जन आंदोलनों के माध्यम से सड़क की संघर्ष में है यह लड़ाई आगे भी जारी रहेगी आम आदमी पार्टी जो जन आंदोलन से ही निकल कर सामने आया है उनके साथ जुड़ना राजनीतिक विकल्प को मजबूत करना है इसके साथ साथ आम जनता की बुनियादी सुविधाओं को सुनिश्चित करना है जिसके लिए सड़क और संसदीय संघर्ष की आवश्यकता है।

# डबल केचव्हील लगाकर ट्रैक्टर चलाने पर कार्रवाई, जप्त



**सरायपाली,** 7 अगस्त (देशबंधु)। अनुविभागीय अधिकारी सरायपाली हेमंत नंदनवार के निर्देशानुसार अतिरिक्त तहसीलदार जुगल किशोर पटेल के द्वारा ग्राम पोटापारा में लम्बर सिंघोड़ारोड पर डबल केचव्हील लगाकर ट्रैक्टर चला रहे ट्रैक्टर पर कार्यवाही किया गया वाहन (आयचर 380) को ग्राम लम्बर से सिघोड़ा मुख्य मार्ग थाना सरायपाली में वाहन चालक रमेश सिहार द्वारा लगभग 300 मीटर तक चलाया गया था। सूचना प्राप्त होने पर मौके पर उपस्थित होकर वाहन मालिक भोजकुमार साव की उपस्थिति में ट्रैक्टर को जब्त कर प्रकरण के निराकरण होने तक सुरक्षार्थ थाना सरायपाली मे सुपुर्द किया गया।

## निधन

### प्रमोद गुजरतिया



**भाटापारा,** 7 अगस्त। स्थानीय शक्ति वार्ड निवासी स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत दिनेश गुजरतिया के ज्येष्ठ पुत्र प्रमोद गुजरतिया उर्फ सिकंदर 30 वर्षीय का आकस्मिक निधन हो गया। वे अमन गुजरतिया के बड़े भाई व दुर्गेश गुजरतिया के चाचा थे। उनके अंतिम संस्कार में स्वजातीय बंधुओं सहित अनेक लोग शामिल हुए।

### कमला कसार



**बलौदाबाजार,** 7 अगस्त। नगर के गौरव पथ निवासी श्रीमती कमला कसार 62 वर्ष का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार बलौदाबाजार स्थित मोक्षधाम में मंगलवार 8 अगस्त को सुबह 10 बजे किया जाएगा। वे यशवंत वर्मा की पत्नी एवं सुमीत, विनीत एवं बरखा वर्मा (न्यायाधीश) की मां थी।

# नगर के विकास के लिए खुलकर मंत्री एवं विधायक पर बरसे अध्यक्ष अनिल सोनी




**खरोरा,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पंचायत खरोरा द्वारा आयोजित भूमि पूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम में मंत्री शिव डहरिया और विधायक पर भेदभाव एवं पक्षपात पूर्ण रवैया को लेकर अध्यक्ष अनिल सोनी ने शिकायत करते हुए खूब बरसे. अध्यक्ष नगर पंचायत खरोरा ने कहा कांग्रेस के राज में पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर केवल कांग्रेसी पार्सदों के वार्ड में कार्य कराया जा रहा है.बाकी बीजेपी वार्डो को छोड़ दिया गया है

विधायक अपने घोषणा किए हुए वादे को अधो संरचना मत से पूरा करा रही है जो सरासर गलत है.विधायक का अपना निधी होता है उन्हें उस विधायक मद से कार्य कराना छोड़ अधोसंरचना मद से कार्य कराया जा रहा है.

अधोसंरचना मद की राशि नगर पंचायत की मूलभूत सुविधाओं के लिए होती है. उसी मद के पैसों का दुरुपयोग कर विधायक की घोषणाओं को पूरा करने में खर्च किया जा है. जो सरासर गलत है.

**नगर पंचायत खरोरा द्वारा आयोजित भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम में**

जो निर्वाचित प्रतिनिधि है उनके अधिकारों का हनन हो रहा है उसके वार्डों के कार्य ठप है. जो भी योजना है चाहे केंद्र के हो या राज्य के सभी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक कैसे पहुंचाएं लाभ दिलाने के लिए निर्वाचित जनप्रतिनिधि चाहे विधायक हो या फिर मंत्री सबका कर्तब्य है.

श्री सोनी ने कहा कृष्ण कुंज का विरोध नहीं पर जिस स्थान में बना है वह अति महत्वपूर्ण व्यवसायिक जगह है ऑक्सीजोन गार्डन है व्यापार की दृष्टि से साप्ताहिक गुरुवार बाजार वहां पर फल फूल रहा है और हजारों व्यक्तियों का रोजगार चल रहा है.वहां पर अंबेडकर भवन भी बन रहा है.नगर के परिषद के प्रस्ताव में 300 दुकान बनने का लक्ष्य है खरोरा में व्यापार की दृष्टि से रोजगार के ?? साथ व्यवसायियों को व्यापार करने में आसानी होता लेकिन वहां पर कृष्ण कुंज बनाकर बहुत ही कीमती जमीन को बगैर परिषद के अनुमति के अरबो रुपए मूल्य कि जमीन बर्बाद करने का काम चल रहा है.

यह वही विधायक और मंत्री हैं जो लगातार 3 वर्ष तक नगर के विकास के लिए मैं प्रस्ताव बनाकर खुद जाकर देता था लेकिन मुझे हमेशा निराशा ही लौटना पड़ता था जन प्रतिनिधि होने के नाते सबसे करबद्ध निवेदन राजनीति से परे होकर जनता के हित में नगर विकास करेंगे तभी जाकर नगर व प्रदेश का विकास होगा।

# यात्री बस ने 17 गायों को अपनी चपेट में ले कर मार डाला



**पिथोरा,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। कोडार डैम के पास स्थित कास्थागार के सामने 17 गौ वश गाड़ी क्रमांक छ्त्त 04 ह्व 7914 बस की चपेट में आने से 17 गो माता की हत्या हो गई जिसकी जानकारी मिलते ही वहा पर हिन्दू युवा वाहिनी विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सूचना मिलते ही वहां पर वह पर हिन्दू संगठन पहुचे फिर ढंक टोल प्लाजा के से सहयोग के माध्यम से जेसीबी पहुंचा उसके बाद सभी कार्यकर्ता मिलकर गोवंश को जेसीबी मे डाले कासताधर के पास स्थित तलाब के पास चलाएं विधि विधान के अनुसार अंतिम संस्कार किया गया और तुमगांव थाना प्रभारी जी को ज्ञापन दे कर एफ आई आर दर्ज कराया गया कराया गया। जिस में उपस्थित सुमन सैन प्रदेश अध्यक्ष गौ रक्षा प्रकोष्ठ हिन्दू युवा वाहिनी एवं जिला गौ रक्षा प्रमुख बजरंग दल कान्हा प्रधान, जिला सह संयोजक दुर्गेश यादव बजरंग दल, नरेश नायक जिला छात्र प्रमुख विश्व हिंदू परिषद, दुर्गेश पटेल सतीश धुव पूर्णकलिक, उमा शंकर जलशत्री शोराब अग्रवाल, राजा अग्रवाल, ब्रजेंद्र प्रधान, तीरथ सेनदे, राहुल दुबे, राजु मानिकपुरी समीर यादव राहुल सोनवनी तिलक जलक्षतरी पूनम पटेल आयुष सागर, राहुल आदि में हिंदू युवा वहिनी एवं बजरंग दल के युवा उपस्थित थे।

# भाजपा ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम व लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन

**कोहका नेवरा,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी तिल्दा नेवरा के सासाहोली शक्ति केंद्र में दिनांक 8 अगस्त 2023 मंगलवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम व लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया है और इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 9 वर्षों में तमाम योजनाओं का लाभ लेने वाले लाभार्थियों का सम्मान किया जाएगा।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिल अग्रवाल महामंत्री भाजपा रायपुर जिला ग्रामीण, नरेंद्र शर्मा वरिष्ठ भाजपा नेता, ईश्वर यदु भाजपा मंडल अध्यक्ष, श्रीमती देवकी बाघमार मंडल उपाध्यक्ष, श्री रघुवर यदु मंडल कोषाध्यक्ष, श्रीमती उमा ईश्वर यदु पार्षद वार्ड क्रमांक 01 सासाहोली उपस्थित रहेंगे! कार्यक्रम कृष्णा मंदिर यदु समुदायिक भवन सासाहोली में शाम 04ः00 बजे से आयोजित किया गया है लाभार्थी सम्मेलन के आयोजक सौरभ जैन प्रभारी सासाहोली शक्ति केंद्र, विनोद नेताम संयोजक सासाहोली शक्ति केंद्र, श्रीमती सरस्वती वर्मा सह संयोजक सासाहोली शक्ति केंद्र, सहित बूथ अध्यक्ष गुहा राम चक्रधारी बूथ क्रमांक 190, अमरजीत पासवान बूथ क्रमांक 191, सोमेश साहू बूथ क्रमांक 236, समस्त शक्ति केंद्र के लाभार्थियों से अपील की है कि इस समारोह में ज्यादा ज्यादा भाग ले साथ ही भारतीय जनता पार्टी के मंडल महामंत्री और सासाहोली शक्ति केंद्र के प्रभारी सौरभ जैन ने समस्त भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं एवं लाभार्थी जानो को इस सम्मेलन में उपस्थित होने का अपील की है।

# आरंग एसडीएम कार्यालय में ईवीएम का प्रदर्शन, मतदाताओं ने किया मॉक पोल



**आरंग,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। सोमवार को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, आरंग एसडीएम अतुल विश्वकर्मा के निर्देशन में अनुविभागीय कार्यालय आरंग में ईवीएम प्रदर्शन केंद्र में मतदाताओं ने गजब का उत्साह दिखाते हुए माक पोल किया एवं मशीन की पारदर्शिता को अच्छे से जाना। साथ ही एसडीएम विश्वकर्मा ने नए मतदाताओं से 31 अगस्त तक नाम जुड़वाने, काटने एवम संशोधन की बात कहते हुए निष्पक्ष मतदान की अपील की और प्रेरित किया की।एसडीएम कार्यालय स्थित अनुभाग ईवीएम प्रदर्शन केंद्र में आकर कोई भी मतदाता डेमोंसट्रेशन कर सकता है। इसके अलावा राधाकृष्ण विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें हायर सेकेंडरी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने लोकतंत्र के महत्व पर प्रकाश डालते हुए निर्भीकता से अपनी अभिव्यक्ति दी, वही जागरूकता गतिविधि में स्वीप प्रभारी मास्टर ट्रेनर शिक्षक गण महेंद्र कुमार पटेल एवं अरविंद कुमार वैष्णव ने जागरूकता नारे, नुक्कड़ नाटक, जागरूकता गीत के माध्यम से प्रलोभन रहित मतदान का संदेश दिया तथा प्राचार्य अशोक ठाकुर ने निष्पक्ष मतदान की शपथ करवाई। इस अवसर पर तहसील निर्वाचन टीम राकेश साहू, शरद अग्रवाल, भूषण जलक्षत्री एवं विद्यालय के शिक्षक गण श्वेता अग्रवाल, नंदनी चंद्राकर, रेवती लोधी, रानू सेन, देवेंद्र साहू, योगेंद्र लोधी, विक्की साहू, कनक यादव आदि एवं हायर सेकेंडरी छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

- **एसडीएम कार्यालय में मतदाताओं के लिए लगाई गई प्रदर्शनी**
- **राधाकृष्ण विद्यालय में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान**

# आशीबाई लक्ष्मीचंद गोलछा अर्ध शासकीय कन्या उ.मा. शाला बागबाहरा में विधिक जन जागरूकता शिविर



**बागबाहरा,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। आशीबाई लक्ष्मीचंद गोलछा अर्ध शासकीय कन्या उ.मा. शाला बागबाहरा में विधिक जन जागरूकता शिविर का आयोजन आज 7 अगस्त को किया गया। जिसमें व्यवहार न्यायालय बागबाहरा के प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट अविनाश टोप्पो के द्वारा नालसा एवं शासन की योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गई। पास्को अधिनियम के तहत गुड टच बैड टच एवं यह एक ही ऐसा अधिनियम है, जो लड़की और लड़का दोनों के लिए लागू होता है। इस बारे में बताया गया।

यातायात के नियमों का पालन करना क्यों जरूरी है। तथा वाहन बीमा कराना क्यों जरूरी है। और सभी के पास लाइसेंस होना चाहिए आदि के बारे में जानकारी दी गई। शादी की उम्र 21 वर्ष की है, एवं मतदाता की उम्र 18 वर्ष की है उसकी जानकारी भी दी गई। सोशल मीडिया से संबंधित जानकारी और उनसे होने वाले अपराधों की जानकारी एवं उनके बचाव के बारे में बताया गया। न्याय सबके लिए है एवं न्याय पाने का अधिकार सभी को समान रूप से है। निशुल्क विधिक सहायता के बारे में बताया गया। संविधान भाग 3 के अंतर्गत स्वयं का अधिकार या मौलिक अधिकार और शिक्षा पाने का अधिकार के बारे में बताया गया। इसी प्रकार उपयुक्त जानकारी को विस्तार पूर्वक छात्रों के सम्मुख बताया गया। जिसमें प्राचार्य सहित शिक्षक गण उपस्थित थे। जहां विधिक शिविर मे छात्राओं की संख्या 501 थी। एवं दो वकील भी शामिल थे। उक्त जानकारी व्यवहार न्यायालय के लिपिक हितेश दीवान ने दी।

आर्शीबाई लक्ष्मीचंद गोलछा कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय बागबाहरा में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित हुआ। जिसमे न्यायाधीश व्यवहार न्यायालय बागबाहरा श्री अविनाश टोप्पो के द्वारा कानून की सूक्ष्म जानकारियों की विस्तार पूर्वक जानकारी एवं परिचर्चा किया गया। स्वागत छात्रा नायक रिद्धि चंद्राकर, संचालन सिमरन सलूजा अधिवक्ता, आभार प्राचार्या श्रीमती वंदना गार्डिया ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से न्यायालय के हितेश दीवान, मनीष यादव, रमेश बाघ, सत्य नारायण तांडी, धनंजय पटेल विधिक प्राधिकरण से एवं शिक्षकगण सहित छात्राएं बहुतायत संख्या में उपस्थित थे।

# सतनामी समाज के प्रतिनिधि मंडल मिला अजय चंद्राकर से



**कुरूद,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। सतनामी समाज ब्लॉक भखारा के एक प्रतिनिधिमंडल ने कल कुरूद विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय चंद्राकर से उनके निवास स्थान कुरूद में जाकर मुलाकात की. प्रतिनिधिमंडल ने श्री अजय चंद्राकर का पुष्पमाला पहनाकर और गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया. उन्होंने भखारा में सामाजिक भवन हेतु जमीन की मांग की तथा गुरु घासीदास आश्रम थूहा बंगोली के अधूरे निर्माण कार्य पर चर्चा की. प्रतिनिधिमंडल ने ममतामयी मिनीमाता जी की पुण्यतिथि पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में श्री चंद्राकर को मुख्य अतिथि के बतौर आमंत्रित किया. प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रूप से सतनामी समाज जिला धमतरी के अध्यक्ष भाव सिंह डहरे, सचिव खिलावन बारले, भखारा ब्लॉक अध्यक्ष तेजेश्वर कुर्रे, सचिव रूपेंद्र बघेल. आदिवासी गोंड समाज जिला धमतरी के संचार सचिव बसंत ध्रुव, सलाहकार डॉ रोहित कुर्रे और छन्नू महिलाग, सदस्य गण बेनी राम कुर्रे, संतोष मांडले, राधे श्याम जोशी, हीरालाल बंजारे शामिल थे.

# मोबाइल वेन को मतदान केन्द्रो में जाकर मतदाताओं को जागरूक करने एसडीएम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



**बागबाहरा,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बागबाहरा सृष्टि चंद्राकर द्वारा हरी झंडी दिखाकर मतदाता जागरूकता अंतर्गत इव्हीएम एवं व्ही व्ही पैट मोबाइल वैन को मतदान केंद्रों एवं मतदान क्षेत्र के लिए आज सोमवार को रवाना किया गया। मतदान वेन में वाहन प्रभारी, एक आरक्षक एवं इव्हीएम मशीन में मतदान की प्रक्रिया समझाने के लिए 2 प्रशिक्षक लगाए गए है। जो इव्हीएम में मतदान की प्रक्रिया मतदाताओं को समझायेंगे। मोबाइल वैन खल्लारी विधान सभा के मतदान केंद्र मोहंदी, तरपोंगी, अरंड, हाडाबंद, चुरकी, पाली, सोरम, मुडियाडीह के मतदान केन्द्रो में जाएगी। कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी परिसर में मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाने के समय तहसीलदार भवानी शंकर साव, लीलाधर कँवर, नायब तहसीलदार हरीश कांत ध्रुव, स्वीप नोडल राजेश कौशिक, गजानंद बूड़ेक, मनोज चंद्राकर, महाविद्यालय बागबाहरा के इ एल सी क्लब के सदस्य के साथ अन्य छात्र-छात्राएं तथा कार्यालयीन स्टाफ मौजूद थे।

# चोरी की 2 मोटर सायकल के साथ आरोपी गिरफ्तार



**पिथोरा,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेन्द्र सिंह द्वारा जिले के चोरी, नकबजनी, अवैध मादक पदार्थ बिक्री, सहित मोटर सायकल चोरी के आरोपियों के ऊपर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु थाना/चौकी प्रभारीयों को निर्देशित किया गया था। जिसपर थाना प्रभारीगण अपने-अपने क्षेत्रांर्गत पुलिस टीम द्वारा लगातार संदिग्ध लोगो एवं मोटर सायकल चोरों की पता तलाश की जा रही थी कि दिनांक 07/08/2023 को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम गड़बेड़ा में एक व्यक्ति चोरी की मोटर सायकल को बिक्री करने के उद्देश्य से ग्राहक की तलाश कर रहा है। उक्त सूचना पर थाना पिथौरा की टीम द्वारा मुखबीर सूचना एवं निशानदेही पर मौका पहुचकर गड़बेड़ा के पास घेराबंदी कर 01 व्यक्ति को पकड़ा गया। नाम पता पूछने पर अपना नाम बबलूदास मानिकपुरी पिता मोती दास मानिकपुरी उम्र 27 साकिन गड़बेड़ा थाना पिथौरा होना बताया तथा उनके पास रखे मोटर सायकल एच एफ डीलक्स क्रमांक छ्त्त 06 त्तय 0242 लाल रंग एवं मोटर सायकल पल्सर क्रमांक छ्त्त 06 त्तङ्ग 7521 काला रंग के संबंध में पूछताछ कर मोटर सायकल का वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत करने कहा गया तो उसके द्वारा कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नही होना बताया। थाना पिथौरा की टीम द्वारा संदेही से बारिकी से पूछताछ करने पर एच एफ डीलक्स मोटर सायकल को अरविन्द हार्डवेयर दुकान के पास से दिनांक 30/07/23 को और पल्सर मोटरसाइकल को ग्राम हरदी से रात्रि 01ः00 बजे चोरी कर बिक्री करने हेतु घर मे रखना बताया। जिसपर आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 02 नग मोटर सायकल एच एफ डीलक्स लाल रंग क्रमांक छ्त्त 06त्तय 0242 कीमती करीबन 20,000 रूपयें एवं मोटरसाइकिल पल्सर काला रंग क्रमांक छ्त्त 06 त्तङ्ग 7521 कीमती करीबन 50,000 को जप्त कर थाना पिथौरा में अपराध क्रमांक 172/23 व अपराध क्रमांक 180/23 धारा 379 भादवि0 के तहत् कार्यवाही की गयी। सम्पूर्ण कार्यवाही पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में अति0 पुलिस अधीक्षक श्री आकाश राव एवं अनु0अधिकारी (पु) पिथौरा श्री प्रेम लाल साहू के निर्देशन में थाना प्रभारी श्री शशांक पौराणिक, स. उ. नि.प्रकाश चंद नागरची, प्रधान आरक्षक 51 वृंदावन भोई आरक्षक उमेश साहू, विसंभर लहरे एवं टीम द्वारा की गई।

# तिल्दा नेवरा में शिव महापुराण का समापन



**कोहका नेवरा,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। श्री शिव महापुराण कथा के अंतिम दिन पंडित प्रदीप मिश्रा ने बताया कि रेत से बने पार्थिव शिवलिंग का लाभ सहस्त्र शिवलिंग के बराबर मिलता है। विश्व विख्यात कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने बताया कि भगवान राम जी के गुरु ने राम जी को पैर छूने से मना कर दिया क्योंकि ब्राह्मण जाति के रावण को मारने वाले राम को ब्रम्ह हत्या का दोषी माना गया। उसके पश्चात श्री राम को बताया गया कि सहस्त्र पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर उसके पूजन अर्पण करने के पश्चात ही ब्रह्महत्या का दोष मिट सकेगा

**रेत से बने शिवलिंग का लाभ लें : प्रदीप मिश्रा**

।तत्पश्चात श्री राम जी को सुझाव दिया गया की गंगा, यमुना, सरस्वती के हर कण में ककर शंकर विराजमान है अगर इन नदियों के किनारे के रेत बालू से पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया जाएगा तो अनेक अथवा सहस्त्र शिवलिंग निर्माण का पुण्य प्राप्त होगा। इसके पश्चात श्रीराम ने रेत से पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर सहस्त्र शिवलिंग निर्माण करने का पुण्य प्राप्त किया।क्षजिसके पश्चात उनके गुरु ने भगवान राम को आशीर्वाद प्रदान किया। उक्त कथा के बाद मणि शिवलिंग के बारे में विस्तार से बताया। आने वाले समय में बालोद में मणि शिवलिंग का कथा का प्रवचन होगा। पंडित प्रदीप मिश्रा के कथा सुनने के लिए लाखों श्रद्धालु तिल्दा नेवरा पहुंचे थे। रविवार छुट्टी के दिन होने के कारण श्रोताओं की संख्या अनगिनत हो गई थी। तिल्दा नेवरा के रेलवे स्टेशन में पैर रखने की जगह नहीं थी। हजारों श्रद्धालुओं को रेलवे स्टेशन से ही रेलवे पुलिस के माध्यम से वापस अपने गंतव्य को भेजा गया। तिल्दा नेवरा शहर में चारों तरफ ट्रैक्टर ट्राली, बस, कार और टाटा मैजिक आदि गाड़ियों का

**भीड़ ही भीड़ नजर आया:** तिल्दा-नेवरा- रेलवे यार्ड, ग्राम बिलाड़ी के मैदान, ग्राम सिनोधा, ग्राम कोटा एवं नेवरा तुलसी के सभी मैदान वाहनों के भीड़ से भरे हुए थे। दो पहिया वाहन यहां वहां खड़े नजर आए। कई दोपहिया वाहन को सड़क मार्ग में अनियंत्रित खड़े होने के कारण ट्रैफिक पुलिस द्वारा उठाकर ले जाया गया तथा थाने में जप्ती बनाया गया।पुलिस प्रशासन को भारी

**मशक्कत करना पड़ा:** तिल्दा नेवरा के थाना प्रभारी मुकेश शर्मा ने बताया कि लगभग आठ से दस लाख श्रद्धालु तिल्दा नेवरा शहर में कथा का श्रवण करने पहुंचे थे

# शिक्षक एलबी संवर्ग 10 अगस्त से अनिश्चित कालीन हड़ताल में रहेंगे



**पलारी,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। विकासखण्ड के एल.बी. संवर्ग के शिक्षकों की आज बैठक आहूत की गई थी। जिसमें एक सूत्रीय मांग प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए वेतन विसंगति दूर करने/ क्रमोन्नत वेतनमान देने एवं 20 वर्ष की सेवा में पूर्ण पुरानी पेंशन दिया जावे। छत्तीसगढ़ सरकार को अपने जन घोषणा पत्र में किए गए वादे को शीघ्र ही पूरा किया जाना चाहिए। लेकिन अभी तक के सरकार के ढुलमुल रवैए से शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है।

अब तक मांग का निराकरण नहीं होने से च्वेतन विसंगति दूर नहीं, अगली पारी मंजूर नहींज्ज्का नारा लगाते हुए च्छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/ समग्र शिक्षक फेडरेशनज्ज के बैनर तले पलारी विकासखण्ड के शिक्षक एल.बी. संवर्ग के समस्त शिक्षक 10 अगस्त से अनिश्चित कालीन हड़ताल में शामिल रहेंगे। जिसकी विधिवत सूचना अधिकारियों को दे दी गई है। विकासखण्ड के स्कूलों में पढ़ाई पूरी तरह प्रभावित होगी। बैठक में जिला सोशल मीडिया प्रभारी श्रवण साहू, हेमंत वर्मा, जिला उपाध्यक्ष लोचन बांधे, अध्यक्ष दयाराम ध्रुव, सचिव चुरामन लाल सिन्हा, कोषाध्यक्ष चुम्मन लाल साहू, मुरारी वर्मा, रेखालाल श्रीवास, तोरन लाल मंडावी, ईश्वर लाल साहू, मीठालाल चेलक, नेमीचंद ध्रुव, डिगेश चंद्राकर, रुपेश चंद्राकार, राकेश ध्रुव, प्रकाश कुमार भतपहरी सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे।